CMYK
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, सोमवार, 28 अगस्त 2023 । वर्ष – 65 । अंक –134 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



फेल होने का डर अपनी ताकत को करता है कम : धनखड़ पृष्ठ 2
■ मुंबई से आना चाहिए विपक्ष की बड़ी आवाज
■ असुरक्षित स्त्रियां पृष्ठ 6
■ जी-20 का मुख्य उद्देश्य आर्थिक वृद्धि व विकास : एस. जयशंकर
■ रूस के कुर्स्क में ड्रोन ने अपार्टमेंट बिल्डिंग को बनाया निशाना पृष्ठ 7
विश्व कप क्वॉलिफायर में सकारात्मक नतीजे को बेताब : मनदीप मोर पृष्ठ 8

## कांग्रेस ने किया बड़ा दावा

# 'इंडिया' गठबंधन में कुछ और दल होंगे शामिल

### राजग की बैठक में शामिल हुए 38 दलों में से चार दल 'इंडिया' के संपर्क में

**नई दिल्ली**, 27 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत राजग की बैठक में शामिल हुए 38 दलों में से चार 'इंडिया' गठबंधन के संपर्क में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले कुछ दिनों में उनमें से कुछ विपक्षी खेमे में शामिल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि एक सितंबर को मुंबई में होने वाली 'इंडिया' की आगामी बैठक में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे।

आलोक शर्मा ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक में भाग लेने वाले 38 दलों में चार से पांच दल 'इंडिया' गठबंधन के संपर्क में हैं। उनमें से कुछ के बहुत जल्द विपक्षी गुट में शामिल होने की उम्मीद है, जबकि कुछ 2024 के चुनावों से पहले शामिल होंगे।

**मुंबई में होने वाली बैठक में लिए जाएंगे महत्वपूर्ण फैसले**



**राज्यों में मजबूत ताकत के रूप में काम करेगी कांग्रेस**

कांग्रेस प्रवक्ता शर्मा ने इस सवाल का सीधा जवाब नहीं दिया कि क्या कांग्रेस महाराष्ट्र में त्रिपक्षीय महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का नेतृत्व करेगी।

**साल 2024 'इंडिया' का है**

उन्होंने कहा, 'देश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कौन नेतृत्व करेगा, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि हम सब मिलकर इस अहंकारी सरकार को कैसे हटा सकते हैं।' कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों में कोई भी नेतृत्व कर सकता है, लेकिन कांग्रेस देश में सभी को एकजुट करने के लिए सभी राज्यों में एक मजबूत ताकत के रूप में काम करेगी। साल 2024 'इंडिया' का है।

**कैग की हालिया रिपोर्ट पर घेरा**

उन्होंने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री मोदी से पूछना चाहता हूं कि वह नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की हालिया रिपोर्ट और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) तथा स्वास्थ्य एवं बीमा क्षेत्रों में सामने आए भ्रष्टाचार की सीबीआई और ईडी से जांच कब कराएंगे।'

### मुंबई में तय होगा सीट शेयरिंग का फॉर्मूला : नीतीश

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गुट 'इंडिया' का सीट बंटवारे का फॉर्मूला मुंबई में तय किया जाएगा। सीएम नीतीश कुमार ने पटना में लोहिया पथ चक्र का निरीक्षण करने के दौरान कहा कि पद हासिल करने की मेरी कोई निजी महत्वाकांक्षा नहीं है। मैं बस सभी विपक्षी दलों को एकजुट करना चाहता हूं।

हम उम्मीद कर रहे हैं कि मुंबई में कुछ और पार्टियां हमारे साथ जुड़ेंगी। बैठक में यह भी तय होगा कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा। मुंबई मीटिंग में हर बात फाइनल हो जाएगी। मुंबई में बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को निर्धारित है और इसकी मेजबानी एनसीपी और शिवसेना-यूबीटी द्वारा की जाएगी।

### मप्र को दलित अत्याचार की प्रयोगशाला बनाया



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्य प्रदेश के सागर में दलित युवक की पीठ पीठ कर हत्या के मामले पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा ने राज्य को दलित अत्याचार की प्रयोगशाला बना दिया है।

श्री खड़गे ने ट्वीट किया मध्य प्रदेश के सागर ज़िले में एक दलित युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। गुंडों ने उसकी माँ को भी नहीं बख़्शा। सागर में संत रविदास मंदिर बनवाने का ढोंग रचने वाले प्रधानमंत्री जी मध्य प्रदेश में लगातार होते दलित व आदिवासी उत्पीड़न एवं अन्याय पर चूँ तक नहीं करते। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री केवल कैमरे के सामने वंचितों के पैर धो कर अपना गुनाह छुपाने की कोशिश करते हैं।'

## बलौदाबाजार में कांग्रेस का संकल्प शिविर

# भाजपा के स्थान पर ईडी और आईटी से होगा मुकाबला : भूपेश



**बलौदाबाजार**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। आज बलौदाबाजार में विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर में कांग्रेस के सभी 306 बूथो के प्रभारी सेक्टर, प्रभारी एवं जोन प्रभारियों की सम्मेलन में कार्यकर्ताओं में जोश भरने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बलौदाबाजार के कृषि उपज मंडी प्रांगण में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैंज के साथ पहुंचे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं से खचाखच भरें सभा स्थल पर भूपेश बघेल ने भारतीय जनता पार्टी और केन्द्र की सरकार को जमकर आड़े हाथो लिया। मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बनता था।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अपने भाषण की शुरूआत में 2018 के विधानसभा चुनाव पूर्व हुए संकल्प शिविर को याद करते हुए कहा कि तब मै प्रदेश अध्यक्ष के नाते सम्मलित हुआ था आज सीएम बनकर आया हूं। ये सब कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के विशेष प्रयासों से हुआ। साथ ही पूर्ववर्ती सरकार के चुनाव के पहले उनके वादों की याद दिलाते उन्होने कहा कि रमन सरकार चुनावों के पहले राशन कार्ड

**■ भाजपा के साथ ईडी और आईटी पर जमकर बरसे**

का खेल करती थी चुनावों के बाद सत्यापन के नाम पर राशन कार्डो को काटने का कार्य करती थी। उन्होने प्रदेश सरकार के कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि मेरी सरकार ने प्रदेश के बस्तर से लेकर सरगुजा तक चहुमुखी विकास के कार्य किए है। उन्होने कहा आज देश में छ.ग. प्रदेश की अलग पहचान कायम हुई है। आज हमारी संस्कृति वापस जिंदा हुई है। उन्होने कहा कि आज छ.ग. में लोग हरेली, तीजा, पोला, तिहार, फिर से मनाने लगे है। आज लोगो को अपने पारंम्परिक भोजन को सार्वजनिक रूप में खाने में कोई हीन भावना नहीं होती। लोग छत्तीसगढ़ के पारंम्परिक भोजन पहनावा और त्यौहार जो 15 साल के भाजपा शासन में गायब हो गए थे आज पुन: अपनी पहचान प्राप्त किए है।

उन्होनें बीते दिनों प्रदेश के कांग्रेस नेतागणों एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं करीबियों पर हुई ईडी और आईटी की कार्यवाही पर कहा कि केन्द्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी इन्ही की मदद से 2023 का चुनाव लड़ना चाहती है। किंतु हम भाजपा के इन नए सहयोगी संगठनों की कार्यवाही से डरने वाले नहीं है। 2018 के पूर्व भी रमन सरकार ने मेरी गिरफ्तारी की थी तब वे 15 सीटो पर रह गए थे यदि 2023 में भी उन्हे यही करना है तो करके देख ले इस बार 15 सीटे भी छत्तीसगढ़ की जनता इन्हे नहीं देगी। उन्होने कहा हमारे प्रदेश के समस्त खनिज संसाधनों पर केन्द्र की मोदी सरकार अपने चहेते ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### एमएसएमई संरक्षण के लिए एकल जीएसटी दर जरूरी: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को ऊटी में मॉडीज चॉकलेट्स के अपने दौरे का एक वीडियो साझा किया और कहा कि यह भारत के एमएसएमई की महान क्षमता और औद्योगिक केंद्र बनाने व एकल जीएसटी दर को लागू करने का एक उल्लेखनीय प्रमाण है। हमें एमएसएमई की सुरक्षा के लिए खड़े होना चाहिए, जो भारत के विकास इंजन को चलाने की सामर्थ्य रखते हैं। एक ट्वीट में, राहुल ने कहा, महिलाओं की टीम ऊटी की प्रसिद्ध चॉकलेट फैक्ट्रियों में से एक को चलाती है।

### जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी जोरो पर

**नई दिल्ली।** राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन की सम्मेलन की तैयारी जोरो पर है। दिल्ली ट्रैफिक यूनिट ने राष्ट्रीय राजधानी में आगामी जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले रविवार को फुल ड्रेस कारकेड रिहर्सल का आयोजन किया। शिखर सम्मेलन भारत की अध्यक्षता में 9 और 10 सितंबर को दिल्ली के प्रगति मैदान में नवनिर्मित भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के अधिकारी और नेता 8 सितंबर से राष्ट्रीय राजधानी में पहुंचना शुरू कर देंगे। केंद्र और दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि 8 से 10 सितंबर तक सभी कार्यालय और स्कूल बंद रहेंगे।

### छात्र की पिटाई मामले में प्रशासन का स्कूल बंद करने का आदेश

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के मंसूरपुर थाना क्षेत्र के खुब्बापुर गांव में स्थित नेहा पब्लिक स्कूल को बंद करने को आदेश दिया गया है। सोशल मीडिया पर एक समुदाय विशेष के छात्र की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद ये कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को एक वीडियो सामने आया था। वीडियो में देखा जा सकता है एक महिला शिक्षक एक छात्र को अन्य छात्रों से थप्पड़ लगवा रही है।

### मणिपुर में लूटे गए 16 हथियार, गोला-बारूद, बरामद

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मई से लूटे गए हथियारों की बरामदगी के लिए अपना तलाशी अभियान जारी रखा है, उन्हें मणिपुर के इंफाल-पूर्व, इंफाल-पश्चिम और कांगपोकपी जिलों में 16 अत्याधुनिक हथियार, 70 गोला-बारूद और 16 विस्फोटक मिले।

# सहायक शिक्षक एवं शिक्षक पद भर्त्ती पर बी.एड. योग्यता को लेकर महाधिवक्ता से मांगी गई राय

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। युवाओं को रोजगार देने का वादा पूरा करने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने कुल 12489 पद वितिापित किये थे. व्याख्याता के 432 पदों पर भर्ती लगभग पूरी हो चुकी है. शिक्षक के 5772 पदों पर काउंसिलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन का कार्य लगातार चल रहा है और लगभग 10 दिन में पूरा हो जायेगा. इन पदों पर बी.एड. योग्यता वाले अभ्यर्थी पात्र है तथा उनकी भर्ती लगातार की

**युवाओं को रोजगार देने सरकार का प्रयास तेज**

जा रही है. सहायक शिक्षक के 6285 पदों पर नियुक्ति के लिये काउंसिलिंग प्रारंभ जा चुकी है. छत्तीगसद शासन व्दारा जारी विज्ञापन में सहायक शिक्षक के पदों पर भी बी.एड. को पात्र माना गया था, और उन्हें व्यापाम की परीक्षा में बैठने का अवसर भी दिया गया, परन्तु इसी बीच अचानक 11 अगस्त को राजस्थान राज्य से संबंधित सिविल अपील क्र. 5068/2023 में सर्वोच्च न्यायालय ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# नूंह में यात्रा की अनुमति नहीं: खट्टर

**नूंह,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 28 अगस्त को नूंह में दोबारा ब्रजमंडल यात्रा निकालने की अनुमति नहीं दी गई है। नूंह में एक महीना पहले ही हिंसक घटना हुई है, उसको लेकर सावधानी रखने की जरूरत है। मंदिरों में पूजा-अर्चना करना सबका अधिकार है। उन्हें श्रद्धा के अनुसार छूट मिलनी चाहिए। उधर विश्व हिंदू परिषद(वीएचपी) यात्रा को लेकर अड़ी हुई है। खट्टर ने ये भी कहा कि हमने लोगों से अपील भी की है कि वे नूंह की तरफ यात्रा करने से बचें और अपने नजदीकी मंदिरों में ही जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करें। सुरक्षा रखना सरकार का दायित्व है। लॉ एंड ऑर्डर बना रहे, यह सरकार की कोशिश है। इससे पहले नूंह प्रशासन भी यात्रा की अनुमति से इनकार कर चुका है। तनाव को देखते हुए यात्रा से एक दिन पहले, रविवार को ही नूंह में धारा 144 लगा दी गई। स्कूल-कॉलेज और मोबाइल इंटरनेट सेवाएं 28 अगस्त तक बंद हैं। पुलिस ड्रोन से निगरानी कर रही है।

नूंह में 31 जुलाई को अधूरी रह गई ब्रजमंडल यात्रा पूरी करने संबंधी सवाल पर विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा- 28 अगस्त को सुबह 11 बजे यात्रा की शुरुआत करेंगे। यात्रा की अनुमति लेने का सवाल ही नहीं उठता।

# लोकतंत्र के लिए खतरा बन गई ईडी : भूपेश

### मुख्यमंत्री ने कहा, ईडी के बलबूते विधानसभा चुनाव लड़ेगी भाजपा

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) पर भाजपा के राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के राज्य प्रभारी के दिए बयान से स्पष्ट हैं कि भाजपा राज्य में ईडी के बलबूते विधानसभा चुनाव लड़ेगी। श्री बघेल ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रविवार को सरगुजा में भाजपा के प्रभारी ओम माथुर ने ईडी की कार्यवाई पर कहा अभी चुनाव आते तक देखिए क्या-क्या होता है'। भाजपा प्रभारी का यह बयान यह साबित करने के लिए पर्याप्त है कि भाजपा ईडी के बलबूते चुनाव लड़ेगी ? ईडी की कार्यवाई चुनाव को देखकर हो रही है। एक विभाग में गड़बड़ी नहीं पकड़ पाते दूसरे में लग जाते है। उन्होंने



**भाजपा के राज्य प्रभारी के बयान का दिया हवाला**

कहा कि राज्य सरकार के सभी विभागों पर कार्यवाई यह दिखाने के लिए है कि छत्तीसगढ़ में हर जगह गड़बड़ी हैं।

**झूठे बयानों के आधार पर दुष्प्रचार**

उन्होंने कहा कि राज्य में पिछले एक वर्ष में ईडी और आई.टी. अधिकारियों ने 200 से भी अधिक व्यक्तियों/संस्थाओं तथा शासकीय कार्यालयों में छापेमारी की गई है। ईडी के अधिकारियों द्वारा दमन और प्रताड़ना को हथियार बनाकर बिना चल-अचल संपत्ति की रिकवरी के झूठे बयानों के आधार पर सैकड़ों करोड़ के कथित कोयला घोटाला, शराब घोटाला, चावल घोटाला तथा अब महादेव ऐप्स घोटाला होने का दुष्प्रचार किया जा रहा है।

**धमकी देकर खिलवा रहे मनचाहा बयान**

उन्होंने कहा कि ईडी अधिकारियों के लिए यह भी बायें हाथ का खेल है कि किसी भी गवाह से उसे जेल भेजने की धमकी देकर मनचाहा बयान लिखवा लिया जाता है। ईडी अधिकारियों द्वारा तैयार किए गये ब्यान अथवा झूठी कहानी की पुष्टि अपने बयान में करें अन्यथा उसे जेल भेज दिया जाएगा, जहां उसे जिंदगी भर जेल में सड़ना पड़ेगा। गवाहों की क्रूर पिटाई, उनसे गाली गलौज ईडी अधिकारियों के लिए सामान्य बात है।

# राजनांदगांव विधानसभा सीट से रमन सिंह इकलौते दावेदार

**रायपुर,** , 27 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव दौरे पर है। उन्होंने राजनांदगांव विधानसभा सीट से अपनी उम्मीदवारी को लेकर कहा कि कार्यर्ताओं ने उनका सिंगल नाम भेजा है। छत्तीसगढ़ में 15 साल शासन कर चुकी भाजपा का भी सर्वेक्षण हो चुका और प्रत्याशियों के नाम भाजपा की चुनाव समिति के पास चले गए हैं वहीं रमन सिंह ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना भी साधा है।



पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा ने अपनी 21 विधानसभा सीट की घोषणा कर दी है। आगे भी बीजेपी जल्द ही सीटों की घोषणा करने वाली है। राजनांदगांव के सर्वे और कार्यकर्ताओं ने रमन सिंह का इकलौता नाम दिया है। जिसके लिए रमन सिंह ने कार्यकर्ताओं और पार्टी को धन्यवाद दिया। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए रमन सिंह ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार में सर से डूबी हुई है। हमारे सरकार के समय में कोयला का डीओ (डायरेक्ट ऑर्डर) जो ऑनलाइन किया गया था। कांग्रेस सरकार आने के बाद खनिज विभाग के डायरेक्टर ने डीओ मैन्युअल कर दिया। जिससे कोयला में अटूट भ्रष्टाचार हो सके, 2100 करोड़ के शराब घोटाले के सबूत मिल चुके हैं। हर जगह भ्रष्टाचार चला है, जिसका जवाब जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में देगी।

### जी-20 बैठक से पहले खालिस्तान समर्थकों की करतूत

# मेट्रो के स्टेशनों पर लिखे देशविरोधी नारे

**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न मेट्रो स्टेशनों की दीवारों पर रविवार को खालिस्तान समर्थक नारे दिखाई दिए, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। नारे सात से अधिक मेट्रो स्टेशनों और एक सरकारी स्कूल के पास भी दिखाई दिए। पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले दीवारों पर लिखे सभी नारे हटा दिए हैं। देश की संप्रभुता को चुनौती देने वाले अपमानजनक नारे शिवाजी पार्क, मादीपुर, पश्चिम विहार, उद्योग नगर, पंजाबी बाग, महाराजा सूरजमल स्टेडियम और नांगलोई मेट्रो स्टेशनों पर दिखाई दिए। सरकारी सर्वोदय बाल विद्यालय, नांगलोई की दीवारों पर भी नारे दिखाई दिए। एक पुलिस सूत्र ने कहा कि इनके पीछे खालिस्तानी समर्थक हो सकते हैं। नारों में सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के नाम का भी उल्लेख किया गया है। पुलिस ने कहा कि मोदी इंडिया ने सिखों का नरसंहार किया, खालिस्तान रेफरेंडम जिंदाबाद, दिल्ली बनेगा खालिस्तान आदि लिखे गए थे। पुलिस ने कहा कि वह अपराधियों की पहचान करने के लिए आसपास के इलाकों और मेट्रो स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा कि उसने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है और जांच जारी है।

# त्योहारों पर 'वोकल फॉर लोकल' को महत्व जरूरी : मोदी

**नई दिल्ली**, 27 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अब रक्षाबंधन जैसे त्योहार आ रहे हैं इसलिए इन त्योहारों के दौरान 'वोकल फॉर लोकल' पर जोर दिया जाना चाहिए। श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 104वीं कड़ी के प्रसारण में कहा की आत्मनिर्भर भारत के लिए वह कल का लोकल आवश्यक है और इसका त्योहार मनाते समय सभी को ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा, अब त्योहारों का मौसम भी आ ही गया है। आप सभी को रक्षाबंधन की भी अग्रिम शुभकामनाएं। पर्व-उल्लास के समय हमें वोकल फॉर लोकल के मंत्र को भी याद रखना है। प्रधानमंत्री ने कहा आत्मनिर्भर भारत अभियान हर देशवासी का अपना अभियान है और जब त्योहार का माहौल है तो हमें अपनी आस्था के स्थलों और उसके आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ तो रखना ही है। अगली बार आपसे फिर 'मन की बात' होगी, कुछ नए विषयों के साथ मिलेंगें कुछ नए प्रयासों की सफलता की जी-भर करके चर्चा करेंगे।

# बंगाल में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट , 8 की मौत

**कोलकाता**, 27 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर में रविवार को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से कम से कम 8 लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य बुरी तरह झुलस गए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक विस्फोट सुबह करीब साढ़े दस बजे दत्तपुकुर थाना क्षेत्र के नीलगंज-मोशपोल के आवासीय इलाके में हुआ। विस्फोट से घर में आग लग गई। वहीं बुरी तरह झुलसे लोगों को इलाज के लिए बरसात अस्पताल में भर्ती कराया गया। विस्फोट



दो मंजिला घर जमींदोज, अन्य आवास भी क्षतिग्रस्त

में आसपास के कई घरों को नुकसान पहुंचा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विस्फोट दत्तपुकुर थाना क्षेत्र के नीलगंज-मोशपोल के आवासीय इलाके में सुबह करीब साढ़े दस बजे बजे हुआ। इसके कारण दो मंजिला घर जमींदोज हो गया और आसपास के कुछ अन्य आवास क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि अवैध फैक्ट्री का मालिक अजुइबुर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर

## मिशन सौर

### अगले दो दिनों में घोषित की जाएगी प्रक्षेपण की तिथि, 120 दिनों में अपने निर्धारित बिंदु तक पहुंचेगा उपग्रह

# सितम्बर के पहले सप्ताह में प्रक्षेपित होगा आदित्य एल1

**तिरुवनंतपुरम, 27 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने कहा है कि पहला आदित्य एल1 सौर मिशन सितम्बर के पहले सप्ताह में लॉन्च किया जाएगा। श्री सोमनाथ ने यहां हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा, आदित्य एल1 उपग्रह तैयार है।**

*यह श्रीहरिकोटा पहुंच गया है और पीएसएलवी से जुड़ गया है। इसरो और देश का अगला लक्ष्य इसका प्रक्षेपण है। प्रक्षेपण सितम्बर के पहले सप्ताह में होगा। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों में इसके प्रक्षेपण की तिथि की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रक्षेपण के बाद आदित्य एल1 अण्डाकार कक्षा में जाकर 120 दिनों में अपने निर्धारित बिंदु तक पहुंचेगा। श्री सोमनाथ ने बताया कि आदित्य एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला*



*होगी और इस मिशन से वैज्ञानिकों को वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर उनके प्रभाव का अध्ययन करने में मदद मिलेगी।*

### चंद्र सतह पर मापा गया तापमान

*भारत के चंद्रयान-3 ने चांद के बारे में जानकारी देना शुरू कर दिया है। विक्रम लैंडर और रोवर प्रज्ञान पर लगे सभी उपकरण ठीक से काम कर रहे हैं। लैंडर विक्रम ने चंद्रमा की सतह के तापमान का पता लगाया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने यह अपडेट एक्स पर शेयर किया। इसरो ने बताया कि चंद्रमा की सतह के तापमान की जानकारी के लिए लैंडर विक्रम पर लगे चंद्र सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट पेलोड से पहला अवलोकन किया गया। इसरो ने जो ग्राफ शेयर किया है उसके अनुसार चंद्रमा की सतह का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस है। गहराई में जाने पर तापमान तेजी से गिरता है। 80 मिलीमीटर भीतर जाने पर तापमान -10 डिग्री तक गिर जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो ऐसा लगता है कि चंद्रमा की सतह गर्मी को बनाए रखने में सक्षम नहीं है।*

# देश

**उवाच** “ गरीब इलाज के लिए भटक रहा है। भाजपा सरकार गरीबों को बीमारी में मदद के बजाय उसकी दुश्वारियां बढ़ा रही है। उप्र प्रदेश में वायरल बुखार, डेंगू समेत तमाम संक्रामक रोग तेजी से बढ़ रहे है लेकिन मरीजों के लिए जरूरी दवाएं तक नहीं हैं।

–अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 26.0 |
| मुंबई | 32.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 34.0 | 29.0 |

# विपक्षी गठबंधन की हर बैठक महत्वपूर्ण : कांग्रेस

**नई दिल्ली,**27 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा ने मुंबई में विपक्षी गठबंधन ‘इंडिया’ (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) की अहम बैठक से पहले रविवार को कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन साझेदारों के बीच सीट बंटवारे को कई राज्यों में कमोबेश अंतिम रूप दे दिया गया है, केवल कुछ राज्यों में ही थोड़े अधिक समय की आवश्यकता है। देवड़ा ने कहा कि विपक्षी गठबंधन की हर बैठक समान रूप से महत्वपूर्ण है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हर बैठक के साथ आगे बढ़ने की कार्य योजना और दुरुस्त होती जा रही है। मैं मुंबई में बैठक आयोजित करने में व्यक्तिगत रूप से मदद कर रहा हूं और मैं इसकी सफलता को लेकर बहुत आशान्वित हूं। बैठक के आयोजन में अहम भूमिका निभा रहे देवड़ा ने ‘इंडिया’ के साझेदारों के बीच ‘विकसित हो रहे तालमेल’ की भी सराहना की और कहा कि इसका सबसे अच्छा उदाहरण महाराष्ट्र में देखने को मिलता है। ‘इंडिया’ गठबंधन की बैठक 31 अगस्त–एक सितंबर को होनी है। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता देवड़ा ने कहा कि राज्य में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के महा विकास



**हर बैठक के साथ आगे बढ़ने की कार्य योजना होती जा रही और दुरुस्त : मिलिंद देवड़ा**

आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन में ‘कोई समस्या नहीं है। देवड़ा ने यह बयान ऐसे समय में दिया है, जब एनसीपी के अजित पवार और पार्टी के आठ अन्य विधायकों ने दो जुलाई को राज्य में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना–भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार से हाथ मिला लिया था। इसके बाद, एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के बीच बैठकों ने ‘इंडिया’ गठबंधन के साझेदारों के बीच घबराहट पैदा कर दी है।

**एनसीपी संबंधी घटनाक्रम से जुड़ी चिंताओं को किया खारिज**

देवड़ा ने एनसीपी संबंधी घटनाक्रम से जुड़ी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि एमवीए सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर बाद में चर्चा की जाएगी और इसे अंतिम रूप दिया जाएगा और एनसीपी में जो हो रहा है वह उसका ‘आंतरिक मुद्दा’ है। ‘इंडिया’ गठबंधन 26 दलों का विपक्षी गुट है, जिसका गठन केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से मुकाबला करने के लिए हाल में किया गया है।

विपक्षी दलों की पहली बैठक पटना में और दूसरी बेंगलुरु में हुई थी, जिसमें इसका नाम ‘इंडिया’ रखा गया था। मुंबई में 26 दलों के इस गठबंधन में और दलों के शामिल होने की संभावना पर कहा कि आमंत्रित और उपस्थित लोगों की अंतिम सूची को एमवीए साझेदार एक–दूसरे के करीबी समन्वय से अंतिम रूप दे रहे हैं। मुंबई में होने वाली बैठक में सीट बंटवारे, समन्वय समिति बनाने और गठबंधन के लिए संयोजक नियुक्त करने पर आगे की कार्रवाई होने की संभावना पर देवड़ा ने कहा कि इन विषयों पर अगले सप्ताह बैठक में चर्चा हो सकती है। गठबंधन द्वारा नेतृत्व के जटिल मामले पर देवड़ा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अभी समय है और ‘इंडिया’ गठबंधन की हर बैठक के साथ अहम प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी द्वारा ‘इंडिया’ गठबंधन की निंदा किए जाने को लेकर देवड़ा ने कहा भारत का चुनावी इतिहास और गणित स्पष्ट रूप से दिखाता है कि जब मैदान में केवल दो दल और उम्मीदवार हों, तो कोई भी दल या नेता अजेय नहीं होता है।

कर्नाटक की राजधानी में पिछले महीने आयोजित सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि विपक्ष 2024 का चुनाव एकजुट होकर लड़ेगा और सफल होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था कि उनकी लड़ाई भाजपा की विचारधारा के खिलाफ है। पांच राज्यों के मुख्यमंत्रियों, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित ‘इंडिया’ गठबंधन के नेताओं के 31 अगस्त को मुंबई पहुंचने की संभावना है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे 31 अगस्त को उपनगरीय मुंबई के ‘ग्रैंड हयात’ होटल में नेताओं के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे।

अगले दिन उसी स्थान पर बैठक होगी जिसके बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। इंडिया गुट की आगामी मुंबई बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इस बैठक में 2024 में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए से मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण रणनीतिक मुद्दों पर विचार–विमर्श और उसे अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। मुंबई बैठक में कुछ और पार्टियों के इस गुट में शामिल होने की भी चर्चा है।

## कई राज्यों में सीट बंटवारे को दे दिया गया है अंतिम रूप

कांग्रेस नेता देवड़ा ने कहा कि कई राज्यों में सीट बंटवारा को कमोबेश अंतिम रूप दे दिया गया है। कुछ ही राज्य बचे हैं, जिन्हें और समय की आवश्यकता है। 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले कोई साझा न्यूनतम कार्यक्रम विकसित करने की आवश्यकता पर कहा कि इन विषयों पर काम जारी है। यकीन है कि इंडिया के सभी साझेदार एक ऐसा साझा राजनीतिक एवं विकासात्मक एजेंडा लेकर आएंगे, जो दूरदर्शी, रचनात्मक और सभी का ध्यान आकर्षित करने वाला होगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी पहले से ही ‘इंडिया’ गठबंधन के भीतर विभिन्न गतिविधियों और पहल के समन्वय की भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा, हमने संप्रग में गठबंधन सहयोगियों के साथ बहुत सामंजस्यपूर्ण तरीके से काम किया और मुझे लगता है कि यह चलन ‘इंडिया’ में भी जारी रहेगा। देवड़ा ने कहा कि उन्हें गठबंधन सहयोगियों के बीच विकसित हो रहे तालमेल को देखकर सुखद आश्चर्य हुआ है। उन्होंने कहा, इसका सबसे अच्छा उदाहरण महाराष्ट्र में है। मैं ऐसे एक भी व्यक्ति को नहीं जानता जिसने कभी कल्पना की होगी कि कांग्रेस और शिवसेना एक साथ आ सकती हैं।

# फेल होने का डर अपनी ताकत को करता है कम : धनखड़

**झुंझुनूं,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि फेल होने का डर अपनी ताकत को कम करता है। इसलिए असफलता का भय नहीं रखना चाहिए। धनखड़ आज झुंझुनूं जिले के दोरासर स्थित सैनिक स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप जिस भी क्षेत्र में अभिरुचि रखते हैं उसमें खुल कर आगे बढ़ें।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा कि वह हमेशा अपनी कक्षा में प्रथम आते थे, उन्हें डर लगने लगा था कि यदि वे प्रथम नहीं आए, तो क्या होगा। आज सोचते हैं कि प्रथम नहीं आकर दूसरे, तीसरे या चौथे स्थान पर भी रहते, तो भी ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि वह झुंझुनूं सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों के बैच को राज्यसभा की कार्यवाही को देखने के लिए बुलाएंगे। धनखड़ ने विद्यार्थियों से कहा कि आप देश का भविष्य हैं। सैनिक स्कूल से जो भी विद्यार्थी निकलता है वो चाहे किसी भी क्षेत्र में जाए अच्छा ही करता है। उन्होंने कहा कि आज झुंझुनूं सैनिक स्कूल में आने पर उन्हें



**उपराष्ट्रपति ने सैनिक स्कूल में विद्यार्थियों को किया संबोधित**

वो दिन याद आ गया है जब वे पहली बार सैनिक स्कूल में बतौर विद्यार्थी गए थे। उन्होंने कहा कि वे एक गांव से निकलकर पहली बार शहर गए थे और सैनिक स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ने उनकी जीवन की नींव रखी।

उपराष्ट्रपति ने कहा मैं वादा करता हूं कि झुंझनू सैनिक स्कूल की प्रगति में हर छह महीने में नया आयाम मिलेगा। उन्होंने करीब 19 मिनट तक बच्चों से संवाद किया। उन्हांने कहा वह भी चितौड़गढ़ सैनिक स्कूल के विद्यार्थी रहे है। आपके बीच में आकर स्कूल के दिनों की शरारतों और अन्य पल याद आ गए है।

## उपराष्ट्रपति ने सूर्य मंदिर लोहर्गल धाम के किए दर्शन



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को झुंझुनूं में श्री सूर्य मंदिर लोहर्गल धाम के दर्शन किए। धनखड़ ने सूर्य मंदिर में पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ पूजा अर्चना की और सभी के प्रसन्न, संपन्न और ऊर्जावान होने की कामना की। इसके बाद धनखड़ ने सोशल मीडिया पर कहा सूर्यदेव को नमन, मैं श्री सूर्य मंदिर लोहर्गल धाम के दर्शन करके धन्य हो गया। भगवान सूर्यदेव समस्त लोकों की ऊर्जा का स्रोत है, जीवन आधार है, जगत का प्रकाश स्तंभ है।

## सार संक्षेप

### हिरासत में लिए राजपूत सभा के नेताओं को किया रिहा

**जम्मू।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा बुलाए गए पूर्ण जम्मू बंद के एक दिन बाद, अधिकारियों ने रविवार को युवा राजपूत सभा के हिरासत में लिए गए नेताओं को रिहा कर दिया। युवा राजपूत सभा सांबा जिले में सरोर टोल प्लाजा की स्थापना के खिलाफ आंदोलन कर रही है। जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने सरोर टोल प्लाजा और स्मार्ट इलेक्ट्रिक मीटर लगाने के खिलाफ शनिवार को बंद का आह्वान किया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने युवा राजपूत सभा के 26 नेताओं को रिहा कर दिया, जिन्हें 21 अगस्त को खराब सड़क व एक क्षतिग्रस्त पुल के कारण जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर सरोर प्लाजा में टोल संग्रह के निलंबन की मांग को लेकर प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया था।

### पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे शाह

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद में गुजरात, गोवा, महाराष्ट्र और केंद्र शासित प्रदेश दादरा व नगर हवेली और दमन और दीव शामिल हैं। बैठक का आयोजन गुजरात सरकार के सहयोग से गृह मंत्रालय के तहत अंतर राज्य परिषद सचिवालय द्वारा किया जा रहा है।

### देश में कोरोना संक्रमण के 44 नए मामले दर्ज


**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को अपने ताजा अपडेट में कहा कि भारत में 44 नए कोविड-19 मामले दर्ज किए गए हैं। 44 नए मामलों के साथ, देश में अब तक सामने आए कोविड-19 के कुल मामले 4,49,96,963 हो गए। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 45 लोग महामारी से ठीक भी हुए है, जिससे कोविड से ठीक होने वालों की कुल संख्या 4,44,63,533 हो गई। रिकवरी रेट 98.91 फीसदी है। एक्टिव केसलोड 1,502 है, और मरने वालों की संख्या 5,31,928 है। आंकड़ों के अनुसार, अब तक कोविड-19 वैक्सीन की 220.67 करोड़ से अधिक डोज दी जा चुकी हैं।

### नासिक में एटीएम मशीन से 28 लाख की चोरी

**नासिक।** महाराष्ट्र में नासिक जिले के निफाड तालुका के पिंपलगांव बसवंत में शनिवार तड़के अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर एक एटीएम को तोड़ दिया और 28 लाख रुपए चुरा लिए। पुलिस ने बताया कि अज्ञात चोरों ने एचडीएफसी बैंक के एटीएम को तोड़ दिया और उसमें से लगभग 28 लाख नकद चुरा लिए। जानकारी के मुताबिक चोरों ने एटीएम तोड़ने के लिए कटर का इस्तेमाल किया और नकदी चुराने के लिए महंगी कारों का इस्तेमाल किया।

## जब्त ड्रग को छुपाने के आरोप में एसआई गिरफ्तार

**हैदराबाद,**27 अगस्त (एजेंसियां)। हैदराबाद में एक पुलिस उप–निरीक्षक (एसआई) को छापेमारी के दौरान जब्त की गई ड्रग्स का कुछ हिस्सा छिपाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट के साइबर क्राइम स्टेशन में कार्यरत सब–इंस्पेक्टर के.राजेंद्र ने अपने पास लगभग 1,775 ग्राम एमडीएमए रखा था। इसे वह कथित तौर पर बेचने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस अधिकारी हाल ही में एक साइबर अपराध मामले के सिलसिले में महाराष्ट्र गए थे और कुछ संदिग्धों को पकड़ा था। संदिग्धों के घर की तलाशी के दौरान उनके हाथ एमडीएमए ड्रग वाला पैकेट लग गया और उन्होंने उसे अपने पास रख लिया था। जब्त सामान के बारे में उन्होंने उच्च अधिकारियों को नहीं बताया। इसकी जानकारी मिलने पर तेलंगाना राज्य एंटी–नारकोटिक्स ब्यूरो (टीएसएनएबी) ने जांच शुरू की। अधिकारियों ने टीएसएनएबी के निदेशक और हैदराबाद पुलिस आयुक्त सी.वी. आनंद को एक रिपोर्ट सौंपी। एसआई के खिलाफ रायदुर्गम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने उनके घर से ड्रग जब्त कर शनिवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



**कमलनाथ ने लाड़ली बहना योजना पर भाजपा सरकार को घेरा,कहा**

# प्रदेश में डूबती नैय्या बचाने को रोज बदल रही मुखौटे

**भोपाल,**27 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर वादो और दावों की सियासत तेज है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लाडली बहना सम्मेलन के बाद कमलनाथ ने भाजपा को चित करने जनता को 11 बड़ी सौगात देने का वादा किया है। साथ ही बड़ा हमला करते हुए कहा कि शिवराज सरकार जनता को राहत देने नहीं बल्कि अपनी डूबती नैय्या को बचाने रोज मुखौटे बदल रही है।

पूर्व सीएम और पीसीसी चीफ कमलनाथ ने रविवार को मध्य प्रदेश की जनता को 11 वचन दिए है। इसके साथ पीसीसी चीफ ने कहा कि अपने 11 वचनों के साथ मध्य प्रदेश के हर घर में खुशहाली लाने के संकल्प के साथ आपके बीच है। मध्य प्रदेश की जनता को सुनिश्चित करना है कि वोटों की बोली लगाने वाली सौदागर सरकार के नापाक मंसूबे कामयाब न हों। अब सच्चाई की राजनीति को ही समर्थन और आशीर्वाद मिले। कमलनाथ ने कहा कि मैं बार–बार दोहरा रहा हूं कि भाजपा सरकार इस समय जनता को राहत देने के लिए बनीं बल्कि अपनी डूबती नैय्या बचाने के लिए रोज मुखौटे बदल रही है। 18 साल के शासनकाल के बाद भी जिन्हें चुनावी चाल चलना पड़े, वो दल और उनकी सरकार बनावटी, दिखावटी और सजावटी है। जो जनता को कभी हित नहीं कर सकती है। महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह, 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 100 यूनिट बिजली बिल माफ और 200 यूनिट का हाफ, किसानों का सपुल कर्ज माफ होगा, कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ, किसानों को 5 हॉर्स पावर बिजली बिल माफ, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का लाभ, 12 घंटे सुनिश्चित सिंचाई बिजली का रास्ता साफ, जातिगत जनगणना का लाभ और किसान आंदोलन के मुकदमे माफ। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रक्षाबंधन से पूर्व रविवार को बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 312.64 करोड़ रुपए की राशि अंतरित कर उन्हें विशेष उपहार दिया। उन्होंने कहा कि बहनों को प्रतिमाह दी जा रही राशि एक हजार रूपए के स्थान पर अब अक्टूबर माह से 1250 रुपए की राशि दी जाएगी। चौहान ने रक्षाबंधन के अवसर पर जंबूरी मैदान में लाड़ली बहना सम्मेलन में महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि राखी पर्व पर आज प्रत्येक बहन को उपहार के रुप में 250 रुपए दिए जा रहे हैं। बहनों के खाते में दस सितंबर को योजना के एक हजार रुपए डाले जाएंगे।



**वोटों की बोली लगाने वाली सौदागर सरकार के नापाक मंसूबे कामयाब न हों : कमलनाथ**

## गरीब लोगों पर भाजपा का बढ़ता जा रहा अत्याचार : दिग्विजय



मध्य प्रदेश के सागर जिले में एक दलित युवक की हत्या के मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा का अनुसूचित जाति व जनजाति के गरीब लोगों पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है। संत रविदास महाराज का मंदिर बनाने से इन गरीबों का भला नहीं होगा। इन्हें अधिकार देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वे स्वयं रक्षाबंधन पर पीड़ित परिवार से मिलने जाएंगे। सागर जिले के खुरई थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बरोदिया नौनागिर में 24 अगस्त की रात एक युवक नितिन अहिरवार की आरोपियों ने पीट–पीटकर हत्या कर दी। वारदात के दौरान बेटे को बचाने आई मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की थी। महिला को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# एनडीए का अमीबा की तरह कोई निश्चित आकार नहीं : उद्धव ठाकरे

**हिंगोली/महाराष्ट्र,27 अगस्त (एजेंसियां)।** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने रविवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की तुलना अमीबा से करते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले मोर्चे का कोई निश्चित आकार और माप नहीं है। विपक्षी गठबंधन इंडिया को घमंडिया (अहंकारी) और इंडियन मुजाहिदीन कहने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए ठाकरे ने कहा कि एनडीए को घमा–एनडीए कहा जाना चाहिए। महाराष्ट्र के हिंगोली में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के चंद्रशेखर राव से यह स्पष्ट करने के लिए कहा कि वह इंडिया गठबंधन का समर्थन कर रहे हैं या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन कर रहे हैं। महाराष्ट्र में चुनावी राजनीति में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे बीआरएस का जिक्र करते हुए ठाकरे ने कहा यदि आप देश के साथ हैं, तो इंडिया गठबंधन में शामिल हों या खुले तौर पर भाजपा के साथ अपने गठबंधन की घोषणा करें। वोटों को विभाजित न करें। शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष ने कहा, बीआरएस को पहले अपने राज्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो अच्छी स्थिति में नहीं है।

- **इंडिया को घमंडिया कहने पर मोदी पर साधा निशाना**



**एनडीए को घमा-एनडीए कहा जाना चाहिए : उद्धव ठाकरे**

## भाजपा को हरा देगा इंडिया गठबंधन

उद्धव ठाकरे ने कहा कि इंडिया गठबंधन भाजपा को हरा देगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने बीआरएस प्रमुख राव से यह तय करने को कहा कि वह देश के लिए लड़ रहे हैं या भाजपा का समर्थन कर रहे हैं। ठाकरे ने कहा कि इंडिया गठबंधन में राष्ट्रवादी पार्टियां शामिल हैं, जो देश में लोकतंत्र की रक्षा करना चाहती हैं। लेकिन एनडीए के अधिकांश पार्टियों में गद्दार और वे लोग शामिल हैं जो अन्य पार्टियों को तोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं।

## एसटीए पोंजी घोटाले में आरोपियों के खिलाफ एलओसी जारी

**भुवनेश्वर,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन (बीओआई) ने सैकड़ों करोड़ रुपए सोलर टेक्नो एलायंस (एसटीए) क्रिप्टो पोंजी घोटाले के मुख्य आरोपियों में से तीन लोगों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है। ईओडब्ल्यू के सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि जिन तीन आरोपियों के खिलाफ एलओसी जारी की गई है, उनमें राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी कृष्ण कुमार, राजस्थान के श्री–गंगानगर निवासी अनिल कुमार और राजस्थान के नागौर निवासी भूरा राम शामिल हैं।

सूत्रों के मुताबिक ये तीनों गुरतेज सिंह सिद्धू के करीबी सहयोगी हैं और योजना के वित्तीय और तकनीकी प्रबंधन की देखभाल करते हैं। वे शीर्ष कमाई करने वाले भी हैं और एसटीए पिरामिड के शीर्ष पदानुक्रम में आते हैं। इससे पहले ओडिशा अपराध शाखा के ईओडब्ल्यू ने रविवार को यहां बताया कि हंगरी के नागरिक और एसटीए क्रिप्टो पोंजी घोटाले के प्रमुख डेविड गीज (32) के खिलाफ एलओसी जारी की गई है। लुक आउट सर्कुलर ओडिशा क्राइम ब्रांच के ईओडब्ल्यू के अनुरोध पर जारी किया गया है, जिसने पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किये गए लोगों में एसटीए क्रिप्टो टोकन के भारत के प्रमुख एवं पंजाब के फरीदकोट निवास गुरतेज सिंह सिद्धू (40) फरीदकोट, एसटीए के ओडिशा प्रमुख एवं भद्रक के निरोद दास और रत्नाकर पल्लई शामिल हैं।

# जादवपुर विवि में रैगिंग रोकने के लिए पूर्व सैनिकों की तैनाती

**कोलकाता,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। जादवपुर विश्वविद्यालय के छात्रावास में रैगिंग के कारण हुई मौतों के मद्देनजर, विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने परिसर में 26 सीसीटीवी कैमरे लगाने और इसकी पुनरावृत्ति को रोकने के लिए आउटसोर्स सुरक्षा गार्डों की जगह पूर्व सैनिकों को तैनात करने का फैसला किया है। जेयू के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, परिसर के सभी प्रवेश द्वारों और छात्रों के छात्रावास के प्रवेश बिंदु सहित परिसर के विभिन्न कोनों पर 26 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित जेयू में 10 अगस्त को एक नये छात्र का शव मिला था। सभी सीसीटीवी कैमरे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस होंगे और नेटवर्क से जुड़े होंगे जो किसी दुर्घटना की रिपोर्ट करने से पहले सभी संभावित त्रुटियों को ध्यान में रखता है और झूठे अलार्म की दर को कम करता है। ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग सुविधा वाले 26 सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमानित लागत लगभग 38 लाख रुपए होगी। जादवपुर विश्वविद्यालय मौजूदा आउटसोर्स गार्डों की जगह पूर्व सैनिकों की तैनाती करेगा, जिसके लिए निदेशालय पुनर्वास क्षेत्र (पूर्व) को पहले ही मांग भेजी जा चुकी है। जेयू के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि कुल 30 पूर्व सैनिकों को इस उद्देश्य के लिए प्रतिनियुक्त किया जाएगा।




- **26 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे**

**तैयारी** *मध्य प्रदेश में एनजीटी जज का तबादला*

# बांध स्थल अतिक्रमण पर सरकार की निष्क्रयता पर उठाए थे सवाल

**भोपाल, 27 अगस्त (एजेंसियां)। बांध स्थल अतिक्रमण पर मध्य प्रदेश सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाने वाले न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल का राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) की सेंट्रल बेंच से दिल्ली की मुख्य बेंच में ट्रांसफर कर दिया गया है। आदेश के मुताबिक, न्यायमूर्ति एसके सिंह अब मुख्य बेंच की कमान संभालेंगे।**

रिपोर्ट के अनुसार, न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल की अध्यक्षता वाली मध्य प्रदेश एनजीटी की सेंट्रल बेंच ने भोपाल में कलियासोत और केरवा बांध स्थल के आसपास निषिद्ध क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने में राज्य सरकार की निष्क्रियता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त थी। साथ ही ट्रिब्यूनल ने राज्य सरकार पर 5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। इसके एक हफ्ते बाद न्यायमूर्ति अग्रवाल का दिल्ली ट्रांसफर किया गया है।




एनजीटी ने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश सरकार की पूरी व्यवस्था अक्षम लगती है क्योंकि मामले का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील सुनवाई के दौरान ठीक से बहस करने के बजाय तारीख बढ़ाने की मांग करते हैं। गौरतलब है कि एनजीटी ने 2014 में नदी तल की 33.3 मीटर की परिधि के भीतर अवैध निर्माण को हटाने का आदेश जारी किया था। एनजीटी ने आदेश के अनुपालन के लिए एक माह का समय दिया था।

ट्रिब्यूनल ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस से यह भी पूछा था कि क्या उन्होंने आदेश पढ़ा है। ट्रिब्यूनल ने आगे कहा कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने में संबंधित विभागों के बीच समन्वय की कमी है। एनजीटी की टिप्पणी से चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में राजनीतिक विवाद छिड़ गया है और कांग्रेस नेता गोविंद सिंह (एलओपी) और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस के विस्तार पर सवाल उठाया है। भोपाल में कलियासोत और केरवा बांध के किनारे कई मल्टी स्टोरीज का निर्माण किया गया है, जिस पर याचिका में सवाल उठाया गया है।

कलियासोत नदी तल से 33.3 मीटर के भीतर अवैध निर्माणों के सीमांकन के एनजीटी के आदेश से कोलार सैटेलाइट टाउनशिप में लगभग 40,000–50,000 लोग और लगभग 30 आवासीय कॉलोनियां प्रभावित होंगी। इस महीने 18 अगस्त के एनजीटी के आदेश के बाद, जल संसाधन विभाग, भोपाल नगर निगम और जिला प्रशासन कलियासोत नदी तल की माप करने और नदी तल और जलग्रहण क्षेत्रों में पूर्ण टैंक स्तर (एफटीएल) स्तंभों का सत्यापन करने के लिए कार्रवाई में जुट गए थे।

- **एनजीटी की सेंट्रल बेंच से दिल्ली की मुख्य बेंच में किया तबादला**
- **ट्रिब्यूनल ने राज्य सरकार पर पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था**

देशबन्धु रायपुर, सोमवार, 28 अगस्त, 2023

## अभिनेताओं और कास्टिंग निर्देशकों के बीच की दूरी खत्म होनी चाहिए : नवनीत मलिक

**नई दिल्ली।** मॉडल से एक्टर बने नवनीत मलिक ने खुलासा किया है कि उन्हें शोबिज में क्या नापसंद है। उन्होंने कहा कि एक ऐसा सिस्टम होना चाहिए, जहां क्षमता वाले कलाकार कास्टिंग निर्देशकों तक पहुंच सकें और इसके विपरीत भी। नवनीत जल्द ही थ्रिलर सीरीज 'द फ्रीलांसर' में नेगेटिव भूमिका निभाते नजर आएंगे। एक्टर जो 'हीरोपंती 2' में अपनी भूमिका के लिए जाने जाते हैं, ने कहा कि मुझे अभी इस इंडस्ट्री के बारे में जो पसंद है वह यह है कि लोग किसी भी अभिनेता को कुछ निश्चित भूमिकाओं में नहीं बांध रहे हैं, चाहे वह पॉजिटिव हो या नेगेटिव। वे उन्हें अलग-अलग भूमिकाओं और किरदारों में स्वीकार करते हैं। यह इस इंडस्ट्री का अच्छा हिस्सा है। उन्होंने आगे कहा कि मुझे यह नापसंद है कि इंडस्ट्री में जो भी भूमिकाएं आ रही हैं।

### वैज्ञानिकों ने एक नए अध्ययन में किया खुलासा

# अंतरिक्ष यात्रियों की प्रतिरक्षा प्रणाली को हो सकता है खतरा

**लंदन,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। एक नए अध्ययन से यह बात सामने आई है कि अंतरिक्ष मिशन पर जाने वाले यात्रियों की प्रतिरक्षा प्रणाली की टी-कोशिकाएं काफी हद तक प्रभावित हो सकती हैं। अंतरिक्ष में बेहद प्रतिकूल वातावरण है जो मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। जर्नल साइंस एडवांसेज में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने कहा कि अंतरिक्ष मिशन पर जाने वाले यात्रियों की प्रतिरक्षा प्रणाली पर खतरा रहता है जो पृथ्वी पर लौटने के बाद भी बना रहता है।

- अंतरिक्ष मिशन पर जाने वाले यात्रियों की प्रतिरक्षा प्रणाली की टी-कोशिकाएं प्रभावित
- अंतरिक्ष में बेहद प्रतिकूल वातावरण है जो मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक



प्रतिरक्षा प्रणाली में कमी उन्हें संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील बना सकती है और शरीर में गुप्त वायरस के पुन: सक्रिय होने का कारण बन सकती है। स्वीडन में करोलिंस्का इंस्टीट्यूट के माइक्रोबायोलॉजी, ट्यूमर और सेल बायोलॉजी विभाग में प्रमुख शोधकर्ता लिसा वेस्टरबर्ग ने कहा कि यदि अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित अंतरिक्ष अभियानों से गुजरने में सक्षम होना है, तो हमें यह समझने की जरूरत है कि उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कैसे प्रभावित होती है और इसमें होने वाले हानिकारक परिवर्तनों का मुकाबला करने के तरीके खोजने की कोशिश करें। वेस्टरबर्ग ने कहा कि अब हम यह जांच करने में सक्षम हो गए हैं कि भारहीन स्थितियों के संपर्क में आने पर टी-कोशिकाओं का क्या होता है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली पर असर डालती है। इंस्टीट्यूट के माइक्रोबायोलॉजी, ट्यूमर और सेल बायोलॉजी विभाग में डॉक्टरेट छात्र कार्लोस गैलार्डो डोड ने कहा कि टी कोशिकाएं अधिक तथाकथित अनुभवहीन टी-कोशिकाओं से मिलती-जुलती थीं, जिन्होंने अभी तक किसी बाहरी चीज का सामना नहीं किया है। इसका मतलब यह हो सकता है कि उन्हें सक्रिय होने में अधिक समय लगता है और इस प्रकार ट्यूमर कोशिकाओं और संक्रमणों से लड़ने में कम प्रभावी हो जाते हैं।

हमारे परिणाम नए उपचारों का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं जो प्रतिरक्षा कोशिकाओं के आनुवंशिक कार्यक्रम में इन परिवर्तनों को उलट देंगे 21 दिनों के बाद टी-कोशिकाओं ने अपनी जीन अभिव्यक्ति को भारहीनता के लिए 'अनुकूलित' कर लिया था ताकि यह लगभग सामान्य हो जाए, लेकिन प्रयोग समाप्त होने के सात दिन बाद किए गए विश्लेषण से पता चला कि कोशिकाओं में कुछ बदलाव फिर से आ गए थे।

### शोधकर्ताओं ने अंतरिक्ष के वातावरण की तरह ही विधि का किया उपयोग

अध्ययन में शोधकर्ताओं ने अंतरिक्ष के वातावरण की तरह ही एक विधि का उपयोग कर अंतरिक्ष में भारहीनता का अनुकरण करने का प्रयास किया है। इसमें एक कस्टम-निर्मित वॉटरबेड शामिल है जो शरीर को यह सोचने पर मजबूर कर देता है कि यह भारहीन स्थिति में है। शोधकर्ताओं ने नकली भारहीनता के संपर्क में आने के तीन सप्ताह तक आठ स्वस्थ व्यक्तियों के रक्त में टी-कोशिकाओं की जांच की। प्रयोग शुरू होने से पहले और शुरू होने के 7 से 14 और 21 दिन बाद, वहीं प्रयोग समाप्त होने के सात दिन बाद रक्त विश्लेषण किया गया। उन्होंने पाया कि 7 और 14 दिनों की भारहीनता के बाद टी-कोशिकाओं ने अपनी जीन अभिव्यक्ति को महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया। यानी, कौन से जीन सक्रिय थे और कौन से नहीं। कोशिकाएं अपने आनुवंशिक कार्यक्रम में अधिक अपरिपक्व हो गईं। इसमें सबसे ज्यादा असर 14 दिन बाद देखने को मिला।

# भारतीय मूल के डॉ. सुमीत चुघ ने कार्डियक अरेस्ट से पहले लक्षणों का लगाया पता

- कार्डियक अरेस्ट का सबसे प्रमुख लक्षण सांस लेने में तकलीफ
- 50 प्रतिशत व्यक्तियों ने कार्डियक अरेस्ट से पहले चेतावनी के संकेतों का अनुभव किया

**न्यूयॉर्क,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। महिलाओं के लिए कार्डियक अरेस्ट का सबसे प्रमुख लक्षण सांस लेने में तकलीफ है, जबकि पुरुषों को सीने में दर्द का अनुभव हो सकता है, एक प्रतिष्ठित भारतीय मूल के स्वास्थ्य विशेषज्ञ के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने यह खुलासा किया है। कार्डियक अरेस्ट विशेषज्ञ सुमीत चुघ के नेतृत्व में लॉस एंजिल्स में सीडर्स-सिनाई मेडिकल सेंटर के स्मिड्ट हार्ट इंस्टीट्यूट के अध्ययन में पाया गया कि 50 प्रतिशत व्यक्तियों ने कार्डियक अरेस्ट से पहले चेतावनी के संकेतों का अनुभव किया। पीयर-रिव्यू जर्नल लैंसेट डिजिटल हेल्थ में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, चुघ के नेतृत्व वाली टीम को पता चला कि यह चेतावनी लक्षण पुरुषों की तुलना में महिलाओं के लिए अलग था।

दोनों लिंगों के छोटे उपसमूहों ने धड़कन, दौरे जैसी गतिविधि और फ्लू जैसे लक्षणों का अनुभव किया। चुग ने कहा कि कार्डियक अरेस्ट से पहले चेतावनी के लक्षणों को पहचान कर शीघ्र हस्तक्षेप और आसन्न मृत्यु को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे निष्कर्ष अचानक हृदय संबंधी मृत्यु की रोकथाम के लिए एक नए प्रतिमान को जन्म दे सकते हैं। इस अध्ययन के लिए, जांचकर्ताओं ने अमेरिका में दो स्थापित और चल रहे समुदाय-आधारित अध्ययनों का उपयोग किया, इनमें से प्रत्येक चुग द्वारा विकसित किया गया था। दोनों अध्ययन सीडर-सिनाई जांचकर्ताओं को अद्वितीय, समुदाय-आधारित डेटा प्रदान करते हैं, ताकि यह स्थापित किया जा सके कि कार्डियक अरेस्ट की सबसे अच्छी भविष्यवाणी कैसे की जाए।



चुघ ने कहा कि इस काम को करने के लिए एक गांव की जरूरत होती है। हमने 22 साल पहले एसयूडीएस अध्ययन और आठ साल पहले प्रेस्टो अध्ययन शुरू किया था। इन समूहों ने रास्ते में अमूल्य सबक प्रदान किए हैं।

दोनों अध्ययनों में, स्मिड्ट हार्ट इंस्टीट्यूट के जांचकर्ताओं ने अचानक कार्डियक अरेस्ट से पहले व्य लक्षणों के सेट की व्यापकता का मूल्यांकन किया, फिर इन निष्कर्षों की तुलना उन नियंत्रण समूहों से की, जिन्होंने आपातकालीन चिकित्सा देखभाल की भी मांग की थी।

चुग ने कहा कि आगे हम अचानक कार्डियक अरेस्ट की बेहतर भविष्यवाणी के लिए इन प्रमुख लिंग-विशिष्ट चेतावनी लक्षणों को अतिरिक्त सुविधाओं जैसे नैदानिक प्रोफाइल और बायोमेट्रिक उपायों के साथ पूरक करेंगे।

# 'द फ्रीलांसर' के लिए कश्मीरा परदेशी को 'टिकट टू सीरिया' किताब न पढ़ने के लिए कहा गया था

**नई दिल्ली**, 27 अगस्त (एजेंसियां)। एक्ट्रेस कश्मीरा परदेशी ने दिलचस्प थ्रिलर 'द फ्रीलांसर' में अपने किरदार आलिया के लिए काफी मेहनत की है। उन्होंने साझा किया है कि कैसे वह अपने किरदार में ढल पाईं। आलिया के रूप में अपनी भूमिका की तैयारी के बारे में बात करते हुए कश्मीरा ने कहा कि सीरीज की स्क्रिप्ट 'टिकट टू सीरिया' किताब पर आधारित है। लेकिन मैंने किताब बहुत बाद में पढ़ी क्योंकि मुझे किताब न पढ़ने के लिए कहा गया था। मैं व्यक्तिगत रूप से यह भी मानती हूं कि एक अच्छी तरह से लिखी गई स्क्रिप्ट में वह सब कुछ होगा जो एक एक्टर को चाहिए। उन्होंने कहा कि लेकिन किरदार की तैयारी के लिए, मैंने उन परिवारों पर बनी बहुत सारी डॉक्यूमेंट्री देखीं, जिन्होंने इसका सामना किया है। उन लड़कियों पर, जो सीरिया गई या जिन्हें अपहरण कर वहां ले जाया गया। मैंने काबुलीवाले की पत्नी सुष्मिता बनर्जी के बारे में पढ़ा और मलाला की कई कहानियों का जिक्र किया, जो वास्तव में बहुत प्रेरणादायक थीं। किताब में इस्लामिक स्टेट के घातक अभियानों के बारे में कहानी साझा करने का प्रयास किया गया है, कि कैसे आतंकवादी समूह ने एक क्रॉस-कंट्री ऑपरेशन को अंजाम दिया था। मोहित रैना द्वारा निर्देशित 'द फ्रीलांसर' में अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर के साथ-साथ सुशांत सिंह, जॉन कोककेन, गौरी बालाजी और नवनीत मलिक, मंजिरी फडनिस, सारा जेन डायस भी शामिल हैं। यह 1 सितम्बर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित होगा।



- थ्रिलर 'द फ्रीलांसर' में अपने किरदार आलिया के लिए काफी मेहनत की

# सोनू सूद ने अमेरिका में स्थानीय गन्ने के जूस के व्यवसाय का किया समर्थन

**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेता और परोपकारी सोनू सूद, जो वर्तमान में अमेरिका में अपनी आगामी एक्शन थ्रिलर 'फतेह' की शूटिंग कर रहे हैं, ने अमेरिका में स्थानीय गन्ने के जूस व्यवसाय के लिए अपना समर्थन दिया है। इंस्टाग्राम पर सोनू ने रविवार को एक रील वीडियो साझा किया, जिसमें उन्हें पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने देखा जा सकता है। वीडियो में सोनू कहते हैं, 'हमने हिंदुस्तान में तो बहुत सारे गन्ने के रस निकाले हैं, लेकिन आज हम लोग अमेरिका में खड़े हैं, एसएफओ (सैन फ्रांसिस्को) में और गन्ने का रस निकलते हैं।'



वीडियो में अमेरिका में एक भारतीय व्यक्ति को अपनी छोटी सी दुकान में गन्ने का रस बेचते हुए देखा जा सकता है। सोनू उनसे पूछते हैं कि वह कहां से है। दुकानदार ने बताया कि वह भारत के हरियाणा से है। सोनू हाथ में गन्ना लेते हैं और आगे कहते हैं, 'हिंदुस्तान में जब गन्ने का रस बनता है ना तो बहुत सारी आवाज, घुंघरू की आवाज बजती है।' वह उस आदमी से पूछता है, 'पाजी आप मिस करते हो घुंघरू की आवाज'।

शख्स ने कहा कि उसकी गन्ने की मशीन आवाज रहित है और इसका इस्तेमाल भारत में भी किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि वह पिछले एक साल से अमेरिका में हैं।

# 18 वर्षीय युवक ने अमेजन फायर टीवी स्टिक के जरिए जीटीए गेम को किया हैक

- फिरौती मांगने से पहले टेलीकॉम कंपनी बीटी और मोबाइल ऑपरेटर ईई के सर्वर और डेटा फ़ाइलों को किया था हैक

**लंदन,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। हैकिंग ग्रुप लैप्ससडॉलर के 18 वर्षीय सदस्य एरियोन कुर्ताज ने रॉकस्टार गेम्स को हैक करने के लिए सिर्फ एक अमेजन फायर टीवी स्टिक, स्मार्टफोन, कीबोर्ड और माउस का इस्तेमाल किया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, एक अदालत को पता चला कि ऑक्सफोर्ड के कुर्ताज ने ब्रिटेन के एक ट्रैवेलॉज होटल में जमानत पर रहते हुए अनरिलीज्ड ग्रैंड थेफ्ट ऑटो 6 गेम की क्लिप लीक की थी। कुर्ताज को हैकरों द्वारा उसके और उसके परिवार के बारे में जानकारी ऑनलाइन जारी करने के बाद होटल में ले जाया गया। रिपोर्ट के अनुसार, जमानत पर रहने के दौरान उन्हें बजट होटल में इंटरनेट की इजाजत नहीं थी, लेकिन उन्होंने रॉकस्टार गेम्स को हैक करने के लिए फायर टीवी स्टिक का इस्तेमाल किया। साल 2021 और 2022 में टेक फर्मों पर लैप्ससडॉलर के हमलों ने साइबर सुरक्षा जगत को झकझोर कर रख दिया था। रिपोर्ट में जिक्र है कि कुर्ताज ऑटिस्टिक है और मनोचिकित्सकों ने उसे मुकदमे में खड़े होने के लिए उपयुक्त नहीं माना, इसलिए वह सबूत देने के लिए अदालत में उपस्थित नहीं हुआ। एक अन्य 17 वर्षीय नाबालिग जोकि ऑटिस्टिक है, उसे लैप्ससडॉलर गैंग की गतिविधियों में शामिल होने के लिए दोषी ठहराया गया था। लेकिन नाबालिग होने के कारण उसके नाम का खुलासा नहीं किया गया।यूके और कथित तौर पर ब्राज़ील के समूह को अदालत में 'डिजिटल डाकू' के रूप में वर्णित किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि हैकर्स नियमित रूप से सार्वजनिक रूप से अपने अपराधों का जश्न मनाते थे। इतना ही नहीं वह अंग्रेजी और पुर्तगाली में सोशल नेटवर्क एप टेलीग्राम पर पीड़ितों पर तंज कसते थे। कुर्ताज ने लैप्ससडॉलर सहयोगियों के साथ मिलकर 4 मिलियन डॉलर की फिरौती मांगने से पहले टेलीकॉम कंपनी बीटी और मोबाइल ऑपरेटर ईई के सर्वर और डेटा फ़ाइलों को हैक कर लिया था। हैकरों ने 26,000 ईई ग्राहकों को धमकी भरे टेक्स्ट संदेश भेजे थे।नाबालिग और कुर्ताज ने पांच पीड़ितों से चुराए गए सिम डिटेल का उपयोग कर उनके क्रिप्टोकरेंसी खातों से कुल लगभग 100,000 पाउंड चुरा लिए।दोनों को शुरू में जनवरी 2022 में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद जांच के तहत रिहा कर दिया गया था।



# सादा जीवन, उच्च विचार का प्रतीक हैं इसरो की महिला वैज्ञानिक : कंगना रनौत



**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने रविवार को चंद्रयान -3 मिशन की सफलता के पीछे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की अग्रणी महिला वैज्ञानिकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे सादा जीवन और उच्च विचार का प्रतीक हैं। इसरो ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग करा ली है। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कंगना ने इसरो की महिला वैज्ञानिकों की एक तस्वीर साझा की, जो साड़ी पहने हुए थीं और भारतीय पारंपरिक संस्कृति का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। उन्होंने फोटो को कैप्शन दिया भारत की प्रमुख महिला वैज्ञानिक, वे सभी बिंदी, सिन्दूर और मंगल सूत्र के साथ सादा जीवन और उच्च विचार के प्रतीक भारतीयता का सच्चा सार। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय ध्वज का इमोजी भी शेयर किया। इस बीच, कंगना अगली बार 'चंद्रमुखी 2' में दिखाई देंगी, जिसमें राघव लॉरेंस भी हैं और यह रजनीकांत और ज्योतिका अभिनीत ब्लॉकबस्टर तमिल फिल्म 'चंद्रमुखी' की अगली कड़ी है। उनके पास सर्वेश मेवाड़ा की 'तेजस' है, जो 20 अक्टूबर को रिलीज हो सकती है। इसके अलावा, एक्ट्रेस के पास 'इमरजेंसी' भी है। फिल्म में अनुपम खेर, सतीश कौशिक और मिलिंद सोमन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं और यह 24 नवंबर को रिलीज होने वाली है।

# महिला ने बेटे को किडनी दान कर नई जिंदगी दी

**हैदराबाद,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। हैदराबाद में एक महिला ने अपनी एक किडनी दान कर अपने 21 वर्षीय बेटे को नई जिंदगी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, किडनी खराबी से पीड़ित व्यक्ति को उसकी मां ने किडनी दान दी है। यह सफल प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) हैदराबाद के एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ नेफ्रोलॉजी एंड यूरोलॉजी (एआईएनयू) में किया गया है।

हैदराबाद के अलवाल के मूल निवासी मरीज को जुलाई में किडनी फेल होने के लक्षण महसूस होने लगे। व्यक्ति को गंभीर सिरदर्द और हाई ब्लड प्रेशर था, और उसका वजन तेजी से कम हो रहा था। किडनी फेल होने का पता चलने पर व्यक्ति को इलाज के लिए एआईएनयू में रेफर किया गया। व्यक्ति की 42 वर्षीय मां ने स्वेच्छा से अपनी किडनी दान करने की पेशकश की। अगस्त के दूसरे सप्ताह में प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया गया।



एआईएनयू के प्रत्यारोपण चिकित्सक डॉ. चल्ला राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मरीज अब ठीक हो रहा है और उसके जल्द ही पूरी तरह ठीक होने की उम्मीद है। मरीज की मां ने कहा कि वह अपने बेटे को अपनी किडनी दान करके खुश हैं। मैं अपने बेटे के लिए कुछ भी कर सकती हूं। मैं बहुत आभारी हूं कि उसे जीवन में दूसरा मौका मिल रहा है। डॉक्टर के मुताबिक, किडनी फेल के लिए किडनी ट्रांसप्लांट एक सुरक्षित और प्रभावी इलाज है।

मरीज ठीक है और वह ट्रांसप्लांट के बाद सामान्य जीवन जीने में सक्षम होगा। उन्होंने आगे कहा कि लोगों को किडनी रोग के शुरुआती चेतावनी संकेतों के बारे में जागरूक होना चाहिए। किडनी (गुर्दे) की बीमारी अक्सर शुरुआती चरणों में शांत होती है, लेकिन एक साधारण रक्त परीक्षण से इसका पता लगाया जा सकता है। यदि किडनी की बीमारी जल्दी पकड़ में आ जाए, तो इसका इलाज अक्सर दवा या जीवनशैली में बदलाव से किया जा सकता है। आजकल के युवा बीपी (हाई ब्लड प्रेशर) से पीड़ित हैं जो किडनी संबंधी समस्याओं का कारण बन रहा है। युवा लोगों में ब्लड प्रेशर में वृद्धि देखी जा रही है। वजन कम होना, पैरों में सूजन, पैरों में दर्द, पेशाब में खून आना और बीपी का बढ़ना ये सभी किडनी से जुड़ी जटिलताओं के लक्षण हैं।



# दो राष्ट्रीय अवार्ड के बाद भी गुजरात में ही रहना चाहते हैं मनीष सैनी

**अहमदाबाद,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। मनीष सैनी गुजराती सिनेमा जगत के उन कुछ लेखक-निर्देशकों में से एक हैं, जिन्होंने अपने रचनात्मक शैली के चलते एक नहीं बल्कि दो राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं। उनकी पहली जीत 2017 में फिल्म 'ढह' से हुई और बाद में उन्होंने 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 2023 में अपनी फिल्म 'गांधी एंड कंपनी' के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन लोटस हासिल किया। हालांकि, जो चीज वास्तव में उन्हें अलग करती है, वह उनकी विषयगत कथाकारी है, जिनकी सिनेमाई कहानियां बच्चों की दुनिया के इर्द-गिर्द घूमती हैं।

सैनी ने अपने कलात्मक दृष्टिकोण का खुलासा करते हुए कहा कि मेरा बचपन मेरा एक ज्वलंत हिस्सा है, यह मेरे भीतर रहता है। मुझे बच्चों के बारे में लिखना और निर्देशन प्रक्रिया में उनका मार्गदर्शन करना उल्लेखनीय रूप से सहज लगता है। मैं खुद को बच्चों के अनफिल्टर्ड पर्सपेक्टिव की ओर आकर्षित पाता हूं। जिस पवित्रता और मासूमियत से वे दुनिया को समझते हैं वह मेरे लिए आकर्षण है। बढ़ते चलन की पृष्ठभूमि के बीच, जहां गुजराती फिल्म निर्माता अक्सर स्थानीय मान्यता हासिल करने के बाद बॉलीवुड में बदलाव पर नजर रखते हैं, सैनी एक अलग राह पर चल रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से साझा किया, बॉलीवुड लैंडस्केप कॉम्पिटिशन से भरा हुआ है, जहां अक्सर एक स्क्रिप्ट पर विचार किए जाने से पहले ही छह महीने तक लटक जाती है। मुझे याद है कि एक बार मैंने मुंबई के एक स्टूडियो में एक स्क्रिप्ट पेश की थी, लेकिन वहां मुझे सलाह दी गई कि खेल-थीम वाली फिल्में वर्तमान चलन में हैं। मैं अहमदाबाद लौट आया और खेल-आधारित स्क्रिप्ट लिखना शुरू कर दिया। हालांकि, लौटने पर मुझे बताया गया कि खेल फिल्में अब दर्शकों को पसंद नहीं आ रही हैं।

सिनेमाई शिल्प कौशल के क्षेत्र में, सैनी गुजरात के अद्वितीय लाभों को पहचानते हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात फिल्म निर्माण में अपेक्षाकृत आसान यात्रा प्रदान करता है। छह महीने के भीतर, मैं यहां एक फिल्म बना सकता हूं। एक निर्माता को हासिल करने में आसानी और रचनात्मक दृष्टि को साकार करने से यात्रा और अधिक संतोषजनक हो जाती है। जहां तक बॉलीवुड की आकांक्षाओं का सवाल है, मेरे पास उस रास्ते पर चलने की कोई योजना नहीं है। हरियाणा के रहने वाले, मनीष सैनी ने गुजरात के सांस्कृतिक स्वर्ग अहमदाबाद में अपनी रचनात्मक यात्रा शुरू की। उन्होंने रचनात्मक दिमाग को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध संस्थान, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन (एनआईडी), अहमदाबाद में अपने कलात्मक कौशल को समृद्ध किया।

अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए, सैनी ने बताया कि 2009 में एनआईडी में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, मेरे दोस्त आदित्य गुप्ता और मैंने पटकथा लेखन के क्षेत्र में कदम रखा। एक बार जब हमने अपनी कहानी तैयार कर ली, तो मैंने हरी झंडी की उम्मीद में कई निर्माताओं और वित्तीय सलाहकारों से संपर्क किया।

# केजीएल ट्रेक एडवेंचर प्रेमियों के लिए बनी आकर्षण का केंद्र

**गडसर दर्रा गंदेरबल,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर में विशनसर और किशनसर दो हिमनद झीलें कश्मीर ग्रेट लेक्स (केजीएल) एडवेंचर प्रेमियों के लिए एक बड़ा आकर्षण बन रही हैं वहीं विदेशी नागरिक भी इस ओर आकर्षित हुए हैं। यह ट्रेक सोनमर्ग से शुरू होता है। यह रणनीतिक श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है। आधार शिविर आमतौर पर शेकदुर सोनमर्ग में स्थापित किए जाते हैं और बाद में यह निकनाई दर्रा (13,100 फीट), गडसर दर्रा, जाज दर्रा (13,000 फीट) से गुजरता है, और गंदेरबल जिले के एक छोटे से सुरम्य गांव नारानांग (7,450 फीट) में समाप्त होता है। इस ट्रेक को पूरा करने में लगभग पांच से सात दिन लग जाते हैं।

- श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल
- बर्फ से ढके पहाड़ों, ऊंचे दर्रों, दुर्लभ फूलों से सुसज्जित घास के मैदान

जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग के उप निदेशक वसीम मलिक ने यूनीवार्ता को बताया कि कश्मीर ग्रेट लेक्स ट्रेक पूरे हिमालयी क्षेत्र में सबसे खूबसूरत और मांग वाले ट्रेक में से एक है। केजीएल ट्रेक के दौरान, मोटे तौर पर कई खूबसूरत अल्पाइन झीलें देखने को मिलती हैं। विशनसर, कृष्णासर, गडसर, सतसर, गंगाबल और नुंदकुल झीलें राजसी हिमालय के पहाड़ों के बीच स्थित हैं और हरे-भरे घास के मैदानों और बर्फ से ढकी चोटियों से घिरी हुई हैं। कई घास के मैदान और ऊंचाई वाले दर्रे हैं ट्रेकर्स के लिए अन्य प्रमुख आकर्षण हैं।



वरमुल ट्रैकिंग क्लब के दस सदस्यों के साथ आए एक ट्रेकर शेख जहूर ने कहा कि केजीएल ट्रेक आपको मनोरम झीलों, बर्फ से ढके पहाड़ों, ऊंचे दर्रों, दुर्लभ फूलों से सुसज्जित घास के मैदानों, सुंदर और हरे-भरे मेपल और देवदार की घाटियों से होकर ले जाता है। शेख के सह-ट्रेकर तारिक अहमद ने कहा कि केजीएल ट्रेक प्रत्येक दिन लंबी सैर की मांग करता है जिससे छह दिनों में कुल 75 किलोमीटर की दूरी तय होती है।

मलिक ने कहा कि इस साल अब तक 3000 से अधिक ट्रेकर्स ने केजीएल की खोज की है, हालांकि यह गो-फ्री ज़ोन ट्रेक नहीं है। जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग ने कश्मीर ग्रेट लेक्स ट्रेक के लिए अनुमति दी। उन्होंने कहा कि अनुमति तभी दी जाती है जब ट्रैकर किसी डॉक्टर से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र और कुछ सौ रुपए की लागत वाला साहसिक बीमा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाता है कि एक दिन में 100 लोग इस जगह में प्रवेश करें क्योंकि यह पारिस्थितिक रूप से नाजुक क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि 2016 तक सुरक्षा कारणों से यह ट्रेक नागरिकों के लिए भी सुलभ नहीं था, हालांकि पिछले छह से सात वर्षों में इस ट्रेक ने देश के कई शीर्ष ब्लॉगर्स और कुछ बॉलीवुड सितारों के केजीएल में जाने के साथ लोकप्रियता हासिल की है। व्यवसायिक टूर ऑपरेटरों का कहना है कि स्थानीय और घरेलू पर्यटकों के अलावा विदेशी पर्यटक भी उतने ही उत्साह से आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग प्रकृति के करीब रहने के लिए अज्ञात स्थलों पर ट्रैकिंग करना पसंद करते हैं।

रायपुर, सोमवार 28 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## बच्चों तक फैलता नफ़रत का ज़हर

किसी भी सभ्य व्यक्ति को भीतर तक हिलाकर रख देने वाले मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के एक गांव के स्कूल के वायरल वीडियो ने बतला दिया है कि परस्पर घृणा का जहर बच्चों की नसों में तक दौड़ रहा है। इसमें एक निजी स्कूल की पांचवी कक्षा के बच्चे शिक्षिका के निर्देश पर एक मुस्लिम बच्चे को थप्पड़ मार रहे हैं। उस निरीह बच्चे की गलती मामूली सी रही होगी। शायद होमवर्क पूरा न करने या छोटी-मोटी शरारत की। जब बच्चे को उसके अन्य सहपाठी एक-एक कर थप्पड़ जड़ रहे थे तो वह शिक्षिका मुस्लिमों के खिलाफ सतत उवाच कर रही थी। वह बच्चों को और जोर से मारने के लिये भी उकसा रही थी। एक बच्चे को उसकी धार्मिक पहचान के आधार पर पिटवाना यह बताने के लिये काफी है कि ज़हर की खेती का रकबा लगातार बढ़ रहा है और हमारे राजनीतिज्ञ इतनी फसल ले लेना चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ियों तक को कमी न रहे। रूह कांप जायेगी यह सोचकर कि जिस बच्चे ने मार खाई और जो बच्चे अपने अल्पसंख्यक मित्र को सहर्ष पीट रहे हैं, दोनों किस मानसिकता के साथ बड़े होंगे और कैसा समाज रचेंगे।

अगर इस नफ़रत के स्रोत और जिस रास्ते से चलकर वह पीटने वाले बच्चों के दिलो-दिमाग में जा समाई है, उसकी शिनाख़्त करें तो कुछ बातें साफ हैं। पहली यह कि गैर बराबरी पर आधारित हमारी सामाजिक संरचना में एक-दूसरे के लिये नैसर्गिक आदर व सहज प्रेम का अभाव तो रहा है जो कहीं-कहीं तीव्र घृणा के स्तर तक पहुंच जाता है, तो भी देश के कुछ धर्म प्रवर्तकों, बड़े चिंतकों, दार्शनिकों, समाज सुधारकों, साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और राजनैतिक नेतृत्व करने वाले लोगों ने इसका असर अधिक नहीं होने दिया था। तमाम तरह की वैचारिक विभिन्नताओं और विविधतापूर्ण जीवन शैलियों के बीच बने-बढ़े समाज ने मान्यताओं व नज़रियों के अंतर के साथ जीना सीख लिया था। यहां तक कि हिन्दू धर्म से एकदम अलग तरह के धार्मिक विश्वासों को लेकर आये ईसाइयों, मुसलमानों, यहूदियों, पारसियों आदि के साथ भी यहां के लोग थोड़ी बहुत खटपट के साथ जीते हुए समावेशी समाज का ताना-बाना बचाये व बनाये रखने में कामयाब रहे। इसका सबसे बड़ा कारण यही था कि बहुतायत वाले इसी हिन्दू धर्म से बौद्ध, जैन एवं सिख धर्म निकले, अनेक तरह के सम्प्रदाय बने और कई तरह की उपासना पद्धतियां निर्मित हुईं; पर सभी की आपस में निभती रही। इसी बहुरंगी समाज ने भारतीय कुनबे को शक्तिशाली बनाया जो जीवन के सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ता रहा, फिर वह चाहे वे कलाएं हों या साहित्य, विज्ञान हो अथवा दर्शन।

भारत में विविधता के बीच जो एकता थी, उसने फिरंगियों के खिलाफ स्वतंत्रता पाने के पहले संग्राम को मिल-जुलकर लड़ने की प्रेरणा दी। इसकी नाकामी के बावजूद एक संगठित समाज फिर से बना जिसने अपनी आजादी की लड़ाई के लिये खुद को नये सिरे से तैयार किया। महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता की राह पर देश के प्रमुख सम्प्रदायों- हिन्दुओं एवं मुसलमानों को साथ लिया लेकिन दोनों समुदायों के बीच मौजूद फिरकापरस्त तत्वों ने परस्पर वैमनस्यता को हवा दे दी। मुस्लिम लीग ने अपने लिये अलग देश बनाया और भारत में हिन्दू महासभा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने देश के बंटवारे के बाद भी साम्प्रदायिकता नहीं छोड़ी। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस खाई को खत्म करने के लिये विकास व खुशहाली को हथियार बनाया। जो कट्टर तत्व सत्ता से दूर रहे वे उस तक पहुंचने के लिये घृणा के मार्ग पर चलते रहे और यह भी मानते रहे कि अलग धर्म के अनुयायियों के खिलाफ हिंसा अपनाने में कोई बुराई नहीं। इसकी प्रेरणा भी उन्हें उसी धर्म से मिलती रही जिसे कतिपय अपरिहार्य कारणों से मध्य युग में युद्ध का सहारा लेना पड़ा था।

बहरहाल, सभी धर्मों की कट्टरता को पूर्ववर्ती सरकारों ने दबाये रखा। बेशक, कई प्रकरणों में उन्हें सफलता नहीं मिली पर नफरत व हिंसा का समर्थन किसी भी सत्ता ने कभी नहीं किया। यह हाल का फिनोमिना है। आरएसएस की राजनैतिक विंग भारतीय जनता पार्टी की ताकत बढ़ने के साथ यह भावना बढ़ी, साथ ही साम्प्रदायिक हिंसा व घृणा आधारित घटनाएं भी। 1991 में अयोध्या की बाबरी मस्जिद को ढहाया गया और उसके कारण भाजपा ताकतवर होती चली गई, तो इस फार्मूले को आगे भी अपनाये जाने हेतु धर्म राजनैतिक विमर्श के केन्द्र में आ गया। जब धर्म आ ही गया तो साम्प्रदायिक सोच पर आधारित सियासत का बोलबाला हुआ जिसके दो पाये घृणा व हिंसा ही हैं। 2002 में गुजरात का गोधरा कांड अंततः भाजपा को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में पहली तथा 2019 में दूसरी बार सत्ता के शीर्ष पर बिठाने में कामयाब रहा।

अब यही देश का नया राजनैतिक विमर्श है। तमाम तरह की नीतियों व योजनाओं की नाकामयाबी के बाद भी सत्ता में बने रहने के लिये सामाजिक ध्रुवीकरण भाजपा के लिये अपरिहार्य हो गया है। उसके पिछले करीब 9 वर्षों के कार्यकाल में हिन्दू-मुस्लिम, भारत-पाकिस्तान, श्मशान-कब्रिस्तान, नमाज़ बनाम हनुमान चालीसा, कपड़ों से पहचान- जैसे मुद्दे सिर चढ़कर बोल रहे हैं। मुजफ्फरनगर, कैराना या दिल्ली के दंगे हों अथवा हाल में हुई मणिपुर, नूंह की वारदातें या फिर जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस में मुस्लिमों को चुन-चुनकर मारना- सारी उसी सामाजिक-राजनैतिक विमर्श की किश्तें हैं। नेता हो या प्रजा, महिलाएं हों या पुरुष, बच्चे हों या शिक्षक- सत्ता के साथ सभी ने इस संस्कृति को आत्मसात कर लिया है। हर कोई यही होता देख रहे हैं। मुजफ्फरनगर की इस घटना से सावधान होने की ज़रूरत है क्योंकि पानी अब खतरे के निशान से ऊपर बहने लगा है।

# मुंबई से आना चाहिए विपक्ष की बड़ी आवाज

संयोजक बनाना, 11 सदस्यीय संचालन समिति बनाना, लोगो इशु करना सब अच्छी बात है। एक दो और दलों का भी शामिल होना और अच्छी बात है! मगर जनता के लिए सबसे बड़ी बात यह है कि उसे देने के लिए आप क्या घोषणा करने वाले हैं?

कामन मिनीमम प्रोग्राम अलग बात है। वह बड़ा फलसफा होता है। यहां मुंबई से 1942 की तरह घोषणा होना चाहिए- 'सरकार छोड़ो!'

मुंबई अधिवेशन था तो कांग्रेस का मगर आज की तरह उस समय भी सारी जन समर्थक ताकतें एक हो गई थीं और अंग्रेजों के बढ़ते जुल्म से त्रस्त जनता कांग्रेस की तरफ उम्मीद भरी निगाह से देखने लगी थी। इधर-उधर की बातों, घुमा-फिराकर कहने का समय चला गया था। सीधी कार्रवाई, डायरेक्ट एक्शन का वक्त आ गया था। महात्मा गांधी के आंदोलन शुरू करते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। और फिर पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसी अगस्त महीने की 8 तारीख को मुबंई में वह ऐतिहासिक हुंकार भरी- 'अंग्रेजों भारत छोड़ो!'

समय अब कम बचा है। छह महीने बाद मार्च में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी और जिस तरह की चर्चाएं राजनीतिक क्षेत्रों और ब्यूरोक्रेसी में चल रही हैं उन्हें देखते हुए तो कहा जा सकता है कि चुनाव जल्दी भी हो सकते हैं। कभी भी। मोदी सरकार का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। 'इंडिया' का ग्राफ चढ़ रहा है। इससे पहले कि इंडिया गठबंधन ज्यादा ताकतवर बने प्रधानमंत्री मोदी चुनाव करवा सकते हैं।

इसलिए इस मुंबई बैठक को विपक्ष को बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत है। दो स्तरों पर काम करने की जरूरत है। एक नफरत और विभाजन के खिलाफ कड़ा मैसेज देने की। दूसरे सारी जनता की चाहे वह गरीब हो या मध्यम वर्ग हो उसकी आर्थिक मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं उसके लिए सरकार में आने के बाद हम क्या करेंगे उनकी जिन्दगी कैसे आसान होगी इसकी दो-तीन बड़ी घोषणाएं! राहुल की गारंटी की तरह जो उन्होंने कर्नाटक में दी थीं और नतीजे में उन्हें वहां जीत मिली। ऐसे ही मुंबई से नए बने संयोजक को घोषणा करना चाहिए।

इंडिया के पास नेता अच्छे हैं। जनता का समर्थन है। बस एक क्लिक की जरूरत है। संयोग है कि 81 साल बाद विपक्ष की बैठक मुंबई में ही हो रही है। सब को वह इतिहास याद होगा। इन 26 दलों में जो 31 अगस्त मुंबई बैठक तक 27, 28 भी हो सकते हैं और उसके बाद भी इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा सकती है। क्योंकि यह विनिंग काम्बिनेशन ( जीत रहा गठबंधन) है कोई ऐसा नहीं है जो आजादी के लिए किए गए संघर्षों और त्यागों को नहीं जानता हो। अच्छा है वे सब सामने खड़े हैं विरोध में हैं जो इस तरह की बातें करते हैं कि 1947 में अंग्रेज खुद ही अगस्त की गर्मी और उमस से परेशान होकर चले गए थे। जनता ने कोई स्वतंत्रता संग्राम नहीं लड़ा और वैसे भी आजादी 2014 में मिली। उससे पहले तो और यह खुद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत में पैदा होना शर्म की बात होती थी। मतलब आज जिसकी उम्र 9 साल है उससे बड़े सब जिसमें उसके माता-पिता भी शामिल हैं किसी मतलब के लोग नहीं थे। केवल शर्म से सिर झुकाए लोग थे। और यह भी प्रधानमंत्री जी ने ही कहा था कि सोचते थे किस बेकार देश में पैदा हो गए!

तो साढ़े 9 साल इन बातों में निकल गए। जनता को कुछ नहीं मिला। सिवा नफरत के। गरीबी बढ़ने के। सरकारी चिकित्सा, शिक्षा खत्म होने के। नौकरियां जाने के।

आदमी को आदमी का दुश्मन बना दिया है। हर कोई हर किसी से लड़ रहा है। मणिपुर में तो गृह युद्ध छेड़ ही दिया। बाकी देश में भी कई कई स्तरों पर उसी तरह का विभाजन कर दिया। मुसलमानों के साथ तो हो ही रहा है। मगर दलित, आदिवासी, पिछड़ों के साथ कई गुना बढ़ गया। बच्चों तक में साम्प्रदायिकता भर दी। एक बच्चे को टीचर द्वारा दूसरे बच्चों से पिटवाने का दृश्य किसी को भी विचलित कर सकता है। उत्तर प्रदेश के ही एक पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने कहा कि- अगर ये मेरा बच्चा होता तो मैं क्या कर देता कह नहीं सकता। वीडियो देखने के बाद रात भर सो नहीं पाया।

यही सच्चाई है। राममनोहर लोहिया ने एक बार जयप्रकाश नारायण को लिखा था कि- यह बात आप ही कहें। जनता सुनेगी। आप परिवार वाले आदमी हैं। मैं तो अकेला हूं। (लोहिया अविवाहित थे)

उस बच्चे का दर्द हर मां-बाप अगर वह इन्सान है तो उसके दिल में उतर गया होगा। ऐसे ही नफरत का जहर हर तरफ फैल गया है। अभी मुज्जफरपुर का दर्द कम नहीं हुआ था कि मध्यप्रदेश सागर में एक 18 साल के दलित लड़के के पीट-पीट कर मार डाले जाने की खबर आ गई। युवक नितिन अहिरवार को बचाने आई उसकी मां को भी मारा और फिर नफरत इतनी कि मृतक के घर जाकर तोड़फोड़ की। इससे पहले मध्यप्रदेश का ही एक वीडियो और आया जिसमें दलित युवा को मारते हुए पहले उससे जय श्रीराम कहलवाया गया और फिर कहा बोलो ठाकुर तुम्हारे बाप हैं। यह घृणा और विभाजन की राजनीति ही है। इतनी घटनाएं हुई हैं कि गिनना मुश्किल है और सब के साथ। मध्य प्रदेश के सीधी में आदिवासी के सिर पर भाजपा विधायक के प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला ने पेशाब करके एक नई शुरूआत की थी। वह आगे बढ़ गई। छतरपुर में पुलिस ने एक पत्रकार मिंटू दुबे के मुंह पर पेशाब किया और जेल पहुंचा दिया। वहां नफरत के मारे ब्राह्मण ने पेशाब किया था यहां ब्राह्मण पर पेशाब किया गया। नफरत क्या किसी को छोड़ती है? जो जहां कमजोर होगा वह शिकार बनेगा और इसके उलट प्रेम जो जहां कमजोर होगा वह ज्यादा प्रेम पाएगा।

जातिगत जनगणना के आंकड़े आ जाने दीजिए। मालूम पड़ जाएगा कि संख्या किसकी भारी है। तो अगर प्रेम की राजनीति वापस आ गई तो कम संख्या वाला भी प्रेम और सम्मान पाएगा और अगर ऐसी ही नफरत की राजनीति चलती रही तो जैसा कि आंकड़ों का पूर्वानुमान है ओबीसी सबसे बड़ी ताकत के रूप में आएंगे और बाकी सवर्णों की तादाद काफी कम होगी तो क्या होगा?

बिहार में जाति जनगणना का काम पूरा हो गया है। आंकड़े कभी भी आ सकते हैं और उसके बाद ओबीसी पूरे देश में इसे करवाने का बड़ा माहौल बना देंगे।

मूल सवाल दो ही हैं। एक- संख्या के हिसाब से सरकारी योजनाओं में लाभ मिलना। ऊपर जिस कर्नाटक की बात की वहां राहुल ने अपनी गारंटियों के साथ जातिगत जनगणना करवाने की मांग करते हुए 'जितनी आबादी उतना हक' की बात कही थी। उनसे पहले कांशीराम ने चालीस साल पहले 'जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी' का नारा देकर पासा ही पलट दिया था।

अब जातिगत जनगणना को नहीं रोका जा सकता। भाजपा की हिन्दू मुसलमान की राजनीति की काट यही करेगी और विपक्ष को मालूम है कि यही जहर सबसे खराब है। इसके नशे में लोगों को अपनी बेरोजगारी, महंगाई, बच्चों के लिए बंद सरकारी स्कूल, अपने वृद्ध मां-बाप के लिए बंद सरकारी अस्पताल कुछ नहीं दिख रहे। वह मारो-मारो के साम्प्रदायिक नशे में जी रहा है।

सबसे पहले हिन्दू-मुसलमान का नशा उतारना पड़ेगा। इसके उतरते ही दलित के पिछड़े के समझ में आ जाएगा कि नफरत का शिकार वह भी हो रहा है। सवर्णों के भी समझ में आ जाएगा कि उन्हें कुछ नहीं मिल रहा है और हमले उन पर भी हो रहे हैं। क्योंकि जो नफरती मानसिकता बना दी गई है वह केवल मारो, अपमान करो ही जानती है। नफरत खतम हो जाएगी सब की जिन्दगी वापस खुशहाल हो जाएगी।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**



शकील अख्तर

**सबसे पहले हिन्दू-मुसलमान का नशा उतारना पड़ेगा। इसके उतरते ही दलित के पिछड़े के समझ में आ जाएगा कि नफरत का शिकार वह भी हो रहा है। सवर्णों के भी समझ में आ जाएगा कि उन्हें कुछ नहीं मिल रहा है और हमले उन पर भी हो रहे हैं। क्योंकि जो नफरती मानसिकता बना दी गई है वह केवल मारो, अपमान करो ही जानती है। नफरत खतम हो जाएगी सब की जिन्दगी वापस खुशहाल हो जाएगी।**

# असुरक्षित स्त्रियां

■ कुमार कृष्णन

देश में हर रोज लड़कियों के साथ हो रही अमानवीय घटनाएं इस बात का सुबूत हैं कि चांद-सितारों तक पहुंच चुके हम ऐसे समाज में रहते हैं जिसकी सोच का दायरा लड़कियों के लिए हैवानियत से भरा है। हाल में देश में बेटियों के साथ ज्यादती की जो खबरें आई हैं, जिससे पूरा देश सहम गया है और मानवता शर्मसार है। निर्भया कांड, फिर कठुआ रेप कांड, सूरत कांड...कितने कांडों की गिनती करें? कुछ का तो हमें पता भी नहीं चल पाता क्योंकि वो खबरों में शामिल नहीं हो पातीं, थाने में इनकी शिकायत तक दर्ज नहीं होती।

'नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो' (एनसीआरबी) के आंकड़े बताते हैं कि शहर में महिलाएं और बच्चे सुरक्षित नहीं हैं। आंकड़ों के मुताबिक, बच्चों से जुड़े अपराधों में 10.68 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। महिलाओं के प्रति अपराध भी बढ़े हैं। उनके प्रति अपराध में 12.24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ये आंकड़े बताते हैं कि कम उम्र की बच्चियां किस हद तक असुरक्षा के वातावरण में रह रही हैं।

**राज्य कोई भी हो, सरकार किसी भी दल की हो, महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं, यह एक तल्ख हकीकत है। इस हकीकत से समाज भी भली-भांति परिचित है, फिर भी वह बेपरवाह बना हुआ है। धर्म पर ख़तरे की बात से समाज उद्विग्न हो जाता है। कमाल की बात है कि बलात्कार की भयावह घटनाओं को देख-सुनकर भी इस समाज का मन विचलित नहीं होता? इतने संवेदनहीन और हैवानियत से भरे समाज में महिलाएं किस तरह अपनी सुरक्षा करें।**

इससे निपटने के लिए कई कानून बनाए गए हैं, फांसी तक के प्रावधान किए गए हैं, इसके बाद भी दरिंदगी की रोकथाम नहीं हुई। उलटे यह दिनों-दिन बढ़ती ही जा रही है। केवल कानून बना देने और उसमें कड़े दंड के प्रावधान कर देने से महिलाओं और बच्चियों के साथ होने वाली दरिंदगी रोक पाना शायद ही संभव होगा। इसके लिए सरकार, समाज और परिवार को भी सोचना होगा कि यह दरिंदगी आ कहां से रही है।

पिछले 11 वर्षों के परिणामों पर नजर डालें, तो यौन अपराध और दरिंदगी कम होने के स्थान पर बढ़ती ही जा रही है। यह कैसे कम होगी? हम कानून बनाकर भूल गए हैं कि इससे अपराध पर नियंत्रण हुआ है या नहीं। अपराध बढ़ने के कौन-कौन से कारण हैं? उन कारणों को दूर करने की दिशा में शासन, प्रशासन और सामाजिक स्तर पर कोई प्रयास किए गए हैं या नहीं? सरकार और महिला संगठन यदि सोचते हैं कि दरिंदगी और यौन अपराधों से कानून बनाकर अथवा दंडित करके निपटा जा सकता है, तो यह बेमानी है।

यदि ऐसा होता तो अभी तक यौन अपराधों पर नियंत्रण पा लिया गया होता। नियंत्रण की बात तो दूर, यौन अपराध और दरिंदगी बढ़ती जा रही है। कड़े कानूनों के कारण यौन अपराध करने वाले लोग दरिंदगी करते हैं। सबूत को मिटाने के लिए महिलाओं और बच्चियों को मार डालने तक का कुकृत्य करते हैं। बच्चियों और महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के साथ उनकी जान भी जा रही है।

कानून और नियम जो भी बनाए जाएं, वे सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाए जाएं। यदि कोई अपराध करता हुआ पाया जाता है, तो उसे उस अपराध की कड़ी-से-कड़ी सजा मिलनी ही चाहिए, लेकिन कानून की आड़ में सुनियोजित अपराधिक घटनाएं बढ़ने लगती हैं तो इस तरह के नियम, कानून बनाने से सरकार को बचना भी चाहिए। सामाजिक स्तर पर भी महिलाओं तथा यौन अपराधों को रोकने के लिए समग्र चिंतन किए जाने की जरूरत है।

छोटी-छोटी बच्चियों से की गई क्रूरता क्या किसी भी धर्म-संप्रदाय या किसी भी समाज के लिए सही है? यह सुनकर जरूर हमारी नसें फूल जाती हैं, हम क्रोधित होते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद सब सामान्य हो जाता है, फिर एक नई घटना तक के लिए। हर साल 'एनसीआरबी' महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के आंकड़े जारी करता है जिसे देखकर पता चलता है कि इस साल, इस राज्य में बलात्कार, छेड़खानी या दहेज हत्या की इतनी घटनाएं हुई हैं।

ये आंकड़े पुलिस में दर्ज शिकायतों के आधार पर होते हैं। बलात्कार के मामले में कभी कोई राज्य आगे रहता है, कभी कोई। अगर कहीं आंकड़े पिछले साल की तुलना में या पिछली सरकारों की तुलना में कम हुए, तो उनका बखान भी बढ़ा-चढ़ा कर होता है, मानो आंकड़े कम नहीं हुए, बलात्कार की घटनाएं ही ख़त्म हो गईं।

अगर ऐसा हो पाता तो महिलाओं के लिए ये देश वाकई स्वर्ग बन जाता। फिलहाल तो यहां महिला होना और उस पर गरीब, दलित या अल्पसंख्यक होना ही अभिशाप की तरह हो गया है। महिलाओं की सुरक्षा का कोई इंतजाम मजबूत बनाने का दावा करने वाली सरकारें यह नहीं कर पाई हैं, लेकिन चुनावों में महिला सुरक्षा के वादे ऐसे बढ़-चढ़कर होते हैं, मानो किसी की सरकार बन गई तो महिलाएं वाकई बेख़ौफ़ होकर आधी रात को भी निकल सकेंगी।

वैसे राज्य कोई भी हो, सरकार किसी भी दल की हो, महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं, यह एक तल्ख हकीकत है। इस हकीकत से समाज भी भली-भांति परिचित है, फिर भी वह बेपरवाह बना हुआ है। धर्म पर ख़तरे की बात से समाज उद्विग्न हो जाता है। कमाल की बात है कि बलात्कार की भयावह घटनाओं को देख-सुनकर भी इस समाज का मन विचलित नहीं होता? इतने संवेदनहीन और हैवानियत से भरे समाज में महिलाएं किस तरह अपनी सुरक्षा करें, यह विचारणीय है।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं। )**

## पावन प्रसंग

### सावन में पाएं शिवकृपा

माना जाता है कि सावन में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं ऐसे में सृष्टि की कमान भगवान शिव के हाथों में रहती हैं। इस चौमासे के दौरान शिवशक्ति की आराधना अभिन्न रूप से जुड़ी रहती है जिसमें भगवान शिव और उनके परिवार से जुड़े व्रत-त्यौहार आदि मनाए जाते हैं।

भारत वर्ष में सावन का महीना एक विशेष कालखंड है, जब प्रकृति अपने पूरे वैभव में होती है। ग्रीष्म ऋतु की झुलसती तपन के बाद, गर्मी के कहर को झेलती धरती पर बारिश की फुहार के साथ एक नए जीवन का शुभारंभ होता है। जुलाई से अगस्त के बीच का यह समय आस्था का प्रतीक भी है, जिसमें भगवान शिव की पूजा-अर्चना की जाती है।

आश्चर्य नहीं कि हर व्यक्ति के जीवन में इसकी मस्ती का आलम कुछ यों छाया रहता है कि यह माह हर वर्ष स्मृतिकोश में नई यादों को जोड़ता है। हालांकि धरती के कुछ हिस्सों में प्राकृतिक कोप एवं आपदा की घटनाएं भी इस दौरान घटित होती हैं, जिनमें से अधिकांश मानव निर्मित रहती हैं। श्रवण नक्षत्र वाली पूर्णिमा के कारण इस माह का नाम श्रावण पड़ा है। हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष का यह पांचवां माह है, जो सबसे पवित्र माहों में से एक है। यह धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है, जब भक्तिमय गीत-संगीत, धार्मिक अनुष्ठानों एवं आध्यात्मिक साधनाओं के साथ वातावरण गुंजायमान रहता है।

रक्षाबंधन, नागपंचमी, हरितालिका तीज, गुरु पूर्णिमा जैसे पर्व त्यौहार इसी बीच पड़ते हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का महोत्सव सावन माह की पूर्णिमा के 7 दिन बाद अष्टमी के दिन मनाया जाता है। सावन में वैसे तो सभी दिन खास रहते हैं, लेकिन सोमवार का विशेष महत्व रहता है, जिनकी संख्या 4 से 5 रहती है, इस दौरान कुंवारी कन्याओं के लिए 16 सोमवार के व्रत का विधान रहता है, मान्यता है कि इनका नैष्ठिक पालन करने से उन्हें भगवान शिव जैसा जीवन साथी मिलता है। इस दौरान कृष्णपक्ष का विशेष महत्व रहता है, जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना की जाती है। सावन माह में शिव भक्ति के साथ कई पौराणिक कथाएं जुड़ी हुई हैं। मरकंडू ऋषि के पुत्र मार्कण्डेय दीर्घायु के लिए सावन माह में घोर तप कर शिवकृपा के अधिकारी बने थे, जिसके बल पर मृत्यु के देवता यमराज भी उनके समक्ष नतमस्तष्क हो गए थे।

दूसरी पौराणिक कथा के अनुसार भगवान शिव सावन माह में धरती पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और जहां अर्ध्य और जलाभिषेक के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं और पृथ्वीवासियों के लिए शिव की कृपा को प्राप्त करने का यह उत्तम समय रहता है। फिर सावन माह में ही समुद्र मंथन हुआ था। समुद्रमंथन से निकले हलाहल कालकूट को सृष्टि के रक्षार्थ भगवान शिव ने अपने कंठ में धारण किया था इसलिए नीलकंठ कहलाए। विष की उष्णता के शमन हेतु देवी-देवताओं ने जल अर्पित किया था। इसी कारण सावन में शिवलिंग पर जल चढ़ाने का विशेष महत्व माना जाता है। इस दौरान सावन की शिवरात्रि के दौरान शिवालयों में गंगाजल के अभिषेक के प्रतीक कांवड़ मेले का आयोजन होता है। शिवभक्त कंधों पर गंगाजल लिए निकटस्थ शिवालयों में जाकर जल चढ़ाते हैं, भोलेनाथ को अपनी आस्था का पुण्य स्नान कराते हैं और तीर्थयात्रा के साथ अपने जीवन को धन्य बनाते हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### अनुशासनहीनता और नियमों की अनदेखी का जीता-जागता उदाहरण ट्रेन हादसा

अनुशासनहीनता और अनदेखी के कारण घटना के शिकार होते हैं। आज देश में अनहोनी घटित हो रही है। कानून को धत्ता बता कर और नियमों का पालन नहीं करने की वजह से दुर्घटनाएं होती है। मदुरै की एक ट्रेन बोगी में सिलेंडर फटने से निर्दोष लोगों की मौत हो गई। ट्रेन में तीर्थयात्री सिलेंडर लेकर जा रहे थे। यह पुलिस की लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण है। पुलिस ने सिलेंडर ले जाते उस व्यक्ति को रोका होता तो इतना बड़ा हादसा नहीं होता और निर्दोष लोगों की जान नहीं जाती। रेलवे के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मनमानी पर उतारू यात्रियों ने हादसे को निमंत्रण दिया है। यह अनुशासनहीनता की निशानी है। ट्रेन में ज्वलन्त वस्तुओ को ले जाने की मनाई है। लेकिन इस तरह की लापरवाही से निर्दोष लोगों एवं खुद की जान चली गई। लोग ट्रेन में इस तरह की लापरवाही कर सिलेंडर ले जा सकते हैं तो सड़कों पर भी अपने मन की ही करते होंगे? तेज रफ्तार वाहनों से दुर्घटनाएं बढ़ती है और निर्दोष लोगों की जान जा सकती है। दुपहिया वाहनों के चलते सामने आ रही लापरवाही से सड़क हादसे बढ़ रहे है। मदुरै रेल हादसा लापरवाही की पराकाष्ठा है। रेलवे पुलिस की अनदेखी ने इतने बड़े हादसे को अंजाम दिया गया। नियम और कानून सब के लिए समान है। नियमों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। हर एक व्यक्ति को नियम का पालन करना होगा। छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे को निमंत्रण देती है। लोगों को पुलिस नियमों को बताने के लिए टोकती है तो नियमों की झड़ी लगा दी जाती है। विपरीत दिशा में पुलिस को ही नियम बताने वाले व्यक्ति पर दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। हर व्यक्ति को देश के कानून का पालन करना होगा। क्योंकि कानून सबके लिए समान है। इसमें अमीर गरीब के लिए समान नियमों का पालन करना चाहिए। नियमों की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। क्योंकि नियमों में लापरवाही बरतने से घटनाएं होने की संभावना है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के उत्तरी बगलान प्रांत में शनिवार को हुए एक सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गयी एवं तीन अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस मुख्यालय की ओर से रविवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि हादसा स्थानीय समयानुसार रात करीब आठ बजे शनिवार को हुआ। एक कार बगलान प्रांत के बानू अंद्राब जिले में सड़क के किनारे नदी में गिर गई। जर्जर सड़कें, पुराने वाहन, यात्रा के दौरान सुरक्षा उपायों की कमी और भीड़भाड़ वाले राजमार्गों पर लापरवाही से गाड़ी चलाना पर्वतीय देश में सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य कारण हैं। पिछले तीन महीनों में युद्धग्रस्त देश में सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 400 लोग मारे गए हैं।

# देश विदेश

# जी-20 का मुख्य उद्देश्य आर्थिक वृद्धि व विकास : एस. जयशंकर

**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ग्लोबल साउथ (कम विकसित) देशों पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जी20 का मुख्य उद्देश्य आर्थिक वृद्धि और विकास

■ **विभिन्न कारणों से कम विकसित देश उपभोक्ता बनकर रह गए**

है और अगर कम विकसित देशों की चिंताएं दूर नहीं होंगी, तो यह आगे नहीं बढ़ सकता है।

जयशंकर ने रविवार को यहां 'भूमिका' विषय पर बी20 शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, जी20 का मुख्य उद्देश्य आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा देना है और अगर उन क्षेत्रों में ग्लोबल साउथ (कम विकसित) की महत्वपूर्ण चिंताओं को दूर नहीं किया गया तो यह आगे नहीं बढ़ सकता है।

उन्होंने आगे कहा, विभिन्न कारणों से, ग्लोबल साउथ (कम विकसित) देश बड़े पैमाने पर उत्पादक के बजाय उपभोक्ता



**अगर कम विकसित देशों की चिंताएं दूर नहीं होंगी, तो यह आगे नहीं बढ़ सकता है: एस. जयशंकर, विदेश मंत्री**

बनकर रह गए। उनका योगदान अक्सर अन्यत्र विनिर्माण के लिए संसाधन उपलब्ध कराना है। उन्हें आर्थिक परिवर्तन का पूरा लाभ नहीं मिला। उन्होंने कहा, ग्लोबल साउथ पर वर्तमान फोकस इस वैश्विक दृढ़ विश्वास से उत्पन्न होता है कि ये ऐसे देश हैं, जो वास्तव में विशेष देखभाल के पात्र हैं। ये असाधारण तनाव वाले समाज भी हैं, जिन पर अगर ध्यान नहीं दिया गया तो यह विश्व अर्थव्यवस्था पर गंभीर दबाव बन जाएगा।

भारत की जी20 की अध्यक्षता का जिक्र करते हुए, मंत्री ने कहा, जब भारत ने पिछले साल दिसंबर में जी20 की अध्यक्षता संभाली थी, तो हम पूरी तरह से सचेत थे कि जब हम मिलेंगे, तो अधिकांश ग्लोबल साउथ (कम विकसित) देश मेज पर नहीं होंगे। मंत्री ने कहा, उन्हें निष्पक्ष सुनवाई प्रदान किए बिना उनकी चिंताओं पर चर्चा करना बेहद अनुचित प्रतीत होता है। इसलिए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल जनवरी में वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट बुलाने का फैसला किया। हमने 125 देशों से सीधे उनकी चुनौतियों और प्राथमिकताओं के बारे में सुना। उन्होंने कहा, उनकी ओर से इसे जी20 एजेंडे का केंद्र बनाया गया है।

जयशंकर ने आगे कहा, यह एक निर्विवाद वास्तविकता है कि अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली पर ग्लोबल नॉर्थ (विकसित) देशों का वर्चस्व बना हुआ है। यह स्वाभाविक रूप से जी20 की संरचना में भी परिलक्षित होता है।

## रूस के कुर्स्क में ड्रोन ने अपार्टमेंट बिल्डिंग को बनाया निशाना

**मॉस्को,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। रूस के कुर्स्क शहर में शनिवार देर रात एक ड्रोन एक अपार्टमेंट की इमारत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे कुछ मंजिलों की खिड़कियां उड़ गईं लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। कुर्स्क क्षेत्र के गवर्नर रोमन स्टारोवोइट ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन ने विमान-प्रकार के ड्रोन के साथ रूसी क्षेत्र पर हमला करने की कोशिश की। रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने ब्रांस्क और कुर्स्क क्षेत्रों में दो ड्रोन को मार गिराया। श्री स्टारोवोइट ने टेलीग्राम पर लिखा,



प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कुर्स्क में कार्ल मार्क्स स्ट्रीट पर एक अपार्टमेंट इमारत में रात में एक ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कुछ मंजिलों पर खिड़कियां उड़ गईं। विस्फोट की लहर ने पास के कुर्स्क राज्य कृषि अकादमी के इंजीनियरिंग संकाय की इमारत में कई खिड़कियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

## यूक्रेनी अनाज आयात प्रतिबंध को बढ़ाने के फैसले की कीव ने की निंदा

**कीव।** यूक्रेन ने यूरोपीय संघ के पांच देशों द्वारा यूक्रेनी अनाज आयात प्रतिबंध को बढ़ाने की योजना की निंदा की है। यूक्रेनी विदेश मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पोलैंड, स्लोवाकिया, बुल्गारिया, रोमानिया और हंगरी ने यूक्रेनी अनाज पर आयात प्रतिबंध को बढ़ाने की मांग की है, ताकि अपने कृषि क्षेत्र की रक्षा की जा सके। मंत्रालय ने शनिवार को कहा, यूरोपीय आयोग का प्रतिबंध 15 सितंबर को समाप्त होने के बाद, हम यूक्रेन से कृषि उत्पादों के आयात पर व्यापार प्रतिबंध जारी रखना पूरी तरह से अस्वीकार्य मानते हैं। मंत्रालय ने यूरोपीय संघ और इसमें शामिल देशों से इस मुद्दे पर सही निर्णय लेने का भी आह्वान किया।

## सुडोकू 6299

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 4 | | 6 | |
| | 8 | 5 | 3 | | | | | |
| | 7 | 9 | | | 3 | | 5 | 1 |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| 1 | 5 | | 7 | | | 6 | 3 | |
| | | | | | 5 | 9 | 2 | |
| | 2 | | 4 | | | | | 3 |
| 5 | | | | | 2 | | 1 | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 28 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 10

### राशिफल

मेष -आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी। विरोधियों के साथ वाद-विवाद टालें। दोपहर के बाद परिस्थिति में सुधार आएगा।

वृषभ -सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। मन में किसी बात की चिंता रह सकती है।

मिथुन -आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

कर्क -व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे।

सिंह -प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

कन्या -आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है। क्रोध पर संयम रखें। काम में सफलता नहीं मिलने से निराशा हो सकती है।

तुला -नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। भाग्यवृद्धि का अवसर मिलेगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। दोपहर के बाद आप के मन पर उदासी छायी रहेगी।

वृश्चिक -निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा। दोपहर के बाद परिजनों तथा भाई-बहनों के साथ समय आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे।

धनु -आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।

मकर -कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे। वाणी पर संयम रखें। दुर्घटना का भय बना रहेगा।

कुंभ -आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है। दोपहर के बाद स्वास्थ्य कुछ बिगड़ेगा। परिवार में मनदु:ख होने से घर का वातावरण दूषित होगा।

मीन -आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। बिजनेस को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। परिवार में सुख-शांति रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**



## सीरिया में विद्रोहियों के हमले में ग्यारह सैनिकों की मौत

**दमिश्क,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। सीरिया के उत्तर-पश्चिमी प्रांत इदलिब में शनिवार को विद्रोहियों के हमले में ग्यारह सैनिकों की मौत हो गयी और 20 अन्य घायल हो गए। मानवाधिकारों के लिए सीरिया वेधशाला (एसओएचआर) ने कहा कि हमलावरों ने हमला किया और इदलिब के दक्षिणी ग्रामीण इलाकों में सीरियाई सेना की चौकियों के नीचे सुरंगों में छिपाए गए विस्फोटक उपकरणों में विस्फोट कर दिया। वेधशाला ने कहा कि हमलावर अंसार अल-तौहीद गुट और तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट सहित गुटों से हैं, दोनों हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) विद्रोही गुट के सहयोगी हैं। एचटीएस और सीरियाई सेना के बीच तनाव बढ़ रहा है, दोनों पक्षों के बीच उत्तरी सीरिया में गोलीबारी हो रही है। वेधशाला के अनुसार, एक दिन पहले, उत्तरी सीरिया में अलेप्पो के पश्चिमी ग्रामीण इलाके में सैन्य बलों ने सात एचटीएस सदस्यों को मार गिराया था। सरकारी समाचार एजेंसी सना के अनुसार, सोमवार को सीरियाई बलों ने इदलिब और हमा के उत्तर-पश्चिमी प्रांतों में एचटीएस द्वारा भेजे गए तीन हथियारबंद ड्रोनों को रोका और मार गिराया।

# पाकिस्तान में अगस्त महीने में 42 आतंकवादी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग ने अगस्त में प्रतिबंधित संगठनों के 42 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आठ, इस्लामिक स्टेट (आईएस) के तीन और अल-कायदा के दो आतंकवादी शामिल हैं।




ये सभी पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने कहा कि सीटीडी ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए पूरे प्रांत में 1,000 से अधिक तलाशी अभियान चलाए। सीटीडी की ओर से जिन जगहों पर अभियान चलाया गया, उनमें लाहौर, रावलपिंडी, बहावलपुर, गुजरांवाला, मुल्तान, सरगोधा, चिनियट, कसूर और मंडी बहाउद्दीन जिले शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किए गए सभी आतंकवादी दहशतगर्दी की गतिविधियों में शामिल थे या उन्होंने विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बनाई थी। इसके साथ ही अपने संबंधित संगठनों के लिए नए लोगों की भर्ती करने का भी काम कर रहे थे। सीटीडी ने अभियान के दौरान आतंकवादियों से हथियारों और गोला-बारूद का एक जखीरा जब्त किया।

## पाकिस्तान में सड़क हादसे में सात की मौत, 11 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मानसेहरा जिले में शनिवार को एक यात्री वैन के पलट जाने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। राहत एवं बचाव सेवा ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना मानसेहरा जिले के मांगला इलाके में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण वह सड़क से उतर गया और पलट गया, जिससे कई लोग हताहत हो गए। राहत ए ?वं बचाव सेवा ने कहा कि दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग और बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों को अस्पतालों में पहुंचाया। मृतकों में छह पुरुष और एक महिला शामिल हैं।

## वर्ग पहेली 6299



**बायें से दायें:-**

१. दिखाई देता हुआ
४. बहुत ही मशहूर
६. पैदायशी अंधा
७. जोड़ा, जो दो की संख्या में हो
८. नीरस, फीरा, बेमज़ा
१०. बंधन कड़ा करना, कसकर बांधना
११. कर या शुल्क का अतिरिक्त भार जो विशेष परिस्थितियों में किसी पर डाला जाए
१३. निंदा, जुगुप्सा
१४. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
१५. जिस पर असर पड़ा हो
१७. के स्थान पर, के बदले में (उर्दू)
१९. इम्तहान, गुण-दोष, योग्यता आदि जानने के लिए किया गया काम
२१. मिलाने वाला, जोड़ने वाला
२२. राहगीरों को लूटने का काम (उर्दू)
२४. अदालत

**ऊपर से नीचे:-**

१. शिव, धृतराष्ट्र का एक पुत्र, दृढ़तापूर्वक अस्त्र चलाने वाला
२. श्रीकृष्ण
३. चंद्रमा
४. दोष या खराबी का दूर होना
५. सैनिक
९. जिसे नृत्य करना पसंद हो, मोर
११. हैरानी, अचरज
१२. विभक्त, भाग किया हुआ
१३. साहित्य, सम्मान (उर्दू)
१४. दस से बारह वर्ष की कन्या, कुँआरी कन्या, दुर्गा
१५. प्रतिद्वंद्वी, शत्रु, विरोधी
१६. वह विषाक्त कन्या जिसके संसर्ग करने से मृत्यु हो जाती है
१८. उचित, ठीक (उर्दू)
१९. प्रारंभ, शुरूआत
२०. जड़ी-बूटियों या खनिजों का रासायनिक विधि से बनाया गया नमक
२३. जो ऊपर न हो, अधो

## वर्ग पहेली-6298



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**भाजपा के स्थान पर ईडी ...**

उद्योगपति अडानी जैसे लोगों का कब्जा कराना चाहती है। इनकी इस कुचेष्टा के पूरे नहीं होने का एक मात्र कारण प्रदेश की कांग्रेस सरकार है। हम हमारे प्रदेश के संसाधनों को बेचने नहीं देगे चाहे कितनी ही ईडी और आईटी की कार्यवाही कर ये हम पर दबाव बनाने का प्रयास कर ले।

इसके पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैंज ने भी सम्बोधित किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री बैज ने भूपेश सरकार के कार्यो और प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा के 15 वर्षो के शासन में बस्तर में लोग बैंक, स्कूल और सड़कों की कल्पना भी नही करते थे। आज बस्तर से लोग भूपेश बघेल से अपने क्षेत्रों में बैंक, खुलवाने शिक्षा के लिए स्कूल खुलवाने की तथा सड़कों की मांग करते है। भूपेश सरकार ने बस्तर क्षेत्र को नक्सलवादियों के आंतक से मुक्त कराने का कार्य किया तथा आदिवासी समाज को प्रगति एवं उन्नति के मार्ग में अन्य लोगों के साथ चलने के लिये प्रेरित किया है। उन्होने कहा कि देश में मणिपुर आज लगभग 150 दिनों से दो वर्गो के बीच में संघर्ष जारी रहा हरियाणा के गुरूग्राम आदि शहरों दंगे हुए किंतु देश के प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री को वहां लगी आग को रोकने का समय नहीं मिलता किंतु हमारे शांत छत्तीसगढ़ प्रदेश में चुनावो को देखते हुए झूठ फैलाने एवं झूठी वाहवाही लेने का समय मिल जाता है। दीपक बैंज ने कहा कि प्रदेश की जनता भूपेश बघेल की सरकार के कार्यो से अत्यंत प्रसन्न है साथ ही कोरोना जैसी महामारी के दौरान भी इस प्रदेश में विकास के कार्य प्रभावित नहीं हुए। आज पूरे देश में सबसे कम बेरोजगारी की दर हमारे प्रदेश छत्तीसगढ़ में है ये हमारे लिए गौरव का विषय है। यहा के किसान आज खुश है उन्हे उनकी फसल का उचित मूल्य बिना किसी कमीशन खोरी के सीधे उनके बैंक के खाते में मिल रही है तथा 15 वर्ष के कमीशन खोर सरकार के शासन से उन्हे मुक्ति मिली है जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश में लगभग 30 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आये है। संकल्प शिविर में पूरे विधानसभा से लगभग 4500 कार्यकर्ता पहुचे थे जिनमें जमकर जोश एवं उत्साह, उर्जा का संचार देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन बलौदाबाजार भाटापार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर के द्वारा किया गया। आज के सफल आयोजन के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत सभी वरिष्ठ नेतागणों ने हितेन्द्र ठाकुर एवं सहयोगी टीम की जमकर सराहना की। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने अबकी की बार 75 पार का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा बिलाईगढ विधायक चन्द्रदेव राय, कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा, जिला प्रभारी प्रेम सिंह जायसी, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष तुलसी वर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव परमेश्वर यदु, सीमा वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, दिनेश यदु, राकेश वैष्णव, शारदा सोनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम गिरी, रूपेश ठाकुर, धनेश्वर वर्मा, देवादास टंडन, बलदाउ साहू, संदीप पाण्डेय, सूर्यकांत वर्मा, शैलेन्द्र बंजारे, राम गिडलानी, अयाज अहमद फारूकी, उमेश जैन, मोतीराम वर्मा, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, ललिता यदु, के.के. वर्मा, पदमेश्वरी साहू, कालिन्द्री वर्मा सहित काफी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थें।

**सहायक शिक्षक एवं शिक्षक पद...**

ने बी.एड. को सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति के लिये अपात्र घोषित कर दिया. इसके तत्काल बाद माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने याचिका क्र. डब्ल्यू.पी.एस. 5788/2023 में f 21 अगस्त को सहायक शिक्षक पद हेतु बी.एड. योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग की कार्यवाही स्थगित रखने का आदेश दिया, परन्तु डी.एड. एवं डी.एल.एड. की काउंसलिंग पर कोई रोक नही लगाई. न्यायालय के इस आदेश में पालन में डी.एड. एवं डी.एल.एड. योग्यता वाले अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग जारी रखी गयी है, जिससे राज्य के युवाओं को शीघ्रता से रोजागार दिया जा सके. बी.एड. योग्यता वाले अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध विधिक उपचारों के बारे में महाधिवक्ता से मार्गदर्शन मांगा गया है.

**बंगाल में पटाखा फैक्ट्री में ...**

रहमान गिरफ्तारी से बचने और स्थानीय लोगों के गुस्से से बचने के लिए तुरंत घटनास्थल से भाग गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने घने आवासीय इलाके में पटाखा फैक्ट्री को लेकर की गई शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया।

## आज का इतिहास

1600-मुग़लों ने अहमदनगर पर क़ब्ज़ा किया।
1845-प्रसिद्ध पत्रिका साइंटेफिक अमरीकन का पहला संस्करण छपा।
1858-उंगलियों के निशान को पहचान बनाने वाले ब्रिटिश विलियम जेम्स हर्शेल का जन्म।
1904-कलकत्ता से बैरकपुर तक प्रथम कार रैली का आयोजन
1913-भोपाल सियासत की राजकुमारी एवं भारत की पहली महिला पायलट आबिदा सुल्तान का जन्म।
1914-प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत हुई।
1916-प्रथम विश्वयुद्ध में इटली ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1928-भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के भूतपूर्व अध्यक्ष एम.जी.के. मेनन का जन्म।
1956-इंग्लैड ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर एशेज पर कब्जा जमाया।
1972-साधारण बीमा कारोबार राष्ट्रीयकरण बिल पारित किया गया।
1984-सोवितय संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1986-भाग्यश्री साठे शतरंज में ग्रैंडमास्टर बनने वाली पहली महिला बनी।
1990-ईराक ने कुवैत को अपना 19वाँ प्रान्त घोषित किया।
1992-कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में भारत के लिये कांस्य पदक जीतने वाली खिलाड़ी अन्नू रानी का जन्म।
1996-इंग्लैंड के प्रिंस चार्ल्स और उनकी पत्नी डायना ने औपचारिक तौर पर तलाक लिया।
1999-मेजर समीर कोतवाल आसाम में उग्रवादियों के एक गुट के साथ लडाई में शहीद हो गये।
2000-ताइवान के राष्ट्रपति चुने शुई बियान द्वारा चीन के साथ एकीकरण के विकल्प को स्वीकार करने का संकेत, संयुक्त राष्ट्र में सहस्त्राब्दि विश्व धार्मिक शिखर सम्मेलन शुरू।

**साक्षात्कार** भारत कर रहा सुरक्षा परिषद के विस्तार की मांग

# अमेरिका सुरक्षा परिषद के विस्तार की मांग का समर्थन करता है : गारसेटी

**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गारसेटी ने कहा है कि उनका देश भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की मांग का पुरजोर समर्थन करता है। श्री गारसेटी ने एक साक्षात्कार में कहा कि समय की मांगों को पूरा करने के लिए संस्थानों के विस्तार आवश्यकता है। इस सवाल पर कि भारत के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थायी सदस्यता में क्या बाधाएं हैं और भारत कब तक इसका सदस्य बन सकता है,

अमेरिकी राजदूत ने कहा, अमेरिका इसमें शामिल होने की भारत की इच्छा के समर्थन में है। अमेरिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार का पुरजोर समर्थन करता है। हमें समय की मांगों को पूरा करने के लिए संस्थानों की आवश्यकता है। क्षेत्रों और देशों की ताकत और महत्व

■ **'समय की मांगों को पूरा करने के लिए संस्थानों के विस्तार आवश्यकता है'**

संयुक्त राष्ट्र में समान रूप से प्रतिबिंबित होना चाहिए। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र में नियम हैं, और हम अधिक से अधिक वोट पाने की कोशिश में भारत के बहुत समर्थक हैं, लेकिन मूल रूप से, दुर्भाग्य से, अमेरिका से नहीं, बल्कि एक और देश से ही आपत्ति होती रही है, और



हमें इस मुद्दे पर एकजुट होना होगा। मुझे लगता है कि जी-20 के बाद अधिक देश देखेंगे कि भारत का नेतृत्व कितना महत्वपूर्ण है, और मुझे आशा है कि इससे भारत को अधिक समर्थकों को जुटाने के अभियान में मदद मिलेगी और जल्द ही एक दिन अंततः हम इसे साकार होते देखेंगे। यह पूछे जाने पर कि वह भारत की जी-20 अध्यक्षता को किस प्रकार देखते हैं, श्री गारसेटी ने कहा, यह आश्चर्यजनक रहा है। मैं बहुत प्रभावित हुआ हूं। मुझे विभिन्न शहरों में प्रेरणा मिली है। मैं भौगोलिक विस्तार से प्रभावित हूं, लेकिन मैं भारत की वास्तविक गहराई से भी बहुत प्रभावित हूं, चाहे वह प्रौद्योगिकी, संस्कृति, वाणिज्य, पर्यटन, कला, मातृभूमि सुरक्षा हो। भारत ने दुनिया भर से लोगों को इसमें एकत्र किया है, मैं यह भी सोचता हूं कि भारत अतीत और भविष्य के बीच, पूर्व और पश्चिम के बीच, उत्तर और दक्षिण के बीच एक महान सेतु रहा है। हम न केवल दुनिया के लिए एक सफल जी-20 देखना चाहते हैं, बल्कि हम डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी संरचना, पर्यावरण और वैकल्पिक चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में भी भारत के नेतृत्व को बढ़ाना चाहते हैं। हम यह दिखाना चाहते हैं कि भारतीय मूल्य दुनिया की भलाई में कैसे योगदान दे सकते हैं। श्री गारसेटी ने पूछे जाने पर कि क्या भारत और अमेरिका अब करीबी सहयोगी और रणनीतिक साझेदार हैं।

## दुनिया को जानें

### भारतीय मूल के डॉक्टर ने कार्डियक अरेस्ट से पहले लक्षणों का लगाया पता

**न्यूयॉर्क,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। महिलाओं के लिए कार्डियक अरेस्ट का सबसे प्रमुख लक्षण सांस लेने में तकलीफ है, जबकि पुरुषों को सीने में दर्द का अनुभव हो सकता है, एक प्रतिष्ठित भारतीय मूल के स्वास्थ्य विशेषज्ञ के नेतृत्व में वैज्ञानिकों ने यह खुलासा किया है।

कार्डियक अरेस्ट विशेषज्ञ सुमीत चुघ के नेतृत्व में लॉस एंजिल्स में सीडर्स-सिनाई मेडिकल सेंटर के स्मिड्ट हार्ट इंस्टीट्यूट के अध्ययन में पाया गया कि 50 प्रतिशत व्यक्तियों ने कार्डियक अरेस्ट से पहले चेतावनी के संकेतों का अनुभव किया। पीयर-रिव्यू जर्नल लैंसेट डिजिटल हेल्थ में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, चुघ के नेतृत्व वाली टीम को पता चला कि यह चेतावनी लक्षण पुरुषों की तुलना में महिलाओं के लिए अलग था। दोनों लिंगों के छोटे उपसमूहों ने धड़कन, दौरे जैसी गतिविधि और फ्लू जैसे लक्षणों का अनुभव किया। चुग ने कहा, कार्डियक अरेस्?ट से पहले चेतावनी के लक्षणों को पहचान कर शीघ्र हस्तक्षेप और आसन्न मृत्यु को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा, हमारे निष्कर्ष अचानक हृदय संबंधी मृत्यु की रोकथाम के लिए एक नए प्रतिमान को जन्म दे सकते हैं।

# खेल जगत

## पाउला बादौसा, बियांका आंद्रेस्कू चोटों के कारण यूएस ओपन से हटीं

**न्यूयॉर्क ( यूएस ),** 27 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व विश्व नंबर 2 स्पैनियार्ड पाउला बादौसा और 2019 चैंपियन कनाडा की बियांका आंद्रेस्कू चोटों के कारण वर्ष के आखिरी ग्रैंड स्लेम यूएस ओपन से हट गयी हैं। मंगलवार को टूर्नामेंट के पहले दौर में बादौसा का सामना वीनस विलियम्स से होना था। विलियम्स का अब या तो क्वालीफायर या भाग्यशाली हारे हुए खिलाड़ी से मुकाबला होगा। पीठ की चोट के कारण विंबलडन के दूसरे दौर के मैच से रिटायर होने के बाद से स्पैनियार्ड खेलने में असमर्थ है। वर्तमान में 47वें स्थान पर मौजूद बादौसा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि चोट के कारण उन्हें अपना सीज़न बंद करना पड़ा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, फिर से प्रतिस्पर्धा करने के लिए कई महीनों तक संघर्ष करने के बाद, मैं अपना सीज़न समाप्त कर रही हूं।आपमें से जो लोग मुझे जानते हैं वे जानते हैं कि मुझे प्रतिस्पर्धा करना कितना पसंद है।



# हेडन ने सैमसन को अपनी भारतीय टीम में शामिल किया, दोनों कलाई के स्पिनरों को बाहर रखा




**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने आगामी विश्व कप 2023 के लिए अपनी भारतीय टीम का ऐलान किया और कुछ बड़ी घोषणाएं कीं। हेडन ने विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को टीम में शामिल किया तथा कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को नाराज कर दिया। हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, जिस काम से उन्हें सबसे ज्यादा नफरत है वह टूर्नामेंट के लिए किसी टीम का चयन करना है। भारतीय संदर्भ में, मैं संजू सैमसन को टीम में देखना पसंद करूंगा। साथ ही भारत को बल्लेबाजों से ज्यादा ऑलराउंडरों की जरूरत है इसलिए अक्षर पटेल तिलक वर्मा से बेहतर विकल्प होंगे।

हेडन द्वारा चुनी गई 15 सदस्यीय भारतीय टीम इस प्रकार है- रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह , विराट कोहली, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जड़ेजा, हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, इशान किशन और अक्षर पटेल। एशिया कप 2023 के लिए भारतीय टीम की घोषणा 21 अगस्त 2023 को की गई, जिसमें कुछ आश्चर्यजनक नाम शामिल थे।

सबसे अधिक प्रत्याशित था जादूगर स्पिनर युजवेंद्र चहल का बाहर होना। पूरी तरह से फिट नहीं होने के बावजूद केएल राहुल को टीम में चुना गया। चहल की जगह कुलदीप को चुनने का फैसला टीम संतुलन को ध्यान में रखते हुए लिया गया। अक्षर के बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन करने से बल्लेबाजी को और अधिक गहराई मिलेगी। पिछले वर्षों में कुलदीप का प्रदर्शन वाकई शानदार रहा है, पिछले 9 वनडे मैचों में उन्होंने 18 विकेट लिए थे। सैमसन एशिया कप में बैकअप खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगे. वह केएल राहुल के संभावित प्रतिस्थापन हैं जो मामूली चोट से पूरी तरह उबर रहे हैं।

विकेटकीपर बल्लेबाज ने पिछले साल के आईपीएल सीज़न और आयरलैंड के खिलाफ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन फिर भी टीम में जगह नहीं बना सके।

## रैंकिंग नहीं एशिया कप पर फोकस : बाबर

**कोलंबो,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम शनिवार को अफगानिस्तान के खिलाफ क्लीन स्वीप के बाद वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई। पाकिस्तान क्रिकेट द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कप्तान बाबर आजम और कोच मिकी आर्थर ने टीम को संबोधित किया और सीरीज जीत का जश्न मनाया।

टीम को संबोधित करते हुए बाबर ने कहा, अगर हम वनडे क्रिकेट में नंबर-1 टीम बने हैं तो यह हमारी कड़ी मेहनत का नतीजा है। सीरीज की जीत निश्चित रूप से एक बहुत ही शानदार एहसास है और हमने एक साथ खेलते हुए जो एकता दिखाई है, उसे हमें आगे भी जारी रखना होगा। प्रत्येक व्यक्ति ने टीम के प्रति जो निस्वार्थता और प्रतिबद्धता दिखाई है वह वास्तव में टीम के लिए बहुत अच्छा है। इस जीत का आनंद लीजिए, लेकिन यह मत भूलिए कि चार दिन बाद हमें एशिया कप खेलना है और हमें इस लय को आगे भी जारी रखना है। इस टीम के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि यहां कोई भी व्यक्तिगत रिकॉर्ड के बारे में बात नहीं करता है, सभी एक टीम के रूप में खेलते हैं और यह बहुत खास है।

अपनी जिम्मेदारी पर आजम ने कहा कि उन्हें प्रत्येक खिलाड़ी पर नजर रखने और टीम का मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली और इसे 3-0 से जीत लिया।

इसी वीडियो में, कोच मिकी आर्थर ने भी नंबर-1 वनडे रैंकिंग पर अपनी भावना व्यक्त की और कहा, मुझे पता है कि वनडे क्रिकेट में नंबर-1 टीम होने का अहसास बेहद खास है, लेकिन इसे कभी भी हल्के में न लें। आप सभी ने इसके लिए कड़ी मेहनत की है और यह आपकी उपलब्धि है। इसलिए जितना हो सके इसका आनंद लें तथा और अधिक के लिए मेहनत करते रहें।

## जापान को रौंदने के बाद भारतीय महिलाओं की निगाहें थाईलैंड पर फतह पर



**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में शनिवार को जापान के खिलाफ 7-1 से बड़ी जीत दर्ज करने से उत्साहित भारतीय महिला टीम की निगाहे रविवार को थाईलैंड को धूल चटाने के साथ ही जीत की हैट्रिक पर होगा।

ओमान के सलालाह में खेली जा रही प्रतियोगिता में भारतीय लड़कियों ने जापान के खिलाफ 7-1 से जीत दर्ज की थी। भारत की ओर से महिमा चौधरी ने अपनी टीम के लिये सर्वाधिक दो गोल सातवें और 30वें मिनट पर दागे थे जबकि अक्षता ढेकाले (8%), मारियाना कुजूर (12%), ज्योति (23%), मोनिका दीपी टोप्पो (27%) और अजमीना कुजूर (30%) ने भी जापान को रौंदने में कोई कोर कसर नहीं छोडी थीं। जापान के लिए एकमात्र गोल रीसा नाकासेची ने मैच के नौवें मिनट पर किया था।

अपने पहले मैच में जीत के बाद आत्मविश्वास से लबरेज भारत ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक शुरुआत की और खेल के सातवें मिनट में शानदार फॉर्म में चल रही महिमा चौधरी ने गोल किया। एक मिनट बाद, भारत ने अक्षता ढेकाले (8%) के शानदार फील्ड गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। हालाँकि, जापान ने रीसा नाकासेची (9%) के माध्यम से एक को पीछे खींच लिया। इसके बाद भारत ने तुरंत जवाबी हमला किया और मारियाना कुजूर (12%) की मदद से अपनी बढ़त बढ़ा दी। पहले हाफ की समाप्ति पर भारत जापान से 3-1 से आगे था।

दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने जोरदार फायरिंग की और एक-दूसरे के गोल के सामने कुछ खतरनाक मूव बनाए लेकिन मौके भुनाने में असफल रहीं। ज्योति ने 23वें मिनट में भारत का स्कोर 4-1 कर दिया. मोनिका डिपी टोप्पो (27%) ने तीन मिनट शेष रहते हुए गोल करके भारत का स्कोर 5-1 कर दिया। अजमीना कुजूर (30%) और महिमा चौधरी (30%) ने अंतिम दो मिनट में दो और गोल किए जिससे भारतीय महिला हॉकी टीम ने मैच 7-1 से जीत लिया।

## विश्व चैंपियनशिप : पहली बार 4 गुणा 400 मीटर रिले के फाइनल में भारत

**बुडापेस्ट,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। मोहम्मद अनस यहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय टीम ने नया एशियाई रिकॉर्ड बनाते हुए पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पुरुष 4 गुना 400 मीटर रिले फाइनल में क्वालीफाई कर लिया है।

भारतीय टीम शनिवार को पहले चरण के बाद छठे स्थान पर थी लेकिन अमोज की अद्भुत दौड़ ने भारतीय टीम को दूसरे स्थान तक पहुंचाया, जबकि अजमल और राजेश ने दौड़ का शानदार अंत करते हुए दो मिनट 59.05 सेकंड का नया एशियाई रिकॉर्ड भी स्थापित किया।

इससे पहले एशियाई रिकॉर्ड जापान (दो मिनट, 59.51 सेकंड) के पास था, जो उसने विश्व चैंपियनशिप 2022 में बनाया था। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में तीन मिनट 0.25 सेकंड में पिछला एशियाई रिकॉर्ड बनाया था और एक बार फिर जापान को पछाड़कर महाद्वीप में अपना वर्चस्व कायम किया। हीट 1 की दौड़ में भारतीय टीम कुछ क्षण के लिए सबसे आगे भी रही लेकिन अंततः अमेरिका ने दो मिनट और 58.47 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। ग्रेट ब्रिटेन ने दो मिनट 59.42 सेकंड में दौड़ पूरी कर तीसरा स्थान हासिल किया। प्रत्येक दो हीट में शीर्ष तीन पर रहने वाली टीमें और अगले दो सबसे तेज फिनिशर फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं।

## विश्व कप क्वॉलिफायर में सकारात्मक नतीजे को बेताब : मनदीप मोर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 27 अगस्त (देशबन्धु)। मनदीप मोर की अगुआई भारत की पुरुष हॉकी टीम ओमान में 29अगस्त से 2 सितंबर तक होने वाले पुरुष एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर में इलीट पूल में शिरकत करने के लिए बेंगलुरू से रविवार को ओमान रवाना हुई। मोहम्मद रहील मोहसिन भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान होंगे। भारत की पुरुष हॉकी टीम इलीट पूल में मलयेशिया, चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, ओमान और बांग्लादेश के साथ है। भारतीय पुरुष टीम अपने अभियान का आगाज 29 अगस्त को बांग्लादेश के खिलाफ मैच से करेगी और अगले दिन ओमान और पाकिस्तान से भिड़ने के बाद इलीट पूल मैचों में



31 अगस्त कको मलयेशिया और जापान से भिड़ेगी। ओमान की टीम ने मेजबान के नाते पहले ही एशिया से हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई कर लिया है। हांगकांग, चीन, इंडोनेशिया, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और ईरान की टीम चैलेंजर्स पूल में हैं। भारत के कप्तान मनदीप मोर ने टीम के रवाना होने से पूर्व कहा, हमारी टीम खासी मजबूत है। हम टूर्नामेंट के लिए बढिया ढंग से तैयार की और इसके शुरू होने का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। इस टूर्नामेंट में इस फॉर्मेट में शिरकत करने वाली सभी टीमें खासी मजबूत है। पुरुष एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर चूंकि 2024 के हॉकी 5 विश्व कप का क्वॉलिफाइंग टूर्नामेंट है और हमारी टीम इसीलिए सकारात्मक नतीजे हासिल करने को बेताब है।'

■ **एशियन हॉकी : उपकप्तान रहील मौसीन बोले, लक्ष्य सीधे हॉकी विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करना**

भारत के उपकप्तान मोहम्मद रहील मौसीन ने कहा, हम पुरुष एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर टूर्नामेंट में शिरकत करने वाली किसी भी टीम को हल्के में नहीं लेंगे। हम इसमें शिरकत करने वाली सभी प्रतिद्वंद्वी की रणनीति का आकलन कर उसी के मुताबिक अपनी रणनीति बनाई है। हमें इस टूर्नामेंट में बढिया प्रदर्शन करने का विश्वास है। हमारा लक्ष्य एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर जीत सीधे हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करना है।'

**भारत की पुरुष हॉकी टीम इस प्रकार है : गोलरक्षक :** सूरज करकेरा,। **रक्षापंक्ति :** जुगराज सिंह,डिप्सन टिर्की, सुखविंदर सिंह, मनदीप मोर (कप्तान) । **मध्यपंक्ति :** मनिंदर सिंह, मोहममद रहील मोसीन(उपकप्तान), **अग्रिम पंक्ति :** पवन राजभर, गुरजोत कौर।

## सार संक्षेप

### लायल्स ने विश्व चैंपियनशिप में जीता तीसरा स्वर्ण

**बुडापेस्ट।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप बुडापेस्ट 23 में आठवें दिन का समापन संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए खुशी के साथ हुआ, क्योंकि नोआ लायल्स और फिर शा%कैरी रिचर्डसन ने संबंधित पुरुष और महिलाओं के 4×100 मीटर फाइनल में फेथ किपयेगॉन की 5000 मीटर में और मोंडो डुप्लांटिस की पोल वॉल्ट में पिछली ट्रेडमार्क जीत के बाद जीत दर्ज की। चेज़ एली शॉट पुट में कई विश्व खिताब विजेता भी बने, जबकि मार्को अरोप ने 800 मीटर में पहला वैश्विक स्वर्ण जीता और पियर्स लेपेज ने डेकाथलॉन में कनाडा के लिए एक और जीत दर्ज की।

### एशिया कप के लिए सऊद शकील पाकिस्तान की टीम में शामिल

**इस्लामाबाद।** एशिया कप के लिये पाकिस्तान ने तय्यब ताहिर की जगह मध्य क्रम के बल्लेबाज सऊद शकील को जगह दी है। ताहिर अब रिज़र्व के तौर पर टीम का हिस्सा होंगे। शकील के नाम सिर्फ़ पांच वनडे मैच हैं, लेकिन उनका टेस्ट करियर शानदार रहा है। सात टेस्ट मैचों में उनके नाम एक दोहरे शतक सहित दो शतक और छह अर्धशतक हैं। लिस्ट ए मैचों में भी उनके नाम 44.44 की औसत से 2489 रन हैं। शकील अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ आख़िरी वनडे में एकादश का हिस्सा थे, जहां उन्होंने रन आउट होने से पहले छह गेंदों पर नौ रन बनाए। अब वह रविवार को पाकिस्तानी टीम के साथ मुल्तान पहुंचेंगे। अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ श्रीलंका में खेल रही पाकिस्तानी टीम एशिया कप की तैयारियों के लिए मुल्तान पहुंचेगी। हालांकि बाबर आज़म, इमाम-उल-हक़ और नसीम शाह जैसे कुछ नाम सोमवार शाम टीम से जुड़ेंगे। 30 अगस्त को एशिया कप के शुरुआती मुक़ाबले में पाकिस्तान की टीम मुल्तान में नेपाल से भिड़ेगी।

### वर्ल्ड कप मैच की टिकट बुकिंग में परेशान हुए मुंबईकर

**नई दिल्ली।** विश्व कप-2023 में गैर-भारतीय मैचों के टिकटों की बिक्री, 24 अगस्त (मास्टरकार्ड उपयोगकर्ताओं के लिए) और 25 अगस्त को आम जनता के लिए 8 बजे शुरू हुई।

## मैं चाहूता हूं कि बांग्लादेश फाइनल मैच खेले : तस्कीन अहमद

**ढाका,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने कहा है कि अगर टीम 30 अगस्त से 17 सितंबर तक पाकिस्तान और श्रीलंका में होने वाले एशिया कप के फाइनल में पहुंचने में सफल होती है तो उन्हें व्यक्तिगत रूप से बहुत खुशी होगी। बांग्लादेश एशिया कप में अपने अभियान की शुरुआत 31 अगस्त को सह-मेजबान श्रीलंका के खिलाफ करेगा। तस्कीन अपनी टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज हैं।



तस्कीन ने कहा, हमारा मुख्य उद्देश्य एशिया कप का फाइनल खेलना है। मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत खुशी होगी अगर हम फाइनल तक पहुंच सकें और एक मजबूत टीम के रूप में खेलने में सक्षम हो सकें। तस्कीन के हवाले से द डेली स्टार ने कहा, सभी लोग हमारे लिए प्रार्थना करें।

जाहिर तौर पर हम चैंपियन बनना चाहते हैं लेकिन मुख्य बात बेहतर क्रिकेट खेलना है क्योंकि इसके तुरंत बाद विश्व कप है। अगर हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेल सकते हैं तो चैंपियन बनना संभव है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष जलाल यूनुस ने पुष्टि की है कि सलामी बल्लेबाज लिटन दास बुखार के कारण बांग्लादेशी दल के साथ श्रीलंका जाने वाली उड़ान में नहीं होंगे।

उन्होंने कहा कि घायल इबादत के स्थान पर टीम में शामिल किए गए युवा तेज गेंदबाज तंजीम हसन साकिब बाद में दूसरी फ्लाइट से श्रीलंका जाएंगे क्योंकि उनका टिकट कन्फर्म नहीं हुआ है। ग्रुप ए और बी से शीर्ष दो टीमें एशिया कप सुपर फोर में आगे बढ़ेंगी, जहां वे कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तीन और मैच खेलेंगे, जो 17 सितंबर को फाइनल की भी मेजबानी करेगा।

## यूएस ओपन में छोटे ब्रेक के बाद वापसी को तैयार एंडी मरे

**न्यूयॉर्क ( यूएस ),** 27 अगस्त (एजेंसियां)। तीन बार के प्रमुख चैंपियन एंडी मरे ने खुलासा किया कि उन्होंने विंबलडन के दूसरे दौर में स्टेफानोस सितसिपास से हार के बाद अपनी तकनीक में बदलाव किया है। विंबलडन में हार के बाद से, एंडी मरे ने केवल चार मैच खेले हैं, जिसमें 3-1 का रिकॉर्ड है। उनकी एकमात्र हार तीन सेटों में वाशिंगटन, डीसी में शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज़ से हुई। इसके बाद उन्हें पेट में तकलीफ के कारण टोरंटो के तीसरे दौर और सिनसिनाटी से भी बाहर रहना पड़ा।

मरे ने प्री-टूर्नामेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि अगर मैं मैच जीतना चाहतू हूं तो मुझे अपने शॉट्स में कुछ बदलाव करने होंगे। इसलिए मैंने ऐसा किया और ब्रेक लेकर अपनी तैयारियों को पुख्ता किया। 36 वर्षीय खिलाड़ी पेट में खिंचाव के बाद फ्लशिंग मीडोज पहुंचे, जिसके कारण उन्हें टोरंटो में टूर्नामेंट के बीच से हटना पड़ा। लेकिन अभ्यास के एक मजबूत सप्ताह से उत्साहित होकर, यूएस ओपन में प्रवेश के लिए उनका दृष्टिकोण सकारात्मक है।



उन्हें अब कोर्ट पर कोई परेशानी नहीं हुई। रेडियोलॉजिस्ट ने मेरे स्कैन को देखा और उनकी जांच की, मेरी एक छोटी सी चोट थी, जो ठीक हो रही है और पिछले पांच या छह दिनों का अभ्यास वास्तव में अच्छा रहा है। मुझे खेलने में कोई समस्या नहीं हुई। मरे ने इस वर्ष प्रमुख प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेला है।

मेलबर्न में, मरे ने 13वीं वरीयता प्राप्त मातियो बेरेटिनी और थानासी कोकिनाकिस के खिलाफ अपने शुरुआती दो मैचों में दो ऐतिहासिक पांच-सेटर जीते। विंबलडन में, ग्रीक के वापसी करने से पहले वह पांचवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास से दो सेट-टू-एक से आगे थे।

## सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली,** 27 अगस्त (एजेंसियां)। भूटान के थिंपू में एक से दस सितंबर के बीच खेली जाने वाली सैफ अंडर-16 चैंपियनशिप के लिए भारत की 23 सदस्यीय अंडर 16 टीम की घोषणा कर दी गयी है। भारतीय अंडर-16 टीम के मुख्य कोच इश्फाक अहमद ने बताया कि भारत को नेपाल और बांग्लादेश के साथ टूर्नामेंट के ग्रुप ए में रखा गया है जबकि मेजबान भूटान, मालदीव और पाकिस्तान ग्रुप बी में शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमी फाइनल के लिये क्वालीफाई करेंगी। फेडरेशन (एआईएफएफ) के सूत्रों ने रविवार को बताया कि भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर जुलाई में श्रीनगर में शुरू हुआ था, जिसमें देश भर के पांच क्षेत्रों - पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और उत्तर-पूर्व में व्यापक स्काउटिंग के बाद 50 से अधिक संभावितों को चुना गया। अंतिम 23 की सूची को अहमद ने अखिल भारतीय फुटबॉल, श्रीनगर में एक महीने से अधिक प्रशिक्षण के बाद चुना। भारतीय टीम इस प्रकार है। **गोलकीपर:** रोहित, अहेइबाम सूरज सिंह, अरुष हरि। **डिफेंडर:** नगारियांबम अभिजीत, मोहम्मद कैफ, याईफारेम्बा चिंगखाम, उशम थौंगाम्बा, वुमलेनलाल हैंगशिंग, चिंगथम रेनिन सिंह, करिश सोरम। **मिडफील्डर:** न्यूटन सिंह, कंगुजम योइहेनबा मेइतेई, लेविस जांगमिनलुन, बॉबी सिंह, अब्दुल सलहा, नगमगौहौ मेट, विशाल यादव, मनभाकुपर मलंगियांग, एमडी अरबाश। **फॉरवर्ड:** निंगथौखोंगजाम ऋषि सिंह, अहोंगशांगबाम सैमसन, लैरेंजम भरत, एयरबोरलांग खरथांगमाव। **कोच :** इशफाक अहमद।

## मांकड़िंग पर अश्विन की चेतावनी, क्रीज के अंदर रहो

नई दिल्ली, 27 अगस्त (एजेंसियां)।। भारतीय स्टार ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने मांकड़िंग विवाद पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एक लंबा बयान जारी किया। अश्विन ने एक्स पर लिखा, यह स्थिति का उचित मूल्यांकन है। सोचिए, अगर कोई व्यक्ति विश्व कप सेमीफाइनल या एक नॉकआउट मैच में कोहली, रोहित, स्मिथ, रूट या नॉनस्ट्राइकर के किसी भी महत्वपूर्ण बल्लेबाज को रन आउट कर दे, जो मैच का नतीजा तय कर सकता है।




मुझे यकीन है कि तब एक बार फिर यह मुद्दा उठेगा और कुछ विशेषज्ञों द्वारा अभियान चलाया जाएगा जो अभी भी इससे सहमत नहीं हैं और निश्चित रूप से, प्रशंसकों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने आगे लिखा, फिलहाल सभी टीमें ऐसा नहीं कर रही हैं, लेकिन यह साल विश्व कप का है। मुझे उम्मीद है कि हर कोई इसके लिए तैयार है और जो टीम कहेगी कि हम ऐसा नहीं करेंगे, यह उनका निर्णय है। मेरा मानना है कि टीमों को अपने रास्ते में आने वाले हर एक फायदे का लाभ उठाना चाहिए क्योंकि विश्व कप जीतना जीवन भर की उपलब्धि है।

अश्विन ने मांकड़िंग की समस्या का समाधान भी लिखा। उन्होंने कहा, केवल एक ही समाधान है, बल्लेबाज कोई भी हो और स्थिति चाहे जो भी हो, बल्लेबाज को देखना होगा कि गेंदबाज गेंद को कब फेंक रहा है और उसका कंधा कब रोटेट हो रहा है। यदि वो ऐसा नहीं करता है तो वो रन आउट हो जाता है। तब हमें गेंदबाज की सराहना करनी चाहिए और बल्लेबाजों को बताना चाहिए कि आगे इसका ध्यान रखे। अश्विन खुद उस वक्त विवादों में आ गए जब उन्होंने आईपीएल -2019 में जोस बटलर को मांकडिंग किया, उसके बाद कई अन्य खिलाड़ियों ने भी ऐसा ही किया और विवाद और बढ़ गया। मैरीलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने कई मौकों पर स्पष्टीकरण दिया है और कई बार कानून में संशोधन भी किया है।

हाल ही में पाकिस्तान के ऑलराउंडर शादाब खान भी खेल के अहम मोड़ पर इसी तरह आउट हो गए थे, जब अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने उन्हें मांकडिंग कर दिया था। हालंकि, पाकिस्तान ने यह मैच जीत लिया, लेकिन मांकडिंग को लेकर चर्चा फिर से शुरू हो गई।

### सुडोकू 6299 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 4 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 7 | 9 |
| 1 | 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 | 4 |
| 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 7 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 5 | 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 1 | 6 |

# मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद को पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में समाज सुधारक और शिक्षाविद् स्वामी आत्मानंद की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी आत्मानंद ने छत्तीसगढ़ में मानव सेवा एवं शिक्षा संस्कार की अलख जगाई। पीड़ित मानवता की सेवा को उन्होंने सबसे बड़ा धर्म बताया। छत्तीसगढ़ उनकी कर्मभूमि रही है। स्वामी आत्मानंद ने शहरी और आदिवासी क्षेत्र में बच्चों में संस्कार, युवाओं में सेवा भाव और बुजुर्गों में आत्मिक संतोष का संचार किया। स्वामी विवेकानंद के विचारों का भी उन पर भी गहरा असर हुआ और उन्होंने अपना पूरा जीवन दीन-दु:खियों की सेवा में बिता दिया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने स्वामी आत्मानंद के पद चिन्हों पर चलते हुए किसानों, वनवासियों, गरीबों और मजदूरों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के हर संभव प्रयास कर रही है। अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक उन्नति के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वामी आत्मानंद जी के मानव सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्य अनुकरणीय और प्रेरणास्पद है। स्वामी आत्मानंद जी ने वनवासियों के उत्थान के लिए नारायणपुर आश्रम में उच्च स्तरीय शिक्षा केन्द्र की स्थापना की। राज्य सरकार ने इससे प्रेरणा लेते हुए उनके नाम पर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल शुरू किए हैं, जिनमें हर वर्ग के बच्चों को अच्छी कक्षा, पुस्तकालय, खेल मैदान सहित अच्छी पढ़ाई की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने आदिवासियों के सम्मान एवं उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए अबूझमाड़ प्रकल्प की स्थापना की। नारायणपुर में वनवासी सेवा केन्द्र प्रारंभ कर वनवासियों की दशा और दिशा सुधारने के प्रयास किए। बघेल ने कहा कि स्वामी अत्मानंद जी के आदर्श और जीवन मूल्य सदा जनसेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

# छत्तीसगढ़ियों ने लंदन में 'हाय.. डारा लोर गेहे रे' की धुन पर किया नृत्य

- कार्यक्रम में महिलाएं पारम्परिक वेशभूषा में संस्कृति को सहेजने की सन्देश पूरी दुनिया को दे रही
- छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कति को देश-विदेश में मिल रहा पहचान



**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया.. यूं ही नहीं कहा जाता। छत्तीसगढ़ और यहां के रीति-रिवाज की धमक अब विदेशों में भी देखने को मिल रही है। जी हां, लंदन की धरती पर भारतीय स्वतंत्रता की वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। हाय..डारा लोर गेहे रे.. के साथ लाली परसा बन म फुले और मउंहा झरे रे.. जैसे ख्यातनाम छत्तीसगढ़ी गीतों पर यहां के लोगों ने छत्तीसगढ़ मूल के रहवासियों के साथ नृत्य किया। भारतीय स्वतंत्रता की याद में आयोजित विदेशी धरती के समारोह में तिरंगा फहराने छत्तीसगढ़ियों ने एक-दूसरे को बधाई दी, मिठाईयां बांटी। समारोह में छत्तीसगढ़ी संस्कृति और समृद्धि का बेजोड़ प्रस्तुतिकरण किया गया। लंदन में आयोजित इस समारोह के आयोजन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का अद्धितीय योगदान रहा, आयोजकों ने मुख्यमंत्री के सहृदयता के लिए आभार संदेश भेजा है।

कार्यक्रम में महिलाएं पारम्परिक वेशभूषा में संस्कृति को सहेजने की सन्देश पूरी दुनिया को दे रही है। गले में कटली मोहर, कान में खुटी, हाथ और भुजा में नागमोरी बहुटा पहुची और कलाई में आईठी चुरिया, माथे पर बिंदी लगाकर छत्तीसगढ़ महतारी के प्रति अपनी अपार श्रद्धा व प्रेम व्यक्त करती दिखाई दीं। इस दौरान छत्तीसगढ़ी लोकगीत हाय डारा लोर गे हे रे..मउंहा झरे रे मउंहा झरे रे जैसे गानों को सुनकर सभी लोक नृत्य करते हुए अपनी सांस्कृतिक परंपरा के संवाहक बने थे।

कार्यक्रम की शुरुआत फ्लैग होस्टिंग से हुई। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने ध्वजारोहण किया और उसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग आए थे।

भारत के विभिन्न राज्यों जैसे छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, तमिलनाडु से एनआरआई और प्रवासी नागरिकों ने अपने स्टॉल लगाए। छत्तीसगढ़ का स्टॉल सर्वाधिक लोकप्रिय रहा। छत्तीसगढ़ पीपल्स एसोसिएशन ने आगंतुकों को छत्तीसगढ़ के पर्यटक आकर्षणों, यहां के प्राकृतिक संसाधनों और निवेश के अवसरों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पर्यटन का वीडियो दिखाया गया। भारत के उच्चायुक्त ने छत्तीसगढ़ स्टाल का दौरा किया और प्राकृतिक सुंदरता से आश्चर्यचकित हुए।

छत्तीसगढ़ी टसर सिल्क साड़ी, सोपा, कोसा साड़ी, बस्तर डोखरा, टेराकोटा शिल्प, लकड़ी और बांस शिल्प, बड़ी, दही वाली मिर्ची जैसी छत्तीसगढ़ी कलाएँ प्रदर्शित की गईं जो बहुत लोकप्रिय रहीं। छत्तीसगढ़ पीपुल्स एसोसिएशन ने आगंतुकों को छत्तीसगढ़ की कॉफी और चाय के बारे में बताया। उन्होंने छत्तीसगढ़ पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी देने वाले पत्रक का भी वितरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए छत्तीसगढ़ पीपुल्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सीजी टूरिज्म बोर्ड, जनसंपर्क विभाग को उनके प्रोत्साहन और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

# शैलो ट्यूबवेल योजना से किसान ले रहे दोहरी फसल

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन की कृषि योजनाओं से किसानों का खेती के प्रति रूझान बढ़ा है। शासन द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है जिनमें से शैलो ट्यूबवेल योजना महत्वपूर्ण है। इस योजना का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं। लघु और सीमांत किसानों के लिए खेती-किसानी हमेशा से चुनौती पूर्ण रही है। राज्य में कई किसान सिंचाई की कमी की वजह से उन्नत कृषि नहीं कर पाते। इसके अलावा रबी और खरीफ की फसल भी नहीं ले पाते। पूरी तरह मानसून पर आधारित खेती में किसान हमेशा चिंतित रहता है। ऐसे किसानों के लिए शैलो ट्यूबवेल योजना काफी लाभप्रद साबित हो रहे हैं।

योजना का लाभ लेते हुए महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम चिंगरौद के ऐसे ही लघु सीमांत कृषक तेजकुमार साहू ने खेती को घाटे से उबारते हुए कृषि को लाभदायक बनाया है। वे बताते है कि पूर्व में सिंचाई के साधन नहीं होने से खरीफ में ही खेती का कार्य करते थे, सिंचाई पूरी तरह मानसून पर निर्भर होने के कारण उत्पादन कम होता था। जिससे फसल उत्पादन की मात्रा उम्मीद से कम होता था। लागत की तुलना में आय कम प्राप्त होती थी। इस कारण घर की आर्थिक स्थिति कमजोर थी।



कृषक साहू ने कृषि विभाग द्वारा संचालित राजिम भक्तिन धारा योजना अंतर्गत शैलो ट्यूबवेल का लाभ उठाकर अपने खेत में ट्यूबवेल खुदवाया। जिससे अब वे रबी और खरीफ दोनों फसल लेते हैं। अब खेती का रकबा सिंचित होने से फसल का नुकसान नहीं होता है। कृषक अब वर्षा के ऊपर निर्भर नहीं है। कृषक के द्वारा खरीफ में धान फसल तथा रबी में दलहन, तिलहन व अन्य फसल का उत्पादन करता है। जिससे कृषक की आय में वृद्धि हुई। इस तरह कृषक वर्ष में खरीफ एवं रबी फसल लेकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार किया। विभाग की राजिम भक्तिन धारा योजना अंतर्गत शैलो ट्यूबवेल खनन से कृषक का जीवन स्तर एवं आर्थिक स्तर में सुधार हुआ।

**किसानों को मिलता है शत प्रतिशत अनुदान**- महासमुंद जिले में लगभग 400 शैलो बोर का खनन किया गया हैं। यह कम गहराई वाला या उथला ट्यूबवेल है , जिसकी अधिकतम गहराई 50 फ़ीट होती है। खासकर नदी किनारे बसे गावों के लिए बेहद उपयोगी है। एक शैलो ट्यूबवेल की लागत लगभग 20 हजार रुपये है और शासन इसके लिए किसानों को शत प्रतिशत अनुदान देती है । शासन द्वारा इसमे 5 हजार रुपये खुदाई के लिए और 15 हजार पम्प प्रतिस्थापन के लिए किसानो को प्रदान किया जाता है ।

# सफल उद्यमी बनने का सपना साकार कर रही रीपा योजना

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर ग्रामीण गरीब परिवारों के लिए रोजगार और आय के साधन उपलब्ध कराने के लिए गांव के गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है जहां विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। योजना के तहत प्रथम चरण में प्रत्येक विकासखण्ड में दो गौठानों का चयन किया गया है।

ग्रामीण आजीविका पार्क में ग्रामीणों को आजीविका संवर्धन के लिए शासन की ओर से मूलभूत सुविधाएं, आधारभूत संचरना जैसे आंतरिक सड़क, विद्युत, जल एवं नाली व्यवस्था, वर्कशेड, भण्डारण, प्रशिक्षण, मार्केटिंग सपोर्ट, तकनीकी मार्गदर्शन इत्यादि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजना में इच्छुक स्थानीय युवाओं, स्व-सहायता समूहों का चिन्हांकन कर उद्यमियों को बिजनेस प्लान के आधार पर मशीनरी तथा बैंक से ऋण, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्रतानुसार अनुदान, सब्सिडी अथवा शून्य ब्याज दर पर ऋण लेने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है जिससे गौठानों में स्थापित ग्रामीण औद्योगिक केन्द्रों में काम करने वाले ग्रामीण युवा उद्यमियों के सपनों को एक नया आयाम मिल रहा है।

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना



''रीपा'' से न केवल ग्रामीणों के जीवन में परिवर्तन आया है बल्कि उनके सफल उद्यमी बनने के सपनों भी साकार हो रहे हैं। केवल खेती-किसानी और मजदूरी तक सीमित रहने वाले किसानों को रीपा योजना से जोड़कर उद्यमियता को बढ़ावा दिया जा रहा है। रीपा योजना के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नये-नये व्यवसाय की जानकारियां लेकर इनकी बारीकियां सीख रहे है।

इसी क्रम में बिलासपुर जिले के मस्तूरी ब्लॉक के बेलटुकरी रीपा केंद्र में बिहारी लाल और राजू सिदार के द्वारा फेब्रिकेशन वेल्डिंग इकाई का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। जिससे जुड़कर ग्रामीण युवा आमदनी का एक अच्छा हिस्सा प्राप्त कर रहे है। रीपा योजना के तहत उद्यमियता को बढ़ावा मिलने के साथ ही युवाओं को रोजगार का एक जरिया मिल गया है। फेब्रिकेशन वेल्डिंग इकाई से इन उद्यमियों के द्वारा सात महीने में 12 लाख 44 हजार रुपये का आय अर्जित किया गया, जिससे उन्हें 2 लाख 60 हजार रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। वर्तमान में इन्हें खिड़की, दरवाजा, ट्रैश, जाली, शटर एवं पंचायत इत्यादि कार्य के आर्डर भी प्राप्त हुए है। जिससे इनके आय में 3 लाख रुपये की और बढ़ोतरी होगी। इस प्रकार रीपा योजना से जुड़कर ये उद्यमी सीधे तौर पर लाभान्वित हो रहे हैं एवं आर्थिक रूप से सशक्त होकर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे है। शासन की इस कल्याणकारी योजना से जुड़कर एक सफल उद्यमी बनने का इनका सपना साकार हुआ है।

# उल्टी-दस्त से एक ही दिन में 3 आदिवासियों की मौत

**कोण्डागांव,** 27 अगस्त (देषबन्धु)। 27 अगस्त को एक ही दिन में उल्टी-दस्त से 03 आदिवासियों तथा 19 दिन पुर्व भी एक अन्य ग्रामीण की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। उक्त मामला जिला एवं जनपद पंचायत कोण्डागांव तथा नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के अंर्तगत आने वाले ग्राम पंचायत तोड़ेम नयापारा का है, जहां षुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं होने से 27 अगस्त को एक ही दिन में उल्टी-दस्त से एक महिला सहित 03 आदिवासियों तथा वहीं 19 दिन पुर्व 8 अगस्त को भी एक अन्य ग्रामीण की मौत हो चुकी है।



- 19 दिन पूर्व हुई थी एक अन्य ग्रामीण की मौत
- शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने खर्च किया जा रहा करोड़ो जल जीवन मिशन में

गांव-गांव में बसे ग्रामीणजनों को उनके घरों तक षुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु जल जीवन मिषन योजना के तहत करोड़ो रुपए खर्च किए जा रहे होने के बाद भी यदि गांवों में बसे ग्रामीणजनों की मौतें नदी-नालों के किनारे झरीया खोद कर उसमें एकत्र होने वाले अषुद्ध पानी पीने को मजबुर होना पड़ रहा हो तो षासन की योजना के क्रियान्वयन पर प्रष्न चिन्ह खड़ा होना लाजीम है। उल्टी दस्त से आदिवासी समाज की पार्वती पति फगनू पोयाम 50 वर्ष, निरघत पिता मंगतू 51 वर्ष, दलसाय पिता कुल्ले 49 वर्ष की 27 अगस्त को एवं तो वहीं 8 अगस्त को सुकलाल यादव पिता बलदेव की उल्टी-दस्त से कुल 04 ग्रामीणों की मौत हो चुकी है, जिससे पुरे गांव में मातम छा गया है और उल्टी-दस्त से अकाल मौतें होने से ग्रामीणजनों में आक्रोश नजर आ रहा है। आक्रोशित ग्रामीणजनों ने प्रेस को बताया कि वे षुद्ध पेयजल नहीं होने के सम्बन्ध षासन-प्रषासन में बैठे जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से समय समय पर हेण्ड पम्प और आवाजाही का साधन बनाने की मांग करते रहे लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया, जिसके परिणामस्वरुप उन्हें अपने गांव के 4 लोगों को खाना पड़ गया है।

# पति-पत्नी को पिकअप वाहन ने मारी ठोकर, दोनों की मौत

**सक्ती,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में रविवार को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार पति पत्नी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पति- पत्नी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिकअप चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना सक्ती थाना क्षेत्र की है।



- दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे

जानकारी के मुताबिक सरहर गांव के रहने वाले महावीर चंद्रा रविवार को पत्नी सरस्वती चंद्रा के साथ दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। दोनों वापस अपने घर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की दोनों पुल से नीचे गिर गए। आसपास के लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी तुरंत डायल 112 को दी गई। आनन फानन मे घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

सक्ती थाना प्रभारी विवेक शर्मा ने बताया कि सुवाडेरा पुल के पास पिकअप वाहन द्वारा बाइक सवार पति- पत्नी को टक्कर मारने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दोनों के शव को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पिकअप चालक को हिरासत मे लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# नक्सली-पुलिस मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया

**धमतरी/गरियाबंद,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। बोराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत एकावारी के जंगल में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है, जिसकी पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि भी की है। फिलहाल नक्सली का नाम नहीं बताया गया है। घटना की सूचना के बाद एसपी रवाना हो गए हैं। यह धमतरी और गरियाबंद के साथ सीआरपीएफ का संयुक्त ऑपरेशन बताया जा रहा है।



- बोराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत एकावारी के जंगल में हुई मुठभेड़
- धमतरी और गरियाबंद के साथ सीआरपीएफ का संयुक्त ऑपरेशन

ज्ञात हो कि जिले के नगरी ब्लॉक में नक्सलियों की मौजूदगी का अक्सर पता चलता रहता है और नक्सली घटनाएं भी सामने आती रहती है। पिछले कुछ समय से जिले के जंगलों से नक्सली हलचल की खबरे आ रही थी, विशेष रूप से सत्यम गावड़े की टीम की मौजूदगी की खबर रहती थी। मगर कोई नक्सली वारदात सामने नहीं आई थी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को रायपुर रेंज के आईजी से आरीफ हुसैन को इनपुट मिली कि बोराई थाना क्षेत्र के जंगल में नक्सली मौजूद है उनके निर्देश पर धमतरी और गरियाबंद पुलिस के साथ आरपीएफ का विशेष दल भेजा गया। इस दौरान नक्सलियों से उनका सामना हो गया। जिसमें एक नक्सली का एनकाउंटर हुआ है। यह मुठभेड़ बोरई थाना क्षेत्र के एकावरी के जंगल में हुई है।

घटना की सूचना के बाद एसपी प्रशांत ठाकुर भी मौके के लिए रवाना हो गए। घटनास्थल से नक्सली सामग्री और पुरुष नक्सली का शव भी बरामद हुआ है। अभी शव की शिनाख्त नहीं हुई है। वहां पर लगभग 25 से 30 नक्सली होने की खबर थी। आगामी चुनाव में नक्सली बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। एनकाउंटर से नक्सलियों के हौसले जरूर कमजोर होंगे।

# जेल पहुंचकर बहनें अपने भाइयों को नहीं पहना सकेंगी राखी

**रायगढ,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। जिला जेल रायगढ़ में निरुद्ध महिला बंदियों के भाई इस वर्ष भी जेल पहुंचकर राखी अपनी कलाई पर नहीं पहन पाएंगे और ना ही बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी पहना सकेंगी। मुख्यालय जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कोरोना वायरस एवं आई- फ्लू संक्रमण के दृष्टिगत इस वर्ष भी रक्षाबंधन का कार्यक्रम जेल में आयोजित नहीं किया जाएगा।





- सरकार ने जारी की गाइड लाइन

इसलिए रक्षाबंधन पर्व को जिला जेल रायगढ़ में बंदियों के बहनों ङ्क परिजनों को मुलाकात करने की अनुमति नहीं दी जावेगी। वहीं कॉलिंग सिस्टम के माध्यम से बंदियों के परिजनों से बात कराई जावेगी। परिजनों के द्वारा जेल में निरोध बंधिया के लिए सीधे और डाक द्वारा भेजी गई राखी को लिया जाएगा। जिसके लिए 26 अगस्त से ही राखी लेने का काम प्रारंभ कर दिया गया है।

**आई फ्लू और कोविड - 19 के गाइडलाइन अनुसार लगाया गया प्रतिबंध**

जेल अधीक्षक के बताए अनुसार राखी के साथ किसी भी प्रकार का मिष्ठान जिला जेल में नहीं लिया जाएगा इसलिए केवल राखी ही बंदी का नाम लिखकर भेजें। जिला जेल अधीक्षक एसपी कुर्रे ने बताया कि शासन के गाइडलाइन अनुसार बंदियों की सुरक्षा और बीमारी के संक्रमण को रोकने के लिए यह आवश्यक कदम प्रदेश भर के जेलों में उठाया जा रहा है।

# हुडको में एसबीआई के एटीएम मशीन काटकर लाखों की चोरी

- एटीएम मशीन एवं एयर कंडीशनर में लगाई आग

**भिलाई नगर,** 27 अगस्त (देशबंधु)। भिलाई नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुडको में भारतीय स्टेट बैंक के दो एटीएम मशीन काटकर आरोपियों द्वारा लाखों रुपए की चोरी कर फरार हो गए है। इस दौरान आरोपियों ने फरार होने के पूर्व दोनों ही एटीएम मशीन एवं एयरकंडीशनर में भी आग लगा दी। भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा दोनों ही एटीएम में सुरक्षा गॉड तैनात नहीं किए गए हैं । फिलहाल भिलाई नगर पुलिस के द्वारा आरोपियों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया जा रहा है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।भिलाई नगर थाना प्रभारी मनोज प्रजापति ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक के दो एटीएम हुडको के एक श्री राम चौक एवं एक मंगल बाजार में स्थापित है। कल रात को करीब 1:30 बजे चार पहिया वाहन में सवार आरोपियों के द्वारा एक-एक करके दोनों ही एटीएम में धावा बोला गया। एटीएम काट कर के अंदर रखें लाखों रुपए चोरी किए गए। इसके बाद दोनों ही एटीएम मशीन एवं के एयरकंडीशनर में आग लगा दी गई । बैंक को एटीएम से मिले अलर्ट मैसेज के बाद बैंक अधिकारी हरकत में आए । पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस पहुंचती तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। कितने रुपए निकाले गए हैं, यह अभी बैंक की तरफ से जानकारी नहीं दी गई है।



**सुरक्षा व्यवस्था में घोर लापरवाही**

दोनों ही एटीएम में सुरक्षा को लेकर के बैंक प्रबंधन के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई है। बैंक प्रबंधन की ओर से दोनों ही एटीएम के सुरक्षा के लिए सुरक्षा कर्मी की तैनाती भी नहीं की गई है। इसी घोर लापरवाही के चलते आरोपियों के द्वारा आसानी से घटना को अंजाम दिया गया और लाखों रुपए चोरी कर फरार हो गए।

**NECC**

| 28.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.50 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 95 | 190 |

डिलीवरी 465 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

एक औरत ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ दिया
**पुलिसवाला**- रुको!!
**औरत**- मुझे जाने दो, मैं एक टीचर हूं
**पुलिसवाला**- अहा! इस दिन के इंतज़ार में तो मैं कई सालों से था। चलो, अब लिखो मैं कभी ट्रैफिक सिग्नल नही तोडूंगी, 100 बार...

# बस्तर के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रहे उड़ीसा के भाजपा विधायक



**जिले की तीनों विधानसभा की मौजूदा परिस्थितियों की एकत्र कर रहे जानकारी**

**जगदलपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रवास अभियान के तहत उड़ीसा के भाजपा के तीन विधायक बस्तर जिले में एक सप्ताह से लगातार दौरे पर है। जिले की तीन विधानसभाओं के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में उड़ीसा के विधायक दस्तक दे रहें हैं। कार्यकर्ताओं की बैठकें लेकर उनसे उनकी मन की बात जान रहे हैं। जगदलपुर में नउरी नायक, चित्रकोट में सुभाष पाणिग्रही व बस्तर विधानसभा में नित्यानंद गोंड़ ने मोर्चा संभाला हुआ है। 22 अगस्त से बस्तर प्रवास पर आये उड़ीसा के तीनों भाजपा विधायक बिना रूके सुबह से रात तक निर्धारित विधानसभा क्षेत्रों में सक्रियता बनाये हुये हैं। जो बस्तर जिले की मौजूदा परिस्थितियों सहित समग्र जानकारी संगठन में उच्च स्तर पर सौंपेंगे। उड़ीसा विधायक नउरी नायक ने रविवार को जगदलपुर विधानसभा के दरभा मण्डल में दूरस्थ ग्रामपंचायत कामानार में पहुँच कर छः शक्ति केन्द्रों के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

श्री नायक ने कहा कि भाजपा का एक एक कार्यकर्ता सक्रियता से कार्य करे। अपने-अपने बूथ में पूरी शक्ति के साथ भाजपा को जीत दिलाने जुट जायें। क्षेत्र के हर घर में पहुँच कर परिवार के सदस्यों से संपर्क बनाना है और भाजपा के काम को बताना है। समवेत प्रयास निसंदेह सफल रुप पायेगा और छत्तीसगढ़ में कमल खिलेगा। बैठक को योगेंद्र पांडे, श्रीनिवास मिश्रा, संतोष बघेल, रामाश्रय सिंह, निखिल राठौर, बृजेश सिंह भदौरिया, फूलसिंह सेठिया ने भी संबोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से धरमू राम मंडावी, सीता नाग, हरिप्रसाद कश्यप, मनोज ध्रुव, दौलत नाथ योगी, भोला श्रीवास्तव, चंद्रकांत भंडारी, देवीप्रसाद बेंजाम, विष्णु प्रताप कश्यप, गगराराम नाग, राजपाल कसेर, शेखर शर्मा, मंगल बघेल, मयाराम नाग, मुन्नु सिंह ठाकुर, सुशील त्रिपाठी, लिबरुराम नाग, ललिता, मिशल बघेल, अजंती, ननिता, शान्ति बघेल, नीलू राम कुंजाम, लाला राम बघेल, चेतन बघेल, तुलाराम सेठिया, जयराम कश्यप, दलसाय नाग, गंगाराम, सहदेव कश्यप, सीताराम, मंगल राम आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर स्वच्छता महाअभियान में सभी लोगों ने निभाई सहभागिता



**जगदलपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर की ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर के संरक्षण की दिशा में चलाये जा रहे स्वच्छता महाअभियान में रविवार को जगदलपुर नगर के सभी लोगों ने सक्रिय भूमिका निभायी।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, निगम आयुक्त हरेश मंडावी, एसडीएम नंद कुमार चौबे, पार्षद योगेंद्र पांडे सहित जिला प्रशासन व नगर निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों, राज्य आपदा मोचन बल के जवानों, समाजसेवी संगठनों के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक साफ-सफाई कार्य में भाग लेकर ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर स्वच्छता अभियान में महत्ती योगदान दिया। इस मौके पर सभी लोगों ने सुबह से ही दलपत सागर के रानी घाट के समीप एकत्रित होकर सरोवर से जलकुंभियों को निकालने के लिए लगातार हाथ बंटाया। रविवार को सभी ने अधिक समय तक ज्यादा जलकुंभियों को निकालने की बात कहते हुए आगामी रविवार को फिर से ज्यादा लक्ष्य रखने का संकल्प लिया।

# शासकीय यूनानी औषधालय में हुआ निःशुल्क पौधा वितरण और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**जगदलपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। जिला आयुर्वेद कार्यालय जगदलपुर के दिशा निर्देशानुसार शासकीय यूनानी औषधालय जगदलपुर द्वारा शनिवार को निःशुल्क पौधा वितरण व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। औषधालय के चिकित्सक डॉ. बी प्रकाश मूर्ति ने औषधीय पौधों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।, निर्गुन्डी, आंवला, गिलोय, शतावर, घिंचार, हड़जोड़, नीम, मुनगा आदि के पौधौं का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं स्वस्थ रहने के लिए दिनचर्या का महत्व, घरेलू नुस्खों के प्रयोग से बीमारियों से बचाव के तरीके बताये गये। कार्यक्रम में औषधालय स्टाफ पदम यादव व अनिल बघेल ने अपनी सेवाएं दी।

# अविश्वास प्रस्ताव के सम्मेलन में अपने पार्षदों को न भेजने की रणनीति बना रही कांग्रेस : अवस्थी



**सत्ताधारी दल कांग्रेस को पलायन करना शोभायमान नहीं**

**जगदलपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के पार्षद दल द्वारा नगर निगम में महापौर के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के लिये सम्मिलन दो दिन बाद 29 अगस्त को है। अन्तर्कलह और आपसी लड़ाई से जूझ रही सत्ताधारी कांग्रेस अविश्वास प्रस्ताव के सम्मिलन में अपने कांग्रेसी पार्षदों को शामिल नहीं करने की रणनीति बना रही है, जिससे कोरम के अभाव में पार्षदों की निर्धारित संख्या न होने से अविश्वास प्रस्ताव विफल हो जाये। मोतीलाल नेहरू वार्ड के भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव के सम्मिलन में सभी पार्षदों को नैतिकता व ज़िम्मेदारी के साथ उपस्थित होना चाहिये। कांग्रेस अगर यह रणनीति अपनाती है तो खुले रुप में यह जग जाहिर होगा कि कांग्रेस को अपने ही निर्वाचित पार्षदों पर विश्वास नहीं है। और यह एक तरह से पलायन ही कहलायेगा।

भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि भाजपा पार्षद दल संवैधानिक नियमों के आधार पर राजनीतिक नज़रिये से कांग्रेस की विफलता के लिये आवाज़ मुखर कर रहा है। नगर निगम में आसीन कांग्रेस की महापौर व कांग्रेस सत्ता दल साढ़े तीन साल से अधिक के कार्यकाल में शहर की जनता की सेवा करने में असफल साबित हुआ है और जनता की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्त व्यवस्थायें चरमरा गयी हैं। महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव अव्यवस्थाओं से पीड़ित व नाराज़ जनता की आवाज है। आलोक अवस्थी ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव के सम्मिलन में कांग्रेस के सभी सम्मानीय पार्षदों को हिस्सा लेना चाहिये। उन्हें चुनने वाली उनके वार्ड की जनता का भरोसा उनसे जुडा है। प्रदेश में सत्ताधारी दल की भूमिका पौने पांच साल से निभा रही कांग्रेस को पलायन की रणनीति कतई शोभा नहीं देगी। भारतीय जनता पार्टी शहर की जागरूक जनता के सम्मान में अविश्वास प्रस्ताव को पारित करने के लिये संपूर्ण प्रयास करेगी।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की नगरनार प्रखंड के माड़पाल में हुई सभा



**जगदलपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व हिंदू परिषद ने नगरनार के माड़पाल में सभा का आयोजन किया। सभा के दौरान संबोधन में बस्तर में बढ़ते धर्मांतरण, मतांतरण, लव जिहाद जैसी समस्या से कैसे बस्तर को व सनातन समाज को बचाया जाए कहा गया। मुख्य रूप से संबोधन विहिप विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी, प्रांत धर्म प्रसार सह प्रमुख शैलेंद्र श्रीवास्तव, जिला मंत्री हरि साहू, विभाग सेवा प्रमुख अनिल अग्रवाल, प्रांत सुरक्षा प्रमुख कमलेश विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रेम चालकी, प्रखंड अध्यक्ष कैलाश ठाकुर ने किया। सभा स्थल पर उपस्थित जिला सेवा प्रमुख देवेन्द्र कश्यप, प्रखंड उपाध्यक्ष पाकलू कश्यप, प्रखंड मंत्री भरत बघेल, माड़पाल सरपंच मन्दना नाग, सुकमन नागेश, गंगा नाग सरपंच, पूर्व सरपंच संपत कश्यप, प्रीतमलाल पातरे, धनपति बाज, केदार सहनी, भानु पटेल, मोहन, बघेल, लक्ष्मी घरत, संगीता साहनी, मांजी सिरहा, सुरेश नाग, मोनो यादव, रमेश, संजू, जयराम नाग, पूर्व सरपंच बेसाकु, तुलाराम सिरहा, फरसू, जगत, सदा, महेश्वर, नीलू, रामे, ग्रीस, जनता, जयति, बोडा, फूलो कश्यप, नीला, गुड्डी, बसंती, जगदलपुर नगर मंत्री विष्णु ठाकुर, नगर संयोजक विक्रम ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय उपस्थित थे।

# एक अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार निवासी एक आरोपी को यात्री बस में गांजा तस्करी करते हुए नगरनार पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मुखबीर सूचना के आधार पर थाना बस्तर के आगे एन. एच. 30 मेन रोड पर कांकेर रोडवेज ट्रेवर्ल्स बस क्रमांक सी.जी. 19 एफ. 1080 को रोककर मुखबीर के बताये हुलिये के व्यक्ति को बस में खोजकर नीचे उतारा गया और आरोपी के कब्जे के एक काला नीला रंग के पीलू बैग में भरा 5.180 कि.ग्रा. तथा एक काला सफेद रंग के लाईनदार झोला में 5.320 किग्रा जुमला वजन 10400 कि.ग्रा. कीमत लगभग 52,000/- रूपये का अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद कर आरोपी को धारा 20 (ख) एन.डी.पी.एस. के तहत गिरफ्तार कर के धारा 20 (ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट कायम कर विवेचना लिया गया। आरोपी द्वारा किये गये अपराध अजमानतीय होने से न्यायालय एन.डी.पी.एस. जगदलपुर में पेश कर ज्युडिश्यल रिमाण्ड पर आरोपी को जेल भेजा गया।

# आड़ावाल एफसी ने मॉर्निंग स्टार को 2-1 से और भेजापदर ने नगरनार को 1-0 से किया पराजित



**जगदलपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। झमाझम बारिश के बीच महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव स्मृति में आयोजित महाराजा कप नाकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता के तृतीय दिवस का प्रथम मुकाबला आड़ावाल एफ सी का मुकाबला मॉर्निंग स्टार के बीच हुआ जिसमें आड़ावाल एफ सी 2-1 से एवं द्वितीय मुकाबला भेजापदार एफसी व स्पोर्ट्स क्लब नगरनार के मध्य खेला गया जिसमें भेजापदर एफ सी 1-0 से विजयी रही। मुख्य अतिथि के रूप में सुबीर नंदी, यज्ञ, हेमंत पांडे, एबीवीपी विभाग प्रचारक अमित कुमार, दंतेश्वरराव, राकेश मंडल, तनिश जैन, सुभेंद्र भदौरिया, अंशु नाग, हेमंत राव, खिलेश पांडे, लखन सेना सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# चोरी की बाइक के साथ आरोपी को पुलिस ने चार घंटे में किया गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। बोधघाट पुलिस ने चोरी के 4 घंटे के अंदर आरोपी को चोरी हुई मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है।

मुखबीर सूचना के आधार पर 26 अगस्त को प्रार्थी प्रताप बैध अपने मौसा के घर अपने मोटर सायकल हीरो स्प्लेन्डर सिलवर कलर क्रमांक सी. जी. 17 के.यू. 8123 को अपने मौसा के घर सामने शाम लगभग खड़ा किया था, जिसे किसीयू अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया, प्रार्थी द्वारा थाना बोधघाट में रिपोट दर्ज कराने से तत्काल अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं आरोपी पता साजी हेतु आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. फुटेज को चेक करने से संदेही करन सोनी को पकड़कर पूछताछ किया गया, जिनके द्वारा अपराध कबूल करने एवं चोरी किये गये मोटर सायकल हीरो स्प्लेन्डर सिलवर कलर क्रमांक सी. जी. 17 के.यू. 8123 को पेश करने से मौके में जप्त करते हुए उपरोक्त आरोपी करन सोनी के विरूद्ध थाना बोधघाट में धारा 379 भा.द.वि. के तहत् कार्यवाही कर चोरी की सूचना प्राप्त होने के चार घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में न्यायालय में भेजा गया।

# पूर्व नगर अध्यक्ष राजेन्द्र बाजपेयी ने भी विधानसभा चुनाव लड़ने इच्छा जाहिर की



**जगदलपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन को लेकर बेहद गम्भीर छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा सरकार वापसी के लिए फूँक फूँक कर कदम आगे बढ़ा रही है। जगदलपुर विधानसभा के संभावित प्रत्याशी के चयन को लेकर शुक्रवार को दिनभर भाजपा बस्तर संभाग प्रभारी सांसद संतोष पाण्डेय ने पर्यवेक्षक के रूप में विधानसभा के कार्यकर्ताओं से भाजपा कार्यालय में गहन राय सुमारी की। चुनाव लड़ने इच्छुक नेताओं ने अपनी इच्छा से पर्यवेक्षक को अवगत कराया। आज भाजपा जगदलपुर के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र बाजपेयी ने भी पर्यवेक्षक से मिलकर अपनी इच्छा से उन्हें अवगत कराते हुए अपना व्यक्तिगत विवरण उन्हे सौंपा। बाजपेयी के साथ अनेक संभावित प्रत्याशियों ने भी चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करते हुए लगभग और 11 लोगों ने अपना ङ्क अपना बायोडाटा श्री पाण्डेय को सौंपा है, प्रतिपक्ष संजय पांडे, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुब्रता बिस्वास, अनिल लक्कड़, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष दिनेश पाणिग्रही, उपभोक्ता फोरम के पूर्व सदस्य छबीलेश्वर जोशी, श्रीनिवास रथ, युवा नेता संग्राम सिंह राणा, पिंटू साव, शेखर शर्मा द्वारा राजनांदगांव के सांसद, बस्तर संभाग प्रभारी एवं जगदलपुर विधानसभा पर्यवेक्षक संतोष पांडे को आवेदन देने की चर्चा जोरों पर है। टिकट की मांग करने वालों ने अपने कुशल सांगठनिक अनुभवों, सामाजिक क्रियाकलापों एवं वरिष्ठता के चलते अपने आप को जगदलपुर विधान सभा का भाजपा प्रत्याशी बनाने निवेदन किया है। साथ ही सभी ने संगठन एवं उसके निर्णय को पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ हमेशा की तरह इस बार भी मानने की बात कही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टिकट दावेदारों में पूर्व विधायक संतोष बाफना, पूर्व महापौर किरण देव, युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमल चंद्र भंजदेव, नगर निगम के नेता

# रेलवे परामर्शदात्री समिति की बैठक



**जगदलपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। रेलवे परामर्शदात्री समिति की बैठक रविवार को हुई। बैठक में लगभग एक दर्जन सदस्यों की एक राय रही। अधिकांश सदस्य किरन्दुल से विशाखापट्नम आने जाने वाली नाईट एक्सप्रेस ट्रेन का जगदलपुर से विशाखापट्नम छूटने का समय में परिवर्तन कर पूर्व समयसारिणी के अनुसार देर शाम 7.40 बजे करने की मांग की है। वर्तमान में छूटने का समय शाम 6.30 बजे है। इसी तरह विशाखापट्नम से किरन्दुल आने के समय और जगदलपुर से किरन्दुल जाने के समय में भी परिवर्तन हो। यह ट्रेन विशाखापट्नम से सुबह 5 बजे जगदलपुर पहुंच 10 मिनिट के स्टापेज के बाद किरन्दुल रवाना होती है। सदस्यों का सुझाव था भोर सुबह यात्री नहीं पहुंचते इसलिए इसके किरन्दुल रवाना होने के समय में परिवर्तन कर सुबह 5 बजे की बजाय सुबह 6 बजे किया जाए। स्टेशन परामर्शदात्री समिति सदस्यों ने एक स्वर में स्टेशन के तीनों प्लेटफॉर्म में यात्री सुविधा का ध्यान में रखते प्लेटफॉर्म में कूल वाटर की व्यवस्था का विस्तार करे, साथ ही उक्त स्थल को ऊपर से ढकने शेड की व्यवस्था करे। तीनों प्लेटफॉर्म में शेड का विस्तार कर सम्पूर्ण प्लेटफॉर्म को कवर करने का सुझाव दिया, ताकि बारिश के दौरान ट्रेन छूटने की जल्दबाजी में चलती ट्रेन में सवार होने के दौरान पैर फिसलकर दुर्घटना की सम्भवना रहता है। बारिश से प्लेटफॉर्म की जमीन में फिसलन होता है।

**दुर्ग एक्सप्रेस का परिचालन दुबारा शुरू करे:** स्टेशन कन्सलटेंसी कमेटी सदस्यों ने विशाखापट्नम से बैठक का नेतृत्व करने पहुंचे सहायक वाणिज्य प्रबंधक को जगदलपुर से दुर्ग ट्रेन साल 2019 से चार साल से बन्द है, उसका दुबारा परिचालन करने का सुझाव दिया। साथ ही कहा कि इस ट्रेन के समयसारिणी में परिवर्तन किया जाए। जगदलपुर से दोपहर ढाई बजे छूटती थी, उसे देर शाम साढ़े 7 या 8 बजे छूटने से यात्रियों का अच्छा परिसाद मिलेगा। विशाखापट्नम से पहुंचे एसीएम (असिस्टेंस कमर्शियल मैनेजर) व जगदलपुर स्टेशन के एसएमआर (सीनियर स्टेशन मैनेजर) एमआर नायक ने कहा कि दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन विशाखापट्नम रेल डिवीजन के अधिकार क्षेत्र में नही है, बल्कि यह दक्षिण-पूर्व-मध्य रेल के अधिकार क्षेत्र में है। उक्त रेल मंडल ने इस ट्रेन में यात्रियों की संख्या में लगातार कमी और रेलवे को हो रहे घाटा के चलते ट्रेन का परिचालन सम्बंधित रेल जोन बिलासपुर ने हमेशा के लिए बंद किए जाने की जानकारी दी। इस सबन्ध में समस्त सदस्यों ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र भेजने का निर्णय लिया। इस दौरान सदस्यों में पुखराज बोथरा, प्रकाश अग्रवाल, संजय पांडे, मनीष शर्मा, अनिल सामंत, नीलोत्पल दत्ता, प्रकाश बोथरा सीआई (कमर्सियल निरीक्षक) रवि किरण, आरपीएफ पोस्ट इंचार्ज व अन्य रेलवे अधिकारी-कर्मचारी सम्मलित थे।

# जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुभारंभ

**कोण्डागांव,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुभारंभ हुआ जहां गेड़ी दौड़ में मंत्री मोहन मरकाम ने प्रथम एवं जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तो वहीं जनप्रतिनिधि विरुद्ध कर्मचारी अधिकारी महिला वर्ग रस्सी खींच में जनप्रतिनिधियों ने बाजी मारी और गेड़ी पुरुष वर्ग एवं रस्सा खींच महिला वर्ग में जनप्रतिनिधियों का दबदबा रहा।

छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर दीपक सोनी, सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय तीन दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2023 24 का शुभारंभ छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री मोहन मरकाम के मुख्य आतिथ्य में, विशिष्ट अतिथि श्रीमती भगवती पटेल उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागांव, अनुराग पटेल सदस्य शाकंभरी बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन, महेंद्र नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत केशकाल, शिवलाल मांडवी अध्यक्ष जनपद पंचायत कोंडागांव, श्रीमती वर्षा यादव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कोंडागांव, बुधराम नेताम विधायक प्रतिनिधि, डिप्टी कलेक्टर अंकित चैहान, एसडीएम अनिकेत साहू, तहसीलदार विजय मिश्रा, डीएमसी महेंद्र पांडे, वरिष्ठ खेल अधिकारी सुश्री सुधा कुमार, कोंडागांव बीईओ मनोज दुबे, एबीइओ इरशाद अंसारी, माकड़ी बीइओ



**गेड़ी दौड़ में मंत्री मोहन मरकाम ने प्रथम व जिपं सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया**

ताहिर खान, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी के हाल मोइनुद्दीन शेख, के अलावा जिले के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों, प्रतिभागी खिलाड़ियों की उपस्थिति में कोंडागांव स्थित स्टेडियम ग्राउंड में छत्तीसगढ़ महतारी की आरती के साथ छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शुभारंभ किया गया।

तत्पश्चात छत्तीसगढ़िया ओलंपिक जनप्रतिनिधि विरुद्ध अधिकारी कर्मचारी महिला वर्ग के मध्य रस्सा खींच का शुभारंभ छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री मोहन मरकाम के द्वारा सीटी बजाकर किया गया। उक्त मैच में जनप्रतिनिधि महिला वर्ग विजेता रहा। तत्पश्चात पुरुष वर्ग जनप्रतिनिधि विरुद्ध अधिकारी कर्मचारी के मध्य गेड़ी दौड़ का आयोजन किया गया ।जिसमें कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम प्रथम स्थान रहे, वहीं द्वितीय स्थान पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा रहे। उद्घाटन अवसर पर कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम ने विजेता सभी खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गई। उद्घाटन अवसर पर कस्तूरबा आवासीय विद्यालय कोंडागांव, आत्मानंद हिंदी मीडियम विद्यालय तहसीलपारा के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जो काफी रोचक रहा। जिससे प्रसन्न होकर मंत्री ने स्वागत गीत में प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय कोंडागांव एवं स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल तहसील पारा को नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया किया। उक्त जानकारी पवन कुमार साहू जिला मीडिया प्रभारी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक जिला कोंडागांव ने प्रेस को दी।

# पुलिस ने शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**बचेली,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। थाना बचेली में 1 अगस्त को पीड़िता द्वारा लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वार्ड क्रमांक 16 मुंडरा कैंप बचेली के निवासी जितेन्द्र खुरा द्वारा शादी करूंगा पत्नी बनाकर रखूंगा पत्नी होने का विश्वास दिलाकर मई 2021 से लेकर दिनांक 24.07.2023 तक लगातार शारीरिक सबंध बनाता रहा किन्तु अब शादी करने से इंकार कर रहा है एवं लगातार मारपीट करते रहता है, प्रार्थिया/पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना बचेली में अपराध क्रमांक 37/2023 धारा 376(2) (ढ) भादवि. का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। महिला संबंधित अपराध होने से थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक गोविन्द यादव के नेतृत्व में थाना स्टॉफ द्वारा आरोपी जितेन्द्र खुरा की कायमी दिनांक से लगातार पता तलाश किया जा रहा था कायमी दिनांक के पश्चात् से ही आरोपी लगातार फरार चल रहा था एवं अपना बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था इसी दौरान मुखबीर सूत्रो से जानकारी प्राप्त हुआ कि आरोपी जितेन्द्र खुरा जिला कोरापुट उड़िसा में छूपा हुआ है की सूचना पर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना से एक विशेष टीम बनाकर कोरापुट क्षेत्र में रवाना किया गया जो आरोपी जिला कोरापुट उड़िसा में अलग-अलग जगह बदल-बदलकर गिरफ्तारी से बचने हेतु लूक-छिप रहा था आरोपी को दबिश देकर पकड़कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो आरोपी जितेन्द्र खुरा पहले से ही शादीशुदा है तथा एक 8 वर्षीय बच्चे का पिता भी है। आरोपी द्वारा पीड़िता को धोखे में रखकर अपने शादीशुदा होने की बात छिपाकर पीड़िता को पत्नी बनाने का विश्वास दिलाकर मई 2021 से लेकर 24.07.2023 तक लगातार शारीरिक शोषण करता रहा है। आरोपी को 27.08.2023 के 4.30 बजे विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में रखने माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोविंद यादव के नेतृत्व सउनि. ज्योति बंजारे, म.आर. 953 उषा सिंह, आरक्षक रामप्रसाद कश्यप एवं समस्त थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।



# कलस्टर स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के समापन समारोह में शामिल हुए संसदीय सचिव



**जगदलपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। क्लस्टर स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में नगर निगम एवं बस्तर नगर पंचायत के विभिन्न आयु वर्ग के 800 खिलाड़ियों ने पारंपरिक खेलों में भाग लिया। विजेता खिलाड़ी जिला एवं राज्य स्तर पर भाग लेंगे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मनसा अनुसार हमारे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए यह आयोजन किया गया है। आज छत्तीसगढ़िया स्वाभीमान की लहर चारों ओर दौड़ रही है । शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं राजीव युवा मितान क्लब के जिला संयोजक सुशील मौर्य ने कहा कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक एक माध्यम से हमारे छत्तीसगढ के पारंपरिक खेलों एवं संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद राजेश राय, पार्षद सुनीता सिंह, कमलेश पाठक, अंकित पारख, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सरला तिवारी, विधि विभाग के जिलाध्यक्ष अवधेश झा,इंटक महासचिव विजय सिंह,एस नीला,मोना , सोनिया,सी एम ओ बस्तर कृष्णा राव, राजस्व अधिकारी मिनाक्षी नाग, जितेन्द्र जोशी, रणधीर सिंह,नलिन शुक्ला, अफजल अलि , प्रदीप राव, जोगेंद्र ठाकुर,हसीन अहमद,सरला रथ,माया सिंह, अविनाश सेते,डेविस वासला समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# अपनी ही नर्सरी में पौधा तैयार कर आरापुर में रोप रहे 50 हजार पौधा

## बिना सरकारी मदद के ग्रामीणों ने श्रमदान कर रोपा 35 हजार पौधा

**जगदलपुर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। अपनी ही नर्सरी में तैयार किए गए हज़ारों पौधों का रोपण श्रमदान से ग्रामीण कर रहे हैं। पौधरोपण महोत्सव मनाते हुए शनिवार को बड़े आरापुर में ग्रामीणों ने 35 हजार पौधों का रोपण किया। रविवार को शेष 15 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा । विधिक एवम पर्यावरण कार्य संस्था लीफ और मुंबई की प्रकृति हित संस्था ग्रो ट्री बस्तर में पौधरोपण के क्षेत्र में 20 वर्षों से कार्यरत है। इनकी कंगोली, ककालगुर, संघ करमरी और आसना में खुद की नर्सरी है। यहां संस्था के सदस्य जंगलों से पारंपरिक वृक्षों का बीज एकत्र कर पौध तैयार कर विभिन्न गांवों में श्रमदान से पौधरोपण करते हैं । इतना ही नहीं साल, बीजा, तेंदू, आंवला , चार, आम आदि के एक लाख पौधे आंध्र प्रदेश को दे चुके हैं।



**पहले दिन 35 पौधरोपण**

शनिवार को तोकापाल ब्लॉक के बड़े आरापुर में लीफ संस्था द्वारा पौधों पर महोत्सव मनाया गया। ग्रामीणों ने श्रमदान कर पौधा लगाने यहां 50 हजार गड्ढे खोदे गए हैं। शनिवार को शाम 4 बजे तक 400 ग्रामीणों ने 35 प्रजाति के 35 हजार पौधों का रोपण किया। वहीं शेष 15 हजार पौधों का रोपण रविवार को किया जाएगा। लिफ संस्था के अध्यक्ष अर्जुन नाग ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और वनों को बढ़ाने से ही बस्तर अपने पुराने वैभव को प्राप्त कर सकता है। इस कार्य में ग्रामीणों की भागीदारी बहुत जरूरी है। शनिवार को आयोजित पौध रोपण महोत्सव में बड़े आरापुर के अलावा कुरंदी, संघ करमरी, ककालगुर के ग्रामीण भी शामिल हुए। बताते चले कि लीफ संस्था द्वारा ही गत वर्ष सान देवड़ा और छत्तीसगढ़ तथा उड़ीसा राज्य की सीमा रेखा तय करने वाली कुरंदी नदी के दोनों किनारे विभिन्न प्रजाति के एक लाख पौधों का रोपण, दोनों राज्यों के ग्रामीणों के सहयोग से किया गया था। वहां 80 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। बड़े आरापुर के पौधारोपण महोत्सव में मुख्य रूप से संघ करमरी में 3000 एकड़ जंगल विकसित करने वाले वयोवृद्ध दामोदर कश्यप, वन्य जीव बोर्ड के सदस्य हेमंत कश्यप, परशुराम कच्छ, सोमारू नाग, सुखरूराम बघेल, साधुराम नाग, बड़े आरापुर के पूर्व सरपंच खेमेश्वर सिंह कश्यप, मीराबाई कच्छ, ग्राम पुजारी टेकराय कच्छ, चूमन सिंह कश्यप , सुदर कश्यप, तुलसीराम बघेल, रतन सिंह कच्छ, रति मौर्य, भजन सिंह ठाकुर, समझूं कश्यप, डूठीराम कश्यप आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### किसान सम्मान समारोह में शामिल हुए किस्मतलाल नंद

**सरायपाली,** 27 अगस्त( देशबंधु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक शाखा भंवरपुर में मुख्य अतिथि विधायक किस्मतलाल नंदकिसान सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम में किसानों को पुष्प गुच्छ एवं शाल व गमछा सेसम्मानित किया गया छत्तीसगढ़ सरकार की किसान नीतियो से सभी को स्वालम्बी बनाना पहली प्राथमिकता है द्य जिसमें सरकार ने किसान भाई बहनों के हित मे कई अहम फैसला लिया गया प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही लगभग 19 लाख किसानों का कर्जा माफ किया गया साथ ही किसानों किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिया जा रहा है एवं प्रति एकड़ धान 20 क्विंटल धान खरीदी करने का किसान की हित निर्णय लिया गया साथ ही राज्य में समर्थन मूल्य का धान खरीदी जारी रहेगी इस अवसर पर अध्यक्षता जितेंद्र सिदार अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भंवरपुर , विशिष्ट अतिथि महेंद्र बाघ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, गोकुल चौधरी अध्यक्ष सोसायटी केजुवा, उपाध्यक्ष कृषि उपज मंडी सरायपाली, पूरन पटेल अध्यक्ष सोसायटी भंवरपुर, नीलाकांत पटेल सरपंच प्रतिनिधि भंवरपुर, दुखिश्याम पटेल अध्यक्ष सोसायटी रोहिना, पुरूषोत्तम साहू अध्यक्ष सोसायटी बड़ेसाजापाली, श्रवण पटेल विधायक प्रतिनिधि, कल्याण सिंह सिदार अध्यक्ष सोसायटी लम्बर, मनोज नायक अध्यक्ष सोसायटी उड़ेला, विद्याचरण सिदार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भंवरपुर, बैंक कर्मचारी एवं समस्त किसान समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# माहरा समाज ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया

**जगदलपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। संवैधानिक अधिकारों से वंचित रहे माहरा समाज के लोगों की वर्षों से लंबित मांग को पूरा करते हुए केंद्र की मोदी सरकार द्वारा माहरा जाति को अनुसूचित जाति में सूचीबद्ध करने के निर्णय पर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए माहरा समाज बस्तर संभाग, जिला इकाई बस्तर द्वारा शहर के रोटरी भवन में सौहाद्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उड़ीसा के विधायक नउरी नायक एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक संतोष बाफना सम्मिलित हुए।




इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोगों को संबोधित करते हुए श्री नायक ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी संवेदनशील सरकार ने वर्षों पुरानी समस्या का समाधान किया। माहरा जाति को संवैधानिक रूप से अनुसूचित जाति (एससी) में शामिल करने से समाज के युवाओं को सरकारी नौकरी और शिक्षा ग्रहण करने के साथ ही साथ सभी सरकारी योजनाओं में आरक्षण का लाभ मिलेगा। जिससे समाज और देश आगे बढ़ेगा। श्री बाफना ने कहा कि, देश की समृद्धि एवं विकसित राष्ट्र का स्वरूप भी देश के सभी वर्ग की सकारात्मक सहभागिता पर ही निर्भर है। किसी भी राष्ट्र का विकास तभी संभव है जब विकास प्रक्रिया में सभी वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जाय। मोदी सरकार के प्रयास से माहरा समुदाय के लोग अब संवैधानिक अधिकारों और हकदारियों से वंचित नहीं होंगे। जब वंचित समाज आगे बढ़ेगा तभी देश खुशहाल होगा, इसी परिकल्पना को सिद्ध करते हुए ही प्रधानमंत्री मोदी ने संवैधानिक अधिकारों से वंचित रहे माहरा समुदाय को न्याय दिलाने का कार्य किया है। माहरा समाज के संभागीय अध्यक्ष विनय सोना ने समाज की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप एवं पूर्व विधायक संतोष बाफना का आभार जताया है और कहा कि, निश्चित रूप से इस फैसले से माहरा जाति समुदाय के लोगो को अनुसूचित जाति का आरक्षण मिलेगा जिससे समाज के लोगों का विकास होगा, नौकरी एवं पढ़ाई-लिखाई मे बहुत ज्यादा लाभ मिल पायेगा तथा समाज के पिछड़ेपन दूर हो पायेगा।

# मतदाता पंजीयन हेतु विशेष शिविर का आयोजन

**सरायपाली,** 27 अगस्त (देशबंधु)। कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के आदेशानुसार तथा एसडीएम एवं निर्वाचन रजि. अधिकारी सरायपाली हेमंत रमेश, नंदनवार के निर्देशानुसार विधानसभा सरायपाली अंतर्गत आने वाले समस्त महाविद्यालयों में नये मतदाताओं के पंजीयन हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया गया।

निर्वाचन कार्य के मास्टर ट्रेनर्स सतीश स्वरूप पटेल (बीआरसी सरायपाली), व्याख्याता द्वय शैलेन्द्र कुमार नायक, निर्मल प्रधान को दो दिवसीय शिविर आयोजित कर अलग - अलग महाविद्यालयों में नये मतदाताओं को जागरूक करते हुए पंजीयन करने के लिए जिम्मेदारी दी गयी। ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम पर फॉर्म-6 को भरने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। फॉर्म-6 को भरने के पूर्व की तैयारी अंतर्गत पासपोर्ट साइज फोटो को व्हाइट बैकग्राउंड में फ्रंट प्रोफाइल के साथ, आधार कार्ड की स्व-हस्ताक्षरित फोटोकॉपी, जन्म प्रमाण पत्र के लिए बोर्ड की मार्कशीट स्व-हस्ताक्षरित फोटोकॉपी, अपने परिवार के सदस्य का ईपिक कार्ड की स्व-हस्ताक्षरित फोटोकॉपी, स्वयं का या परिवार के सदस्य का मोबाईल नंबर, ईमेल आईडी, एड्रेस प्रूफ के लिए आधार कार्ड या पैन कार्ड या कोई वैध दस्तावेज को स्कैन करके या फोटो खींचकर मोबाईल पर सुरक्षित करना जरूरी है। इसके पश्चात् च्वोटर हेल्पलाइन एपज् या बूथलेवल ऑफिसर के पास उपलब्ध च्बीएलओ एपज् के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन में नये मतदाताओं को फॉर्म-6 को भरा जा सकता है। इसके अलावा क्रोम ब्राउज़र पर च्राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टलज् के आसान लॉगिन द्वारा भी ऑनलाइन फॉर्म-6 एवं अन्य फॉर्म को भरा जा सकता है। इस प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के जिज्ञासा प्रश्नों के उत्तर भी दिए गये।

शिविर का आयोजन अग्रलिखित महाविद्यालयों एवं प्रशिक्षण संस्थान में किया गया, जिनमें स्व. राजा बीरेंद्र सिंह बहादुर शास. महाविद्यालय - सरायपाली, शास. नवीन महाविद्यालय - बलोदा, रामचण्डी महाविद्यालय - बगाईज़ोर, शास. आईटीआई - सरायपाली, प्रतिभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन - बालसी एवं प्रतिभा आईटीआई - बालसी शामिल हैं। महाविद्यालयों में नियुक्त नोडल अधिकारियों (स्वीप कार्यक्रम) के द्वारा इस कार्य में सहयोग किया जाएगा।

## निधन

### देवऋचा चंद्राकर

**रायपुर,** 27 अगस्त। ग्राम नारा वाले सुरेश चंद्राकर की पुत्री देवऋचा चंद्राकर (प्रिया) का आकस्मिक निधन 27 अगस्त को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निवास अवंति विहार से सुबह 11 बजे तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान होगी। वे लखन, पवन, गोवर्धन, परमानंद चंद्राकर की भतीजी थी।



# अघरिया समाज की बैठक कन्या छात्रावास में संपन्न

**सरायपाली,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्रीय समिति सरायपाली की एक आवश्यक बैठक पैता धाम निर्माण को पूर्ण करने खेमराज पटेल सलाहकार व पूर्व अध्यक्ष अघरिया समाज,नेहरू लाल पटेल अघरिया समाज क्षेत्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में रखी गई थी ।जिसमें 12 परीक्षेत्र के अध्यक्ष सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे सभी उपस्थित जनों ने बैठक में राशि संकलन करने एक ब्लॉक स्तरीय टीम गठित करने सर्व सम्मति से निर्णय लिया ।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सलाहकार खेमराज पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि विगत दिनों बसना विकासखंड के ग्राम पैता में अघरिया समाज के केंद्रीय समिति के द्वारा पैता में बन रहे अघरिया धाम निर्माण को गति देने आवश्यक बैठक आहुत की गई थी, बैठक के दौरान लिए गए निर्णय को क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित पदाधिकारी के सहयोग से ज्यादा से ज्यादा अघरिया धाम निर्माण के लिए राशि संकलन को लेकर चर्चा की गई। आगे उन्होंने कहा कि केंद्रीय समिति के बैठक में दो बिंदुओं पर चर्चा की गई,जिसमें पैता में बन रहे अघरिया धाम के लिए किस तरह से सहयोग कर सकेंगे? कैसे सहयोग करने से अघरिया धाम निर्माण पूर्ण हो सकेगा,जिसके लिए राशि संकलन को लेकर बैठक रखी गई थी, समाज के 36 क्षेत्र को आगामी सत्र मई 2024 तक प्रत्येक क्षेत्र से 20- 20 लाख रुपए संकलन करने लक्ष्य दिया गया है। समाज के द्वारा किए गए कल्पना साकार होते दिख रहा है, समाज की ओर से दिए जा रहे सहयोग राशि का पूर्ण रूप से सदुपयोग हो रहा है, जिसे अवलोकन करने पर पता चलता है की कितनी मजबूती से ग्राम पैता में भगवान कृष्ण के भव्य मंदिर अघरिया धाम का निर्माण हो रहा है। बैठक में यह भी चर्चा हुई की प्रत्येक दिवस राशि संकरण के लिए किसी न किसी गांव में किसी न किसी घर में जाना ही है, भले ही दिन में चार से पांच घर क्यों ना हो लेकिन नियमित रूप से राशि संकलन का कार्य होते रहना चाहिए। राशि संकलन के लिए डोर टू डोर नियमित संकलन करने जाने निर्णय लिया गया है। उन्होंने बसना क्षेत्र के पदाधिकारी के द्वारा किए गए राशि संगठन का जिक्र करते हुए कहा कि बसना क्षेत्र के प्रत्येक गांव के प्रत्येक घरों में राशि संकलन के लिए सामाजिक जन जा चुके हैं इस तरह सरायपाली क्षेत्र में भी राशि संकलन की आवश्यकता है,अघरिया धाम को मूर्त रूप देने के लिए सामाजिक जनों को एकजुट होकर दान राशि संकलन करने नियमित प्रत्येक परिक्षेत्र



**पैता के निर्माणधीन अघरिया धाम के लिए राशि संकलन को लेकर की गई चर्चा**

में जाने और ज्यादा से ज्यादा राशि इकट्ठा करने की बात कही।

कार्यक्रम को क्षेत्रीय अध्यक्ष नेहरू पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय समिति की मीटिंग में लिए निर्णय के आधार पर हमें क्षेत्रीय समिति के अंतर्गत आने वाले परीक्षेत्रीय अध्यक्षो के सहयोग से अधिक से सहयोग राशि इकट्ठा करना है, पैता धाम निर्माण को लेकर सामाजिक जनों से धन राशि इकट्ठा करने ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने की बात कही। आगे कहां की भारत भर में यह पहला ऐसे अघरिया धाम बनेगा जो भारत के अलावा विश्व स्तर में पहचाना जाएगा । समाज के 36 क्षेत्र हैं जिसमें सरायपाली पर सब की निगाह है और सबसे ज्यादा आस केंद्रीय समिति को सरायपाली क्षेत्र से है, इसलिए हमारे क्षेत्र के सामाजिक जनों को एकजुट होकर केंद्रीय समिति के आस अनुरूप पैता धाम निर्माण के लिए ज्यादा से ज्यादा धनराशि इकट्ठा करना होगा। इसी उद्देश्य को लेकर सामाजिक जनों की मीटिंग रखने की बात कही और कहा कि धन राशि इकट्ठा करने सरायपाली क्षेत्र के सभी 12 परिक्षेत्रीय अध्यक्षों को सामाजिक जनों से सलाह- मशवरा कर एक संगठन बनाने की बात कही, जिसमें सभी लोगों को अपनी-अपनी राय देने को कहा । आगे कहा कि किसी भी दानदाताओं के दिल को बिना ठेस पहुंचाये स्वेच्छा से ज्यादा से ज्यादा राशि दान देने के लिए प्रेरित करने की बात कही ।अगर दानदाता ?51000 से अधिक राशि दान करता है,तो उनका नाम शिलालेख में भी उल्लेख किया जाएगा।

**कार्यक्रम के दौरान ये रहे उपस्थित**

बैठक के दौरान फुलझर अघरिया विकास समिति के अध्यक्ष गंगाराम पटेल, कोषाध्यक्ष लवकुमार पटेल,संयोजक प्यारेलाल पटेल, डोलचंद पटेल,सचिव रामेश्वर पटेल,पाटसेंद्री परिक्षेत्र से कामता पटेल, सरायपाली से भोलानाथ नायक, परसदा से शोभाराम चौधरी, बिरकोल से शंकरलाल नायक,सिरपुर से धनीराम पटेल,बेलमुंडी से हेमसागर पटेल, चारभांठा से हृदय नायक, बटकी से श्याम लाल पटेल, केदुंआ से बलिराम पटेल व छुईपाली परिक्षेत्र से गंगाराम पटेल, दरशराम पटेल,मीडिया प्रभारी रामकुमार पटेल आदि उपस्थित थे।

**चंद्रयान-3 की चांद पर सफल लैंडिंग में ज्ञानेंद्र का महत्वपूर्ण योगदान, दी बधाई**

बैठक के दौरान समाज के गौरव सिंघनपुर निवासी वरिष्ठ वैज्ञानिक ज्ञानेंद्र कश्यप चंद्रयान 3 के चांद पर सफल लैंडिंग में इनका भी महत्वपूर्ण योगदान होने पर उन्हें सामाजिक जनों की ओर से बधाई दी गई।

# युकां आमजनों से साझा कर रहे भूपेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



**जगदलपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार बस्तर जिला युवा कांग्रेस जगदलपुर अध्यक्षा अजय बिसाई के निर्देश पर 26 अगस्त को ग्राम पंचायत पुसपाल एवं आश्रित ग्राम जोजल क्षेत्र में ग्रामवासियों के समक्ष भूपेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा कर (भूपेश है तो भरोसा है) हितग्राही कार्ड भरवाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से युवा कांग्रेस नेता व पंचायत प्रतिनिधि आसना रोहित पानीग्राही , एनएसयूआई प्रदेश महासचिव मनोहर सेठिया , युवा नेता पुसपाल किशोर सेठिया ,युवा नेता पंकज सेठिया जी,रतन लाल नेताम ,ऋषभ सेठिया जी, मंगडू नाग, यश पटेल,जय ध्रुव्र, मनोज कश्यप आदि युवा साथीगण मौजूद रहे।

# प्रत्याशी कोई भी हो, भाजपा की जीत तय : मांझी

**दंतेवाड़ा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा विधानसभा में भाजपा का प्रत्याशी कोई भी हो, जीत तय है। यह यहां का माहौल बता रहा है। यही नहीं प्रदेश में भी परिवर्तन की लहर है और भाजपा की शानदार वापसी हो रही है। यह मानना है, ओड़िसा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष मोहन चरण मांझी का। श्री मांझी इन दिनों भाजपा संगठन के विधायक प्रवास योजना के तहत दंतेवाड़ा में संगठन को मजबूती देने आये हैं। श्री मांझी हफ्ते भर के प्रवास पर थे और आज अंतिम दिन उन्होंने पत्रकारों से मुलाकात की।

श्री मांझी ने बताया कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओर से जीत का गुरू मंत्र स्थानीय संगठन को देने आए हैं। यहां के सभी सातों मंडल का उन्होंने दौरा किया और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से भेंट की। सभी में जबरदस्त उत्साह है और एक बार फिर दंतेवाड़ा में कमल खिलने वाला है। दंतेवाड़ा विधानसभा से दावेदारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि आधा दर्जन से ज्यादा दावेदार आए हैं। सभी से रायशुमारी हुई है और सर्वाधिक जीतने लायक दावेदार को टिकट मिलेगी। सभी में इस बात पर सहमति है कि टिकट चाहे किसी को भी मिले सभी मिलकर काम करेंगे। भाजपा की जारी होने वाली उम्मीदवारों की दूसरी सूची में बस्तर के अधिकतर सीटों के नाम तय हो जायेंगे।

प्रदेश में ईडी की छापेमारी के मामले में श्री मांझी ने कहा कि ईडी अपना काम कर रही है, इस पर केन्द्र सरकार का दखल नहीं है। ओड़िसा सहित दूसरे प्रदेशों में भी ईडी के छापे पड़ते हैं। छत्तीसगढ़ में ही ज्यादा हल्ला हो रहा है। सीबीआई भी सभी जगह कार्रवाई करती है। जहां भ्रष्टाचार की शिकायत मिलेगी, वहां कार्रवाई होगी। इसी दौरान पत्रवार्ता में मौजूद भाजपा जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने जोर देकर कहा कि दंतेवाड़ा में भी चुनाव से पहले ईडी आएगी, क्योंकि यहां भ्रष्टाचार के कई मामले हैं। श्री मांझी ने आगे बताया कि प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों पर अलग-अलग राज्यों के 53 भाजपा विधायक प्रवास पर हैं। सभी को रायपुर में पहले ट्रेनिंग दी गई और



- विधानसभा के प्रवास पर ओड़िसा विस के नेता प्रतिपक्ष
- ईडी की कार्रवाई में केन्द्र का दखल नहीं चुनाव से पहले दंतेवाड़ा भी आएगी ईडी : धीरेन्द्र

उसके बाद उन्हें फिल्ड में भेजा गया है। उन्होंने कहा कि रायपुर से जगदलपुर और दंतेवाड़ा आते तक पूरे वातावरण में बदलाव की लहर दिखी। कांग्रेस ने घोषणा पत्र में किये अपने वादे पूरे नहीं किये, इससे लोगों में बेहद नाराजगी है। दंतेवाड़ा में विधायक और प्रदेश में सरकार बदलने लोग चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार ने केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को द्वेष के चलते पूरा नहीं किया। पीएम आवास और जल जीवन मिशन में गड़बड़ी की, जिससे हितग्राहियों को उसका फायदा नहीं मिला। श्री मांझी ने बताया कि दंतेवाड़ा जिले में भी भ्रष्टाचार चरम में है। डीएमएफ में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायतें मिली हैं। लगभग साढ़े 6 सौ करोड़ डीएमएफ में मिले, लेकिन उसका बंदरबांट हो गया और शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क जैसी सुविधाएं आदिवासी ग्रामीणों को नहीं मिली। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के धान, किसान और छत्तीसगढ़िया वाद का भाजपा के पास क्या विकल्प है ? इस सवाल पर ओड़िसा के विधायक ने सीधा जवाब नहीं दिया और सवाल को जिला भाजपा चैतराम अटामी की ओर शिफ्ट कर दिया। श्री अटामी ने कहा कि धान और किसान के मुद्दे पर लोगों से चर्चा कर घोषणा पत्र में इसे बेहतर ढंग से शामिल किया जाएगा। धान खरीदी में केन्द्र सरकार का भी योगदान है। इसे कांग्रेस केवल अपने स्तर पर श्रेय लेकर राजनीति कर रही है। श्री मांझी ने कहा कि चूंकि वे भाजपा के विधायक हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा और रूकने का उचित इंतजाम स्थानीय स्तर पर नहीं किया गया। सामान्य प्रोटोकाल और शिष्टाचार का भी पालन नहीं किया गया। पत्रकार वार्ता में पूर्व जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश पदाधिकारी श्रीमती ओजस्वी मंडावी, दंतेवाड़ा जनपद उपाध्यक्ष जयदयाल नागेश भी उपस्थित थे।

# राखी से पहले होटल व मिठाई दुकानों की जांच

**दंतेवाड़ा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। राखी त्यौहार को देखते हुए कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा विभिन्न होटलो, मिठाई की दुकानों, किराना दुकानों, नमकीन नवनिर्माता व्यापारियों के परिसर का निरीक्षण किया गया एवं विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया।

मिठाई की दुकानों में निरीक्षण के दौरान खुली मिठाई के ऊपर निर्माण एवं एक्सपायरी तिथि अनिवार्यत: उल्लेख करने सभी को निर्देश दिया गया। इस दौरान दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न स्थानों गीदम, दंतेवाड़ा, बचेली, किरंदुल, बारसूर, नकुलनार आदि क्षेत्रों के खाद्य परीसरों का निरीक्षण किया गया एव चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सैंपल जैसे पेड़ा, बर्फी जलेबी, पनीर, दूध, दही, नमकीन, आटा, बेसन, मैदा, सूजी, दूध से बनी मिठाइयां आदि की तुरंत जांच की गई। निरीक्षण एवं सैपलिंग के दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा कुल 61 सैंपल विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से लिया। निरीक्षण एवं सैपलिंग के दौरान जो भी खाद्य पदार्थ उपयोग के अनुकूल नहीं पाया गया एवं अमानक पाया गया, उन्हें तुरंत नष्ट करवाया गया तथा संबंधित व्यापारी का नोटिस जारी करते हुए चेतावनी भी दी गई की गलती दोबारा पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही एवं लाइसेंस निलंबित भी की जाएगी। खाद्य प्रतिष्ठान जिनके पास खाद्य लाइसेंस नहीं पाया गया था, एक्सपायर होना पाया गया। उन्हें नोटिस जारी कर आवेदन हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान विभिन्न व्यापारियों को कुल 13 नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान नमूना परीक्षण हेतु पूनम होटल किरन्दुल से कलाकंद, विधान होटल किरंदुल से खोवा, जे. एम.डी. स्वीट्स बचेली से खोवा, राजस्थान बीकानेर बचेली से लाल पेडा, बाबा होटल बचेली से खोवा एवं लाल पेडा, जे. एम.डी. स्वीट्स गीदम से खोवा, लखन होटल से बर्फी, पवन स्वीट्स एण्ड नमकीन ऑवराभाटा, देवभोग स्वीट्स, गुप्ता स्वीट्स, राजस्थान स्वीट्स, बीकानेर ऑवराभाटा से लड्डू, कलाकंद, बर्फी, रसगुल्ला, मलाई पेड़ा, काजू कतली का नमूना परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भी भेजा गया। जांच उपरांत प्राप्त रिपोर्ट अनुसार नमूना जांच में यदि अमानक पाया जाएगा तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी एवं प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुष्मित देवांगन, नमूना सहायक प्रशांत सलाम एवं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के स्टाफ लैब टेक्निशियन की टीम उपस्थित रहे।



- अमानक खाद्य सामग्री पर 13 व्यापारियों को नोटिस
- निर्माण व एक्सपायरी डेट अनिवार्यत: लिखने के निर्देश

# अचानक चौपाटी पहुंची विधायक गोलगप्पे-चाट का चखा स्वाद, व्यापारियों का जाना हालचाल



**भानुप्रतापपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी शनिवार की शाम भानुप्रतापपुर स्थित चौपाटी पहुंची यहां उन्होंने चाट और गोल गप्पे का स्वाद भी चखा।इस दौरान वे सभी व्यापारियों का कुशलक्षेम जाना और काफी लंबी चर्चा की। व्यपारियों के व्यापार से लेकर उनकी समस्याओं और नगर के विकास पर चर्चा की उन्होंने व्यपारियों से पूछा कि भानुप्रतापपुर नगर में कैसे विकास कार्य हो रहा है। किस तरह की समस्या है। व्यपारियों की क्या मांग है या परेशानी है। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों सरकार की योजनाओं के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान व्यपारी भी विधायक को अपने बीच पाकर काफी खुश नजर आए। इस दौरान उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुनाराम तेता,दीपक गजेंद्र,एल्डरमैन नमन जैन,मोहन मंडावी भी मौजूद रहे।

# नि:संतान नि:शुल्क शिविर का दंपत्तियों ने उठाया लाभ

**भानुप्रतापपुर,** 27 अगस्त। भानुप्रतापपुर नगर में नि:संतान दंपतियों के लिए शनिवार को निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया।एसएमसी अस्पताल रायपुर के सहयोग से आयोजित शिविर में निशुल्क परामर्श दिया गया।सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक 43 दंपतियों ने शिविर का लाभ उठाया।डॉक्टर प्रज्ञा सूर्यवंशी ने बताया दंपतियों को चिकित्सीय परामर्श दिए और निस्संतानता से जुड़ी बीमारियों के आधुनिक उपचारों के बारे में सुझाव दिया। उन्होंने मरीजों की काउंसिलिंग की और समझाया कि ऐसे दंपति सही प्रक्रिया अपनाकर मातृत्व-पितृत्व सुख प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एसएमसी अस्पताल में एक छत के नीचे उपचार उपलब्ध हैं। नि:संतान दंपतियों के लिए आधुनिक आईवीएफ सेंटर है। वे यहां समुचित उपचार लेकर घर में शिशु की किलकारियां सुनने का सुख प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. सूर्यवंशी ने कहा कि नि:संतान दंपतियों के लिए मेडिकल साइंस में कई आधुनिक उपचार आ चुके हैं। उन्हें सामाजिक भ्रांतियों और अंधविश्वासों को त्यागकर योग्य चिकित्सकों से परामर्श लेना चाहिए। मेडिकल साइंस में उपलब्ध आधुनिक तकनीक व उपचार को अपनाकर गर्भधारण करने के उपाय करने चाहिए। शिविर में ऐसी महिलाएं जिनको ओवरी में अंडों की कमी, ओवरी में सिस्ट (एंडोमेट्रियोसिस), फैलोपिन ट्यूब का जाम होना, बच्चेदानी में टीबी/गांठ, बार-बार गर्भपात होना, दो-तीन बार आईवीएफ असफल होने जैसी समस्याएं थीं,उन्हें ने परामर्श व उपचार दिया। ऐसे पुरुष जिन्हें कम शुक्राणु, शुक्राणुओं का न होना व शुक्राणुओं की खराब गुणवत्ता की परेशानी की शिकायत थी, उन्हें भी चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।



# हाटकर्रा में कबाड़ से जुगाड़ व क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**भानुप्रतापपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। संकुल केंद्र हाटकर्रा में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संकुल के समस्त शालाओं और चयनित बच्चों ने भाग लिया। बच्चों में विज्ञान के अविष्कार,खोज,अन्वेषण के प्रति जिज्ञासा बढ़ाने और घर के अनुपयोगी वस्तुओं का प्रयोग कर जुगाड़ से उन्हें उपयोगी बनाने के लिए प्रेरित करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था। च्ज्ञिज प्रतियोगिता से बच्चों में वैज्ञानिक सोच तथा तार्किकता लाना,बच्चों के झिझक को दूर करने का प्रयास किया गया।

# सामाजिक जनगणना फॉर्म जमा करने हेतु अंदकुरी गांडा समाज जिला स्तरीय बैठक



**कोण्डागांव,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। सामाजिक जनगणना फॉर्म जमा करने हेतु अंदकुरी गांडा समाज जिला स्तरीय बैठक ब्लॉक फरसगाँव में संपन्न हुआ।

जिसमें समस्त मंडल से सामाजिक जनगणना फॉर्म भरकर जिला स्तरीय बैठक रखकर 26 अगस्त 2023 दिन शनिवार को अंदकुरी गांडा समाज जिला कोंडागांव के ब्लॉक फरसगाँव में सामाजिक जनगणना फार्म को जमा किया गया, अंदकुरी गांडा समाज समन्वय समिति जिला कोंडागांव के द्वारा अपने समाज की जनसंख्या को जानने के लिए सामाजिक जनगणना फॉर्म समस्त मंडल स्तर में वितरित कर समस्त अपने समाज के लोगों को जनगणना फॉर्म भरे जाने हेतु एक महीना पूर्व ही सूचित किया गया था। अपने-अपने मंडल से पूरे जिले के अंदकुरी गांडा समाज मंडल को उसका दायित्व दिया गया था। उस दायित्व का निर्वहन कर उसे मंडल से ब्लॉक स्तर ब्लॉक से जिला स्तर बैठक रखकर सामाजिक जनगणना फॉर्म को जमा किया गया। आज तक इस जिला में ऐसा नहीं हुआ था कि कोई भी समाज अपने लोगों की जनसंख्या को जाने परंतु आज अंदकुरी गांडा समाज अपने समाज में कितने लोग निवास रत हैं उसका जानकारी हासिल कर अपने प्रांतीय कमेटी को सौंप रहे हैं। इस बैठक में प्रांतीय सचिव अनिल कोर्राम, जिला अध्यक्ष करन कोर्राम, जिला सचिव बुधमन कुलदीप, युवा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र बघेल, प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य, जिला कार्यकारणी सदस्य, सातों ब्लॉक के अध्यक्ष वरिष्ठ प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं की आय बढ़ाने डैनेक्स की अहम भूमिका : प्रदीप



- मुख्यमंत्री के सलाहकार ने फैक्ट्री का किया अवलोकन
- बेहतर कार्य करने महिलाओं का बढ़ाया उत्साह

**दंतेवाड़ा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के सलाहकार योजना नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा ने अपने एक दिवसीय दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान डैनेक्स फैक्ट्री का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने फैक्ट्री पहुंच पूरे परिसर में भ्रमण कर यहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया साथ ही यहां कार्यरत महिलाओं से भी चर्चा की।

श्री शर्मा ने दीदियों से उनके मासिक पारिश्रमिक वेतन के संबंध में एवं कार्यरत महिलाओं से आवागमन सहित अन्य व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। श्री शर्मा ने फैक्टरी में कार्यरत महिलाओं को बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि डैनेक्स में कार्यरत दीदियों के चेहरे की मुस्कान ये बयां करती हैं कि वे अपने काम से बहुत खुश हैं आदिवासी के हित में डैनेक्स गारमेंट फैक्ट्री का शुरू होना ये साबित करता है कि ग्रामीण महिलाएं भी व्यवसाय के हर क्षेत्र में अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं। जिले में ज्यादा से ज्यादा आदिवासी ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अन्य स्थानों पर भी मांग अनुसार डैनेक्स गारमेंट फैक्ट्री शुरू करने की योजना भी बनाई जा रही है। इससे अधिक से अधिक लोगों को स्थानीय क्षेत्र में ही रोजगार मिल सकेगा।

वर्तमान में जिले में विभिन्न स्थानों हारम, कारली, बारसूर, कटेकल्याण एवं छिंदनार में कुल 5 जगह फैक्ट्री संचालित है। इसमे कपड़ो की सिलाई होती हैं। डैनेक्स नवा दंतेवाड़ा गारमेंट फैक्ट्री अंतर्गत लगभग 800 महिलाएं कार्यरत है जो प्रतिमाह 7 से 12 हजार रुपये तक आय अर्जित कर रही हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम दंतेवाड़ा शिवनाथ बघेल, एसडीएम गीदम अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा पर्यवेक्षक ने कार्यकर्ताओं से की रायशुमारी

## टिकट के दावेदारों की भी गहराई नाप गए



**भानुप्रतापपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में रायशुमारी का दौर शुरू हो चुका है। टिकट के दावेदार बायोडाटा बना कर जहां-तहां पहुंचा रहे हैं। विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत प्राप्त करने के लिए बीजेपी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। यही वजह है कि पहली बार पार्टी ने चुनाव के करीब दो-तीन माह पूर्व से ही प्रत्याशी चयन का कार्य शुरू कर दिया है। चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिताऊ प्रत्याशी का चयन करने की कवायद शुरू कर दिया गया है। कांकेर विधानसभा के लिए प्रत्याशी घोषित करने के बाद भानुप्रतापपुर और अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रत्याशी चयन करने के लिए बीजेपी द्वारा नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक पूर्व राजस्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे शनिवार को भानुप्रतापपुर आए और विधानसभा क्षेत्र के पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की। श्री पांडे ने अंतागढ़ और भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से पहुंचे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से ग्रुप के माध्यम से मुलाकात कर प्रत्याशी चयन के लिए उनकी राय जानी। इस दौरान दावेदार भी उनसे मुलाकात कर विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित करने की मांग रखी।

# धर्मानगरी संबलपुर में अखंड रामायण पाठ का समापन



**भानुप्रतापपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर संबलपुर के सिद्ध श्री गणेश स्वामी मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन महीने में अखंड रामायण पाठ का प्रयोजन कर्ता शंकर लाल जी राठी एवं राठी परिवार संबलपुर के द्वारा करवाया गया,जिसका आयोजन कर्ता सिद्ध श्री गणेश स्वामी मंदिर समिति संबलपुर द्वारा किया गया। अखंड रामायण पाठ का प्रारंभ संस्कृति माहिला मंडली एवं गणेश मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा शुरूआत किया गया। इसके बाद टांडिया परिवार शांतिपारा एवं केशव यादव ग्रुप, हल्बापारा मंडली,बस्तर सेना ग्रुप, कुम्हारपारा ग्रुप, महेश्वरी महिला मंडली, एवं शिव शक्ति महिला मानस मंडली व मंदिर समिति के सदस्यों व नगर के धार्मिक आस्था रखने वाले समस्त माता ,बहनों, भाइयों का अभूतपूर्व सहयोग से अखंड रामायण पाठ का किया गया। पंडित पवन मिश्रा के द्वारा पूरे विधि विधान से हवन आरती कर आयोजन कर्ता के द्वारा महाप्रसादी वितरण कर अखंड रामायण का समापन किया गया।

# 80 तीर बम के साथ सुकमा का नक्सली गिरफ्तार



**दंतेवाड़ा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। नक्सल विरोधी अभियान के तहत पुलिस ने अरनपुर क्षेत्र से एक नक्सली को आज गिरफ्तार किया। उसके पास से तीर बम व विस्फोट सामग्री बरामद की गई।

नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी एवं बस्तर फ़ाईटर्स दन्तेवाड़ा तथा सीआरपीएफ़ 111 वी वाहिनी अरनपुर कोंडापारा का संयुक्त बल थाना अरनपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नहाड़ी, छोटेहिड़मा, गुमोड़ी एवं पोरों ककाड़ी के जंगल पहाड़ी की ओर रवाना किया गया था। इसी दौरान आज सुबह नहाड़ी व छोटेहिड़मा के बीच जंगल पहाड़ी में पुलिस पार्टी को देखकर 1 संदिग्ध व्यक्ति भागने व छिपने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम हेमला नंदा बताया। वह गुमोड़ी थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा का रहने वाला है और नक्सल संगठन में गुमोडी डीएकेएमएस सदस्य के पद पर कार्य कर रहा था। इसके कब्जे से 2 काला रंग का पिट्ठू बैग जिसमे 80 नग तीर बम, 1 जिलेटिन रॉड, 2 डेटोनेटर, फ्यूज वायर, मल्टीमीटर, बैटरी, टाइगर बम, लाल रंग का कपड़ा, पाम्प्लेट और नक्सली साहित्य को बरामद किया गया। इस नक्सली के विरूद्ध थाना अरनपुर में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम व छत्तीसगढ़ विशेष जनसुरक्षा अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा जिले में बस्तर आईजी पी. सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ विकास कठेरिया, एसपी दंतेवाड़ा गौरव राय के मार्गदर्शन और एडिशनल एसपी आरके बर्मन के निर्देशन में जारी नक्सल विरोधी अभियान को लगातार कामयाबी मिल रही है।

- दंतेवाड़ा पुलिस और सीआरपीएफ की कार्रवाई
- अरनपुर के जंगलों में सर्चिंग के दौरान पकड़ा गया

# शा. उमावि भानबेड़ा में आकर्षण का केन्द्र रहा चंद्रयान-3 का मॉडल



**भानुप्रतापपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2023- 24 के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानबेड़ा में विज्ञान- गणित क्लब के तत्वाधान में कबाड़ से जुगाड़ थीम को लेकर मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन शनिवार को किया गया। उक्त प्रदर्शनी में कक्षा छठवीं से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने समूह- समूह में अलग-अलग मॉडल का प्रदर्शन किया विज्ञान के मॉडल श्वसन तंत्र, पाचन तंत्र ,मानव शरीर की संरचना, वाटर हार्वेस्टिंग, डीएनए की संरचना ,गति का नियम, आदि गणित के मॉडल जैसे त्रिभुज के प्रकार ,कोण के प्रकार, चिन्हो का जोड़ना और घटना, ज्यामिति आकृतियां, और अन्य मॉडल जैसे संज्ञा के प्रकार, हिंदी वर्णमाला, ज्वालामुखी आदि का छात्र-छात्राओं के द्वारा चलित रूप में तथा रेखा- चित्र के द्वारा समझाकर प्रदर्शन किया गया। चंद्रयान-3 का मॉडल सभी मॉडलों में विशेष आकर्षण का केंद्र बना।

**उल्टा पुल्टा**

पत्नी - मैं बचूंगी नहीं, मर जाऊंगी...
पति - मैं भी मर जाऊंगा।
पत्नी - मैं तो बीमार हूं इसलिए मर जाऊंगी, तुम क्यों मर जाओगे?
पति - क्योंकि, मैं बर्दाश्त नहीं कर पाऊंगा!

## संपादकीय

## सामाजिक-आर्थिक स्थिति की यह तस्वीर

*छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा काए गए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण में राज्य में 15 लाख परिवार ऐसे मिले हैं, जिनके पास शौचालय की सुविधा नहीं है। यह हाल तब है जब स्वच्छ भारत मिशन की उपलब्धियों में राज्य को खुले में शौच मुक्त यानी ओडीएफ घोषित किया जा चुका है। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस स्थिति पर प्रधानमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया है और इन परिवारों के लिए सहायता की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में पिछली सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत खर्च किए गए 4 करोड़ रूपए की राशि का दुरूपयोग होने की बात करते हुए केन्द्रीय एजेन्सी से जांच की मांग भी की है। केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन का लक्ष्य ही सभी घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर पूरी मानव आबादी को खुले में शौच मुक्त यानी ओडीएफ घोषित करना है। छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसे परिवारों का पता लगाने के लिए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कराया है जो बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना कर रहे हैं। इसी सर्वेक्षण में 15 लाख परिवार ऐसे मिले हैं, जिनके पास शौचालय की सुविधा नहीं है। इस सर्वेक्षण के पूरे आंकड़े ओर इन आंकड़ों के विश्लेषण के बाद राज्य सरकार इन परिवारों के लिए योजनाएं तैयार करेगी। वर्ष 211 के बाद देश में जनगणना नहीं हुई। अब तक 221 की जनगणना पूरी हो जानी थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण यह संभव नहीं हो पाया। इस समय सरकार की जो योजनाएं चल रही है वे 12 साल पहले की जनगणना पर आधारित हैं। इन वर्षों में आर्थिक-सामाजिक स्थितियां काफी बदल चुकी हैं। राज्य सरकार ने अपने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण में इसका आंकलन कराया है। सरकार की योजना उन परिवारों को भी सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिनका 211 की जनगणना पर आधारित गरीबों की सूची में नाम नहीं है। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास का मुद्दा एक बड़ी राजनीतिक मुद्दा बना हुआ है। विपक्ष का राज्य सरकार पर आरोप है कि उसने केन्द्र द्वारा स्वीकृत प्रधानमंत्री आवासों के लिए राज्यांश की राशि नहीं दी जिसके कारण राज्य में हजारों आवासहीन परिवारों के लिए आवासों का निर्माण नहीं हो सका। इन आरोपों पर राज्य सरकार का कहना है कि आवास निर्माण की प्रगति छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्यों से अच्छी है और आवासों को पूरा करने का काम तेजी से चल रहा है। इन मुद्दों की चर्चा इसलिए भी इस समय महत्वपूर्ण हो गई है, क्योंकि राज्य में कुछ माह बाद ही चुनाव होने वाले हैं। आम जनता चुनावों में सहकारों का कामकाज परखती है और नतीजों के रूप में अपनी राय जाहिर करती है। वर्ष 218 के चुनावों में देखा गया कि किस तरह जनता ने 15 वर्षों तक सत्ता में रही भाजपा को धूल चटा दी। 15 वर्षों बाद सत्ता संभालने वाली कांग्रेस की सरकार को काम करने का बड़ा मौका दिया। उसके 68 विधायक चुनकर आए थे। सरकार के कामकाज के आधार पर कांग्रेस आगामी चुनावों में एक और बड़ी जीत की उम्मीद लगाए बैठी है। उसने 75 पार का लक्ष्य रखा है। सरकार ने धरातल पर काम करने की कोशिश की है और उसकी विकास की परिकल्पनाओं में वह वर्ग प्राथमिकता में है जो सामाजिक-आर्थिक रूप में पिछड़ा हुआ है। उसका सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण इसी उद्देश्य से प्रेरित है।*

**विधानसभा चुनाव-2023**

# चुनावी रण में डिजिटल जंग के लिए राजनीतिक दल तैयार

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2023 के लिए राजनीतिक दलों का डिजिटल वॉर रूम तैयार है। यह चुनाव जितना ज़मीन पर लड़ा जाएगा। उससे ज़्यादा प्रतिस्पर्धा इंटरनेट मीडिया पर होगी। दोनों प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और बीजेपी ने यहां अपना डिजिटल वॉर रूम तैयार कर लिया है। इसके अलावा तीसरे मोर्चे में आम आदमी पार्टी, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस और अन्य दलों ने भी व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर लोगों को जोड़ने का अभियान तेज कर दिया है।

**दूसरे राज्यों से आए एक्सपर्ट**

दिल्ली, मुंबई, पुणे जैसे शहरों के तकनीकी विशेषज्ञों के साथ इंजीनियर और प्रोफेशनल्स को तैनात किया गया है। जो हर मुद्दे पर इंटरनेट मीडिया पर हमले के लिए तैयार हैं और कर रहे हैं। इसके अलावा विभिन्न आईटी कंपनियों से भी सेवाएं ली जा रही हैं। डिजिटल प्रचार के साथ इंटरनेट मीडिया विपणक, डिजिटल मार्केटिंग प्रबंधक, प्रभावशाली व्यक्ति, सामग्री रणनीतिकारों की भूमिका बढ़ गई है।




**कांग्रेस का वॉर रूम है राजधानी में**

यहां कंटेंट क्रिएशन किया जा रहा है। संस्था के माध्यम से 20 हजार व्हाट्सएप ग्रुप बनाए गए हैं। ट्विटर के लिए ट्रेंडिंग मुद्दे। कांग्रेस के सभी 28 प्रकोष्ठ जिला कांग्रेस और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के साथ समन्वय में काम करते हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी आईटी सेल एवं सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष जयवर्धन बिस्सा ने कहा कि इंटरनेट मीडिया के माध्यम से प्रदेश के 30 लाख लोगों तक पहुंच चुके हैं। इस लक्ष्य को 60 लाख लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में करीब 90 लाख यूजर हैं। इनमें वाट्सएप, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम और ट्वीटर के यूजर भी शामिल हैं।

**बीजेपी ने विधानसभा स्तर पर बनाई टीम**

प्रदेश बीजेपी सोशल मीडिया के प्रदेश सह संयोजक मिथुल कोठारी ने बताया कि विधानसभा स्तर पर 10 सदस्यीय टीम है। इसके अलावा जिला स्तर पर टोलियां गठित की गई हैं।

अब तक 50 लाख तक लोग इंटरनेट मीडिया से जुड़ चुके हैं। इंटरनेट मीडिया में प्रचार के लिए बीजेपी ने यूट्यूब, फेसबुक, लिंक्डइन, इंस्टाग्राम, जीमेल, व्हाट्सएप मैसेज ग्रुप, टेलीग्राम, सिग्नल और ट्विटर का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। किस तरह का प्रचार, कौन सा पोस्टर, वीडियो या फिर कौन सा कंटेंट दिखाना है।

ये योजना बनाकर डिजिटल माध्यम से मतदाताओं तक पहुंचाया जा रहा है। जुलाई में बीजेपी ने इंटरनेट मीडिया पर 645 पोस्ट डालीं। इसमें एक लाख 21 हजार 810 आम लोगों ने भी दूसरों के साथ साझा किया। प्रति पोस्ट औसत शेयर 200 से ज्यादा है। कुछ पोस्ट को तीन हजार से ज्यादा लोग शेयर कर रहे हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 'सकारात्मक परिवर्तन वर्ष' का छत्तीसगढ़ में 31 को करेंगी शुभारंभ



- **समारोह में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री भी उपस्थित रहेंगे**
- **प्रत्येक व्यक्ति को प्रोटोकाल के अनुसार पंजीयन करना होगा**
- **समारोह में शामिल होने आधार कार्ड और फोटो लगा प्रवेश पत्र जरूरी**

**रायपुर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के वार्षिक परियोजना सकारात्मक परिवर्तन वर्ष का छत्तीसगढ़ में शुभारम्भ करने राष्ट्रपति रायपुर आएंगी। इस अवसर पर 31 अगस्त को सुबह 11.50 बजे ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर रायपुर में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया है। समारोह में राज्यपाल बिश्वभूषण हरिचन्दन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी उपस्थित रहेंगे।

यह जानकारी देते हुए रायपुर सेवाकेन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बतलाया कि समारोह में भाग लेने के लिए माउण्ट आबू से संस्थान के कार्यकारी सचिव ब्रह्माकुमार मृत्युजंय भाई रायपुर आएंगे। समारोह में इन्दौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, भिलाई केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, शिक्षाविद सेवा प्रभाग की एडीशनल डायरेक्टर बीके लीना दीदी, न्यायविद सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक बीके नथमल भाई भाग लेंगे।

सकारात्मक परिवर्तन से आशय एक ऐसे सामाजिक और आध्यात्मिक परिवर्तन से हे जो कि सभी के लिए लाभकारी सिद्ध हो। यही व्यक्ति निर्माण, राष्ट्र निर्माण और विश्व निर्माण की प्रक्रिया है। इस कार्य में हम सभी को अपना योगदान देना होगा। सकारात्मक सोच से ही समाज में बदलाव आएगा।

समारोह में भाग लेने के लिए राष्ट्रपति के प्रोटोकाल के अनुसार हरेक प्रतिभागी को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। जिसके बाद उन्हें फोटो लगा हुआ प्रवेश पत्र दिया जाएगा। उस फोटोयुक्त प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड लाने पर ही उन्हें समारोह में प्रवेश की अनुमति होगी। यह प्रवेश पत्र केवल एक व्यक्ति के लिए मान्य होगा। समारोह में डेढ़ घण्टा पहले आना होगा। साथ में मोबाईल, बैग और ब्रीफकेस लाने की अनुमति नहीं होगी।

# राजधानी में डेंगू का कहर दो मरीजों की मौत

**रायपुर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में इस सीजन में डेंगू संक्रमित दो लोगों की मौत का मामला सामने आया है। समता कालोनी निवासी 55 वर्षीय अजय अग्रवाल की विगत कुछ दिनों से तबीयत खराब थी। स्वजन डेंगू का इलाज एक निजी अस्पताल में करा रहे थे। डाक्टरों ने शनिवार को तबीयत ज्यादा खराब होने पर देवेंद्रनगर स्थित श्री नारायणा अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। स्वजन ने निजी अस्पताल पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। श्री नारायणा अस्पताल के डा युवराज खेमका ने बताया कि दूसरे अस्पताल से रेफर होकर डेंगू पीड़ित मरीज भर्ती हुआ था। ऐसे ही कुशालपुर निवासी डेंगू पीड़ित एक 45 वर्षीय युवक की मौत हुई है। हालांकि घटना 15 अगस्त की बताई जा रही है। डेंगू पीड़ित युवक का इलाज रिंग रोड.1 भाठागांव स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा था। अस्पताल संचालक ने तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर एम्स रेफर कर दिया। एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। इधर जिला मलेरिया अधिकारी डा विमल किशोर राय का कहना है कि रायपुर में अभी तक डेंगू से एक भी व्यक्ति की मौत नही हुई है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि समता कालोनी और कुशालपुर के पीड़ित की मौत किन कारणों से हुई है।

**डीएमई भी डेंगू संक्रमित**

चिकित्सा शिक्षा संचालक डा विष्णु दत्त भी डेंगू की चपेट में आ गए हैं। करीब छह दिनों से उनका इलाज अंबेडकर अस्पताल में चल रहा है। विगत एक सप्ताह पहले तबीयत खराब होने पर डा विष्णु दत्त ने आंबेडकर अस्पताल में जांच कराया। डाक्टरों ने जांच कराया तो डेंगू संक्रमित पाए गए। डीएमई के इलाज में डाक्टर जुटे हुए हैं।

# नवा रायपुर में बनेगा शहीद स्मारक

- **कमर्शियल हब, एरो सिटी व शहीद स्मारक के निर्माण कार्यों का शिलान्यास-भूमिपूजन 6 को**

**रायपुर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। नवा रायपुर की तीन बड़ी परियोजनाओं के भूमिपूजन-शिलान्यास की तैयारी चल रही है। सीएम भूपेश बघेल 6 सितंबर को कमर्शियल हब, एरो सिटी, और शहीद स्मारक के निर्माण कार्यों का शिलान्यास-भूमिपूजन करेंगे।

नवा रायपुर में तीनों बड़ी परियोजनाओं के लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है। सलाहकार नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। इन परियोजनाओं पर काम जल्द से जल्द शुरू करने की कोशिश हो रही है। अक्टूबर के पहले हफ्ते में चुनाव आचार संहिता लग सकती है। इससे पहले ही 6 सितंबर को कमर्शियल हब, एरो सिटी, और शहीद स्मारक के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन-शिलान्यास होगा।

बताया गया कि कमर्शियल हब करीब एक हजार एकड़ में प्रस्तावित है। इसके लिए निमोरा, उपरवारा, और बेन्द्री में जमीन चिन्हित कर ली गई है। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले लैंडयूज आदि में बदलाव हो चुका है ताकि किसी तरह की बाधा न हो। कमर्शियल हब का प्रस्ताव 85 व्यापारी संगठनों से चर्चा के बाद तैयार किया गया है। कमर्शियल हब में अस्पताल, बैंक, ट्रांसपोर्टेशन आदि तमाम सुविधाएं होंगी। थोक मार्केट यहां शिफ्ट होगा। इसी तरह एरो सिटी पर भी काम शुरू हो गया है। इसके लिए 214 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गई है। एरो सिटी के लिए सलाहकार नियुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है। बताया गया कि एरो सिटी, माना एयरपोर्ट के नजदीक बनेगा, और दिल्ली की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। यहां आवासीय-व्यवसायिक के अलावा होटल आदि का भी निर्माण होगा।

सूत्रों के मुताबिक एरो सिटी के पहले चरण का काम 30 एकड़ जमीन पर प्रस्तावित है। इसके अलावा झीरम के शहीदों की स्मृति को अक्षुण्ण रखने के लिए नवा रायपुर के सेक्टर-24 में शहीद स्मारक के निर्माण का प्रस्ताव है। सीएम भूपेश बघेल इसका शिलान्यास करेंगे। चूंकि विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता, 6 अक्टूबर के पहले हफ्ते में लग सकती है। ऐसे में इन निर्माण कार्यों का काम शुरू करने की तैयारी है।

# भाजपा के पास हारने वाली सूची, हमारे में दिखेंगे जीतने वाले प्रत्याशी : दीपक बैज



**रायपुर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा की विधानसभा चुनाव के लिए जारी प्रत्याशियों की सूची पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास हारने वाली सूची है। प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं, कई कार्यकर्ता पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं, कई पार्टी का बहिष्कार कर रहे हैं। कांग्रेस की सूची में जीतने वाले प्रत्याशी देखने को मिलेंगे। इस दौरान उन्होंने 10 सितंबर के बाद कांग्रेस की सूची आने की उम्मीद जताई है।

दीपक बैज ने पीएम मोदी के 'मन की बात' को लेकर कहा कि मन की बात में मणिपुर की बात होनी चाहिए। घंटों मन की बात कर देश की जनता से मोदी टाइम पास कर रहे हैं।

देश के मुद्दे पर बोलने के लिए उनके पास वक्त नहीं है. वे जनता के काम की बात नहीं करते हैं।

भाजपा की कांवर यात्रा को लेकर बैज ने कहा कि हम भाजपा की आस्था 15 साल तक देख चुके हैं। वे राम के नाम पर वोट मांगते हैं, लेकिन राम के नाम पर एक ईट भी उन्होंने नहीं रखी। कांग्रेस के राज में कई धार्मिक स्थलों और राम वन पथ गमन का विकास हुआ। भाजपा को चुनाव के समय आस्था याद आती है.

ट्रेन के रद्द होने, देर से चलने को लेकर दीपक बैज ने कहा कि केंद्र ने कहा था सुविधाओं में विस्तार करेंगे, लेकिन ट्रेन लगातार रद्द हो रही है। रेल मंत्रालय ठीक से मेंटेन नहीं कर पा रहा है। कांग्रेस इस पर रणनीति बना रही है। इस मुद्दे पर बड़ा आंदोलन होगा। भाजपा के सांसदों को ट्रेन के बारे में बोलते नहीं देखा है। सुनील सोनी बेसिर-पैर की बात करते हैं। वे संसद में अपनी बात नहीं रखते हैं। हर कोई फ्लाइट से सफर नहीं कर सकता है।

# एनआईटी में हुआ राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत खेल गतिविधियों का आयोजन



**रायपुर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में संस्थान की शौर्य-खेल समिति द्वारा 27 अगस्त 2023 को आकर्षक और बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन शौर्य के फैकल्टी इन चार्ज डॉ. हरेंद्र नारंग के कुशल मार्गदर्शन में किया गया।

पहले दिन की शुरुआत दो चरणों में आयोजित होने वाले विभिन्न खेल आयोजनों के साथ हुई। सुबह के शुरुआती चरण में, एक ताज़ा शुरुआत के रूप में क्रमश: छात्रों और संकायों दोनों के साथ मैराथन का आयोजन किया गया। इसके बाद, वॉलीबॉल, क्रिकेट और फुटबॉल जैसे रोमांचक और प्रमुख खेल आयोजनों की एक श्रृंखला आयोजित की गई जिसमे छात्रों ने बड़े पैमाने पर भाग लिया। दूसरे चरण में मनोरंजक और रोमांचक खेल गतिविधियों जैसे टग-ऑफ-वॉर, टेबल टेनिस, शतरंज और कई अन्य मनोरंजक गतिविधियों आदि खेलों का आयोजन किया गया। पूरे आयोजन का आकर्षण का केंद्र टग-ऑफ-वॉर रहा, इसमें छात्रों की अधिकतम भागीदारी देखी गई। छात्रों और संकायों के बीच एक अत्यधिक मनोरम शतरंज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। प्रतिभागियों ने सभी खेल में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा वहां उपस्थित दर्शकों ने भी खेल का आनंद उठाया। खेल महाकुंभ का दूसरा दिन राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त 2023 को कुछ अतिरिक्त कार्यक्रमों और इससे भी अधिक रोमांचक गतिविधियों के साथ आयोजित होगा। साथ ही, प्रतिभागियों हेतु इस समापन दिवस पर पुरस्कार वितरण किया जाएगा।



# राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रगति के लिए कर रही हरसंभव प्रयास : भूपेश

- **मुख्यमंत्री प्रदेश स्तरीय "ओबीसी महासम्मेलन" में हुए शामिल**



**रायपुर**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य सरकार सभी वर्गों के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रगति के लिए भी हरसंभव प्रयास कर रही है। चाहे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिए संचालित कार्यक्रमों की बात हो या न्याय योजनाओं की इन योजनाओं का लाभ सभी वर्गों के साथ अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को भी मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की तरह प्रदेश के संभागीय मुख्यालयों तथा जिला मुख्यालयों में अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के रावणभाटा मैदान में आयोजित प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय "ओबीसी महासम्मेलन" को सम्बोधित कर रहे थे। महासम्मेलन में अन्य पिछड़ा वर्ग समाज ने आरक्षण के संबंध में चर्चा के लिए राज्यपाल से समय दिलाने की मांग मुख्यमंत्री से की। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को इस संबंध में पत्र लिखने की बात कही। छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा और छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू ने की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समाज द्वारा जमीन की मांग पर कहा कि जमीन के मामले में इससे पहले किसी सरकार ने इतना जमीन नहीं बांटा है, कोई समाज यह नहीं कह सकता कि उसे जमीन नहीं मिला। ओबीसी बड़ा समाज है तो सबसे ज्यादा जमीन आप लोगों को मिली है। साथ ही भवन बनाने के लिए भी आवश्यकतानुसार राशि दी गयी है। राजधानी में सभी अस्पताल रायपुर शहर में स्थित हैं, तो व्यवहारिकता को देखते हुए आप लोग बड़े अस्पतालों के पास धर्मशाला के लिए जमीन देख लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा पिछड़ा वर्ग के साथ है। सबसे ज्यादा ऋण माफी का लाभ पिछड़ा वर्ग के साथियों को ही मिला है क्योंकि पिछड़ा वर्ग के लोग अधिकांशत: खेती से जुड़े हुए हैं, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का लाभ भी आपको ही सबसे ज्यादा मिला। हमारी सरकार लगातार शिक्षा स्वास्थ्य पर काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के हितों के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा अन्य पिछड़ा वर्ग का संगठन बहुत मजबूत है। संगठन द्वारा हमेशा प्रभावी तरीके से अपनी मांग रखी जाती है। अन्य पिछड़ा वर्ग की प्रमुख रूप से 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने विधानसभा में एक और दो दिसंबर 2022 को विशेष सत्र बुलाकर आरक्षण विधेयक पारित किया और पारित करने के पश्चात राज्यपाल के पास भेज दिया। यह विधेयक राज्यपाल के पास लंबित है। इस विधेयक में अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत, अनुसूचित जाति को 13 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण और ईडब्ल्यूएस को 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में 2011 के बाद से जनगणना नहीं हुई है। आवास का मामला सामने आया। जनसंख्या बढ़ने के साथ परिवार भी बढ़े और आवास की जरूरत भी बढ़ी। मैंने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखी की जनगणना होनी चाहिए। जनगणना नहीं हुई तो हमारी सरकार ने आर्थिक सर्वेक्षण कराया जिसकी रिपोर्ट आयी है और उसका परीक्षण चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने समाज की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि एनएमडीसी का कार्यालय हैदराबाद की जगह जगदलपुर में होना चाहिए। प्रदेश में कार्यालय होगा तो इससे सभी को लाभ मिलेगा, राज्य को जीएसटी से लाभ होगा, अभी तेलंगाना जा रहा है, वह प्रदेश को मिलेगा। भर्ती में भी छत्तीसगढ़ के बच्चों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय और सार्वजनिक औद्योगिक निकायों का निजीकरण हो रहा है, ऐसी स्थिति में किसी को भी आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। वन अधिकार पट्टा के संबंध में उन्होंने कहा कि पिछले सरकार में सिर्फ आदिवासियों को वन अधिकार पट्टा दिया गया था। पर हमारी सरकार में 2005 से जो भी व्यक्ति, चाहे वो कोई भी समाज के हों, यदि 2005 से काबिज हैं, तो उन्हें पट्टा दिया गया।

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू और छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा के संयोजक राधेश्याम साहू ने विस्तार से समाज की विभिन्न मांगों की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

# बड़ी कंपनियों की फर्जी वेबसाइट तैयार कर साइबर ठग कर रहे ठगी

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। साइबर फ्राड का एक नया तरीका सामने आया है। साइबर अपराधी बिग बाजार डी.मार्ट और बिग बास्केट जैसी दिखने वाली फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं। ठगों ने इन वेबसाइट्स से मिलती.जुलती वेबसाइट बनाकर इंटरनेट मीडिया के जरिए उसका प्रचार किया और ज्यादा लोगों से ठगी करने के लिए उन्हें सस्ती ग्रोसरी का लालच दे रहे हैं। रायपुर पुलिस ने आनलाइन खरीदी करने वालों को अलर्ट किया है। इस तरह की ठगी को अंजाम देने के लिए ठग पहले लोगों को लालच देकर अपने जाल में फंसाने का काम करते हैं। इसके लिए वे असली जैसी दिखने वाली फर्जी वेबसाइट बनाकर उसे प्रचारित करते हैं। इन वेबसाइट के नाम लोगो सबकुछ ओरिजनल जैसे होते हैं जिससे लोग इन्हें सही समझ लेते हैं। लोगों को लालच देने के लिए स्कैमर्स ग्रोसरी पर हैवी डिस्काउंट और कैशबैक के आफर्स देते हैं फिर जैसे ही कोई व्यक्ति पेमेंट के लिए इन फेक वेबसाइट पर अपनी डिटेल्स दर्ज करता है ठग उसकी डिटेल्स चुराकर एकाउंट से पैसे उड़ा लेते हैं। साइबर एक्सपर्ट मोहित साहू ने बताया कि ठगी से बचने के लिए आपको जागरूक और सतर्क रहने की जरूरत है। जब भी आपको इंटरनेट मीडिया आदि जगहों पर इस तरह के विज्ञापन दिखें जिनमें ज्यादा डिस्काउंट या कैशबैक की बात की जा रही हो तो उन पर भरोसा करने से बचना चाहिए। आनलाइन खरीददारी करते समय हमेशा आफिशियल वेबसाइट या एप का ही इस्तेमाल करना चाहिए। वहीं अपने क्रेडिट या डेबिट कार्ड की डिटेल किसी भी वेबसाइट पर डालनी चाहिए। गूगल सेफब्राउजिंग ट्रांसप्रेंसी रिपोर्ट आपको असली



और नकली वेब एड्रेस की पहचान में काफी मदद करता है। यहां जाकर आपको सिर्फ वेब एड्रेस को पेस्ट करना है और गूगल स्कैन करके आप को बताएगा कि वेब एड्रेस असली है या नहीं। जब भी गूगल पर कोई वेबसाइट खोलें तो उसमें ध्यान दें कि एसएसएल सर्टिफिक्रेट है या नहीं। दरअसल एसएसएल सर्टिफिक्रेट मतलब अगर आपको किसी वेबसाइट में एचटीटीपीएस के आगे लाक यानी ताले का निशान नहीं दिखाई देए तो ऐसी वेबसाइट को न खोलें क्योंकि ये वेबसाइट सिक्योर नहीं होती हैं। गूगल पर आप जब भी कोई वेबसाइट खोलें तो आपको ध्यान देना है कि उस पर क्या पाप.अप ब्रेक आ रहे हैं। अगर ऐसा किसी वेबसाइट पर हो रहा है तो आपको इन पर क्लिक करने से बचना है या कोशिश करें कि यहां न जाएं क्योंकि ये वेबसाइट फर्जी हो सकती है।

**यूआरएल को ध्यान से चेक करें**

सिर्फएचटीटीपीएस लिखा होना या फिर पैड लाक का साइन होना ही काफी नहीं हैए ध्यान से देखें कई बार नकली वेबसाइट असली दिखने के लिए कुछ अतिरिक्त शब्द या सिंबल उपयोग करते हैं। पहली नजर में आप ये पकड़ नहीं पाते इसलिए जरूरी है कि पूरी वेबसाइट को आप ध्यान से पढ़ें।

**लुभावने आफर्स**

गूगल पर ऐसी वेबसाइट से सावधान रहेंए जो आपको लुभावने आफर्स देती है। दरअसलए ये वेबसाइट लुभावने आफर्स देकर लोगों को अपनी और आकर्षित करती है। यह डाटा चुराकर लोगों को ठगने का काम करती है। साइबर सेल निरीक्षक गौरव तिवारी ने कहा आनलाइन खरीददारी करते समय असली और नकली वेबसाइट की पहचान करना जरूरी है। बिना जानकारी क्रेडिट और डेबिट कार्ड की जानकारी न दें।

# दुपहिया व आटो रिक्शा की चोरी, आरोपी युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 28 अगस्त। राजधानी में पुलिस ने एक शतिर चोर को पकड़ा है जिसने कोतवाली थाना क्षेत्र से दुपहिया व आटो रिक्शा की चोरी की थी आरोपी से दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया हैं। बताया गया कि प्रार्थी कमलेश साहू ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह मोहबा बाजार रायपुर मे रहता है तथा राजमिस्त्री का कार्य करता है। 13 अगस्त को अपनी दुपहिया से बूढापारा काम पर गया था था दुपहिया को वही सामने में खड़ी कर दिया था। इस दौरान12.00 बजे अपनी दुपहिया को खड़े किये हुए स्थान पर जाकर देखा तो पाया कि उसकी दुपहिया खड़े किये हुए स्थान पर नही थी। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी की दोपहिया वाहन को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन कर घटना में संलिप्त खमतराई निवासी शहजाद अली उर्फ भिण्डी को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देने के साथ.साथ कुछ दिवस पूर्व थाना कोतवाली क्षेत्र से 01 आटो वाहन चोरी करना बताया गया जिसमें आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में अपराध दर्ज है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी 01 नग दोपहिया वाहन तथा 01 नग आटो वाहन कीमती लगभग 1,10,000६ रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

# इंजीनियर लखन लाल बिजौरा की जयंती आज

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ और पाटन क्षेत्र के गौरव अटारी की शान महामना इंजीनियर लखन लाल बिजौरा साहब की जयंती आज है। प्रति वर्ष अनुसार प्रतिमा अनावरण के बारहवें वर्ष में उक्त तिथि में भी माल्यार्पण कार्यक्रम बिजौरा फैंस क्लब के सदस्यों व पाटन क्षेत्र के निवासियों द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित माननीय लखन लाल बिजौरा साहब की प्रतिमा को एस एन बिजौरा घर के आंगन में रखा गया है, जिसे व्यवस्थित कर उनकी जन्म तिथि के अवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम सम्पन्न किया जायेगा।

इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी को जनरेशन पॉवर कंपनी से सेवानिवृत्त मैनेजिंग डायरेक्टर निर्मल कुमार बिजौरा होंगे। विशिष्ट अतिथि के आसन को संयुक्त पॉवर कंपनी के अभियंता संघ के महासचिव व वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता मनोज वर्मा के साथ रूप बिजौरा और नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप साझा करेंगे। कार्यक्रम सोमवार को प्रात: 9 बजे रखा गया है, सभी से आग्रह है, कि अतिथि गणों का आगमन रायपुर से होगा।

बिजौरा फँस क्लब के सदस्यों से आग्रह किया कि सभी पुराने और नए जुड़े साथियों की उपस्थिति अनिवार्य माने, जो सदस्य अपरिहार्य कारणों वश उपस्थित नहीं हो सकते वे नि:संकोच इस ग्रुप में सूचित करे।

# चोर चोरी करते पकड़ाया लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला, 8 हिरासत में



**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में एक चोर को लोगों ने पीट.पीट कर मार डाला। वह चोरी करने के इरादे से एक मकान में घुसा था। इस दौरान लोगों ने उसे पकड़ लिया और रस्सी से हाथ.पैर बांधकर जमकर पीटा। इसके चलते उसे मेकाहारा में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मामला मंदिर हसौद थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम राजेश रैला है। आरोप है कि वह 25.26 अगस्त की रात चंदखुरी बस्ती निवासी तुलाराम धीवर के घर में चोरी करने घुसा था। वह मोबाइल चोरी कर भाग रहा था। इसी दौरान परिवार के लोगों की नींद खुल गई। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए और राजेश को पकड़ लिया। लोगों ने उसके हाथ पैर बांध दिए और बेदम पीटा। थाना प्रभारी रोहित मानेकर ने बताया कि लोगों ने रात करीब 3 बजे राजेश को चोरी के आरोप में पकड़ा था। इसके बाद सारी रात उसे पीटते रहे। अगले दिन सुबह करीब 8 बजे पुलिस को पता चला तो वह मौके पर पहुंची। इसके बाद राजेश को छुड़ाकर लहूलुहालन हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां रविवार को उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने राजेश की हत्या के आरोप में असन्न धीवर, सुनील वर्मा, भानु यादव, लेखु धुव्र और उत्तम साहू सहित 8 लोगों को हिरासत में लिया है। साथ इस मामले में कुछ और आरोपियों की तलाश की जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। राजेश के परिवार वालों से संपर्क किया जा रहा है।

# हाईवा की चपेट में आया बाइक सवार, इलाज के दौरान मौत

## आरोपी चालक की तलाश में जुटी पुलिस



**अभनपुर,** 27 अगस्त। जिले के अभनपुर राजिम रोड राठी किराना के पास एक बाइक चालक को हाईवा ने अपने चपेट में ले लिया, इस हादसे में युवक रोहित साहू की मौत हो गई। सूचना पर तत्काल पहुंची अभनपुर पुलिस ने हाइवा चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच कर रही है। अभनपुर थाना क्षेत्र का पूरा मामला। मिली जानकारी अनुसार, हाईवा क्रमाक ष्द् 07 क्ल 2620 की चपेट में आकर एक बाइक सवार की मौत हो गई है मृतक रोहित साहु उम्र 30 वर्ष निवासी मौरीकला जो अपनी अपाचे क्रमाक ष्द् 04 स्न 1042 से रायपुर काम में जा रहा था तभी हाइवा की चपेट में आ गया। जिसके बाद तत्काल घायल युवक को इलाज अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक हाईवा लेकर फरार हो गया। मामले का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है अभनपूर पुलिस हाइवा चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जॉच कर रही है।

## सार-संक्षेप

### 90 सीटों के लिए कांग्रेस के 1900 दावेदार, लंबी सूची ने बढ़ाई परेशानी



**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने नेताओं से दावेदारों से कहा था कि जो विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं वे नेता ब्लॉक अध्यक्ष के सामने अपना दावा पेश करें। अधिकांश सीट पर दावेदारों की लंबी लिस्ट सामने आ रही है जिससे कांग्रेस पार्टी टेंशन में आ गई है। 90 सीटों पर 1900 ने दावेदारी की है। सबसे लंबी लिस्ट बैलतरा सीट में हैं जहां 119 लनेताओं ने दावेदारी की है। वहीं छत्तीसगढ़ सरकार के कई मंत्रियों की विधानसभा सीट से एक से ज्यादा दावेदारों ने टिकट के लिए आवेदन किया है। टिकट किसे मिलेगा इसका फैसला पार्टी हाई कमान को तय करना है। वहीं, सीएम भूपेश बघेल भी हिंट दे चुके हैं कि कई कमजोर विधायकों को टिकट कट सकते हैं।

## निधन

### देवऋचा चंद्राकर



**रायपुर,** 27 अगस्त। ग्राम नारा वाले सुरेश चंद्राकर की पुत्री देवऋचा चंद्राकर (प्रिया) का आकस्मिक निधन 27 अगस्त को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निवास अवंति विहार से सुबह 11 बजे तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान होगी। वे लखन, पवन, गोवर्धन, परमानंद चंद्राकर की भतीजी थी।

# तीज महोत्सव में नृत्य और तीज सुंदरी प्रतियोगिता 10 सितंबर को

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छत्तीसगढ एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ द्वारा 10 सितंबर को तीज महोत्सव में नृत्य और तीज सुंदरी प्रतियोगिता का आयोजन देविका स्टार चंगोराभाठा में किया गया है।

उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छत्तीसगढ एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद पिछले कुछ वर्षों से राज्य कि विप्र समाज की महिलाओं और युवतियों के लिये पूर्णत: पारिवारिक, सामाजिक माहौल में मंच प्रदान करने हेतु तीज महोत्सव में नृत्य और तीज सुंदरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह प्रतियोगिता 10 रविवार को दोपहर 2 बजे से देविका स्टार,रायपुरा ओवर ब्रिज,चंगोराभाठा में प्रारंभ होगी।

तीज महोत्सव में नृत्य और तीज सुंदरी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये पंजीयन शुल्क ङ्क समूह रू. 200/- एकल रू. 100 निर्धारित किया गया है और इच्छुक प्रतिभागी 3 सितंबर तक इसमें भाग लेने के लिये अपना पंजीयन करा सकते हैं। प्रतियोगिता में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की युवतियां महिलाएं इसमें भाग ले सकती है। नृत्य विधा ङ्क (1) क्लासिकल- समूह + एकल (2) फोक ङ्क समूह + एकल समय सीमा ङ्क समूह ङ्क 10 मिनट, एकल ङ्क 8 मिनट। प्रत्येक वर्ग की प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा एवं भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रतियोगिता में दक्ष निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। प्रतिभागियों को सिंगल गाना पेन ड्राइव/सीडी में लेकर आना होगा।

इस प्रतियोगिता भाग लेने हेतु प्रतिभागी 3 सितम्बर, तक प्रविष्टियाँ भेज सकते हैं। जो भी विप्र महिला/युवती ग्रुप इस तीज महोत्सव में सहभागिता करना चाहते हैं वो कार्यक्रम के सम्बंध में जानकारी या भाग लेने के लिये महिला अध्यक्ष, नमिता शर्मा 7470302260 महासचिव, सुमन मिश्रा 9479108080 सांस्कृतिक सचिव, प्रीति मिश्रा 6264850250 और प्रदेश अध्यक्ष, अरविन्द ओझा से प्राप्त कर सकते हैं।

## सेवादल के कार्य महान : सुशील शर्मा

**भाटापारा,** 27 अगस्त। सेवा दल संगठन के दुवारा झंडाउतोलन कार्यक्रम कृषि उपज मंडी में आज रखा गया, सुबह 9 बजे प्रदेश सेवादल के अध्यक्ष अरुण ताम्रकार की उपस्थिति में मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राजकीय गीत और झंडा गीत को सेवादल के सदस्यों ने गया। मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने सेवादल को कॉंग्रेस पार्टी का एक शासक्त ज़मीनी और कर्मठ संगठन बताया साथ ही सभी सदस्यों से परिचय प्राप्त कर उन्हें पूरी सहायता देने की बात कही,इस अवसर पर नानु सोनी, लक्ष्मी पांडेय, जानी साहू, मंगल पांडेय,कुंज राम साहू,देव चरण मार्कण्डेय सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।



# राज्य स्तरीय घरेलू कामगार परामर्श में शामिल हुए घरेलू लीडर

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। इंडो ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी ने 26 अगस्त को होटल आदित्य, रायपुर में छत्तीसगढ़ के घरेलू कामगारों के लिए स्थायी भविष्य के निर्माण के लिए राज्य स्तरीय घरेलू कामगार परामर्श की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में रायपुर, अभनपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, अंबिकापुर, जशपुर, कवर्धा, राजनांद गांव, कोंडागांव और जगदलपुर के 41 घरेलू कामगार लीडरों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि, रायपुर, छत्तीसगढ़ के श्रम विभाग के सहायक आयुक्त, अनिल कुजूर थे. कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य, छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों के घरेलू कामगारों के मुद्दों को समझना और छत्तीसगढ़ के घरेलू कामगारों के स्थायी भविष्य के निर्माण के लिए सर्वसम्मति से ठोस कदम उठाए जा सकते हैं।



घरेलू कामगार लीडरों ने अपने-अपने शहर के घरेलू कामगारों के मुद्दे प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि ने असंगठित श्रमिक योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया और घरेलू श्रमिकों को योजनाओं से कैसे लाभान्वित किया जा सकता है उसका उपाय बताये; उन्होंने असंगठित श्रमिक योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सभी घरेलू श्रमिकों को असंगठित श्रमिकों के तहत पंजीकृत करने पर जोर दिया। राज्य के विभिन्न शहरों से घरेलू कामगारों की समस्याओं चर्चा हुआ; सभी घरेलू कामगार नेताओं ने राज्य के घरेलू कामगारों की आवाज को सशक्त बनाने के लिए एक जुट होने का फैसला किया गया और आगामी कार्य बिंदुओं पर काम करने के लिए निर्णय लिया गया, साथ मे घरेलू कामगार महासंघ के विस्तार के लिए समन्वय समूह का गठन किया।

# रायपुर होम्योपैथिक एवं बायोकेमिक एसोसिएशन के कोंडापुरकर अध्यक्ष



**रायपुर,** 27 अगस्त। रायपुर होम्योपैथिक एवं बायोकेमिक एसोसिएशन का निर्वाचन मुख्य चुनाव अधिकारी अखिलेश अवधिया के द्वारा कराया गया। संगठन में निम्नांकित पदाधिकारी का निर्वाचन निर्विरोध हुआ। अध्यक्ष - एस एम कोंडापुरकर ,उपाध्यक्ष- अवनींद्र नाथ ठाकुर, महेंद्र चौबे,सचिव - संजय सिंह ठाकुर सह सचिव - श्रीमती शकुंतला यदु,कोषाध्यक्ष = बिसाहू राम यादव। कार्यकारिणी सदस्य - डॉ अबूबकर हिंगोरा, डॉ सुखनंदन सोनकर,देवेंद्र अग्रवाल, गिरीश बिस्सा, श्रीमती लक्ष्मी कश्यप, डॉ शिव नायक,राजेश बिस्सा बनाए गए हैं। 1956 में स्थापित रायपुर होम्योपैथिक एवं बायोकेमिक एसोसिएशन द्वारा होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के साथ ही 25 बिस्तरों का निशुल्क हॉस्पिटल तथा विभिन्न स्थानों पर निशुल्क होम्योपैथिक क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है।

# सहायक शिक्षक पद पर बीएड, बीएड अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से किया जा रहा वंचित

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन लोक शिक्षण संचनालय द्वारा छत्तीसगढ़ में सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु लगातार साक्षात्कार लिया जा रहा है। किंतु उसमें डीएड बीएड डिग्रीधारी को शामिल न कर योग्यता की अपेक्षा की जा रही है तथा उच्च न्यायालय के प्रकरण का हवाला देकर मौलिक अधिकार से वंचित किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने इसकी निंदा की है।

## पढ़े-लिखे बेरोजगार केवल भत्ता के पात्र

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने बताया है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से साक्षात्कार से वंचित बेरोजगारों का फोन आ रहा है, कि लोक शिक्षण संचालनालय ने सहायक शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु साक्षात्कार में डीएड बीएड को अपात्र मानकर उन्हें शामिल नहीं कर रही है। वास्तव में डीएड बीएड जैसे उच्च डिग्रीधारी उच्च पद अर्थात व्याख्याता एवं यूडीटी पद के लिए योग्यता व पात्रता रखते हैं। इससे स्पष्ट है कि उच्च पद के लिए बीएड डीएड डिग्री धारी पात्र हैं। सहायक शिक्षक का पद इससे निचले स्तर का पद है। तो उसमें डीएड बीएड धारी यदि शिक्षा विभाग में सेवा करने के लिए तत्पर हैं, तो उन्हें मान्य कर भर्ती किए जाने से शिक्षा विभाग व छात्रों का ज्यादा हित होगा। वे अनुभवी उच्च डिग्रीधारी लोग शिक्षा दान करेंगे। जहां तक उच्च न्यायालय के आदेश का बंधन है, उसे पर साक्षात्कार में शामिल कर शिक्षा विभाग साक्षात्कार में उन्हें शामिल करते हुए यह लेख कर सकती है कि उच्च न्यायालय के प्रकरण में पारित आदेश इन डीएड बीएड धारी नवनियुक्त शिक्षकों के लिए बंधनकारी होगा तथा उनसे एक बंधपत्र भी लिया जा सकता है। लेकिन कुल मिलाकर उच्च शिक्षा का उपेक्षा कर छत्तीसगढ़ सरकार सबको बेरोजगार रखते हुए बेरोजगारी भत्ता देने पर ही खुश है। स्वयं मुख्यमंत्री बेरोजगारी भत्ता देते समय दुखी मन से बोलते हैं कि मैं बेरोजगारी भत्ता दे रहा हूं अच्छा होता आपको नौकरी देता और वास्तविकता यह है की नौकरी के लिए पात्र लोगों की अपेक्षा की जा रही है। आम आदमी पार्टी ने इस गोलमाल की निंदा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष को कोमल हुपेंडी से इस संबंध में शिकायत की है तथा शीघ्र शासन स्तर पर कार्यवाही की जावेगी।

# कैट ने पारवानी को सर्वश्रेष्ठ व्यापारी नेता के सम्मान से अंलकृत किया



**रायपुर,** 27 अगस्त। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल की मिटिंग रायपुर में हुई। जिसने कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल ने अमर पारवानी को सवश्रेष्ठ व्यापारी नेता के सम्मान से अंलकृत किया। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी भरतिया एवं राष्ट्रीय महासचिव श्री प्रवीण खण्डेलवाल ने बताया कैट की राष्ट्रीय गवर्निंग काउंसिल ने अमर पारवानी को सवश्रेष्ठ व्यापारी नेता के सम्मान से अंलकृत किया। कैट श्री पारवानी को इस सम्मान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देती हैं। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि यह सम्मान प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों का सम्मान है।उपरोक्त कार्यक्रम में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वासु माखीजा, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, अमर धींगानी, विजय पटेल, कैलाश खेमानी, नरेश पाटनी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, जयराम कुकरेजा, दीपक विधानी, भूपेन्द्रर सिंह खालसा, परविन्द्रर सिंह खनूजा शैलेन्द्र शुक्ला व अन्य मौजूद थे।

# जुलूस में तलवार और पिस्टल लेकर नाच रहे थे, 9 युवक पकड़ाए

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में कट्टा पिस्टल और दर्जनों तलवारों के साथ जुलूस का एक वीडियो सामने आया है। ईदगाह भाठा के पास डीजे की धुन पर हथियारों के साथ युवाओं की टोली ने शक्ति प्रदर्शन किया। 2 से 3 युवक पिस्टल और कटटा लिए हुए थे। तो कुछ तलवार, चाकू, कटार जैसे हथियार लहराते कैमरे में कैद हुए हैं। पूरा मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक जुलूस दो दिन पहले ईदगाह भाठा से होते हुए लाखे नगर से आमापारा जाने वाली रोड पर निकला था। जुलूस के बहाने युवक सड़क पर हथियारों की नुमाइश और हुड़दंगी करते रहे। कुछ दिवस पूर्व थाना आजाद चौक क्षेत्रांतर्गत ईदगाहभाठा पास कुछ व्यक्तियों द्वारा जुलूस निकाला गया था जुलूस के दौरान कुछ व्यक्ति अपने हाथों में तलवारए पिस्टल सहित अन्य घातक हथियार लहरा रहे थे जिसका विडियो भी वायरल हुआ था।



वायरल विडियो को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गंभीरता पूर्वक लेते हुए प्रभारी एन्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी आजाद चौक को विडियो में दिख रहे व्यक्तियों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर एन्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट तथा थाना आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विडियो में दिख रहे व्यक्तियों की पतासाजी करते हुए व्यक्तियों की पहचान शेख फेजल, मोहम्मद इलियास उर्फ़ इलू, सैय्यद ईरशादए शेख अज्जू, शेख शाहरुख, शेख शहबाज उर्फबाबी, शेख सोहेल, शेख जुबैर एवं 05 विधि के साथ संघर्षरत बालक करते हुए सभी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 08 नग तलवार, 03नग चाकूनुमा हथियार एवं 02 नग पिस्टलनुमा लाईटर जप्त कर सभी के विरूद्ध थाना आजाद चौक में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

### कट्टा अड़ाकर धमकी देने वाले को किया था गिरफ्तार

इसी महीने महादेव घाट के पास एक बदमाश का बंदूक लहराते हुए वीडियो भी सामने आया था। जिसमें वो आरोपी दूसरे युवक के ऊपर कट्टा तानकर उसे गोली मार देने की धमकी दे रहा था। साथ में वो पुलिस को चुनौती भी दे रहा था। जिसके बाद पुलिस ने उसे बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# सट्टेबाजी में मनीलांड्रिंग पुलिसकर्मियों से 10 घंटे पूछताछ

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। सट्टेबाजी में मनीलांड्रिंग और हवाला के मामले में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ईडी में रायपुर.दुर्ग में पदस्थ चार पुलिस अफसरों से शनिवार को लंबी पूछताछ हुई। सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक उन्हें ईडी दफ्तर में बिठाकर रखा गया। उनसे सट्टेबाजी के नेटवर्क को लेकर लंबी पूछताछ की गई। उनसे पूछा गया कि गिरोह को पुलिस कैसे संरक्षण दे रही ह इसके एवज में कितना पैसा लिया जाता है सट्टे का पैसा किन.किन लोगों को पहुंचाया गया है उन पैसों को कहां निवेश किया गया इस बीच खमतराई में जुआ.सट्टा केस में फरार खाईवाल यूसुफ पोट्टी बयान देने ईडी दफ्तर पहुंचा। ईडी ने पिछले हफ्ते उसके घर पर छापा मारा था उसे 24 अगस्त को बुलाया गया था लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ। वह शनिवार को ईडी के ऑफिस पहुंचा। अफसरों ने उससे लंबी पूछताछ की है। उसके अलावा सट्टेबाजी से जुड़े कुछ अन्य लोगों को बुलाया गया है। दरअसल ईडी की ओर से शनिवार को 50 से ज्यादा लोगों को समंस जारी किए जाने की चर्चा है। इसमें रायपुर.दुर्ग समेत अन्य शहरों के पुलिस अफसर व उनकी करीबी जवान शामिल हैं। कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को भी समंस जारी करने की तैयारी है। सबको अलग.अलग दिन बुलाया जा रहा है। ईडी का दावा है कि एएसआई चंद्रभूषण वर्मा ने अपने बयान में कहा है कि उसने सट्टे का नेटवर्क चलाने वाले गिरोह से 65 करोड़ लिए हैं। उसे सिपाही से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों और नेताओं को पहुंचाया है। उसने ईडी को उनके नाम व फोन नंबर दिए हैं। दावा किया गया है कि एएसआई वर्मा ने उन्हें कब.कब कितना पैसा दिया है जिसकी जानकारी दी है। ईडी ने सट्टे के केस में गिरफ्तार वर्मा को रिमांड लेने के दौरान कोर्ट में भी इस बारे जानकारी दी है।



**50 से अधिक लोगों को समंस जारी**

**एक इंस्पेक्टर और तीन सिपाही को समंस जारी:** शनिवार को एक इंस्पेक्टर और तीन सिपाही को समंस जारी हुआ था। उनके नाम आरोपी एएसआई चंद्रभूषण और सतीश चंद्राकर ने बताया है। सभी बयान देने पहुंचे थे। चर्चा है कि दुर्ग के जिन सिपाहियों को बुलाया गया है। उनके ऊपर पैनल चलाने का आरोप है। पुलिस वाले खुद सट्टे का पैनल चला रहे थे। रविवार को भी इंस्पेक्टर और डीएसपी रैंक के अधिकारियों को बुलाया गया है। ईडी की दूसरी टीम उनकी संपत्ति की जानकारी जुटा रही है।

# गांजा ब्रिकी के प्रयास में व्यक्ति पकड़ाया

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना अभनपुर क्षेत्रांतर्गत छोटे उरला मोड़ नहर पार पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नीरज चन्द्राकर एवं नगर पुलिस अधीक्षक अटल नगर नवा रायपुर श्री जितेन्द्र चन्द्राकर द्वारा थाना प्रभारी अभनपुर को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी अभनपुर के नेतृत्व में थाना अभनपुर पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम दिलीप कुमार खुंटे निवासी अभनपुर होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी दिलीप कुमार खुंटे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 03 किलो 750 ग्राम गांजा कीमती लगभग 35,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना अभनपुर में धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।



# झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग, 4 गिरफ्तार

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में झूठे केस फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया हैं।

पुलिस ने बताया किप्रार्थी दुर्गेश साहू ने थाना टिकरापारा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह मुर्रा भटठी गुढ़ियारी रायपुर मे रहता है तथा स्टेशन रोड स्थित लक्ष्मी एग्रो दुकान में मजदूरी का कार्य करता है। 25 अगस्त की रात के 9.00 बजे संतोषी नगर गया था रात्रि करीबन 11.00 बजे अपने दोपहिया वाहन से वापस गुढ़ियारी अपने घर जा रहा था कि इसी दौरान प्रार्थी के पूर्व के परिचित अभिषेक दास अपने अन्य 02 साथी अभिषेक दानी एवं 01 लड़के के साथ मिलकर प्रार्थी को रोकते हुए सभी प्रार्थी का विडियों बनाने लगे प्रार्थी द्वारा मना करने पर उनके द्वारा प्रार्थी को झूठे गांजा के केस में फंसाने की धमकी देते हुए प्रार्थी से 5,000६.रूपये की मांग की गई प्रार्थी द्वारा नही है कहने पर प्रार्थी की दोपहिया वाहन छिनने का प्रयास करने लगे जिस पर प्रार्थी द्वारा अपने दोस्त से 5,000 रूपये फोन.पे में मांगकर अभिषेक दानी के फोन.पे नम्बर पर 5,000 रूपये भेजा गया किन्तु पैसे देने के बाद भी तीनों व्यक्तियों के द्वारा प्रार्थी को रात भर अपने पास बैठाकर रखते हुए मारपीट की गई तथा पुनः 20,000 रूपये की मांग करते हुए उनकी अन्य साथी प्रतिभा पटेल के द्वारा झुठे बलात्कार के केस में फंसाने की धमकी देने लगी जिस पर प्रार्थी द्वारा अभिषेक दानी के मोबाईल से अपनी माता से बात कराई गई जिस पर अभिषेक दानी द्वारा प्रार्थी की माता को धमकाते हुए 20,000६. रूपये की मांग की गई तथा नही देने पर उसके पुत्र को बलात्कार के केस में फंसा दूंगा कहा गया। जिस पर प्रार्थी की माता द्वारा पड़ोस के प्रेम कुमार पिल्ले नामक व्यक्ति को पैसे लेकर सिद्धार्थ चौक पास भेजा जहां अभिषेक दानी अभिषेक दास प्रतिभा पटेल एवं उनका साथी प्रेम कुमार पिल्ले को देखकर भाग गये। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया।



वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी टिकरापारा के नेतृत्व में थाना टिकरापारा पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी, उसकी माता एवं पड़ोसी प्रेम कुमार पिल्ले से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आरोपी अभिषेक दास, अभिषेक दानी, प्रतीभा पटेल एवं 01 बालक जो विधि के साथ संघर्षरत है को गिरफ्तार उनके कब्जे से घटना से संबंधित नगदी रकम 4,000 रूपये जप्त कर उनके विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

## ऑटो चालाक से चाकू की नोंक पर मोबाइल और पैसों की लूट

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। माना इलाके में एक ऑटो ड्राइवर के साथ 24 सौ रुपए और स्मार्टफोन की लूट का मामला सामने आया है। चार युवक सवारी बनकर ऑटो में सवार होकर वारदात को अंजाम दिया है। माना कॉलोनी के रहने वाले ऑटो ड्राइवर राजू बर्मन ने पुलिस को बताया कि वो गुरुवार की रात 8 बजे के करीब सवारी लेकर तूता गया हुआ था। वहां से वापस लौट रहा था तो चार युवकों ने उसे कार्डनिल वॉरियर्स स्कूल के पास छोड़ने के लिए कहा। तीन युवक ऑटो में पीछे बैठे थे और एक सामने बैठा था। जब वे स्कूल के पास पहुंचे। तो उन्होंने किराया देने से मना कर दिया। इसी दौरान एक युवक ने अपनी जेब से चाकू निकाला और ऑटो चालक के ऊपर अड़ा दिया। फिर उन्होंने पैसों की मांग की। ऑटो चालक की जेब में रखा 24 सौ रुपये और नया स्मार्ट फोन लूटकर चारों फरार हो गए।

# लड़कियों से बातचीत करने का आरोप लगाकर चाकू से जानलेवा हमला

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। तिल्दा नेवरा थाने की पुलिस ने एक स्कूली लड़के पर चाकू से हुए जानलेवा हमलें के मामले में सभी आरोपी युवकों हिरासत में ले लिया हैं।

बताया गया कि26 अगस्त को तिल्दा अस्पताल मेमो प्राप्त हुआ जिसमें आहत को चाकू मारकर घायल अवस्था में भर्ती है। मेमो सूचना पर तिल्दानेवरा पुलिस पार्टी रवाना हुआ जहां आहत घायल को उचित उपचार हेतु मेकाहारा रायपुर रिफर हो जाने से रायपुर मेकाहारा पहुंचकर आहत के पिता से मिलकर घटना के संबंध में पूछताछ कर देहाती नालसी लिया गया जो बताया कि नगर पालिका में ड्यूटी पर गया था तो फोन से सूचना मिला की लड़का को स्कूल के पास कोई चाकू से मार दिया है जिसे सीएचसी तिल्दा में ईलाज हेतु भर्ती किये है तब प्रार्थी सीएचसी तिल्दा पहुँचकर अपने लड़का से घटना के बारे में पूछा तो आहत ने बताया कि राष्ट्रीय उच्चतर मा.वि. ग्राम छत्तौद पढाई करने गया था करीबन 10.30 बजे रिशेष होने पर स्कूल के बाहर निकला था उसी समय खरोरा का रहने वाला लड़का अपने अन्य साथी के साथ आया और तुम लड़कियों से बातचीत करते हो कहकर मां बहन की गंदी.गंदी अश्लील गाली गुप्तार कर ये सभी इसकी हत्या करने की नियत से हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए विधि संघर्षरत बालक अपने पास रखे धारदार चाकू को निकाल कर आज तुझे जान सहित खतम कर दूंगा कहकर सिर में तीन. चार बार चाकू से हमला कर दिये बताया कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। दौरान विवेचना के प्रार्थी व गवाहो से पूछताछ कर कथन लेखबद्ध किया जाकर प्रार्थी के पेश करने पर आहत के घटना समय पहने कपड़े खून जैसा दाग लगा हुआ पेश करने पर जप्त किया गया। घटनास्थल से भौतिक साक्ष्य खून आलूदा मिट्टी, सादी मिट्टी जप्त किया जाकर बालक व उसके साथियो आरोपी शीतल यादव एवं दीपक यादव उर्फ मनीष को थाना लाकर पूछताछ करने पर पता चला कि उनका एक साथी भी 18 वर्ष से कम होना बताने पर उनके उम्र संबंधी प्रमाण पत्र जप्त किया किया जाकर विधि से संघर्षरत बालक की श्रेणी का होना पाये जाने से किशोर आदर्श नियम का पालन करते हुये सादी वर्दी में रहकर बालको से पूछताछ किया गया एवं आरोपी दीपक यादव के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जप्त किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किये जिनका मेमो0 कथन विधि संघर्षरत बालक के मेमो0 कथनानुसार घटना में प्रयुक्त एक का स्टील का धारदार नुकीला चाकू जिसमें खून जैसा दाग लगा हुआ छतौद ताराशिव रास्ते के पुलिया के पास जप्त किया जाकर घटना समय पहना कपड़ा में खून जैसा दाग लगा हुआ तथा घटना में प्रयुक्त वाहन मो.सा को घर जब्त किया गया अपराध सबूत पाये जाने पर विधि से संघर्षरत बालको को निरुद्ध कर एवं आरोपियों को विधिवत् गिरफ्तार किया गया है।



**4 आरोपी युवक हिरासत में**

# रायपुर में होगा आर्ट, लिट्रेचर व फिल्म फेस्टिवल का आयोजन

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। शहर में एक बार फिर 3 से 5 सितंबर तक आर्ट, लिट्रेचर एंड फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम के समापन समारोह और अवार्ड सेरेमनी में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि होंगे। वहीं बॉलीवुड अदाकारा अमीषा पटेल बतौर विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी।



**एक्ट्रेस अमीषा पटेल भी होंगी शामिल, भूपेश होंगे मुख्य अतिथि**

फेस्टिवल के डायरेक्टर कुणाल शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरुप प्रदेश में फिल्म और कला के लिए अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में एक बार फिर रायपुर आर्ट, लिट्रेचर एंड फिल्म फेस्टिवल इतिहास रचने जा रहा है।उन्होंने बताया कि 5 सितम्बर को कार्यक्रम के समापन समारोह और अवार्ड सेरेमनी में सीएम भूपेश बघेल और बॉलीवुड अदाकारा अमीषा पटेल शामिल होंगी। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग और छत्तीसगढ़ टूरिज़्म बोर्ड के सहयोग से नेचर फ्रेंड्स सोशल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन और एके एसोसिट्स द्वारा रायपुर में 3 से 5 सितंबर तक आर्ट, लिट्रेचर एंड फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा।ये आयोजन का दूसरा साल है।

# अवैध रूप से शराब परिवहन करते 2 तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इस दौरान थाना मंदिर हसौद पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि उड़ीसा की ओर से चारपहिया वाहन में सवार दो व्यक्ति अपने पास अवैध रूप से शराब रखे है तथा रायपुर की ओर आ रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में व थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा मंदिर हसौद टोल नाका पास नाकाबंदी लगाई गई। इसी दौरान टीम के सदस्यों द्वारा मुखबीर द्वारा बताये चारपहिया वाहन को आता देख चिन्हांकित कर रोकवाया गया। वाहन में 02 व्यक्ति सवार थे। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम दिलीप बेहरा एवं रामेश्वर यादव निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में शराब एवं बीयर रखा होना पााया गया। शराब रखने व परिवहन करने के संबंध में दोनों से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी दिलीप बेहरा एवं रामेश्वर यादव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध रूप से रखे 38 बॉटल अंग्रेजी शराबए 31 बॉटल बीयर एवं 06 पौवा अंग्रेजी शराब तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त 01 नग चारपहिया वाहन सी जी 04 पी सी 7684 जुमला कीमती लगभग 9,00,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# मूणत के कांवड यात्रा में उमडी भीड़



**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में रविवार को पूर्व मंत्री राजेश मूणत के नेतृत्व में निकली कांवड़ यात्रा में भीड़ उमड़ पड़ी। इसलिए क पूरे मार्ग भर खारून नदीं के तट तक जाते कई लय नहीं टूटा। करीब 12 से 13 हजार की भीड़, उसमें 7 हजार कांवडिये, 15डीजे, 3 बड़ी झांकियां, कालाहांडी का भोलेनाथ का रौद्र रूप, बनारस की शिव भक्ति, जगह जगह भंडारा प्रसादी से लेकर हर चौक चौराहे पर मंच बनाया गया था जहां कांवडियों पर फूलों की वर्षा की जा रही थी।

गुढ़यारी स्थित मारुति मंगलम भवन से शुरु हुई कावड़ यात्रा की भव्यता देखते ही बन रही थी. बाजे गाजे, चलित झांकियां, सांस्कृतिक प्रस्तुति देने प्रदेश के स्थानीय कलाकारों से लेकर अन्य प्रदेश से आए कलाकारों की प्रस्तुति, बनारस और ओडिशा सहित छत्तीसगढ़ के कलाकारों की चलित रंगारंग प्रस्तुति और इन सब के बीच एक रंग के कपड़े पहने हजारों कावड़िया कांधे पर कावड़ उठाए चल रहे थे। जिसमे गंगाजल सहित छत्तीसगढ़ की सभी प्रमुख नदियों का जल था। भोलेबाबा की भक्ति और मस्ती में बाबा भोलेनाथ की जय जयकार करते हुए नाचते गाते पैदल चलते हुए बाबा हटकेश्वरनाथ का जलाभिषेक करने बढ़े जा रहे थे।

- **झांकियां रही आकर्षण का केन्द्र**
- **जगह–जगह भंडारा, फूलों की वर्षा से स्वागत**

करीब 2 किलोमीटर लंबी कावड़ यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवक, युवतियां, बुजुर्ग और बच्चों का जनसैलाब उमड़ पड़ा था।जगह–जगह कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत भी किया गया। कावड़ियो को धूप में तपती सड़क से बचाने पानी टैंकर की व्यवस्था भी की गई थी। स्वागत मंचो में अलग–अलग सामाजिक संगठनों द्वारा व्यापारियों द्वारा कावड़ियो के स्वागत में पानी से लेकर प्रसादी भंडारे तक की व्यवस्था की गई थी।राजेश मूणत ने बताया इस वर्ष भी हमने कावड़ यात्रा निकाली और भोलेबाबा की भक्ति में अपार जनसैलाब बाबा हटकेश्वरनाथ को जलाभिषेक करने पहुंचा।

इस कांवड़ यात्रा में ओडिशा के कालाहाण्डी के नर्तक दलों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग उमड़े। वे अपने कैमरों में इन कलाकारों के डांस को कैद करते नजर आए। हालांकि इस दौरान जगह–जगह जाम के हालात भी बने। ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम नहीं दिखें। जहां से कांवड़ यात्रा गुजर रही थी वहीं से कार और बाकी वाहन भी क्रॉस हो रहे थे। वहीं यात्रा के पीछे भी गाड़ियों की लंबी कतार देखने को मिली।

# वीआईपी रोड में स्टंटबाजी, पुलिस ने पकड़कर समझाइश देकर छोड़ा

**रायपुर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर की सड़कों पर इन दोनों धूम फिल्म की तरह स्टंटबाजी गैंग देखने को मिल रहा है। जो महंगी रेसिंग बाइकों को एक चक्के में रफ्तार से दौड़ाते हुए दिख जाते हैं। हाल ही में एक और वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें महंगी रेसिंग बाइक में कई युवक एयरपोर्ट रोड से गुजरते दिख रहे हैं। इसी बीच एक युवक ने गाड़ी के सामने चक्के को हवा में उठा लिया और तेजी से रेस देते हुए आगे बढ़ गया। इस खतरनाक वीडियो के वायरल होने के बाद ट्रैफिक पुलिस का दावा है कि इस युवक को समझाइश देकर उस पर चालानी कार्यवाई की गई है। दरअसल वायरल हो रहा है ये वीडियो तेलीबांधा चौक से माना एयरपोर्ट जाने वाले व्हीआईपी रोड का है। जिसमें करीब आधे दर्जन युवक महंगी स्पोर्ट्स बाइक में दिख रहे हैं। इनमें से ज्यादातर युवकों की बाइक पर नंबर प्लेट भी नहीं है। वे सभी नवा रायपुर की तरफसे आ रहे रहे है। तभी इनमें से एक युवक ने खतरनाक तरीके से बाइक को सामने से उठा लिया। फिर वो तेजी से एक्सीलेटर देते हुए आगे निकल गया। ये स्टंट उसके खुद के अलावा आसपास से गुजर रहे किसी के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है। जानकारी के मुताबिक हर रविवार को नवा रायपुर के कई अलग.अलग जगहों में रायपुर और उसके आसपास शहरों के महंगे बाइक के शौकीन युवा इकट्ठे होते हैं। वे यहां पर स्टंटबाजी करते हुए सोशल मीडिया में डालने के लिए वीडियो बनवाते है। इसके अलावा वे आपस में तेज रफ्तार रेसिंग भी लगाते है। पुलिस से बचने के लिए ये बीच.बीच में जगह भी बदलते रहते है। इस मामले में जब रायपुर ट्रैफिक एएसपी एस.के. चौबे से बात की गई तो उन्होंने कहा कि व्हीआईपी रोड के इस स्टंटबाजी करते हुए युवक को बुलाकर उसका चालान काटा गया है। साथ ही उसे चेतावनी भी दी गयी है। उन्होंने कहा कि शहर में हर चौक चौराहों में कैमरे लगे हुए हैं। इसके अलावा यदि सोशल मीडिया में भी किसी का वीडियो सामने आता है। तो रायपुर पुलिस तुरंत उस पर एक्शन लेगी। साथ ही दोबारा वो ऐसा करते पाया जाता है तो लाइसेंस भी जब्त किया जाएगा।

## संपादकीय

### सामाजिक-आर्थिक स्थिति की यह तस्वीर

*छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा काए गए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण में राज्य में 15 लाख परिवार ऐसे मिले हैं, जिनके पास शौचालय की सुविधा नहीं है। यह हाल तब है जब स्वच्छ भारत मिशन की उपलब्धियों में राज्य को खुले में शौच मुक्त यानी ओडीएफ घोषित किया जा चुका है। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस स्थिति पर प्रधानमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया है और इन परिवारों के लिए सहायता की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में पिछली सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत खर्च किए गए 4000 करोड़ रुपए की राशि का दुरुपयोग होने की बात करते हुए केन्द्रीय एजेन्सी से जांच की मांग भी की है। केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन का लक्ष्य ही सभी घरों में शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर पूरी मानव आबादी को खुले में शौच मुक्त यानी ओडीएफ घोषित करना है। छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसे परिवारों का पता लगाने के लिए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कराया है जो बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना कर रहे हैं। इसी सर्वेक्षण में 15 लाख परिवार ऐसे मिले हैं, जिनके पास शौचालय की सुविधा नहीं है। इस सर्वेक्षण के पूरे आंकड़े ओर इन आंकड़ों के विश्लेषण के बाद राज्य सरकार इन परिवारों के लिए योजनाएं तैयार करेगी। वर्ष 2011 के बाद देश में जनगणना नहीं हुई। अब तक 2021 की जनगणना पूरी हो जानी थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण यह संभव नहीं हो पाया। इस समय सरकार की जो योजनाएं चल रही है वे 12 साल पहले की जनगणना पर आधारित हैं। इन वर्षों में आर्थिक-सामाजिक स्थितियां काफी बदल चुकी हैं। राज्य सरकार ने अपने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण में इसका आंकलन कराया है। सरकार की योजना उन परिवारों को भी सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिनका 2011 की जनगणना पर आधारित गरीबों की सूची में नाम नहीं है। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास का मुद्दा एक बड़ी राजनीतिक मुद्दा बना हुआ है। विपक्ष का राज्य सरकार पर आरोप है कि उसने केन्द्र द्वारा स्वीकृत प्रधानमंत्री आवासों के लिए राज्यांश की राशि नहीं दी जिसके कारण राज्य में हजारों आवासहीन परिवारों के लिए आवासों का निर्माण नहीं हो सका। इन आरोपों पर राज्य सरकार का कहना है कि आवास निर्माण की प्रगति छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्यों से अच्छी है और आवासों को पूरा करने का काम तेजी से चल रहा है। इन मुद्दों की चर्चा इसलिए भी इस समय महत्वपूर्ण हो गई है, क्योंकि राज्य में कुछ माह बाद ही चुनाव होने वाले हैं। आम जनता चुनावों में सहकारों का कामकाज परखती है और नतीजों के रूप में अपनी राय जाहिर करती है। वर्ष 2018 के चुनावों में देखा गया कि किस तरह जनता ने 15 वर्षों तक सत्ता में रही भाजपा को धूल चटा दी। 15 वर्षों बाद सत्ता संभालने वाली कांग्रेस की सरकार को काम करने का बड़ा मौका दिया। उसके 68 विधायक चुनकर आए थे। सरकार के कामकाज के आधार पर कांग्रेस आगामी चुनावों में एक और बड़ी जीत की उम्मीद लगाए बैठी है। उसने 75 पार का लक्ष्य रखा है। सरकार ने धरातल पर काम करने की कोशिश की है और उसकी विकास की परिकल्पनाओं में वह वर्ग प्राथमिकता में है जो सामाजिक-आर्थिक रूप में पिछड़ा हुआ है। उसका सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण इसी उद्देश्य से प्रेरित है।*

## उल्टा पुल्टा

पत्नी - मैं बचूंगी नहीं, मर जाऊंगी...
पति - मैं भी मर जाऊंगा।
पत्नी- मैं तो बीमार हूं इसलिए मर जाऊंगी, तुम क्यों मर जाओगे?
पति - क्योंकि, मैं बर्दाश्त नहीं कर पाऊंगा!

# भूपेश सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाते हुए कांग्रेस को जिताने का संकल्प लें : दीपक बैज




**दुर्ग ग्रामीण से विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने किया आवेदन, दुर्ग शहर से भी 10 दावेदार**

**दुर्ग**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस के संकल्प शिविर को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने पिछले साढ़े 4 वर्षों में जो विकास के कार्य किये है उसे ही लोगों तक ले जाकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान कराने का दायित्व कार्यकर्ताओं का है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार के बस्तर से सरगुजा तक कार्य किया है। पहले जहां भाजपा के नेता हेलीकाप्टर से यात्रा करते थे अब वहां सड़कें इतनी अच्छी बन गई है कि लोग पैदल भी आसानी से चल रहे है।

इसी शिविर में मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा ने कहा कि प्रदेश में भूपेश बघेल के कार्यकाल में इतने कार्य हुए है कि भाजपा मुद्दाविहीन हो चुकी है। इसलिए वह पुराने घिसे पिटे हथकंडे अपनाकर चुनाव लड़ने जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ईडी छापों के भरोसे लोगों को धमकाने का कार्य कर रही है मगर लोग डरने वाले नहीं है। उन्होंने अपने निवास पर पड़े छापों का उल्लेख करते हुए कहा कि अधिकारियों ने खूब कोशिश की मगर कुछ भी नहीं मिला। संकल्प शिविर को सीएम के सलाहकार राजेश तिवारी ने भी संबोधित किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कार्यकर्ताओं को आगमी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जिताने की बात कही। इसी बीच उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा को याद करते हुए कहा कि जब अरुण वोरा को 1993 में टिकट मिली तब हमने गांव में जाकर जाकर अरुण वोरा के लिए वोट के अपील की थी। अभी हमने कुछ दिन पहले ही बाबूजी के प्रतिमा का अनावरण किया एवं उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की, लेकिन इस विधानसभा चुनाव में अरुण वोरा को दुर्ग से चुनाव जीतना ही मोतीलाल वोरा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

संकल्प शिविर को संबोधित करते हुए विधायक वोरा ने कहा कि इन साढ़े 4 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने हर क्षेत्र में तरक्की की है। छत्तीसगढ़ वासियों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व पर पूरा भरोसा है एवं आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी एवं भूपेश बघेल फिर से इस प्रदेश की कमान संभालेंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, दुर्ग विधायक अरूण वोरा, मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी, विनोद वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदीप चौब, दुर्ग जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, महापौर धीरज बाकलीवाल, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र साहू, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व साडा अध्यक्ष लक्ष्मण चंद्राकर, सभापति राजेश यादव मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अल्ताफअहमद, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष एवं हजारों कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जब प्रत्याशी चयन कर लिया गया तब आवेदन मंगाने की जरूरत क्या थीं : धींगरा

## संकल्प शिविर में ताम्रध्वज के अरूण वोरा को विजयी बनाने के आव्हान पर प्रतिक्रिया

**दुर्ग,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। लोक निर्माण एवं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू द्वारा कांग्रेस के संकल्प शिविर में दुर्ग शहर से विधायक अरूण वोरा को विजयी बनाकर स्व.मोतीलाल वोरा को सच्ची श्रद्धांजलि देने की अपील बयान को लेकर वरिष्ठ नेता राजेश धींगरा ने कड़ी आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने कहा कि एक ओर पार्टी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के इच्छुक कांग्रेसजनों से आवेदन मंगा रही है वहीं श्री साहू द्वारा पार्टी द्वारा प्रत्याशी की अधीकृत घोषणा से पहले ही किसी प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर वोट मांगने पर कहा है कि जब पार्टी को यही करना है तो कार्यकर्ताओं से टिकिट के लिये आवेदन मांगने का दिखावा करने की जरूरत ही क्या है ?



श्री धींगरा ने कहा यह और भी चौंकाने वाला है कि मंत्री श्री साहू ने यह बयान तब दिया तब उसी मंच पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपज बैज उपस्थित थे। उन्होंने इस बयान पर कोई टिप्पणी नहीं की। श्री धींगरा ने पूछा कि क्या ताम्रध्वज साहू ने अरूण वोरा को दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाते ही बी फार्म सौंप दिये है। श्री धींगरा ने सवाल उठाया है कि क्या गृहमंत्री श्री साहू पार्टी से बड़े हो गये है जो उन्होंने पार्टी की गाईड लाईन से ऊपर उठते हुए प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी। पार्टी की गाईड लाईन के अनुसार प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी। पार्टी की गाईड लाईन के अनुसार प्रत्याशी के नाम की घोषणा एक प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही की जानी चाहिए। श्री धींगरा ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की राजनीति पर भी तीखी टिप्पणी की है।

श्री धींगरा ने इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा से मांग की है कि वे लोग इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए उचित व्यवस्था बनायें। ऐसे बयानों से सैकड़ों कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है।

# घटना जैसी भी हो माता-पिता को अवगत कराकर ही आगे निर्णय लें : न्यायाधीश



**दुर्ग,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। शास डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ''न्याय सबके लिए'' के अंतर्गत कानूनी जानकारी छात्राओं को प्रदान की गई।

इस कार्यक्रम में शिवानी सिंग, व्यवहार न्यायाधीश, जिला न्यायालय दुर्ग, शीलू केसरी, व्यवहार न्यायाधीष, जिला न्यायालय दुर्ग वक्ता के रूप में उपस्थित थे।

शिवानी सिंग ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि घटना सामान्य हो या गंभीर हो, शीघ्र ही अपने माता-पिता को इसकी जानकारी प्रदान करें। गंभीर घटना में यदि बयान देने की बात आती है तो हमें कभी भी भयभीत नहीं होना चाहिए। वर्तमान समय में सोषल मीडिया एवं बैंक फ्रॉड की घटनाएँ लगातार बढ़ रही है इसमें हमें सदैव सजग रहना चाहिए।

शीलू केसरी ने कहा कि जीवन में जो भी समस्याएँ आती है उन समस्याओं का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करता है। वाहन के इंश्योरेन्स की बात हो या छेड़खानी की हमें सदैव जागरूक होना चाहिए। यदि समस्या बढ़ती है तो निडर होकर एफआईआर दर्ज कराकर कानूनी सलाह लेना चाहिए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि सतर्कतता एवं सजगता से हम विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं, अपराध से बच सकते है। सायबर अपराध से बचने के लिए हमें सतर्क रहना होगा। हमें कानूनी जानकारी सदैव ज्ञात होनी चाहिए।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यशेश्वरी ध्रव ने किया। इस अवसर पर छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मिश्रित उर्वरक फैक्ट्री सुहाने एग्रो के निरीक्षण में पाई गई खामियां, नोटिस जारी

**दुर्ग,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। खरीफ2023 में जिले के कृषकों हेतु उच्च गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री यथा-खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुए जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सौरभ वर्मा, विकासखण्ड निरीक्षक दुर्ग नवीन खोब्रागड़े, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अनिल कुमार चन्द्राकर के संयुक्त दल द्वारा विकासखंड दुर्ग में प्रतिस्थापित मिश्रित उर्वरक निर्माण फैक्ट्री मेसर्स सुहाने एग्रो (इंडिया) प्रा.लि. हथखोज का 25 अगस्त 2023 को औचक निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण उपरांत मिश्रित उर्वरक निर्माण फैक्ट्री से निर्मित उर्वरक 1630:0-3 नमूने, 20:20:10-1 नमूने, सिंगल सुपर फास्फेट 16 प्रतिशत (तूं डंजमतपंस) का 01 नमूना लिया जा कर गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया।

निरीक्षण के दौरान मिश्रित उर्वरक निर्माण फैक्ट्री में 10 वर्ष पुराना कच्ची सामग्री का उपयोग एवं भण्डारण पाया गया। जिससे निर्मित उर्वरको की गुणवत्ता में कमियां पाई गई। निर्माण संबंधी संधारित स्कंध पंजी एवं अन्य दस्तावेजों का अवलोकन नहीं कराने के कारण संबंधित निर्माता कम्पनी को कारण बताओं नोटिस जारी कर जवाब 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। साथ ही समयावधि में समाधान कारक जवाब प्रस्तुत नहीं करने की दशा उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत मिश्रित उर्वरक निर्माण फैक्ट्री को सील करने की कार्यवाही की जाएगी। उप संचालक कृषि द्वारा निर्माता को उर्वरकों की अच्छी गुणवत्ता युक्त आदान सामग्री का निर्माण एवं सुखे हवादार जगहों पर नियमानुसार उर्वरकों का भण्डारण करने हेतु निर्देश दिये गये।

# आसिफाबाद के लोढ़ा परिवार का सम्मान



दुर्ग, 27 अगस्त (देशबन्धु)। श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में आज आसिफाबाद पन्नालाल ललितकुमार लोढ़ा परिवार संघ लेकर पहुंचे। सुन्दर सिध्दचक्र महापूजन का आयोजन किया।

तीर्थ प्रबंधन की ओर से संघपति परिवार को स्मृति चिन्ह भेटकर अनुमोदना करते संघपति का बहुमान किया गया।

# बेस्ट केटरिंग सेवाएं एवं संचालन के लिये दुर्ग के सुरेश गुप्ता को मिला आकार अवार्ड




**दुर्ग**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। दुर्ग जिले के सूरज जूस एवं केटरिंग संचालक सुरेश गुप्ता का दिल्ली ते इंडिया एक्सपो मार्ट नालेज पार्क मेट्रो स्टेशन नोएडा में आयोजित आकार उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विश्व प्रसिद्ध भारत फूड चैनल के शेफ हरपाल सिंह सोखी थे।

उल्लेखनीय है कि आकार उत्कृष्टता पुरस्कार उस इवेंट इंन्फ्रास्ट्रक्चर संचालकों एवं बेस्ट केटरिंग संचालकों को दिया जाता है जिन्होंने प्रदेश एवं देश में अपनी श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

सर्वश्रेष्ठ केटरिंग इवेंट प्लानर श्रेणी में आकार उत्कृष्टता पुरस्कार के लिये सत्ती चौरा दुर्ग निवासी सुदेश गुप्ता संचालक सूरज जूस एवं केटरिंग को आकार एवार्ड से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान उनकी पाक विशेषज्ञता, रचनात्मकता एवं उत्तम मेनू सेवा तक प्रदान करने के मापदंडों के आधार पर दिया गया है। श्री गुप्ता विगत 30 वर्षो से केटरर्स का कार्य कर रहे है।

# सेवानिवृत्त एसपी रविन्द्र उपाध्याय को पीएचडी

**दुर्ग,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। विगत दिनों रिटायर्ड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रवींद्र उपाध्याय दुर्ग को विनायका मिशन्स रिसर्च फाउंडेशन पांडिचेरी के तत्वाधान में 6वें अंतरास्ट्रीय आईसीएमआरजीआई यानी इंटरनेशनल कांफ्रेंस फार मल्टीडिस्पप्नरी रिसर्च फार लोकल ग्लोबल इंनोवेशन रिसर्च समारोह पांडिचेरी में पीएचडी की डिग्री से सम्मानित किया गया



उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई 2023 को पंडिचरी में उक्त समारोह में आयोजित इस कार्यक्रम में देश विदेश के अनेक शिक्षा विद को आमंत्रित किया गया जिनमें फ्रांस सिंगापुर जर्मनी के अनेक मूर्धन्य लोग शामिल हुए। रवींद्र उपाध्याय जो अब डॉ. रवींद्र उपाध्याय हो गए है उन्हें क्राईम एंड क्रिमिनल कंट्रोल पर उन्हें फ्रांस की यूनिवर्सिटी सोरबोन ने उक्त उपाधि प्रदान की है यहाँ यह विदित हो अरविन्दो फाउंडेशन फुन्डॉ पाटन के रिसर्च सेन्टर के प्रणेता और इंचार्ज डॉ. समरेंद्र घोष के निर्देशन मे श्री उपाध्याय ने उक्त कार्य सम्पन्न किया है।

रवींद्र उपाध्याय इसके पूर्व भी दुर्ग जिले के विभिन थानों में इंचार्ज रहते हुए इंडियन सरकार की ओर से भारतीय पुलिस का नेतृत्व करने थाना प्रभारी के रूप में यूनाइटेड किंगडम इंग्लैंड भी जा चुके है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 27 वाहन चालकों से वसूला चालान

**बेमेतरा पुलिस की कार्रवाई**

**बेमेतरा**, 27 अगस्त (देशबन्धु) ।पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना/चौकी प्रभारियों के द्वारा बेमेतरा जिले में लगातार यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर रही है। जिसके तहत 26 अगस्त को मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत यातायात बेमेतरा ने 09 चालान में 09 व्यक्ति, थाना थाना नवागढ 07 चालान में 07 व्यक्ति, थाना साजा 07 चालान में 07 व्यक्ति, थाना परपोडी 03 चालान में 03 व्यक्ति, थाना चंदनू 01 चालान में 01 व्यक्ति, कुल 27 चालान में 27 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 27 प्रकरण में कुल 8,800 /- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में 26 अगस्त को बेमेतरा जिले के समस्त थाना/चौकी के द्वारा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना नवागढ़ 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना नांदघाट 03 प्रकरण में 03 व्यक्ति, थाना दाढ़ी 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना खमरिया 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना बेरला 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना चंदनू 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, चौकी मारो 01 प्रकरण में 02 व्यक्ति, चौकी देवकर 03 प्रकरण में 04 व्यक्ति, चौकी कंडरका 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, के खिलाफ धारा 107,116 (3), 151 जा.फौ. के तहत कुल 17 प्रकरण में 19 व्यक्तियो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

# ग्राम कटई में जन चौपाल व समाधान शिविर का आयोजन

- **नशा मुक्ति के खिलाफ एवं सायबर अपराध, यातायात के नियमों के संबंध में आमजनों को किया गया जागरूक**

**बेमेतरा**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में थाना / चौकी प्रभारियों के द्वारा जन चौपाल एवं समाधान शिविर लगाकर लोगो को जागरूक



किया जा रहा है इस अभियान तहत 26 अगस्त को थाना चंदनू प्रभारी उप निरी. सुरेश कश्यप एवं अन्य स्टाफ, थाना चंदनू क्षेत्रांतर्गत ग्राम कटई में ग्रामवासियों को साइबर क्राइम से बचने तथा नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा करने से व्यक्तिगत, शारीरिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से होने वाले नुकसान, साथ ही युवा वर्ग के भविष्य में पड़ने वाली प्रभाव से अवगत कराया गया। लोगो को नशा नहीं करने का संकल्प दिलाये और इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। तथा मोबाईल गुम लिंक व हमर बेटी हमर मान के संबंध में जानकारी दिया गया। समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 देकर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# सड़क पर बैठे आवारा पशुओं पर पकड़ने की कार्रवाई

**बेमेतरा**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर रोड बेरला चौक, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टेंड, कवर्धा रोड के आवारा पशुओं को काऊ केचर के माध्यम से पकड़कर गौठान या कांजी हाउस में रखा जा रहा है। जिस हेतु नगर पालिका परिषद बेमेतरा द्वारा 19 लोगो की टीम बनाकर उक्त कार्य किया जा रहा है।



भूपेंद्र उपाध्याय मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका बेमेतरा द्वारा बताया गया की नगर पालिका प्रशासन टीम के द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों व राष्ट्रीय राजमार्ग मे सड़क पर बैठे आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई लगातार जारी है। जिसमें शहर के प्रमुख मार्गों से आवारा पशुओं को पकड़ कर गौठान (कांजी हाउस )में रखा जा रहा है। सी एम ओ ने शहर के पशु मालिकों से अपील करते हुए कहा है कि अपने पशुओं को घर पर रखें ,सड़क पर बैठे या घूमते पाए गए तो पालिका प्रशासन द्वारा उन पशुओं को पकड़ने के साथ पशु मालिकों को पर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। आवारा पशुओं की वजह से सड़क पर आवागमन बाधित होने के साथ आयें दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। पालिका द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ा जा रहा है।

निदान 1100 टोल फ्री नंबर की मिली सुविधा पालिका प्रशासन शहर में आवारा पशुओं के चलते होने वाली समस्या को जल्द से जल्द करने में जुटा है। इसके लिए जहां अब बड़े पैमाने पर आवारा मवेशियों को पकड़ने ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# बीएसपी के ठेका श्रमिकों को 15 वर्ष कार्य करने के पश्चात भी अकुशल श्रमिक का दर्जा

**भिलाई नगर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यकारिणी की बैठक, सेक्टर 4 कार्यालय में रखा गया जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र के अनेक विभाग के श्रमिकों ने आकर सदस्यता ग्रहण किया और अपनी समस्या को यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू को अवगत कराया।

जिसमें बीएसपी के कई विभागों के श्रमिकों ने बताया कि वह मिल आप रेटिंग का कार्य 15 सालों से कर रहे हैं एवं, डिप्लोमा डिग्री करने के पश्चात अति कुशल श्रमिक के रूप में कार्य कर रहे थे लेकिन नया ठेका होने के पश्चात कम वेतन देने के लिए उनको कुशल एवं अकुशल श्रमिक, का गेट पास बना दिया गया एवं नए जिनको अनुभव नहीं है उन्हें अति कुशल एवं कुशल श्रमिक का गेट पास बना दिया गया शिकायत पर तुरंत यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू द्वारा ठेका कंपनी एवं ऑपरेटिंग अथॉरिटी से संपर्क किया गया और इसे सुधार करने की मांग की गई जिस पर प्रबंधन द्वारा सुधार करने का आश्वासन दिया गया।

मेडिकल फिटनेस नहीं मिलने के कारण ठेका श्रमिक चार माह से बेरोजगार हो गए हैं।

बीएसपी द्वारा ठेका श्रमिकों का मेडिकल करने के लिए संयंत्र भवन में चार माह पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण चालू किया गया था जिसमें कुछ श्रमिकों का ब्लड प्रेशर एवं शुगर होने के कारण अनफिट कर दिया गया है और बाहर इलाज कराने के लिए कहा गया था श्रमिकों द्वारा जिला अस्पताल के डॉक्टर के द्वारा इलाज प्रारंभ करके बाहर से फिट सर्टिफिकेट लाने के पश्चात ठेकेदार को अवगत कराया गया लेकिन उनका आधार कार्ड



में कंप्यूटर में संयंत्र भवन के डॉक्टर द्वारा फिट नहीं दिए जाने के कारण 4 महीने से उनका गेट पास नहीं बन रहा है इस संबंध में तत्काल अध्यक्ष संजय साहू द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर मेडिकल डाक्टर रविंद्र नाथ एवं संयंत्र भवन के प्रमुख डाक्टर राजेश्वर राम और उप महाप्रबंधक ठेका प्रकोष्ठ विकास चंद्र से संपर्क किया गया एवं जल्द से जल्द मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्णय लेकर गेट पास बनाने के लिए उचित कार्यवाही करने के लिए चर्चा की गई डायरेक्टर मेडिकल द्वारा जल्द ही उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया ?

**प्लेट मिल के ठेका श्रमिकों को नहीं मिल रहा है निर्धारित वेतन एवं एडब्लूए की राशि**

प्लेट मिल के श्रमिकों ने अपनी समस्या बताई की प्लेट मिल में पुलपीट ऑपरेटर से लेकर क्रेन ऑपरेटर, एवं मशीन मेंटेनेंस के सभी कार्य बीएसपी कर्मचारियों की तरह करते हैं लेकिन एचएससीएल ठेकेदारों, एवं बीएसपी ठेका कंपनी द्वारा अति कुशल श्रमिकों को 400 रुपया प्रतिदिन एवं कुशल श्रमिकों को 350 रुपए एवं अर्ध कुशल को 320 रुपए ही दिया जाता है और ए डब्लू ए की राशि नहीं दी जाती, अध्यक्ष संजय साहू द्वारा श्रमिकों की शिकायत एवं समस्या पर प्रबंधन एवं ठेका कंपनियों से चर्चा करने और उच्च प्रबंधन से शिकायत कर निर्धारित वेतन एवं ए डब्ल्यू ए दिलाने एवं अन्य समस्याओं का समाधान के लिए उच्च प्रबंधन से चर्चा करने निर्णय लिया गया। बैठक में सीपी वर्मा ,दीनानाथ सिंह, मनोहर लाल आरदिनेश, सुरेश कुमार गुलाब दास, गुरुदेव साहू, जसबीर सिंह, रिखीराम साहू ,जयराम ध्रुव डीपी खरे संतोष ठाकुर, दामन, नारायण, इंद्रमणि, जयकुमार ,कान्हा, बलराम वर्मा, कामता प्रसाद ,कुलेश्वर कुमार एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

# चुनाव में अशांति फैलाने वाले गुंडा, निगरानी बदमाशों पर नियमित चेकिंग

**भिलाई नगर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 को दृष्टिगत रखते हुए शलभ कुमार सिन्हा पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारियों की मीटिंग पुलिस कंट्रोल रूम भिलाई में ली गई। बैठक में लघु अधिनियम एवम प्रतिबंधात्मक धाराओं में वृद्धि लाने, अवैध शराब के धंधे में लिप्त लोगों पर निगाह रख कार्यवाही इसी प्रकार नशीले मादक पदार्थ बेचने वालो पर कार्यवाही करने, लाइसेंसी शस्त्र थाना में जमा कराने, आदतन अपराधियों की गतिविधियो में नजर रख कार्यवाही करने, पूर्व में चुनाव के दौरान अशांति एवं विघ्न पैदा करने वाले बदमाशों को सूचीबद्ध करने, गुंडा निगरानी बदमाशों के नियमित चेकिंग करने, गिरफ्तारी एवं बेम्यादि वारंटो की तामिल में सुधार लाने, वाहन चेकिंग करने विशेषकर जिले के अंदर प्रवेश करने वाले वाहनों की सूक्ष्मता से चेकिंग करने, क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों में विशेष निगाह रखने, मतदाताओं को प्रलोभन देने वाले व्यक्तियों पर निगाह रख, क्षेत्र के सूचना तंत्र को मजबूत करने के कड़े निर्देश दिए गए। उपरोक्त बैठक में संजय कुमार ध्रुव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, अनंत साहू अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्री उमेश गुप्ता परि. भापुसे, श्रीमती मीता पवार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू, मणि शंकर चंद्रा नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग, विश्व दीपक त्रिपाठी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर, आशीष बंछोर नगर पुलिस अधीक्षक छावनी,



संजय पुंढीर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धमधा, सतीश ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, एस. एस. विंध्य राज उप पुलिस अधीक्षक यातायात, राजीव शर्मा उप पुलिस अधीक्षक अपराध, विनोद मिंज उप पुलिस अधीक्षक अजाक, सुश्री आकांक्षा पांडे परि. उप पुलिस अधीक्षक, रमेश कुमार चंद्रा रक्षित निरीक्षक दुर्ग एवं दुर्ग जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

# हर महिलाओं के मन में भी एक बच्चा होता है उसे जाहिर बस हर कोई नहीं करता : सुश्री सरोज पांडेय

**भिलाई नगर,** 27 अगस्त। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महिलाओं के मन में खेल की जागरूकता स्वास्थ्य के लिए सजकता पैदा करने की उद्देश्य से लेकर महतारी खेल महोत्सव का आयोजन राज्यसभा सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय के द्वारा होटल चौहान इंपिरियल दुर्ग बायपास रोड मे किया गया। आज के इस कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न खेलो का आयोजन रखा गया जिसमें प्रमुख रस्साकसी, फुगड़ी, जलेबी दौड़,बिल्लस जैसे खेल शामिल है।जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न समाज की प्रमुख महिलाएं बुद्धिजीवी वर्ग से डॉक्टर पत्रकार उद्यमी समाज सेविकाएं महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि ने भाग लिया। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी, माया बेलचंदन डॉक्टर मानसी गुलाटी सरिता मिश्रा स्वाति साहू महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भिलाई स्वीटी कौशिक रहे खेलों के आयोजन के पश्चात प्रतिस्पर्धी विजयी महिलाओं को पुरस्कार प्रदान किया गया और कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु साधुवाद ज्ञापित किया गया



इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय ने कहा कि हर महिलाओं के मन में एक बचपन होता है पर वह अपने माता-पिता अपने पति अपने बच्चों और अपने परिवारजनों के बीच इसे जाहिर नहीं कर पाती जिसके चलते वह चाहते हुए भी मंशा के अनुरूप जीवन नहीं जी पाती है लेकिन आज इस खेलकूद के माध्यम से उन्हें पारिवारिक माहौल के साथ विभिन्न खेलकूद में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला। जिसे उन्होंने आनंद पूर्वक प्रतिस्पर्धा में भाग लिया खेलों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि उन्हें उनके परिवार का साथ मिले इसके अलावा विभिन्न प्रकार के प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जाना चाहिए मेरा यह प्रयास रहेगा कि समय-समय पर इसी प्रकार की खेल प्रतिस्पर्धाएं आयोजित करूं और महिलाओं को उनके जीवन के बचपन को बाहर ला पाऊ।

# विनम्रता का दामन कभी ना छोड़ : अनीता



**भिलाईनगर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट का शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि एवं शपथ अधिकारी के रूप में क्लब की चार्टर प्रेसीडेंट लायन अनिता अग्रवाल उपस्थित हुई। ध्वज वंदना लायन मंजू बंसल ने की। स्वागत भाषण पूर्व अध्यक्ष लायन सरोज अग्रवाल ने दिया। शपथ अधिकारी लायन अनिता अग्रवाल ने सर्वप्रथम चंद्रयान 3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता पूर्वक पहुंचने पर चंद्रविजय की सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। तत्पश्चात क्लब के संचालक मंडल तथा अध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों को सेवा के क्षेत्र में समर्पित भाव से एवं टीम भाव से कार्य करने हेतु शपथ दिलाई। हर पदाधिकारी को उनकी जवाबदारी समझाते हुए कार्य करने का तरीका बताया। उन्होने कहा कि हम विनम्रता का दामन कभी न छोड़ें, सेवा का भाव सर्वोपरि रखें, सहयोगात्मक रवैया अपनाए, अपने कार्यों एवं क्लब के प्रति समर्पण का भाव रखें। फिर कोई वजह नहीं होगी कि, हम सफल न हों। सभी पदाधिकारियों ने भी अग्नि को साक्षी मानकर अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की उत्साह के साथ शपथ ली। अध्यक्ष प्रमिला मित्तल ने उन्हे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने हेतु क्लब के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा किए डिस्ट्रिक्ट से मिले निर्देशों के अनुसार वो डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट पर अपनी टीम के साथ मिलकर कार्य करेंगी। कोषाध्यक्ष लायन ऊषा अग्रवाल ने भी कोष से सम्बन्धित रिपोर्ट पढ़ी। कार्यक्रम का सफल संचालन लायन भारती अग्रवाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन सह सचिव लायन प्रभा पटेल ने किया। इस अवसर पर लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# डॉ. सतीश संभालकर ने सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान का निरीक्षण किया



**भिलाईनगर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान की निरीक्षण करने राज्य टीकाकरण सलाहकार डा सतीश संभालकर ने चरोदा शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 के केंद्रो का निरीक्षण कर किया आवश्यक निर्देश दिए शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 के बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि युपीएचसी चरोदा के वैक्सीन कोल्ड चैन को देखा फार्मासिस्ट नेहा गौतम स्टोर प्रभारी सैय्यद असलम ने बताया कि 10 शहरी स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में वैक्सीन सप्लाई होती हैं हितग्राही से चर्चा करते हुए पूछा कि आपको टीकाकरण सभी चीजें निशुल्क उपलब्ध होती है बच्चों को टीकाकरण पश्चात विपरीत प्रभाव जैसे बुखारएसुजन लालीमा पर बचाव सिरप अथवा टेबलेट मिलता है सत्र आयोजित कर रही एएनएम श्रीमती सोनसीर देशलहरे ओर श्रीमती द्रौपदी से उन्होंने पूछा वैक्सीन समय पर पहुंच जाता है कि नही एरिया में लेफ्ट आउट ओर ड्रॉप आउट शिशुओं की डयु लिस्ट है कि हितग्राहियों को कौन सूचित करता है मितानिन का सहयोग प्राप्त होता हैं कि नही उसके बाद उन्होंने वैक्सीन डब्बा में भेजी गई वैक्सीन की निर्माण तिथि, एक्सपायरी डेट उसको खोलने की समयआदि के विस्तृत जानकारी लिया बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम बताया कि युविन एप आ गया है पहले कोविन एप में कोविड टीकाकरण पश्चात हितग्राही को सर्टिफिकेट मिल जाता ऐसे ही पूरे हितग्राहियों को शिशुओं के टीकाकरण संबंधित कार्ड्स के बजाय युविन में सभी टीके पश्चात सर्टिफिकेट मिलेगा इसके लिए हितग्राही को आधार से लिंक मोबाइल नंबर देना पड़ेगा निरीक्षण के दौरान सीनियर कंसल्टेंट एल एच व्ही श्रीमती ए दत्ता, श्रीमती आर विश्वास जे डी मानिकपुरी द्रौपदी सोनसीर देशलहरे उपस्थित रहे।

# मजदूर विरोधी सरकार के खिलाफ होगा धरना



**भिलाईनगर** 27 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलातफ आगामी अक्टूबर माह से पूरे देश में मजदूर किसान संयुक्त रूप से आंदोलन छेड़ेगें। उक्ताशाय की जानकारी राजमिस्त्री मजदूर रेजा कुली एकता यूनियन के राज्य उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष कमल रॉय ने जानकारी दी। श्री रॉय ने बताया कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 10 ट्रेड यूनियनों व संयुक्त किसान मोर्चा के संयुक्त कनवेंशन में यह निर्णय लिया गया है। इस कनवेंशन में देश भर से सात हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने उक्त कनवेंशन में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा की आगामी 26 नवंबर को देश के सभी राजभवन के सामने दिन रात मजदूर किसानो का महापड़ाव होगा। आगामी दिसंबर व जनवरी माह में देशभर में दो माह व्यापी केंद्र सरकार की मजदूर व किसान विरोधी नीतियों के विरोध में आयोजित की जाएगी। मजदूर नेता ने केंद्र सरकार ने कहा कि हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने के वादा कर सत्ता पर आसीन हुए यह भाजपा की सरकार अब नए रोजगार के बदले पुराने रोजगार को ही समाप्त कर रही है। देश के सार्वजनिक उद्योग जो सबसे अधिक रोजगार उपलब्ध कराते है उन उद्योगो को कॉरपोरेट के हवाले कर रही है। सामाजिक सुरक्षा में कटौती के कारण ही श्रमिको के पेंशन पर हमला हो रहा है। श्रमिक नेता ने मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जनता से सरकार की इन नीतियों के खिलाफ विरोध करवाहियों में शामिल होने का आह्वान किया है।

# डीएव्ही स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह

**भिलाईनगर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल आमदी नगर को सिलाई में उपक्षेत्रीय अधिकारी पर अशोक कुमार की अध्यक्षता में छात्र संगठन समारोह संपन्न कराया गया। जिसके मुख्य गुप्ता बालसंरक्षण सदस्य रहे।



हाऊस सुवादीप प्रमाणिक वरिष्ठविंग, पटेल हाउस लाल मोहन पटेल वरिष्ठ विंग, सुभाष हाउस श्रावणी सेन गुप्ता वरिष्ठविंग, टैगोर हाउस श्रीमती चेतना बन्ना वरिष्टविंग, विभिन्न सदनों के चार वार्डन

शपथ ग्रहण समारोह में सर्वश्री गुप्ता ने सीनियर स्कूल काउंसिल के सदस्य भव्य जैन, अनुकृति तिवारी, देवराज सिंह स्कूल कैप्टन और उज्ज्वला साहू को शपथ दिलाई गई। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा मैच और बैज के साथ उन्हें सम्मानित किया गया। इसके उपरांत प्रशांत कुमार ने वाइस हेड ब्याग प्रियां भादुरी, वाइड गर्ल सृष्टि सिंग, वाइस स्कूल कैप्टन मृणाल दास, वाइस स्कूल कैप्टन गर्न भूमिका को शपथ दिलाई। तत्पश्चात प्रशांत कुमार ने दर्शना सिंह सांस्कृतिक सचिव, अनमोल मालवीया अनुशासन सचिव, खनक माथुर साहित्यिक सचिव, जसकरण सिंह क्रीडा सचिव के नवनिर्वाचित सचिवों को शपथ दिलाई। श्रीमती बिजी.ए.कुमार ने जूनियर विंग के हेड स्वाय निशान वर्मा, हेड गर्ल आराध्या तिवारी, स्कूल कैप्टन स्वाय अनुज सिन्हा, स्कूल कैप्टन गर्न देवमणि चौधरी को शपथ दिलाई और श्रीमती मंजू शर्मा ने प्राइमरी विंग के हेड ब्वाय अथर्व नाथ, हेड गर्न आयकर स्कूल कैप्टन ब्वाय चिराग कुमार राय, स्कूल कैप्टन गर्ल प्रियांशी नाग को शपथ दिलाई। नेहरू नेहरू, पटेल, सुभाष और टैगोर ने अपने सदनों के विभिन्न विभागों को श और बैज भेंट किए। सोनल गुप्ता ने बाल संरक्षण के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को उनका पूरा अधिकार दिया जाना चाहिए। सुरक्षा, शिक्षा और सुपोषण हर बच्चे का अधिकार है। बच्चों की सुरक्षा और सुपोषण के लिए राज्य सरकार ने व्यवस्था की है, लेकिन इसके लिए समाज को भी आगे आना होगा। प्राचार्य प्रशांत कुमार ने कहा कि शिक्षा प्रत्येकका मौलिक अधिकार है, जिसका उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। इसलिए हमें सदैव उनके अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने नवनिर्मित पदाधिकारियों, सभी बच्चों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर समारोह का समापन शांति पाठ व राष्ट्रगान के साथ हुआ। समारोह का संचालन श्रीमती जीन जयकांत व ममता तिवारी ने किया। उक्त समारोह के कुशल समापन में सभी शिक्षक शिक्षकाओं एवं छात्र.छात्राओं का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# पंथी कलाकार देवदास को अगासदिया परिसर में दी गई श्रद्धांजलि



**भिलाईनगर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। अमर पंथी कलाकार छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सपूत देवदास बंजारे अगासदिया परिवार के स्तंभ में रहे। अगासदिया परिसर भिलाई नगर में उन्हें 26 अगस्त को उनकी पुण्य तथि पर श्रद्धांजलि देते हुए डा. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि देवदास बंजारे महान कलाकार और शांतिए एकताए प्रेम की धरती छत्तीसगढ़ के सपूत थे। वे गुरू बाबा घासीदास के संदेशों को विदेशी मंचों पर प्रचारित कर जन जन से सम्मान प्राप्त करते रहे। हबीब तनवीर की प्रस्तुति चरणदास चोर में मुख्य भूमिका निभाने वाले कलाकार के रूप में मान पाया। मेरे द्वारा लिखित उनकी जीवनी आरूग फूल मध्यप्रदेश शासन द्वारा माधवराव सप्रे सम्मान से पुरस्कृत हुई। श्रद्धांजलि सभा में राजेन्द्र साहू ने पंथी गीत गायन किया। कार्यक्रम का संचालन महेश वर्मा ने किया। नारायण चंद्राकर, अरूण अग्रवाल ने भी उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दिया। इस अवसर पर कला जगत समाज सेवा क्षेत्र के लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें याद किया।

# तली व मैदा से बनी चीज से परहेज : अर्चना



**भिलाईनगर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी के इको पल्लवन क्लब के द्वारा जंक फूड सेवन से रोकथाम विषय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के गोद ग्राम खपरी में जाकर क्लब के सदस्यों एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर लोगों को जंक फूड के बारे में और उससे होने वाले नुकसान के बारे में उन्हें अवगत कराया। विद्यार्थियों ने लोगों को तली हुई एवं मैदा से बनी हुई चीज से परहेज करने की सीख दी। साथ ही वर्तमान में फैलने वाले विभिन्न बीमारियों में से डेंगू मलेरिया आदि से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया एवं स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अपने घर के आस-पास साफ सफाई रखना एवं गढ्ढो में भरे हुए पानी पर दवाई का छिड़काव करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने कहा कि जंक फूड का सेवन आज का फैशन बन चुका है, लेकिन इसके सेवन करने वाले व्यक्ति यह नहीं जानते कि भविष्य में यह हमारे शरीर के लिए कितना नुकसानदायक साबित हो सकता है। इनके सेवन से हममबहुत सारी बीमारियों से ग्रसित हो सकते हैं। इसलिए हमारा यह दायित्व है कि जंक फूड से होने वाले स्वास्थ्य का समस्या के बारे में लोगों को जागरूक करें और इसके सेवन से बचाने का प्रयास करें। महाविद्यालय के डीन अकेडमी डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा है कि बारिश के मौसम में जगह-जगह पानी भरे हुए रहते हैं जिनकी निकासी नहीं हो पाती है,और ऐसे ही जगह पर डेंगू एवं मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों कि संख्या में वृद्धि होती है। हम सभी को इससे सुरक्षित होना आवश्यक है अत: हमें चाहिए कि जहां इस प्रकार के मच्छरों का फैलाव होता है वहां पर दवाइयां का छिड़काव करना चाहिए और इसके लिए लोगों में जागरूकता होना आवश्यक है। इस प्रकार से श्री शंकराचार्य महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के जागरूकता संबंधी कार्यक्रम चलाया जाता है इस कार्यक्रम में इको पल्लवन क्लब के सभी सदस्य एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी कुमकुम वर्मा, आंचल यादव, खुशी भुवल, रक्षा बिसेन, सेजल सिंह सहित विद्यार्थीयों कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे।

# मुख्यमंत्री घोषणा पूर्ण, कर्मा भवन लोकार्पित

## समाज के लिए हर व्यक्ति को सोचना चाहिए : ताम्रध्वज



**भिलाई नगर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। जो भी बोलो, जो भी सोचो और जो भी करो वह समाज के हित में हो, तभी हमारा समाज विकास कि गति में होगा। उक्त बातें दुर्ग ग्रामीण के विधायक व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कही। उन्होंने इस्पात नगर रिसाली स्थित कर्मा भवन का शनिवार को लोकार्पण किया। भवन निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने 25 लाख की घोषणा की थी। तहसील साहू संघ के बैनर में आयोजित लोकार्पण समारोह में मंत्री ने कहा कि सामाजिक संगठन चलाने के लिए सोच अच्छा होना चाहिए। सामाजिक पदाधिकारियों के अलावा प्रत्येक सदस्य को समाज के हित में सोचना चाहिए और कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हनोदा और उमरपोटी पंचायत शहर से लगा हुआ है। जाने से नही लगता कि कार्य प्रणाली पंचायत की है। उनकी इच्छा है वहा भी समाज हित में कार्य हो। उनका प्रयास हमेशा रहा है कि समाज हमेशा संगठित रहे। इस अवसर पर तहसील साहू समाज ने मंत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा , समाज के जीवन साहू, सनीर साहू , डा सीमा साहू, शिशिर साहू , टिकम साहू, हरि द्वारका साहू , नवरत्न साहू, कबीर साहू, शैलेंद्र साहू , भीखम साहू, एमके साहू , तोरण अटल साहू आदि उपस्थित थे।

**प्रतिभावान का किया सम्मान**- लोकार्पण अवसर पर समाज के बच्चो और महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। तहसील साहू संघ ने प्रतिभावान सामाजिक सदस्य व बच्चो का सम्मान किया। उन्हे स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र दिया।

# प्लेट मिल में सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम



**भिलाईनगर,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल में समय-समय पर सुरक्षा के महत्व को सर्वोपरि रखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में प्लेट मिल सभागार में बी आईए सी एफटी के तहत कर्मचारियों के लिए आई सी के प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संपूर्ण प्लेट मिल के प्रतिभागी सम्मिलित थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी आयरन एण्ड स्टील तापस दासगुप्ता थे। सुरक्षा विभाग से महाप्रबंधक एस के अग्रवाल ने इस अवसर पर आई सी ट्रेनिंग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों का पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए तापस दासगुप्ता ने उत्पादन में सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। जिसमे उन्होंने मुख्यत: बी आई प्रतिदिन के काम काज में उपयोग में लाने पर जोर दिया। तत्पश्चात मुख्य महाप्रबंधक प्लेट मिल आर के बिसारे ने इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण की भूमिका पर जोर दिया और कहा कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि अपने विभाग को स्वच्छ एवं दुर्घटनारहित रखें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे दिन चलाए जिसमें ओ सी टी ब्लास्ट फर्नेस गुलाम अशरफएवं मास्टर टेक्निशियन ई एम् डी गणेश कुमार ने प्रशिक्षक की भूमिका अदा की। तत्पश्चात शॉप फ्लोर पर इसका प्रायोगिक कार्यक्रम किया गया। इस आयोजन के सफलतापूर्वक संचालन हेतु प्लेट मिल बी आईए सी एफटी स्पोक पर्सन संजय त्रिपाठी, बी आईए सी एफ टी क्लस्टर प्रभारी राजीव सोनटके तथा सत्य नारायण मेहर ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रतिभागियों ने आभार व्यक्त किया और यह वादा किया कि प्लेट मिल में वास्तविक रूप से सी राउंड कर यहाँ के कार्यक्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

**मतदाता जागरूकता रैली**

**बेमेतरा,** 27 अगस्त। संविधान का महत्वपूर्ण अंग मतदान के लिए मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर छात्रों ने कहा- सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो नारे के साथ हायर सेकेंडरी स्कूल खंडसरा के रेडक्रॉस,स्काउट, खिलाड़ी सहित विद्यालय के छात्र छात्राओं ने निकालकर युवा किसान बुजुर्ग महिलाओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।



# नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने, मताधिकार का प्रयोग करने जिले में लगातार चल रहे जागरूकता कार्यक्रम

**कवर्धा,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए जिले में नए मतदाताओं का पंजीकरण करने एवं मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए लोगों को जागृत करने का काम जोर-शोर से चल रहा है। शहर से लेकर गांव तक एवं मैदानी क्षेत्र से लेकर वनांचल क्षेत्र तक सभी क्षेत्र के लोगो को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार जिले के सभी महाविद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल सहित ग्रामीण अंचलों में विभिन्न विभागों द्वारा सभी वर्ग के मतदाताओं को जागरूक करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी मे पं.दीनदयाल उपाध्याय शासकीय महाविद्यालय झलमला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से आह्वान किया गया कि वह अपने गांव में ऐसे व्यक्ति जो मतदाता बनने के योग्य है उन्हें प्रेरित कर 31 अगस्त के पूर्व उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं और उन्हें लोकतंत्र के महापर्व चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसके तहत अलग-अलग विधाओं जैसे रंगोली, पोस्टर पेंटिंग, नारा लेखन, मेंहदी प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण




प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। सभी आयोजन का थीम मतदाता जागरूकता के संदर्भ में रखा गया था। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अलग-अलग प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में भाग लिया।

छात्र-छात्राओं के साथ मिलाकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, मताधिकार का प्रयोग करने के लिए शपथ ली


मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य आरके पाठक ने छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं माताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा की न केवल अपना नाम जुड़वाएं बल्कि अपने आसपास के साथियों को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर बोड़ला तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे एवं स्वीप नोडल अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल सीईओ जिला पंचायत के निर्देशानुसार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने नाम कटवाने के साथ संशोधन करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी छात्र-छात्राओं के साथ मिलाकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं अनिवार्य रूप से मताधिकार का प्रयोग करने के लिए संकल्प शपथ ली गई। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एव छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भाजपा ग्रामीण की बीजाभाट में घोषणा पत्र की सुझाव पेटी रखी गई



**बेमेतरा,** 27 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल बेमेतरा के बीजाभाट में घोषणा पत्र की सुझाव पेटी रखी गई जिसमे उपस्थित कार्यकर्ताओं एवम आम जनता ने अपने सुझाव पेटी में डाले। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष एवम घोषणा पत्र समिति के जिला संयोजक राजेन्द्र शर्मा ने कहा की भाजपा अपने घोषणा पत्र के सुझाव को छत्तीसगढ़िया मन के बात का नाम देकर सुझाव पेटी के माध्यम से जनता का सुझाव मांग रही है ताकि उसे घोषणा पत्र में सम्मलित कर सके। उन्होंने कहा की भाजपा घोषणा पत्र में युवा,किसान ,महिला ,मजदूर के हितों का ध्यान रखकर अपना घोषणा पत्र बनाएगी। उक्त कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा,पूर्व विधायक अवधेश चंदेल,मंडल अध्यक्ष छोटूराम साहू,महामंत्री डेरहा देवांगन ,भागीरथी साहू, जितेन्द्र यदु,प्रहलाद रजक ,संध्या परगनिहा , नरेन्द्र वर्मा,विजय सुखवानी, ओमप्रकाश वर्मा, परस वैष्णव, जितेन्द्र साहू, पंचू वर्मा,गन्नू पाटिल, शत्रुघन यदु,बलराम पटेल,पोषण वर्मा,यशवंत वर्मा,ललिता साहू,रीना साहू,राजू गायकवाड,सचिन ठाकुर, गैंदराम वर्मा उपस्थित थे।

# पं. प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद लिए अजेंद्र साहू



**गुरुर,** 27 अगस्त। शिव महापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद लेने पहुंचे युवा मोर्चा मंडल गुरुर महामंत्री ,सदस्य दूरसंचार सलाहकार भारत सरकार अजेंद्र साहू बालोद जुगेंरा में हो रहे मणि लिंग महापुराण कथा के दूसरे दिन भी कथा श्रवण करने शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी शिव भक्ति में लीन श्रद्धालु का उत्साह देखते ही बन रहा था इसी बीच शिव महापुराण श्रवण करने पहुंचे गुरुर ब्लॉक से खोरदो निवासी अजेंद्र साहू कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को श्रीफल देकर आशीर्वाद लिए।

# कंचान्दुर में कुर्मी भवन का लोकार्पण



**गुण्डरदेही,** 27 अगस्त। संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद रविवार को ग्राम कचांदुर में चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्रपति शिवाजी सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया इस अवसर पर अश्वनी चंद्राकर पुष्पेंद्र चंद्राकर प्रदीप चंद्राकर चंद्र किशोर चंद्राकर ममता चंद्राकर सुषमा चंद्राकर आलोक चंद्राकर खेमराज चंद्राकर केके राजू चंद्राकर तारिणी चंद्राकर उत्तरा चंद्राकर मोंटू चंद्राकर सुनील चंद्राकर रामेश्वर चंद्राकर सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## तुलसीदास ने रामभक्ति में लीन रहकर अनेकों रचनाएं की जिसमें से रामचरित मानस सबसे प्रसिद्ध कृति है

गुण्डरदेही, 27 अगस्त। संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद रविवार को ग्राम कादुल व खुटेरी में आयोजित तुलसीदास जयंती समारोह में शामिल हुए इस दौरान उन्होंने भगवान की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया उन्होंने कहा कि सावन माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को तुलसीदास जयंती मनाई जाती है इस बार तुलसीदास की 526 वीं जयंती मनाई जा रही है तुलसीदास ने अपने जीवन काल में रामभक्ति में लीन रहकर अनेकों रचनाएं की जिसमें से रामचरित मानस सबसे प्रसिद्ध कृति है इस अवसर पर संतुराम पटेल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अर्जुन्दा भोजराज साहू गुण्डरदेही ममता चंद्राकर जनपद सदस्य सरपंच नविता साहू अनुभव शर्मा चित्रांश व ग्रामीण जन उपस्थित थे।




# मयुर पब्लिक स्कूल कुम्हार खान में राखी प्रतियोगिता



**गुरुर,** 27 अगस्त। मयूर पब्लिक स्कूल कुम्हार खान में छोटे बच्चों के बीच राखी बनाओ प्रतियोगिता रखी गई ,जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने रंग -बिरंगी रखियां बनाकर अपने प्रतिभा दिखाई इस राखी प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय आने वाले बच्चों को स्कूल के संचालक हेमलता साहू ,प्राचार्य मोतीलाल साहू ने बधाई दिए और उन्हें रुस्कृत भी किया और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए उनका उत्साहवर्धन भी किया, जयंत यादव ,वंदना यादव मोना साहू भेमेश्वरी ,नीलम, अलका, धनेश्वरी, आदि इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# शहर में राखी की दुकान सजने लगी

**बालोद,** 27 अगस्त। रक्षाबंधन का त्योहार आने वाला है। भाई.बहन के प्यार का पर्व रक्षा बंधन को लेकर बाजार सजने लगा है। राखी का सीजन करीब आते ही शहर में हर बाजारों में राखियों की दुकान सजने लग गई हैं। राखी की खरीदारी के लिए दुकानों पर महिलाओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई। अभी से ही बहनें भाई के कलाई पर राखी बांधने के लिए खरीदारी शुरू कर दी हैं वहीं दूर.दराज रहने वाले भाईयों को डाक के माध्यम से राखी भेजने का काम भी बहनें शुरू कर दी हैं। रक्षा बंधन पर्व हिदू धर्म में मुख्य त्योहार में शामिल है। पंचांग के अनुसार रखा बंधन पर्व सावन महीने के पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह पर्व भाई.बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक माना गया है। इस समय बाजार में पांच रुपये से लेकर 200 रुपये तक कि राखियां मिल रही हैं। डायमंड रखी, रेशम राखी और भैया भाभी राखी, वीरा डायमंड राखी के साथ ही चमकीली लाइट वाली आदि राखियां मार्केट में इस बार आई हैं। इस बार छोटा भीम पिकाचू और मोटू पतलू जैसी चमकीली लाइट वाली राखी भी डिमांड में हो रही है। यही नहीं भगवान शिव का सावन का महीना चल रहा है ऐसे में ग्राहकों में महादेव और रुद्राक्ष की राखी का भी मांग हो रही है।

## निधन

### देवऋचा चंद्राकर



**रायपुर,** 27 अगस्त। ग्राम नारा वाले सुरेश चंद्राकर की पुत्री देवऋचा चंद्राकर (प्रिया) का आकस्मिक निधन 27 अगस्त को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निवास अवंति विहार से सुबह 11 बजे तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान होगी। वे लखन, पवन, गोवर्धन, परमानंद चंद्राकर की भतीजी थी।

# पार्टी उसी को मौका देगी जो मजबूत व तय मापदंड में परफेक्ट हो : पर्यवेक्षक अनिल

**डोंगरगढ़,** 27 अगस्त। भाजपा के बड़े नेताओ द्वारा दूसरें राज्यों के भाजपा विधायकों को प्रवास पर भेजकर कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली जा रही है। डोंगरगढ़ विस क्षेत्र के प्रवास पर बिहार के सीतामढ़ी जिलें के बथनहा के भाजपा विधायक अनिल कुमार रविदासिया ने प्रवास के दौरान विस क्षेत्र के चारों मंडल का दौरा किया और बैठक ली। अंतिम दिन उन्होंनें प्रेस से चर्चा कर बताया कि डोंगरगढ़ विधानसभा सीट से बौद्ध व सतनामी समाज के दावेदारों की फ़ौज है। लेकिन पार्टी भी उसी को मौका देगी जो मजबूत व तय मापदंड में परफेक्ट हो। यह सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है, इसलिए सामाजिक दृष्टिकोण से प्रत्याशी तय करना काफी महत्वपूर्ण है। प्रवास के दौरे की पूरी रिपोर्ट हाईकमान को दूंगा। जिला स्तर पर भी दावेदारों के नाम का पैनल बनाकर भेज दिया गया है। रविदासिया ने कहा कि प्रवास के दौरान देखा कि यहां पर दावेदारी तो बहुत लोग कर रहे है लेकिन केवल भाजपा के लिए ही काम करनें का उद्देश्य सभी का है। टिकट तो किसी एक को ही मिलेगा। लेकिन कार्यकर्ता सिर्फ कमल छाप के लिए काम करेंगे। बीजेपी केंद्र सरकार के काम के दम पर जनता के बीच जाएगी। विधायक अनिल ने कहा कि पार्टी हाईकमान कई विषयों पर सोचकर ही निर्णय लेती है। सबसे पहलें उम्मीदवार उतारकर जनता के बीच जानें का मौका सबसे ज्यादा मिलेगा। साथ ही नाराज होनें वालें नेताओं को मनानें का समय इससे मिलता है। दूसरी लिस्ट सप्ताह भर बाद जारी होनें के संकेत उन्होंनें दिए। हालांकि दूसरी सूची में डोंगरगढ़ विस के



उम्मीदवार का नाम रहेगा या नहीं उन्होंनें स्पष्ट नहीं किया। इसी कड़ी में बिहार विधायक रविदासिया प्रवास के अंतिम दिन भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बूथ क्रमांक 122 पहुंचे। उन्होंनें वहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना। इसके अलावा उन्होंनें केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी प्रसाद योजना से हो रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंनें कहा कि जब-जब बीजेपी ने डोंगरगढ़ विस की सीट जीती है, तब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। इस बार भी पुराना इतिहास दोहराएगा। इस दौरान भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पवन मेश्राम, अमित जैन जैनकुमार मेश्राम, प्रकाश चौरड़िया, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, तुलसी मिश्रा महेंद्र अग्रवाल विजेंद्र ठाकुर संतु राव अमित छाबढ़ा कचरू साहू अर्चला सिह ठाकुर सुमित मिश्रा सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

# नहर के पुल में एक युवक का शव फंसा हुआ मिलने से मचा हड़कंप

**गंडई पंडरिया**, 26 अगस्त। गंडई नगर से हनईबन की ओर जाने वाली सुरही नहर के पुल में एक युवक का शव फंसा हुआ मिलने से किसानों में हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना गंडई थाना की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पुल से बाहर निकलवा कर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की पड़ताल में जुट गई।



**मामला गंडई नगर के सुरही नहर का**

पूरा मामला गंडई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुरही जलासाय से निकल कर हनईबन की ओर जाने वाली नहर में नरीन बांधा जाने वाले पुल की है जहाँ एक युवक का आधा शव शनिवार शाम 3 से 4 बजे के लगभग पानी पर तैरता दिखा, जिसकी सूचना मिलते ही नगर में हड़कंप मच गया। वहीं लोगों ने इसकी सूचना गंडई थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नहर से शव को बाहर निकाला। अनुमान लगाया गया है कि शव लगभग चार दिन तक पुल में फंसा हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, मौजूद लोगों को पहचानने के लिए कहा गया। शिनाख्त नहीं होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। नहर में शव मिलने की खबर जंगल में लगी आग की तरह पूरे नगर में फैल गई। जिसके पश्चात शव की शिनाख्त हुई। गंडई पुलिस के अनुसार शव की शिनाख्त वार्ड नंबर 2 निवासी पंचु निषाद पिता मेहतर निषाद उम्र 35 वर्ष के रूप में किया गया है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### ग्राम कटई में जन चौपाल ...

को देने हेतु सलाह दी गई। तथा आमजन को यातायात के नियमों का हमेशा पालन करनें एवं अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। तथा ग्रामवासियों से गांव के समस्या संबंधी चर्चा किया गया।साथ ही मवेशी मालिको से अपील किया कि अपने मवेशीयों को बांध कर रखे। ताकि इनकी वजह से होने वाली दुर्घटना से बचा जा सके। मवेशी के सडक पर घुमने, बैठने से सडक दुर्घटना होती है। जिससे लोगो और मवेशीयों की जान चली जाती है। तथा चरवाहों की देखरेख में चराने के लिए भेजने, सडक पर स्वतंत्र रूप से घुमने हेतु न छोडने के संबंध में समझाईस दी गई।

इस दौरान थाना चंदनू प्रभारी उप निरी. सुरेश कश्यप, प्रधान आर. अजय बंजारे, आर. मिरे व अन्य स्टाफ एवं ग्राम कटई के वरिष्ठ व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सड़क पर बैठे आवारा पशुओं ...

का अभियान चलाया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर लोगों को निदान 1100 नंबर की सुविधा दी गई है। अपील में कहा कि कोई भी शहरवासी आवारा पशुओं के चौक चौराहो ,सड़कों पर मुख्य मार्ग पर बैठने पर टोल फ्री नंबर निदान 1100 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं ,जिससे शिकायत पर उस क्षेत्र में भी जाकर आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई प्रशासन द्वारा की जाएगी।

# विधायक बघेल शोकाकुल परिवार से मिले



**डोंगरगढ़**, 27 अगस्त। क्षेत्रिय विधायक व अनु जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर शोभाराम बघेल रविवार को लाल बहादुर नगर पहुंच पूर्व जनपद सदस्य व विधायक प्रतिनिधि अजय अग्रवाल की धर्मपत्नी संध्या अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है उन्होंने शोकाकुल परिवार से मिल दुख की घड़ी में साथ रहने की बात कही। इस दौरान एल्डरमैन रिम्मी भाटिया, कांग्रेस नेता हरीश भंडारी सहित अग्रवाल परिवार उपस्थित थे।

# प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी पदाधिकारी जिला के कांग्रेस नेताओं से वन टू वन की चर्चा

**डोंगरगढ़,** 27 अगस्त। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य एवं सांसद डॉ. एल हनुमंथैया ने छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं पदाधिकारी एवं विधायक दावेदारों से आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की गतिविधि एवं क्षेत्र में नेताओं की पकड़ नब्स टटोली और विशेष चर्चा की जिसमें चर्चा में भाग लिए



डोगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, घुमका ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव, डोंगरगढ़ विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, जनपद सभापति ओम प्रकाश साहू, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहेल खान ,अमित राजपूत, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लता साहू, हंस सिन्हा, उपाध्यक्ष सामसाय टांडेकर, महामंत्री आशा मंडावी, राजू राजपूत, योधन दास साहू, फूलमती वर्मा, पार्वती साहू, कल्पना साहू, सहित राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़,मोहला मानपुर क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक भारती के निवास में विधायक बिहार व पर्यवेक्षक से मिले कार्यकर्ता व सामाजिकगण



**डोंगरगढ़,** 27 अगस्त। पूर्व विधायक रामजी भारती द्वारा रविवार को अपने निवास में प्रतिभोज का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचे बिहार के विधायक व पर्यवेक्षक अनिल कुमार रविदासिया से श्री भारती ने बारी- बारी से सभी कार्यकर्ताओं ने का परिचय करा कर स्वागत किया। इस दौरान रामजी भारती , प्रदेश सहकारिता प्रकोस्ट सयोजक शशिकांत द्विवेदी ,वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील जैन, महेंद्र भाई पटेल, कुलवंत ककक्ड लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्रकाश चौरडिया डॉ पन्नालाल बाफना महेंद्र वैष्णव मंडल अध्यक्ष गण अमित जैन, जैन कुमार मेश्राम, जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, मो गौस शरद अग्रवाल सविता दढगढ़ अर्चला सिंह ठाकुर कन्हैया अग्रवाल उपकर साहू, राकेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, कचरू साहू ,लोकेश इंदुलकर प्रकाश यादव सरफराज नवाज अनिल पांडे अक्कू गुप्ता सुनील तिवारी सुमित मिश्रा मनीष सोनी दुर्गेश साहू अमन नामदेव, जयंत साहू सहित नगर के सामाजिकगण बड़ी सख्या में उपस्थित थे।

# आखिरी सोमवार आज, साथ ही सोम प्रदोष का बन रहा अनोखा संयोग

**बालोद,** 27 अगस्त। देवों के देव महादेव का प्रिय माह सावन समाप्त होने वाला है। इस वर्ष सावन का आज आखिरी सोमवार है। सावन के हर सोमवार पर शिव जी की पूजा का विशेष महत्व है। सावन माह के प्रत्येक सोमवार शिव भक्तों के लिए बेहद खास माने जाते हैं। इस दिन शिव भक्त व्रत रखते हैं और विधि पूर्वक पूजा करते हैं। मान्यता है की सावन के सोमवार का व्रत रखने और पूजा करने से जीवन की सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं। अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद दिलाने वाला सावन सोमवार भी खत्म होने वाला है। महादेव को प्रसन्न करने के लिए भक्तों के पास सिर्फएक सोमवार बचा हुआ है। ऐसे में इस दिन आपको विशेष पूजा आराधना करनी चाहिए। सावन अब समाप्ति की ओर है। इस साल अधिकमास होने के कारण सावन दो महीने का था। जिसमें 8 सावन सोमवार का संयोग बना। अभी तक 7 सावन सोमवार हो चुके हैं। अब आखिरी सावन सोमवार आज है। जो लोग अभी तक शिव जी का जलाभिषेक या रुद्राभिषेक नहीं कर पाए हैं वह 8वें और आखिरी सावन सोमवार पर ये शुभ कार्य कर सकते हैं। मान्यता है इससे पूरे सावन में शिव पूजा करने के समान फल मिलता है। सालभर धन का अभाव नहीं रहता। शिव कृपा से ग्रहों की अशुभता दूर होती है। वैवाहिक जीवन में खुशहाली आती है। आज 28 अगस्त 2023 को सावन का 8वां और आखिरी सोमवार व्रत रखा जाएगा। इस दिन सावन पुत्रदा एकादशी का पारण होगा साथ ही सोम प्रदोष व्रत का संयोग भी बन रहा है। ऐसे में सावन का अंतिम सोमवार बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पंचांग के अनुसार 28 अगस्त 2023 को शाम 06:22 मिनट तक सावन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि है इसके बाद त्रयोदशी तिथि लग जाएगी। ऐसे में व्रती सुबह सोमवार व्रत की पूजा के साथ शाम को प्रदोष व्रत का पूजन करने से मनोवांछित फल प्राप्त होगा।

## परिवहन मंत्री के निर्देश पर लोहारा कॉलेज में लार्निंग लाइसेंस शिविर आज

कवर्धा, 27 अगस्त (देशबन्धु) परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देशानुसार 28 अगस्त को सहसपुर लोहारा कॉलेज में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया है। जिले के इच्छुक चालक अपना आवश्यक दस्तावेज जैसे निवास पता प्रमाण के लिए आधार कार्ड की प्रति, जन्मतिथि प्रमाण के लिए पैन कार्ड अथवा कोई कक्षा की अंकसूची की प्रति और 2 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ सुबह 11 बजे से उपस्थित होकर लर्निंग लाइसेंस आवेदन कर बनवा सकते है। शासन द्वारा निर्धारित शुल्क 2 व्हीलर के लिए 205 रुपए, 2+4 व्हीलर के लिए 355 रुपए साथ ही परिवहन सुविधा केंद्र का अतिरिक्त शुल्क 150 रुपए देय होगा। 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए मेडिकल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी।



# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने मनाया पुलिसकर्मियों के साथ रक्षा बंधन का त्योहार

**बेमेतरा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है उनका समाज के विभिन्न घटकों से परिचित होना और खासतौर पर जब बच्चे छोटे होते हैं तब वे प्रत्यक्ष अनुभव से अधिक सीखते हैं एवं आगे चलकर देश के जिम्मेदार एवं योग्य नागरिक बनतें हैं। इसी प्रत्यक्ष अनुभव से ज्ञान प्राप्त करने की उद्देश्य से एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के प्री प्राइमरी विंग के बच्चों द्वारा थाना कोतवाली में पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। बच्चों द्वारा किया गया यह प्रयास पुलिस के प्रति सम्मान, विश्वास एवं सदभाव की भावना को दर्शाता है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रीङ्कप्राइमरी विंग की शिक्षिकाओं एवं 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने थाना कोतवाली पहुच कर पुलिस कर्मियों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। जहां बच्चों का परिचय एस. डी. ओ. पी श्री मनोज तिरकी एवं थाना प्रभारी श्री अजय सिन्हा एवं अन्य पुलिस कर्मियों से करवाया गया एवं उनके द्वारा किए जाने वाले कामों के विषय में जानकारी प्रदान की गई साथ ही थाना प्रभारी अजय सिन्हा ने बच्चों का बड़े ही उत्साह के साथ स्वागत किया एवं बच्चों को थाना प्रांगण मे भ्रमण एवं थाने मे होने वाले गतिविधियों के बारे मे अवगत भी कराया गया। बेमेतरा कोतवाली मे उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को राखी बांध कर त्योहार को मनाया पुलिस कर्मियों ने बड़े ही उत्साह से बच्चों के इस प्रेम को स्वीकारा एवं सभी बच्चों को चाकलेट एवं मिठाइयाँ वितरण की। बच्चों को इतने बड़ी संख्या मे अपने पास देखकर सभी पुलिस कर्मी खुशी से भावुक हुए। पुलिस कर्मी हमे सुरक्षित होने का एहसास दिलाती है ।



इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्री पंकज जोशी ने कहा किङ्क पुलिस कर्मी पर हम सभी को गर्व है जो हमें हर पल सुरक्षित होने का अहसास दिलाती है। हम सभी को ज्ञात है की समाज की सुरक्षा बिना पुलिस विभाग के संभव नहीं हैं पुलिस कर्मी हमारे समाज की सुरक्षा के लिए दिन रात कड़ी मेहनत करतें हैं कुछ अरसे पूर्व जब सारा देश कोविड जैसी महामारी से जूझ रहा था, तब जिस प्रकार डॉक्टरों का महान योगदान हमारे जीवन को बचाने के लिए था, उसी प्रकार पुलिस विभाग के सभी अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों ने भी एक मजबूत ढाल की तरह इस महामारी के प्रकोप से बचाने के लिए अथक प्रयास किया था। लोगों की सुरक्षा के चलते ये पुलिस कर्मी तीजङ्कत्योहार भी अच्छे से मना नहीं पाते हैं, हम सभी का यह दायित्व बनता है कि इनके गौरव का गान समाज की ओर से किया जाए एवं साल मे कम से कम एक त्योहार सुरक्षा कर्मियों के साथ मनाया जाय।

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल की संचालिका श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि प्रत्यक्ष अनुभव कराते हुए हमारे विद्यालय मे प्रतिवर्ष ऐसी गतिविधियां आयोजित कि जाती हैं जिसमे मुख्यरूप से हॉस्पिटल विसिट, कोतवाली विसिट, पोस्टऑफिस विसिट इत्यादि शामिल है श्रीमती बोहरा ने आगे कहा कि आज के इस आयोजन से बच्चों मे काफी उत्साह एवं उमंग दिखाई दे रहा है।

बेमेतरा पुलिस एसडीओपी श्री तिरकी ने एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल प्रबंधन को आज की गतिविधि आयोजित कराने के लिए आभार व्यक्त किया एवं बच्चों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

थाना प्रभारी श्री अजय सिन्हा ने बच्चों को अपने बीच पाकर एक सुखद अनुभव होने कि बात कही उन्होने कहा कि विद्यालय एवं बच्चों द्वारा आज के इस आयोजन के लिए सम्पूर्ण बेमेतरा पुलिस परिवार के तरफ से आभार व्यक्त करता हूँ।

विद्यालय प्रधान अद्यापिका डा. अंकिता शर्मा ने बेमेतरा पुलिस विभाग को आज के इस आयोजन मे सहभागी बनने के लिए आभार व्यक्त किया।

# एमपी के दो तस्करों को 34 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बालोद,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। अवैध रूप से शराब गांजा की तस्करी को रोकने हेतु पुलिस महानिरीक्षक बद्रीनारायण मीणा के निर्देषन में पुलिस अधीक्षक बालोद जितेन्द्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में अवैध रूप से शराब बिक्री परिवहन व बिक्री को रोकने हेतु तथा शराब सेवन करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविषंकर पाण्डेय के नेतृत्व में थाना स्तर पर एक विषेष टीम तैयार किया गया। जिसके तारतम्य में थाना प्रभारी बालोद को रविवार को पेट्रोलिंग करते समय मुखबीर से पुख्ता सूचना प्राप्त हुआ कि एक सफेद रंग की कार जिसमें ब्लैक फिल्म का शीषा लगा हुआ है जो अत्यधिक स्पीड से चलाते हुऐ डौण्डी लोहारा से होते हुऐ बालोद की आ रहा है कि सूचना पर थाना प्रभारी के द्वारा अपनी टीम को ग्राम मालीधोरी नवोदय स्कुल के पास रोकने का प्रयास करने पर पुलिस को देखकर मालीधोरी कुकुरदेव मंदिर की ओर भागने का प्रयास करने पर घेराबंदी कर ब्लैक फिल्म का शीषा लगा हुआ सफेद रंग की कार को पकड़ा गया तथा चेकिंग करने से कार में 02 व्यक्ति थे जिसका नाम मोण्डरफान व आनंद साहू है आई.20 कार से 34 पेटी अंग्रेजी शराब गोवा विस्की कुल 1700 नग पौवा कुल 306000 ब्लक लीटर कीमती 187000 रू व शराब तस्करी मे प्रयुक्त वाहन सफेद रंग के आई.20 कार क्रमांक सीण्जीण् 17 सीण् 2249 कीमती 250000 रू कुल जुमला रकम कुल 437000 रूण् को बरामद किया गया। संदेहियों से बरामद शराब के साथ थाना लाकर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रविषंकर पाण्डेय, सउनि पारख राम साहू, नंद कुमार सिन्हा, आरक्षक भोपसिंह साहू, लवणसिंह राजपुत, मनीष राजपुत, विवके आनंदधीर, मनोज मेश्राम, रूपेष चौरे, गुलाब किशोर, चंदन कुर्रे का सराहनीय भूमिका रही है।




# जिला साहू संघ के अध्यक्ष गैंद राम साहू का जन्मदिन मनाया गया

**बेमेतरा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। सर्वप्रथम समाज के लोगों द्वारा तहसील साहू संघ नवागढ़ के अध्यक्षश्री प्रेमू राम साहू के सुपुत्र स्व.श्री राहुल साहू एवं छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री थानेश्वर साहू के सुपुत्र स्व. श्री मनु साहू के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया गया तत्पश्चात जिला साहू समाज के गुज्जर भवन अध्यक्ष श्री गैंद राम की उपस्थिति में केक काटकर एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जन्मदिन मनाया गया तथा समाज के लोगों द्वारा श्री गैंद राम साहू के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन की शुरुआत की श्री गैंद राम साहू बचपन से मृदुभाषी, सरल स्वभाव एवं दृढ़ संकल्पित है वे समाज में ग्रामीण अध्यक्ष परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष ( थान खमरिया ) तथा राजनीतिक जीवन में श्यामपुर कांपा के दो बार सरपंच रह चुके हैं उनके साहस एवं लगन को देखते हुए साहू समाज ने जिला साहू संघ का अध्यक्ष दायित्व सौंपा श्री गैंद राम साहू साहू समाज के बिरनपुर जैसे निर्भय हत्याकांड में अपने कुशल नेतृत्व क्षमता के कारण साहू समाज अलावा सर्व समाज को एक जुट कर पूरे दमसम से न्याय पीड़ित पक्ष को दिलाया साथ ही आर्थिक सहयोग से लगभग 2400000 लाख रुपए दिलाया तथा बिरनपुर मैं उनके स्व. भुनेश्वर साहू के स्मारक बनाने हेतु लगभग ?300000 इकट्ठा किया गया है ऐसे व्यक्तित्व के धनी श्री गैंद राम साहू जी हैं पूरे समाज इनके जन्मदिन मना कर अपने आप को गौरव नेतृत्व महसूस कर रहे हैं जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे श्री दीपेश साहू कार्यकारिणी अध्यक्ष, श्री शत्रुहन सिंह साहू जिला अध्यक्ष सर्व हिंदू समाज संगठन बेमेतरा, बेनू राम, मोंटी साहू, केशव साहू, नरेश साहू, नानक साहू , जलेश्वर साहू, हीरालाल , रामकुमार , रामकुमार , रोहित साहू तहसील उपाध्यक्ष साहू समाज बेमेतरा , छोटू राम साहू सरपंच बैजलपुर , डॉ भगवती साहू , बसंत साहू तहसील अध्यक्ष थान खमरिया , अंतराम साहू , केदार साहू, भरत साहू (खम्हरिया ) सेवाराम साहू, राम सागर साहू (परिक्षेत्रीय अध्यक्ष नवागढ़ ), विनोद साहू ,किशोर साहू , दीना साहू, भरत साहू, परमेश्वर साहू, सुरेश साहू (तहसील साहू संघ बेमेतरा ) महिला प्रकोष्ठ के संयोजिका श्रीमती सीलू साहू, श्रीमती सीमा साहू, ममता साहू, देवराम साहू पार्षद, देवनाथ साहू , विशाखा साहू, मीना साहू , रांची साहू ,अनीता साहू , मयूरा साहू , नलेश्वर साहू, ओम प्रकाश साहू, राजू साहू , झामिन साहू, नेमी राज, सोनवानी , चंद्रपाल साहू, सुरेश साहू नवागढ़, प्रमोद साहू, बहुत संख्या में लोग लोग उपस्थित थे



# पुरानी पेंशन तो दिया पर आधे-अधूरे

**कवर्धा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के पहले जारी जन घोषणा पत्र-2018 में वादा किया कि सीपीएफ पर विचार कर 2004 के पूर्व जो पेंशन योजना थी उसे वापस लागू करने हेतु कार्यवाही की जाएगी. प्रदेश सरकार ने इस वादे को पूरा करने के लिए पुरानी पेंशन योजना को एक अप्रैल 2022 से लागू किया है, लेकिन इसके लाभ से प्रदेश के हजारों शिक्षक वंचित हो जाएंगे, साथ ही कई शिक्षकों को आंशिक पेंशन ही मिल पायेगा. छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रदेश में कार्यरत एल. बी. संवर्ग के लगभग डेढ़ लाख शिक्षक, पंचायत विभाग से स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन के माध्यम से आए हैं. छग शासन ने पुरानी पेंशन लागू करते समय उल्लेख किया है कि यह शासकीय कर्मचारियों को देय होगा. एल. बी. संवर्ग के शिक्षकों को संविलियन तिथि से शासकीय कर्मचारी माना जा रहा है अर्थात उन्हें पुरानी पेंशन का लाभ देने के लिए सेवा की गणना संविलियन तिथि से ही किया जा रहा है, जबकि संविलियन के पहले पंचायत विभाग में किए गए उनकी बीस वर्ष की सेवा को दरकिनार कर दिया गया है. इससे 1998 में नियुक्त शिक्षकों को पंचायत व शिक्षा विभाग में मिलाकर कुल सेवा अवधि 28 वर्ष से कम होने पर पुरानी पेंशन मिलेगा ही नहीं. यह पुरानी पेंशन के लिए 10 साल कि शासकीय सेवा की बाध्यता के कारण होगा, क्योंकि ऐसे शिक्षक संविलियन तिथि के बाद 10 साल की सेवा से पहले ही सेवानिवृत्त हो जाएंगे. 28 वर्ष से अधिक सेवा होने पर ही वे पुरानी पेंशन पाने की पात्रता रखेंगे, लेकिन वह भी आंशिक पेंशन. आंशिक पेंशन इसलिए क्योंकि पूर्ण पेंशन के लिए 33 वर्ष की शासकीय सेवा का प्रावधान है, जिसे लगभग एक लाख से अधिक शिक्षक पूरा नहीं कर पाएंगे. एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, राजेश तिवारी आदि पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार व शासन से जन घोषणा पत्र-2018 में किए गए वादे के अनुरूप एल. बी. संवर्ग के सभी शिक्षकों को पूर्ण पेंशन का लाभ देने हेतु संविलियन से पहले पंचायत के सेवा अवधि की गणना करने तथा 33 वर्ष की सेवा अवधि को घटाकर केंद्रीय कर्मचारियों के समान 20 वर्ष करने की मांग किया है।



- कुल सेवा अवधि 28 साल से कम तो पुरानी पेंशन नहीं
- कई शिक्षक होंगे पुरानी पेंशन से वंचित

# सट्टा खाईवाल आदतन आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खैरागढ़,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। केसीजी पुलिस के द्वारा लगातार जुआ सट्टा के विरुद्ध चलाये जा अभियान के तहत जिले के एसपी अंकिता शर्मा एएसपी नेहा पाण्डेय के मार्गदर्शन में एसडीओपी लालचंद मोहले के दिशा निर्देशन मे थाना प्रभारी खैरागढ़ राजेश देवदास व सायबर सेल प्रभारी के नेतृत्व मे थाना खैरागढ में जुआ सट्टा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 25 अगस्त को खैरागढ़ पुलिस व सायबर सेल के द्वारा टीम गठित कर वार्ड क्रमांक 04 राजफैमिली रूखखड़ स्वमी मंदिर के पास अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखकर अंको का दाव लगाकर लोगो को सट्टा नामक हार जीत का खेल खेला रहा था। करके सूचना थाना खैरागढ़ पुलिस व सायबर सेल के टीम के द्वारा मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपी नरहर देवसिंह पिता स्व श्याम सिंह उम्र 55 वर्ष निवासी वार्ड नं. 04 राजफैमिली खैरागढ़ को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से सट्टा लिखने में प्रयुक्त मोबाईल 03 नग व नगदी कुल रकम 11000 रूपये व 20000 रूपये का सट्टा पट्टी जप्त किया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर सट्टा पट्टी व मोबाईल के माध्यम से सट्टा खिलाना स्वीकार करने पर आरोपी नरहर देवसिंह को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध धारा 6,7 छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे खैरागढ़ थाने मे पदस्थ सउनि बिरेन्द्र चंद्रकार, आर प्रदीप यादव, लक्ष्मण साहू, व सायबर सेल प्रभारी सउनि टैलेश सिंह, आर चन्द्रविजय सिंह, त्रिभुवन यदु जयपाल केवर्त्य, सत्यनारायण साहू, गंगा सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।



- आरोपी के पास से 11000 हजार नकद व तकरीबन 20,000 का सट्टा पट्टी बरामद
- 3 नग मोबाईल को भी किया गया जप्त

# डोंगरगढ़ विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी से शत्रुहन ने की दावेदारी

**खैरागढ़,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। डोंगरगढ़ विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 74 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। मुढ़ीपार ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू को खैरागढ़ अमलीडीह वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद शत्रुहन धृतलहरे ने अपना आवेदन पत्र दिया है। इस बार के विधानसभा चुनाव में श्री धृतलहरे ने कांग्रेस पार्टी से टिकट की दावेदारी पेश की है। श्री धृतलहरे ने बताया की इस बार के विधानसभा चुनाव में वे अपना नाम व टिकट के जिले के प्रभारी मंत्री व अन्य बड़े नेताओं से मिलकर अपने दावेदारी की बात कही है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी पार्षद शत्रुहन धृतलहरे के समर्थन में ग्राम ठेलकाडीह में जाकर आवेदन व दावेदारी पेश की है।




# बिहार के विधायक हरिभूषण ठाकुर ने किया पत्रकार वार्ता को संबोधित

**खैरागढ़,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। बिहार के विधायक हरिभूषण ठाकुर ने पत्रकार वार्ता कर बताया की देश के अलग अलग 5 राज्यो में विधानसभा चुनाव होना है। जिसके लिए पार्टी ने मुझे खैरागढ़ विधानसभा में भेजा है। मैने इस विधानसभा का दौरा किया और इस विधानसभा में आम जनता से चर्चा परिचर्चा किया गया खैरागढ़ विधानसभा के मतदाता काफी सीधे है। खैरागढ़ विधानसभा में 5 संगठन बनाए गए है। जैसे बाजार अतरिया, खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, साल्हेवार शामिल है। इस विधानसभा में कुल 283 बूथ केंद्र है। वही 59 शक्ति केंद्र बनाए गए है। अभी होने विधानसभा चुनाव में छतीसगढ़ में भारी बहुमत के साथ भाजपा पार्टी की सरकार बनने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवजवान साथियों को रोजगार का साधन उपलब्ध कराया है। विधानसभा के भोले भाले जनता को कांग्रेस सरकार ने बेवकुफ बनाया है। आज आप जो भी बड़ी बड़ी सडके देखते है। केद्र सरकार की बनाई हुई सडके है। इस विधानसभा में प्रत्येक कार्यकर्ताओं से सुझाव मांगा गया है। उसी के हिसाब से भाजपा पार्टी अपना घोषणा पत्र जारी करेगा बहुत ही जल्द कांग्रेस पार्टी का काम सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। जमीनी स्तर में कुछ भी नही श्री ठाकुर ने कहा की खैरागढ़ विधानसभा में रोज नए नवजवान साथियों का भाजपा प्रवेश हो रहा है। इससे साफ पता चलता है की इस चुनाव में भाजपा पार्टी चुनाव में भारी मतों से विजई होगा

विक्रांत सिंह ने कहा जनता का मुझे मिला रहा पूरा समर्थन

खैरागढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी विक्रांत सिंह ने कहा की भाजपा के एक = एक कार्यकर्ता मेहनत कर रहे है। और उनकी मेहनत रंग जरूर लायेगी कांग्रेस की सरकार ने लोगों के साथ छल किया है। खैरागढ़ विधानसभा में अभी विकास का कार्य बाकी है। हमारी भाजपा की सरकार आयेगी तो इस विधानसभा में विकास के कार्यों को गति देगें वही खैरागढ़ विधानसभा को एक नई पहचान दिलाने की कोशिश करेंगे।



- खैरागढ़ विधानसभा में भाजपा की होगी जीत
- केद्र सरकार की योजनाओं का भाजपाई करेगे बखान

# बूथ कार्यकर्ता ही कांग्रेस पार्टी की रीढ़ : छाबड़ा

- ग्राम हसदा गली सीमेंटीकरण कार्य लागत राशी 15 लाख की रखी आधारशिला सहित सैकड़ों युवाओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा

**बेमेतरा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हसदा में आयोजित बूथ चलो अभियान के अन्तर्गत हसदा सेक्टर कमेटी सम्मेलन में मुख्यअतिथि मान. आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा हुए शामिल। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुभारम्भ का किए।

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार की शहरी एव ग्रामीण आधारित योजनाओ से शहर से लेकर ग्रामीण जनता आर्थिक रूप से हुई है मजबूत छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इन पौने 5 सालो में जो विकास कार्य हुए है वह काबिले तारीफ है, पौने 5 सालों में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के गांव से लेकर शहरो की तस्वीर बदल गई है यह काम सिर्फ और सिर्फ आप सभी कांग्रेस पार्टी जबाज साथियों के सहयोग के बदौलत ही संभव हुआ है. एक एक गांव का विकास होने के साथ एक एक ग्रामीण तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचने से सभी खुशहाल है,आप अभी जाबाज कार्यकर्ताओ के कड़ी मेहनत, कड़ी परिश्रम के दम पर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार 2018 में 36 वायदे के साथ आयी थी, उसमें से अधिकतर वायदे पूरे हो गये है। 2018 के विधानसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस को 68 सीटे देकर सरकार बनाने का मौका दिया। सबसे पहले सरकार के किसानों से वादा किया था की किसानों का कर्जा माफ करेंगे 17 दिसंबर 2018 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शपथ ग्रहण करने के बाद मंत्रालय में जाकर सबसे पहले 19 लाख किसानों का लगभग 10 हजार करोड़ रूपये का कर्ज माफ किया। दूसरा वादा था की किसानों का धान का समर्थन मूल्य 2500 रूपये में खरीदेंगे,प्रदेश कांग्रेस की सरकार ने 2500 रूपयें में धान खरीदा,साथ ही 20 चिंटल धान खरीदनें का ऐतिहासिक निर्णय लिया। हमारी सरकार आने के बाद किसानों को बहुत लाभ हुआ है,पहले 16 लाख किसान साथी धान बेचते थे,अब 24 लाख किसान धान बेचते है, किसानों की चिंता अगर कोई करता है तो वह किसान के बेटा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करते है,,कृषि क्षेत्र , व्यापार क्षेत्र, बहुत बढ़ा है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने रोजगार के अवसर भी प्रदान किये है। सभी विभागों में बहुत सारी नौकरिया निकाली गयी है। मजदूर, जनता, महिलाये, युवा सभी वर्ग बहुत खुश है,आज के समय में सबसे बड़ी शक्ति सबसे बड़ी ताकत हैं बुथ है,जितना अच्छा मजबूत बुथ होगा जितना अच्छा सक्रिय बुथ होगा, निश्चित रूप से उस बूथ से उतना अच्छा परिणाम मिलेगा हम सभी को बूथों में जाने का यह एक सुनहरा अवसर है,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में धान खरीदी का दायरा बढ़ाते हुए प्रति एकड़ 15 चिंटल से बढ़ाकर 20 चिंटल प्रति एकड़ किया गया है, साथ ही इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की राशि प्रति चिंटल 2500 रूपए से बढ़ाकर 2800 रूपए की गई है,प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की संख्या एवं रकबा बढ़ा है, किसान हितैषी योजनाओं से किसानों में नये उत्साह का संचार हुआ है,खेतों से दूर हो रहे किसान खेतों की ओर लौटे हैं और खेती का रकबा भी बढ़ा है,प्रदेश में भूपेश सरकार जब से छतीसगढ में आई है तब से गांव, गरीब, किसान खुशहाल है,सरकार का प्रमुख उद्देश्य समाज के अंतिम छोर के लोगों का विकास करना है,आज प्रदेश सरकार, पूरे देश मे सबसे ज्यादा कीमत पर किसानों का धान खरीद रही है,किसान पुत्र मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर वर्ग का समुचित विकास किया है,गरीब परिवारों को 1 रुपए किलो में चावल प्रदान करने के साथ पशुपालकों से 2 रुपए किलों में गोबर भी खरीदा जा रहा है, प्रदेश के भूमिहीन किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 7 हजार रुपए दे रही है,प्रदेश में गोठानों में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन कराकर जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देकर छत्तीसगढ़ को जैविक खेती की ओर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है,



राज्य सरकार की सुराजी गांव योजना और गोधन न्याय योजना जैसीयोजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मार्गदर्शन में प्रदेश में रीपा योजना की शुरुआत हुई, जिससे महिलाओं को अच्छा खासा फायदा मिल रहा है। गांव में ही रूरल इंडस्ट्रियल पार्क खोले जाने से अब महिलाओं को घर के पास ही रोजगार मिल रहा है। साथ ही उनकी आमदनी भी दोगुनी हो रही है,महिलाएं अब अत्याधुनिक मशीन चला रही हैं।महिलाएं चूल्हे चौके से बाहर निकली हैं और अब अत्याधुनिक मशीन चला रही हैं। महिलाओं को मशीन चलाने के बकायदा ट्रेनिंग दी गई। इसके बाद आज महिलाएं पेंट, ईंट, दोना-पत्तल समेत 100 से ज्यादा प्रकार के सामान का उत्पादन कर रहीं हैं।कांग्रेस सरकार ने संस्कृति को धरोहर को सुदृढ़ किया। सच्चाई कांग्रेस पार्टी के साथ है दोबार हम छत्तीसगढ़ में फिर से सरकार बनायेंगे इस बार हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो नारा दिया है, अब की बार 75 पार को साकार करना है, साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यों से प्रभावित होकर ग्राम हसदा एवं गोडगिरी के सैकड़ों युवाओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा, सभी को विधायक आशीष छाबड़ा ने कांग्रेसी गमछा पहनाकर स्वागत किए,इस अवसर पर रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला, विनोद परगनिया अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति, आशीष परगनिया अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति,बबला वर्मा,राजेश चंदेल, कुशाल नायक, खेमलाल वर्मा, उदेराम साहू,सुनील पूरी गोस्वामी, मेघनाथ निर्मलकर, भक्तु पाल, शिवनाथ साहू, इतवारीराम साहू,अलख राम पाटिल, मानव बेग, गजानद जोशी, सुदामा पाल,अजय कुर्रे,हरिश साहू,तीरथ साहू,संतोष साहू, बिसरू साहू,तुलाराम साहू,सलीम खान,रूपेंद्र गवेल, रमेश परगनिया,नरेश साहू, संतराम बारले, सालिक बंछोर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारीगण, सदस्यगण रहे उपस्थित।

एक औरत ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ दिया
**पुलिसवाला**- रुको!!
**औरत**- मुझे जाने दो, मैं एक टीचर हूं
**पुलिसवाला**- अहा! इस दिन के इंतज़ार में तो मैं कई सालों से था।
चलो, अब लिखो मैं कभी ट्रैफिक सिग्नल नही तोडूंगी, 100 बार...



# भारतीय शक्ति चेतना पार्टी का नगर में भव्य आमसभा



- नगर में विशाल रैली निकालकर दर्ज करायी अपनी उपस्थिति
- नशे के बढ़ रहे व्यापार से समाज में बुराइयां बढ़ रही है : संध्या शुक्ला

**बलौदाबाजार,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी द्वारा आज बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में एक बड़ी आमसभा आयोजित की गई। इस आम सभा से पहले बड़ी संख्या में पूरे छत्तीसगढ़ से आए हुए कार्यकर्ताओं ने विशाल रैली भी निकाली। यह रैली दशहरा मैदान से निकलकर कलेक्ट्रेड चौक, गार्डन चौक से बस स्टैंड होते, अम्बेडकर चौक से वापस सभा स्थल पहुंची। पूरी रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं का हुजूम सड़क पर देखने को मिला। सभी के हाथ में पार्टी के झंडे और नारों के साथ कार्यकर्ताओं ने पूरे शहर में विशाल रैली निकाली। इस रैली के मध्य में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी, राष्ट्रीय महासचिव आशीष शुक्ला का आगमन हुआ जिनका जोरदार स्वागत किया गया।

दशहरा मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन संध्या शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में नशे के बढ़ रहे व्यापार से समाज में बुराइयां बढ़ रही है। महिलाओं का सम्मान तार-तार हो रहा है, लेकिन कहीं भी इस पर रोक लगाने के लिए विचार नहीं किया जा रहा है। वर्तमान की कांग्रेस सरकार ने भी शराबबंदी का वायदा किया लेकिन अब तक कार्यकाल पूरा होने जा रहा है लेकिन शराबबंदी पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। जिससे पूरे प्रदेश में लोगों की भावनाएं आहत हो रही है। महिलाओं का सम्मान तार-तार हो रहा है जगह जगह पर अपराध बढ़ रहे हैं और इन सब को रोकने के लिए शराबबंदी किया जाना नितांत आवश्यक है। भाजपा और कांग्रेस द्वारा पिछले 20 सालों में किए अपने घोषणापत्र का 20 प्रतिशत भी काम नहीं किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला ने प्रदेश की भाजपा नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में शराबबंदी की बात करने वाली भाजपा अन्य राज्यों में जहां भाजपा की सरकार है वहां शराबबंदी पर क्यों विचार नहीं करती। जिन भी राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां पर धड़ल्ले से नशे के व्यवसाय बढ़ रहे हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में दिखाने के लिए भाजपा शराबबंदी पर तरह तरह के आयोजन कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार केवल बड़े-बड़े होल्डिंग्स और विज्ञापन लगा कर के अपने योजनाओं का बखान कर रही है लेकिन असल में जमीनी धरातल पर लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। अगर जनता हमें प्रदेश की किसी भी क्षेत्र में सत्ता में आने का मौका देती है तो हम सर्वांगीण विकास करते हुए नशा मुक्त समाज बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। हमारी पार्टी ने छत्तीसगढ़ के पूरे 90 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है जिसके तहत 40 विधानसभा सीटों पर हमारे प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी गई है जल्द ही बचे विधानसभा के प्रत्याशियों की भी घोषणा कर दी जाएगी और हम छत्तीसगढ़ चुनाव दमखम के साथ लड़ेंगे।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज में बदलाव की जरूरत है इतनी खनिज संपदा से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ में अभी भी विकास अंतिम छोर तक नहीं किया जा सका है जिसके कारण लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी छत्तीसगढ़ हित में काम करेगी जिसके लिए आपके सहयोग की आवश्यकता है। पार्टी द्वारा प्रदेश में किये अपने काम पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि अन्य पार्टियां पूछती है छत्तीसगढ़ में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने क्या किया तो हमारे कार्यकर्ता उन्हें बताते हैं कि भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने पूरे प्रदेश में लाखों लोगों को नशा मुक्त किया और हम निरंतर अपने अभियान पर लगे हुए हैं। राष्ट्रीय महासचिव आशीष शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जन आंदोलन की जरूरत है जिसके तहत हमारी पार्टी लोगों की आवाज बन कर उभर रही है और निश्चित रूप से आगामी विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में पार्टी को एक आशा पूर्ण सफलता जरूर मिलेगी। अंत मे छत्तीसगढ़ महतारी का स्मृति चिन्ह देकर सभा का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ के अलग-अलग क्षेत्रों से लगभग 15 हजार से अधिक लोगो की उपस्थिति रही।

# संसदीय सचिव की अगुवाई में हजारों श्रद्धालुओं ने सिरपुर में किया जलाभिषेक



**बम्हनी से लेकर सिरपुर तक जगह-जगह किया गया आत्मीय स्वागत**

**महासमुंद,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अगुवाई में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बम्हनी के बम्हनेश्वरनाथ से जल लेकर सिरपुर गंधेश्वरनाथ महादेव में जलाभिषेक किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं का बम्हनी से लेकर सिरपुर तक जगह.जगह स्वागत किया गया। रविवार को संसदीय सचिव श्री चंद्राकर की अगुवाई में बम्हनी से जल लेकर श्रद्धालुजन सिरपुर के लिए रवाना हुए। जिसका परसट्ठी में गोविंद साहू के नेतृत्व में, मचेवा में किशन देवांगन के नेतृत्व में, ग्राम बेमचा में संतोष चंद्राकर व देवेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में, परसदा में सरपंच वीरेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में टिकेंद्र चंद्राकर, राजू चंद्राकर, प्रभु यादव, लेखराम ध्रुव, पूनम साहू, भीखम विश्वकर्मा, दिनेश्वरी ध्रुव, जमुना यादव, कृति ध्रुव, गणेषु सतनामी, रिकेश विश्वकर्मा, गंगाप्रसाद तारक, तुमगावं में ओमप्रकाश यादव, कपिल साहू, गौतम सिन्हा, विजय बांधे, हर्ष शर्मा, गजेंद्र साहू, शिव यादव, राजेश चंद्राकर, भोरिंग में गिरधर आवडे व वेदप्रकाश साहू, जोबा में देवसिंह यादव व उदेराम ध्रुव के नेतृत्व में आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। जलाभिषेक में हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन पहुंचकर विशेष पूजा में शामिल हुए। इसके पूर्व बम्हनी में बम्हनेश्वरनाथ की पूजा में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर व अन्य श्रद्धालु शामिल हुए। कांवर यात्रा के दौरान संसदीय सचिव श्री चंद्राकर के साथ जनपद पंचायत अध्यक्ष यतेंद्र साहू, मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्षद्वय खिलावन बघेल, ढेलू निषाद, दिलीप चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, चमन सिन्हा, दीपक साहू, शेखर चंद्राकर, आनंद पटेल, प्रहलाद ध्रुव, आकाश चंद्राकर, मानिक साहू, देवेंद्र चंद्राकर, चुड़ामणी चंद्राकर, अमन चंद्राकर, आवेज खान, देवव्रत चंद्राकर, अमन चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, रविंद्र चंद्राकर, बादल मक्कड़, प्रिंस चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, अक्षय साकरकर, व्यंकटेश चंद्राकर, नरेश सारथी, शुभम चंद्राकर, अनुराग चंद्राकर, रेखराज पटेल, आकाश निषाद, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे। बाद इसके शाम को सिरपुर गंधेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया गया।

# शैलजा का नगर आगमन पर कांग्रेसियों ने आतिशबाजी कर किया स्वागत



**महासमुंद,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। छग कांग्रेस की प्रभारी कुमारी शैलजा का महासमुंद प्रथम आगमन पर गजमाला ढोल नगाड़े बजाकर फ्टाके फोड़ कर आतिशबाजी के साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस भवन में स्वागत किया। इस दौरान प्रभारी शैलजा को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने चलाई जा रही गोधन न्याय योजना सफलता पर गाय और बछड़े का मोमेंटो प्रभारी को डॉ रश्मि चंद्राकर के द्वारा जिला कांग्रेस की ओर से दिया गया। इस दौरान डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा के आने पर कार्यकर्ता उत्साहित हैं। कांग्रेस ने 2023 में 75 प्लस का लक्ष्य रखा है। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रभारी कुमारी शैलजा के नेतृत्व में हम इस लक्ष्य को हासिल करेंगे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री संजय शर्मा, नगर पालिक उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, शहर ब्लाक अध्यक्ष खिलावन बघेल, ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष ढेलू निषाद, झलप पटेवा ब्लाक अध्यक्ष खिलावन साहू, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष बादल मक्कड़, लक्ष्मी देवांगन, सोमेश दवे, विजय साव,राजू साहू,ब्रिजेन बंजारे, ममता चंद्राकर, सचिन गायकवाड, महेंद्र सिंह सोनवानी, हर्षित चंद्राकर, द्रोण चंद्राकर, राजू साहू ,लीलू साहू ,प्रदीप चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, गुरमीत चावला, सुनील चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, तारा चंद्राकर, साधना सिंह नैनी, शकुन चंद्राकर, हुलास गिरी गोस्वामी, टोमन सिंह कागजी, वीरेंद्र चंद्राकर, अजय आनंद, तेनु राम साहू, विजय साहू, दिव्येश चंद्राकर, गोविंद साहू, अमर चंद्राकर, सुरेंद्र सहित समस्त कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# ज्योतिर्लिंग दर्शन से जीवन का उद्धार हो जाता है : सौम्या किशोरी दुबे



- पुरुषोत्तम मास में भगवान शिव और श्री हरि विष्णु का एकसाथ पूजा-अर्चना करना हमारा सौभाग्य - रंजना साहू
- शिवमहापुराण कथा श्रवण करने ग्राम पोटियाडीह एवं देमार पहुंची विधायक रंजना

**धमतरी,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। अमलेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट एवं समस्त ग्रामवासी पोटियाडीह द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ पुरुषोत्तम माह कथा महत्तम में कथावाचक सौम्या किशोरी दुबे जी (श्री वृंदावन धाम) के मुखारविंद से शिव महापुराण की ज्ञान गंगा बह रही है, इस ज्ञान गंगा में डुबकी लगाने एवं ग्राम देमार में आयोजित शिवमहापुराण कथा का रसपान करने विधायक रंजना डीपेंद्र साहू पहुंची।

पोटियाडीह में वृंदावन धाम से पधारे सौम्या किशोरी दुबे जी ने बारह ज्योतिर्लिंग एवं गौ माता की कथा का बखान के तो वही ग्राम देमार में शिवानंद जी महाराज भगवान श्री राम के अनन्य भक्त बजरंगबली की उत्पत्ति की कथा का बखान किए। सर्वप्रथम विधायक ने व्यास पीठ का आशीर्वाद लिए एवं समस्त धर्मप्रेमी समागम में शिव महापुराण कथा का श्रवण किए। विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने शिव महापुराण कथा श्रवण कर श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन का अनमोल पल है जब हम श्री हरि विष्णु और देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना एक साथ करने का सौभाग्य हमें मिला है क्योंकि भगवान शिव और श्री हरि विष्णु एक दूसरे के उपासक हैं और इस श्रावण मास की पुरुषोत्तम मास में हमारे दोनों ही इष्टदेव कि उपासना कर रहे हैं। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि भगवान विष्णु सृष्टि के पालन कर्ता है तो वहीं भगवान शिव संहार कर्ता, इस जगत में जीवन का उद्देश्य प्रभु की भक्ति में लीन रहकर जीव सेवा व कल्याण की कार्य कर एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता देने से ही जीवन धन्य होता है। धर्म प्रेमियों की यह भीड़ उमंग उल्लास देख मन गदगद हो गया, पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया है।

कथा श्रवण करने कथा स्थल पर आमदी मंडल अध्यक्ष मुरारी यदू, गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, मंडल महामंत्री अमन राव, जनपद सदस्य धनेश्वरी साहू, समाजसेवी ज्योति साहू,शीत कुमार साहू, राजू मीनपाल, बसंत मीनपाल,जोगेंद्र सेन,बिमलेश मीनपाल, सुरेश साहू, संजय साहू, दिनेश साहू (पप्पू), खिलेश्वर साहू, मनोज साहू, पंच ध्रुव, गोपाल यादव, रामू साहू, ईश्वर देवांगन, हेमलाल देवांगन, सरपंच सीताराम ध्रुव, उप सरपंच जितेंद्र यादव, किरण साहू, बिसाहू राम साहू, ईश्वर साहू, गजेंद्र साहू, शिव शंकर साहू, वीरेंद्र साहू, दीनबंधु देवांगन, दुष्यंत देवांगन, जनक सिंह, चेतन दुलार देवांगन, गोपेश्वर साहू, महेंद्र देवांगन, राजेंद्र देवांगन, परितोष देवांगन, गोपाल देवांगन पहुंचे। कथा स्थल पर सैकड़ों कि संख्या में शिव भक्तजन उपस्थित रहे।

# आदिवासी हमारे छत्तीसगढ़ का गौरव : अदिति बघमार



**बलौदाबाजार,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम सलौनी में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार उपस्थित रही। जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार ने कहा कि हमें सिर्फ एक ही दिन इस दिवस को नहीं मनाना है, अपितु हमे आदिवासी समुदाय के बारे में जागरूकता एवम् उनके अधिकारों की रक्षा के प्रति सजग रहना है। आदिवासी दिवस अपने आप में एक महत्त्वपूर्ण दिवस है, इस अवसर पर प्रदेश, देश, दुनिया को हमारे आदिवासी समुदाय के विशिष्ट संस्कृतियों, भाषाओं, रीति-रिवाजों और सामाजिक योगदान का सम्मान करने का प्रयास है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करतें हुए कहा कि आज हमारे लिए एवम् आदिवासी समुदाय के लिए गर्व की बात है की देश के सर्वोच्च पद पर ग्रामीण अंचल के आदिवासी समुदाय से आने वाली द्रोपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति पद से नवाजा है। ये हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी की आदिवासी समाज के प्रति सकारात्मक एवम् संवेदनशील भाव को प्रकट करता है।आज आदिवासी समुदाय हर वर्ग में आगे बढ़ रहा है और हम सभी को मिलकर वर्तमान में और भविष्य में आदिवासी समाज की हर क्षेत्र में चाहे वह शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, राजनीति, सामाजिक हर स्तर पर इस समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के कारण आज प्राकृतिक विरासत जीवित है, इसे संजोय रखने में इनका महत्त्वपूर्ण योगदान है, जिसके हम सभी आभारी है। अदिति बघमार ने समाज में समानता का पक्षधर होते हुए सम्पूर्ण आदिवासी समाज को नमन करते हुए समाज की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन उदय नेताम ने किया।

इस अवसर पर नेमसिंह उइके, सरपंच राजेश नेताम, मणिसिंह ठाकुर, उदय नेताम, खुमान सिंह मरकाम, रामेश्वर छेदैया, सहस नेताम, हेमसिंग उईके, जीवन लाल नेताम, संतोष कुमार, अशोक मरई, भगवती ध्रुव, धर्मेंद्र ध्रुव, मंजू ध्रुव एवम् काफी संख्या में आदिवासी समाजगण एवम् ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नगर के मतदान केन्द्रों में नाम जोड़ने व विलोपन संशोधन का कार्य प्रारंभ



**नपा अध्यक्ष चित्तावर ने नाम जोड़वाने की अपील की**

**बलौदाबाजार,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत नगर के प्रमुख मतदान केन्द्रो में आसन्न विधानसभा चुनाव के लिये मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने एवं विलोपन संशोधन का कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की गयी है। नगर पालिका के अंतर्गत निर्धारित मतदान केन्द्रो में जिला निर्वाचन अधिकारी जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के निर्देशों के अनुरूप नाम जोड़े जाने के लिये स्थान निर्धारित किया गया है।

नगर बलौदाबाजार में नवीन प्राथमिक शाला, चक्रपाणी शुक्ला हाई स्कूल, बेसिक शाला बजरंग चौक, महात्मा गांधी स्कूल, आत्मानंद स्कूल रायपुर रोड, कन्या शाला, प्राथमिक शाला गांधी चौक, में मतदान केन्द्र क्रमांक 116 से 135 तक में नाम परिवर्धन, विलोपन एवं संशोधन का कार्य प्रारंभ है। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा नगरवासियों सहित पार्षदों को भी अपने वार्ड के निवासियों का नाम जुड़वाये जाने व संशोधन की जानकारी दी गयी। साथ ही जन सामान्य से उपरोक्त केन्द्रो में जाकर मतदाता सूची से संबंधित कार्य कराये जाने की अपील की गयी है। साथ ही इस संबंध में नगर में सघन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# गंगा आरती कार्यक्रम में शामिल हुए नपा उपाध्यक्ष



**महासमुंद,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। श्वेत गंगा बम्हनी में नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने शनिवार को अपने परिवार के साथ पहुंचकर गंगा आरती की। साथ ही बम्हनेश्वर महादेव में जलाभिषेक किया। सावन का महीना समाप्ति की ओर है। सावन महीने में श्वेत गंगा कुंड में प्रतिदिन गंगा आरती की जा रही है। इस आरती को लेकर युवाओं का जत्था उत्साह के साथ आरती में भाग ले रहा है। 58 दिनों तक चलने वाली गंगा आरती में प्रतिदिन जजमान के साथ गांव के ग्रामीण उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। शनिवार को मुख्य जजमान नपा उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर थे। वे अपने परिवार के साथ बम्हनी पहुंचे और गंगा आरती व बम्हनेश्वर महादेव में जलाभिषेक करते हुए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर अपने परिवार, नगर व जिले की खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर समिति के पदाधिकारी व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

# साहित्य ने समाज के स्वरूप को बदला : डॉ. परदेसी राम वर्मा

**छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति तहसील इकाई एवं छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक ने किया चर्चा एवं काव्य गोष्ठी**



**राजिम,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय साहू छात्रावास सभागृह में छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति तहसील इकाई एवं छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ के संयुक्त आयोजन में चर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे छत्तीसगढ़ के उपन्यास सम्राट डॉ. परदेसी राम वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि साहित्य से समाज का स्वरूप बदला है। अपने आसपास घटित घटनाओं तथा होने वाले दिक्कत को साहित्यकार पहले से भांप जाता है और उन्हें अपनी सकारात्मक सोच के जरिए उजागर करते हैं। नतीजा समाज में एक बड़ा बदलाव देखने को मिलता है। लेखक शब्द को लिपिबद्ध करता है तब उनके चिंतन महत्वपूर्ण स्थान रखता है। गरियाबंद जिला के लेखकों ने भी लगातार लेखन के जरिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय क्षितिज पर नाम पैदा किया है। छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ मेहनतकस लेखकों के विकास एवं उत्थान के लिए बनाया गया है।

**लेखन के लिए रचनाकार को अपनी कृति में डूबना पड़ता है तब कहीं जाकर कुछ पंक्तियां उभर कर आती है : काशीपुरी कुंदन**

अध्यक्षता कर रहे गरियाबंद जिले के जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष काशीपुरी कुंदन ने कहा कि जीवन बहुत बड़ी है लेखन के लिए रचनाकार को अपनी कृति में डूबना पड़ता है तब कहीं जाकर कुछ पंक्तियां उभर कर आती हैं। आने वाले समय में गरियाबंद जिले में लेखकों की संख्या और बढ़ जाएगी। विशिष्ट अतिथि हिंदी साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ.मुन्नालाल देवदास ,गजेंद्र झा ,नूतन मकसूदन साहू, प्रयाग साहित्य समिति के अध्यक्ष टीकमचंद सेन, दिव्यांग संघ के जिला अध्यक्ष जागेश्वर साहू, रामायण व्याख्याकार प्रहलाद गंधर्व, वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चौहान, तुकाराम कंसारी संघर्ष, इंजीनियर सुरेश बंजारे प्रमुख रूप से मौजूद और अपने विचार व्यक्त किए ।

**कवियों ने पढ़ी हिंदी, छत्तीसगढ़ी भाषा में कविताएं**

कवि संतोष सोनकर मंडल के संचालन में गीतकार किशोर निर्मलकर ने गीत पढ़कर समां बांध दिया। पंक्ति देखिए-जागव रे जागव रे छत्तीसगढ़िया सिधवा मनखे जागव रे..., जितेंद्र सुकुमार साहिर ने गजल की पंक्ति देते हुए कहा कि रिश्तो की बुनियाद तो घर बोलता है दर्द की गहराई सागर बोलता है। गीतकार भोले साहू, रविंद्र साहू, हरीश साहू, दानी साहू इत्यादि के साथ ही गजेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी की रचना प्रस्तुत कर ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# समाज के आड़ में राजनीति करने वाले कथित नेता को समाजजनों ने दिखाया आईना

**बागबाहरा,** 27 अगस्त (देशबंधु)। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने बताया कि समाज का दुरुपयोग करने वाले एवं उसे तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वह कितना भी बड़ा नेता हो। हमको समाज को सुरक्षित एवं विकसित बना कर चलना है। इसी में सभी का हित है। उन्होनें आगे कहा कि एकता में शक्ति होती है चाहे किसी भी समुदाय ,सामाजिक/राजनैतिक संगठन - संस्था हो।आजकल सभी जगहों पर सामाजिक /राजनैतिक संगठनों में एकता और अखंडता को परिलक्षित करने का सियासी दौर चल रहा है। इसी क्रम में पिछले कुछ समय से देखने को मिल रहा है कि विभिन्न सामाजिक संगठनों में टुकड़े - टुकड़े गैंग बनाकर कुछ तथाकथित नेता लोग अपने निजी फायदे के लिए समाज एवं संगठनों का इस्तेमाल करते हुए राजनीति कर रहे हैं। ऐसे कई मामले आए दिन समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहता है।

ज्ञात हो कि पिछले दिनों इसी तरह का एक मामला सामने आया था। जिसमे समाजजनों द्वारा तथाकथित समाज प्रमुख के द्वारा समाज की आड़ में राजनीति करते हुए समाज को गुमराह कर रास्ता भटकाने का आरोप लगाया था। सूत्रों के हवाले से क्षेत्र में आम लोगों से चर्चा परिचर्चा के दौरान समाज के लोगों से बातचीत की गई। इसी क्रम में क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोगों से बातचीत की गई। जहां उनका कहना है कि पद का दायित्व समाज तय करता है। और जो समाज हित में काम करे, प्रत्येक दुख - सुख में सहभागी बने, वही सच्चा सेवक होता है। वही समाज के लीडर भी होते हैं। अपने निजी फायदे के लिए समाज को गुमराह कर राजनीति करना गलत है। सूत्रों के हवाले से एक बात सामने आई है , जहां पता चला कि विगत दो वर्ष पूर्व 12 सितम्बर 2021 को पिथौरा के मंडी प्रांगण में सर्व आदिवासी समाज की जिला स्तरीय पदाधिकारियों का चयन जिला महासमुंद के सभी पांचों ब्लाक के सर्व आदिवासी समाज के समाज प्रमुखों ,समाजजनों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से बागबाहरा नगर के कद्दावर युवा एवं सक्रिय, जुझारु नेता भीखम सिंह ठाकुर को जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद एवं कार्यकारिणी समिति गठित कर जिम्मेदारी दी गई थी। जो आज तक सभी समाजजनों के आशीर्वाद, स्नेह व मार्गदर्शन से निरंतर सेवा दी जा रही है। इसी बीच कांग्रेस नेता मनोहर ठाकुर तथाकथित रूप से किसी होटल और ढाबे में बैठकर स्वयंभू की तरह जिलाध्यक्ष के पद पर बैठ गया। तथाकथित जिलाध्यक्ष द्वारा आज पर्यंत तक समाज हित में कोई भी काम नहीं किया है। न किसी सामाजिक मुद्दे पर कोई पहल की गई, न किसी विषय को लेकर गंभीरता दिखाई दिया है। बल्कि उनके द्वारा समाज को तोड़ने का काम किया गया है। जिससे समाज में काफी आक्रोश व्याप्त है। ज्ञात हो कि पिछले 09 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस महोत्सव के अवसर पर सामाजिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर एक गैर जिम्मेदाराना हरकत किया है। जिससे समाज काफी आहत हुआ है। गोंड समाज में काफी नाराजगी देखी गई है। तथा समाजजनों के द्वारा उनके गैर जिम्मेदाराना हरकत को देखते हुए दाईजबांधा सर्कल के कथित अध्यक्ष मनोहर ठाकुर को पद से मुक्त कर दिया गया है। गोंड समाज के प्रमुखजनों ने कहा है कि समाज को आड़े हाथों लेकर राजनीति करने वालों को समाज द्वारा इसी तरह आइना दिखाया जाता है। ताकि समाज का दुरूपयोग करने वालों को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। ताकि समाज की एकता और अखंडता हमेशा कायम बनी रहे।



# पुरी में अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी के उपर की गई कार्यवाही



**धमतरी,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रशांत ठाकुर द्वारा जिले में असामाजिक गतिविधियों व जुआ सट्टा एवं अवैध शराब बिकी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु थाना प्रभारियों को लगातार अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में डीएसपी. मुख्यालय के.के. वाजपेयी के नेतृत्व में थाना प्रभारी अर्जुनी निरीक्षक राजेश मरई द्वारा लगातार अवैध शराब,जुआ सट्टा पर नजर रखी जा रही थी। इसी तारम्य में ग्राम पुरी में मुखबिर से सूचना मिली थी एक व्यक्ति द्वारा अपने घर में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा कि सूचना पर मुखबिर के बताए अनुसार घेराबंदी कर रेड कि कार्यवाही करने पर आरोपी रुपचंद ध्रुव द्वारा अवैध रूप से प्लास्टिक बोरी में रखकर बिक्री करते हुए रंगे हाथ पकड़ कर आरोपी के विरुद्ध पर वैधानिक कार्यवाही कि गई।

पुलिस ने आरोपी रूपचंद ध्रुव पिता रामेश्वर ध्रुव उर्फ बंशी लाल ध्रुव उम्र 45 वर्ष साकिन पुरी,थाना अर्जुनी द्वारा अवैध रूप से प्लास्टिक बोरी में रखकर बिक्री कर रहे अवैध शराब को 157 पौवा प्लेन शराब प्रत्येक में 180 एमएल.शराब भरी हुई टोटल 28.260 बल्क लीटर कीमती -12560/- रुपये विधिवत जप्त कर आरोपी खिलाफ अपराध क्र.296/23 अपराध धारा 34 ( 2 ) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में परि.उप पुलिस अधीक्षक सुश्री विकेश्वरी पिंदे,प्रआर. मधुलिका टिकरिहा,विजय बैरागी, आरक्षक खेमू हिरवानी,तरुण कोकिला, मआर.ज्योति खुंटे का विशेष योगदान रहा।

# कृषि कार्य से जुड़ी महिलाओं को दिलाई गई मतदान की शपथ

**धमतरी,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर मतदाता जागरूकता हेतु दिन प्रतिदिन नए-नए प्रयोग किये जा रहे हैं। इन प्रयोगों को बेहतर स्वरूप देने का काम जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव बखूबी कर रही है । शहर से लगे ग्राम मुजगहन में महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती उषा किरण चंद्राकर ने कृषि कार्य से जुड़ी महिलाओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। खेतों में काम कर रही महिलाएं भी मतदान के महत्व को भली भांति समझने का प्रयास कर रही थी और अपने परिवारों को भी इस महा अभियान में जोड़ने की पहल की गई। श्रीमती चंद्राकर ने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अपना नाम सबसे पहले बीएलओ के पास जाकर मतदाता सूची में जुड़वाएं । अपने आसपास के युवाओं को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की पहल की जावें। जिला धमतरी वोट सर्वोपरि की महत्व बताते हुए आगे उन्होंने यह भी कहा कि शत् प्रतिशत मतदान के माध्यम से देश का भविष्य निर्धारण करें। फेसबुक, पेज ट्विटर पेज, इंस्टाग्राम पेज को लाइक, शेयर और अधिक से अधिक लोगों को फॉलो करवाएं। वहीं खेत में काम कर रही महिलाओं को चुनई तिहार में मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कविता ध्रुव, श्रीमती दिनेश्वरी ध्रुव मुख्य रूप से उपस्थित थी।



# खल्लारी क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अलका का जनसम्पर्क अभियान शुरु

■ वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, समाज प्रमुखों एवं समाजसेवियों से मुलाक़ात कर अलका ले रही सबका आशीर्वाद
■ समय से पहले प्रत्याशी घोषित कर बढ़त बनाने से क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में वातावरण बन रहा है



**बागबाहरा** 27 अगस्त (देशबंधु)। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य और खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से घोषित भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अलका नरेश चंद्राकर का क्षेत्र में सघन जनसम्पर्क अभियान शुरु हो गया है। भाजपा बागबाहरा शहर व ग्रामीण, कोमाखान, खल्लारी और पिथौरा मंडल इकाइयों के भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों के साथ इन दिनों क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, समाज प्रमुखों, समाजसेवियों से सम्पर्क कर श्रीमती चंद्राकर सबसे आशीर्वाद प्राप्त कर रही हैं। लोगों से मुलाक़ात के दौरान श्रीमती चंद्राकर के साथ भाजपा जिला मंत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य धरम साहू, व जनपद उपाध्यक्ष भेखलाल साहू ने बागबाहरा नगर में भ्रमण कर भाजपा प्रत्याशी को जिताने के लिए आशीर्वाद मांगा है। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, पिलेश्वेर पटेल, धरम दीवान, सागर चंद्राकर, प्रीतम साहू, ग्राम पंचायत तुपकबोरा ? की सरपंच श्रीमती जाह्नवी साहू महामंत्री महिला मोर्चा ने बागबाहरा नगर के प्रतिष्ठित नागरिक नेहरू साहू, लक्ष्मण साहू, इकबाल सिंह दुआ, रूपेश तिवारी, नारायण साहू, खिलावन साहू, योगेश गंडेचा, दिनेश अग्रवाल, धनराज साहू, देवेंद्र साहू सहित अनेक कार्यकर्ताओं के घर पहुँचकर जनसंपर्क किया। इसी क्रम में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती चंद्राकर ने ग्राम पंचायत भुरकोनी में भी जनसंघ के समय के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामरतन शर्मा, राधेश्याम अग्रवाल एवं वरिष्ठजनों से मिलकर आशीर्वाद लिया।खल्लारी विधानसभा क्षेत्र से श्रीमती चंद्राकर को समय से काफी पहले अपना प्रत्याशी घोषित कर भाजपा ने न केवल बढ़त बनाई है, अपितु क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में वातावरण भी बना है। साफ-सुथरी छवि की धनी श्रीमती चंद्राकर की उम्मीदवारी से क्षेत्र के भाजपाजन विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के प्रति आश्वस्त हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता घर-घर सम्पर्क कर केंद्र सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों को गिना रहे हैं। और साथ ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी, झूठ, छल-कपट की राजनीति के बारे में भी बता रहे हैं। सम्पर्क के दौरान सबने भाजपा की सरकार प्रदेश में बनाने का भरोसा दे रहे हैं।

# कोमाखान में नवीन शासकीय कॉलेज का शुभारम्भ आज

**बागबाहरा,** 27 अगस्त (देशबंधु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत तहसील मुख्यालय कोमाखान में नवीन शासकीय महाविद्यालय का शुभारम्भ आज 28 अगस्त सोमवार की सुबह 11 बजे हायर सेकंडरी स्कूल में संसदीय सचिव एवं खल्लारी क्षेत्र के विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। तथा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान के प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर करेंगे। इस नवीन महाविद्यालय में बीए विषय में राजनीति , अर्थशास्त्र एवं इतिहास, बीकॉम विषय तथा बीएससी विषय में बायो एवं मैथ्स विषय की पढ़ाई इस वर्ष से होगी। अतः इस शुभारम्भ कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होने की अपील ग्राम पंचायत कोमाखान की सरपंच श्रीमती वीणा आशीष वाकडे एवं ग्राम पंचायत घोयनाबाहरा कला की सरपंच श्रीमती सविता ठाकुर ने की है।

# विधायक रहेंगे दो दिवसीय क्षेत्रीय दौरें पर, लोकार्पण भूमिपूजन सहित धार्मिक आयोजन में होंगी शामिल

**धमतरी,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। धमतरी विधायक रंजना डीपेंद्र साहू आगामी दो दिवस तक विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेगी, 27 अगस्त दिन रविवार को क्षेत्रीय दौरें में विधायक रंजना डीपेंद्र साहू सर्वप्रथम गंगरेल मंडल के डुबान क्षेत्र में कोलियरी पुराना गांव में मोदी जी की मन की बात मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुनेंगे उसके बाद कोलियरी पुराना ग्राम वासियों की बहुप्रतीक्षित मांग विधायक की अनुशंसा से स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन करेंगे, डुबान क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर विधायक दोपहर में ग्राम पंचायत कसावही के आश्रित ग्राम मड़वापथरा में गोस्वामी तुलसीदास जी जयंती के पावन उपलक्ष्य में आयोजित श्री रामचरितमानस सम्मेलन में श्रीराम कथा रसपान करेंगे और गांव में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन विधायक के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। तदुपरांत ग्राम तेलिनसत्ती में विधायक निधि से स्वीकृत गांव की आराध्य मां तेलिनसत्ती माता के मंदिर प्रांगण में शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन, आदिवासी समाज के लिए देवगुड़ी निर्माण का भूमिपूजन एवं बाल समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया जाएगा। इसके बाद विधायक ग्राम पंचायत देमार में यादव समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन करेंगे। इसी तरह 28 अगस्त दिन सोमवार को शहर से लगे ग्राम कोलियारी में निर्माण कार्य का भूमि पूजन करेंगे, उसके पश्चात ग्राम अछोटा में जय धारेश्वर कांवर समिति द्वारा आयोजित भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना एवं भंडारा कार्यक्रम में शामिल होंगी एवं संध्याकालीन बेला में ग्राम भानपुरी में धोबी समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन करके इतवारी बाजार में बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में चल रहे शिव महापुराण कथा का रसपान करने विधायक पहुंचेंगी। उक्त जानकारी विधायक निज सहायक सुनील साहू ने दी है।



# संकुल स्तरीय टी एल एम मेला का आयोजन बहेरापाली में

**सरायपाली** 27 अगस्त (देशबंधु)छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम के तहत सहायक शिक्षण सामग्री का निर्माण कर प्रदर्शन करने हेतु टी एल एम मेला का आयोजन संकुल केंद्र बहेरापाली में किया गया।

उक्त कार्यक्रम में संकुल के समस्त शिक्षक प्रतिभागी रहे जिसमे शिक्षक अपने टी एल एमसामग्री के साथ उपस्थित हुए। सर्वप्रथम उद्बोधन संकुल प्राचार्य डी एल पालेश्वर जी के द्वारा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनायें प्रेषित करते हुए दी गयी। संकुल स्तरीय मेला में शिक्षकों ने बारी बारी अपने टी एल एम का प्रदर्शन किया। तत्पश्चात संकुल प्रभारी डी एल पालेश्वर, संकुल समन्वयक ऋषि प्रधान, समीपस्थ संकुल समन्वयक छबिलाल पटेल के द्वारा उत्कृष्ट टी एल एम का चयन किया गया। जिसमे माध्यमिक विभाग से विज्ञान विषय में पंकजनी सेठ (शिक्षक)उच्च प्राथमिक शाला आवलाचक्का, गणित विषय में नेमीचंद भोई(शिक्षक) उच्च प्राथमिक शाला बहेरापाली, प्राथमिक विभाग से गणित विषय में जयंती गढतिया (सहायक शिक्षक) प्राथमिक शाला लक्ष्मीपुर, एवं विज्ञान विषय में शनीराम सिदार (प्रधान पाठक) प्राथमिक शाला आवलाचक्का ने संकुल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। संकुक प्रचार्य एवं संकुल समन्वयक, संकुल के समस्त शिक्षकों ने उक्त शिक्षकों को आगामी जोन स्तरीय, विकासखंड स्तरीय,जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु शुभकामनायें प्रेषित की हैं।

# डाक जीवन बीमा एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की जानकारी दी गई

**पिथोरा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की मंदिर हसौद स्थित मुख्यालय में पीएलआई एवम आईपीपीबी की योजनाओं के लिए रायपुर संभाग द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें एचपीसीएल के चीफ मैनेजर श्री गौतम कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने मीटिंग में भाग लेकर डाकघर की योजनाओं को सभी के लिए फायदेमंद बताया। डाक विभाग की ओर से रायपुर संभाग के विकास अधिकारी (डाक जीवन बीमा) के के शर्मा द्वारा डाक जीवन बीमा की योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई तथा तुलनात्मक रूप से कैसे अधिक फायदेमंद है, इसको बताया गया। डी महेश कुमार ने आईपीपीबी अकाउंट के माध्यम से 10 लाख का ग्रुप एक्सिडेंटल गार्ड योजना के लाभ बताए। एचपीसीएल के अधिकारियों ने उनके कर्मचारियों सहित ड्राइवर्स और हेल्पर को इस योजना से जोड़ने के लिए पहल करने की बात कही। भविष्य में इसके अच्छे परिणाम आने की संभावनाएं हैं।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में राखी सजाओ प्रतियोगिता संपन्न

**सरायपाली,** 27 अगस्त (देशबंधु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय के प्राथमिक विभाग में राखी सजाव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में प्राथमिक विभाग के सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर अपनी प्रतिभागिता स्थापित करते हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का संचालन प्रधान पाठक आशा शर्मा के निर्देशन में धनपत सिदार के द्वारा संपन्न कराया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल भारतीय सिदार नेतराम पटेल शोभाराम भोई एवं प्राथमिक विभाग के समस्त कर्मचारियों का अतुलनीय योगदान रहा। उक्त कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य लता साहू वरिष्ठ व्याख्याता महेश नायक विद्यालय पालक समिति की उपाध्यक्ष डॉ आशीष दास आदि की गरिमामयी उपस्थित ने कार्यक्रम को और भी अद्वितीय बना दिया। आज के इस कार्यक्रम में कक्षा पहली दूसरी संयुक्त= प्रथम स्थान प्रभात बंजारे, द्वितीय स्थान भावना पटेल एवं प्रत्युष्ठा प्रधान, तृतीय स्थान सिया श्रीवास। कक्षा तीसरी से पांचवी के स्तर में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी- प्रथम स्थान निकिता गार्डिया, द्वितीय स्थान ख्याति बारिक एवं तृतीय राधिका डड़सेना ने प्राप्त किया ।ग्रीटिंग प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार हैं- प्रथम स्थान अपूर्वा पटेल द्वितीय स्थान सोम सिदार तृतीय स्थान सृष्टि शर्मा ।कार्यक्रम के अंतिम चरण में विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु लेख रंजन बी पात्रो द्वारा स्व. लोकनाथ बी. पात्रो की स्मृति में उपाध्यक्ष डॉ.आशीष दास एवं प्रभारी प्राचार्य समिति लता साहू के कर कमल से पुरस्कार वितरण कराया गया। उक्त जानकारी विद्यालय के शिक्षक लेखरंजन पात्रो ने दी।

# आशियाना बनाने के सपनों को लगे पंख,मुख्यमंत्री का आभार : आनंद पवार

■ छोटे भूखंडों के पंजीयन से आमजनों को राहत प्रदान किया भूपेश सरकार ने



**धमतरी,** 26 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में 5 डिसमिल से छोटे टुकड़े की रजिस्ट्री होने से आमजनां को काफी राहत मिली है। मुख्यमंत्री के निर्देशों का जिले मे पालन होने से अभी तक उप पंजीयक कार्यालय मे प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 डिसमिल से छोटे टुकड़े की लगभग हजारों जमीनों का पंजीयन किया जा चुका है। पूर्व मे सॉफ्टवेयर मे सुधार नही होने से काफी दिक्कत हो रही थी लेकिन जैसे ही सॉफ्टवेयर में सुधार हुआ वैसे ही हर जिले मं 5 डिसमिल से छोटे टुकड़े का भूमि पंजीयन प्रारम्भ हो गया है, वर्षों से आम जनता परेशान थी। परंतु प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भुपेश बघेल की पहल से आमजनां को काफी राहत मिली है।

**छोटे भूखंड स्वामियों और खरीदारों को बड़ी राहत**- बता दें कि चार साल बाद 2019में आए इस फैसले से छोटे भूखंड स्वामियों को बड़ी राहत मिली है। गौरतलब है कांग्रेस ने जनघोषणा पत्र में पांच डिसमिल से कम जमीन की खरीदी-बिक्री पर लगी रोक को हटाने का वादा किया था। नई सरकार बनते ही 29 दिसंबर को इसकी घोषणा की गई थी। अब जिला कार्यालयों में इसके आदेश के तहत आम मध्यम वर्गीय भी ज़मीन की खरीदी बिक्री कर अपने सपने पूरे कर रहें हैं।

इसके पहले पूर्व रमन सरकार ने जून 2014 में 5 डिसमिल से कम जमीन की खरीदी व बिक्री पर रोक लगा दी थी। इसके पीछे सरकार ने यह दलील दी थी कि इसकी वजह से सीमांकन, बटांकन नहीं हो पाता था और छोटी जमीन की पहचान नहीं हो पाती थी। इस वजह से छोटे भूस्वामी अपनी संपत्ति बेच नहीं पा रहे थे।

अब शासन के नए निर्देश से राजस्व बढते जा रही है। उप पंजीयक कार्यालय में छोटे भूखंड स्वामियों को भी ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। सरकार के फैसले के बाद उन लोगों का मकान बनाने का सपना साकार हो रहा है जो बड़ी जमीन की खरीदी नहीं कर पा रहे थे। लोग अपनी हैसियत के हिसाब से जमीन नहीं खरीद पा रहे थे।

**खसरा नंबर के नक्शा में अंकन की अनिवार्यता समाप्त**- पटवारी के पास उपलब्ध कैडस्ट्रेल नक्शा और उसके भू-नक्शा सॉफ्टवेयर में सभी खसरा नंबर का बटांकन नहीं होने व इन खसरा नंबरों को भू-नक्शे में अंकन करने में आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए कुछ निर्देश दिए गए हैं। इनमें पूर्व में छोटे भूखंडों का पंजीयन होने और नक्शे में अंकन किए बिना खसरे में भूमि स्वामी का नाम दर्ज किया गया है।

ऐसे खसरा नंबरों का बिना विस्तृत सर्वेक्षण व गहन जांच के नक्शे में अंकन संभव नहीं होने के तथ्य को देखते हुए यदि कोई भूस्वामी किसी खसरा नंबर के धारित सभी भूमि को अंतरित करना चाहता है, तो पंजीयन के लिए उस खसरा नंबर के नक्शे में अंकन की अनिवार्यता को आगामी आदेश तक स्थगित कर दी गई है। यदि ले-आउट के आधार पर किसी भूमि स्वामी द्वारा किसी भूखंड का विक्रय किया जाता है, तो ले-आउट को पंजीयन का आवश्यक अंग मानते हुए बिना नक्शा बटांकन की पंजीयन की कार्यवाही होगी।

सरकार के आदेश के बाद से अब तक राजस्व में अभूतपूर्व बढ़ोतरी होने से आमजन के सपनों को पंख तो लगे ही हैं, साथ ही साथ सरकार की राजस्व आय में अप्रत्याशित वृद्धि होने से बहुत से जन कल्याणकारी योजनाओं के लिय वित्तभंडार में बढ़ोतरी भी हुई है।

# पंधी में ग्वालों ने राऊत दोहे के साथ दिया मतदाता जागरूकता का संदेश




**आरंग,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अतुल विश्वकर्मा के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव मतदान की दिशा में विविध गतिविधियों जैसे रंगोली, मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक, च्जि जागरूकता नारे आदि आरंग अनुभाग में आयोजित किए जा रहे हैं, इसी क्रम में पंधी गांव में ग्वालो एवं गांववासियों ने हर्ष एवं उत्साह के साथ मिलकर राउत दोहा जैसे च्बटकी में बासी, अऊ चुटकी म नून वोट देय बर जाबे ते ह कान दे के सुनज्ञ के साथ अपनी जागरूकता का परिचय दिया इस अवसर पर वे अपने चिर परिचित लोक संस्कृति पारंपरिक परिधान में भी नजर आए तथा स्वीप प्रभारी मास्टर ट्रेनर महेंद्र कुमार पटेल एवं अरविंद कुमार वैष्णव ने निष्पक्ष एवं शत प्रतिशत मतदान की शपथ भी करवाई। एवं कार्यक्रम में गुलजारी यादव, जोधू यादव, बुधारू यादव,मनहरन यादव, सुक्खू यादव, कली यादव,ममता यादव,खुमेश्वरि यादव, दुलारी यादव, कुशाल राम साहू, वेदन साहू, मोहन साहू, रेख राम साहू, गणेश्वर साहू, प्रहलाद साहू ,गंगूराम साहू, तानेश्वर निषाद, जगदीश साहू सहित ग्रामीण जनों की सहभागिता रही।

# क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि के लिए प्रत्येक ग्यारस निकाली जाती है प्रभातफेरी



**भाटापारा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। आज भाटापारा अपनी सुख, शांति और समृद्धि के लिए छत्तीसगढ़ के साथ साथ पुरे देश मे अपनी पहचान बना लिया है। भाटापारा की अनाज मंडी, सब्जी मंडी, यहाँ के दाल, चावल,पोहे ,मसाले भारत के साथ साथ अन्य देशों मे भी जाने जाने लगी है। यहां की प्रत्येक धार्मिक संस्थाएं भी क्षेत्र के विकास के लिए, सभी जीवो के कल्याण के लिए और गौ – हत्या बन्द हो इस उद्देश्य से प्रतिदिन धार्मिक आयोजन करते रहती है। इसी क्रम में भाटापारा मे पूरी पीठाधिश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी के द्वारा स्थापित किया गया संगठन धर्म संघ, पीठपरिषद, आदित्यावहनी, आनंदवाहनी उनका मार्गदर्शन प्राप्त कर निरंतर क्षेत्र की सुख,समृद्धि और शांति के लिए सेवा ,सत्संग ,संगोष्ठी और संकीर्तन के माध्यम से जन जागरूपता का कार्य करते रहता है 7जिसके फल स्वरूप आज भाटापारा के कोने कोने से धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज जी के द्वारा दिए गए जायघोष धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो,प्राणियों मे सत्भावना हो,विश्व का कल्याण हो ,गौ माता की जय हो और गौ हत्या बन्द हो सुनाई पड़ता है।

पीठ परिषद के शहर अध्यक्ष श्री सत्यनारायण जोशी ने बताया की प्रत्येक ग्यारस के दिन बड़ी संख्या लोग बिना किसी सुचना के ही रामसप्ताह चौक मे सुबह 6 बजे प्रभात फेरी के लिए ढोलक मंजिरा ले कर उपस्थित हो जाते है और भजन कीर्तन करते हुवे प्रत्येक ग्यारस शहर के अलग अलग स्थानों मे पहुंचते है 7 संगठन का ये प्रयास है की प्रत्येक क्षेत्र के लोग अपनी सुविधा के हिसाब से दिन का चयन कर क्षेत्र के कल्याण के उद्देश्य से सेवा ,सत्संग,संगोष्ठी और संकीर्तन का कार्य करें।

**साढ़े तीन साल मे अब सिर्फ 18 महीने रह गए है शेष और विशेष**

जैसा की हम सभी आज अपने चारो तरफ देख रहे की कैसे हिन्दुराष्ट्र निर्माण की मांग तेज होते जा रही है। पूरी पिठाधिश्वर जगदगुरु शंकराचार्य जी के श्री मुख से आज से 2 वर्ष पूर्व माता भगवती की कृपा से ये अचानक 3बार हिन्दुराष्ट हिन्दुराष्ट हिन्दुराष्ट निकला था और उसके पश्चात ही उन्होंने ये घोसणा की थी की साढ़े तीन वर्ष मे भारत नेपाल भूटान हिन्दुराष्ट्र घोषित हो जायेंगे और इस समय भारत मे बहुत अधिक परिवर्तन होगा जिसकी कल्पना बड़े बड़े शुभ चिंतक भी नहीं कर सकते और अब सिर्फ 18 महीने ही शेष रह गए है जिसमे सभी कुछ होना है।

**राजनेताओं के घोषणा पत्र मे गौ रक्षा और गौ हत्या पर पाबंदी के लिए हो योजना**

आदित्यवाहनी जिला अध्यक्ष विजय शर्मा ने क्षेत्र के राजनेताओं के साथ साथ प्रदेश के राजनेताओं से अपील की है की प्रत्येक राजनेता अपने घोसणा पत्र मे गौ रक्षा और गौ हत्या बन्द करने की योजना को प्रथम स्थान दे और राजनेताओं के द्वारा जो गौ माता को आवारा पशु की संज्ञा दी जाती है इसके खिलाफ भी कड़ा क़ानून बनाए।

## सेवादल के कार्य महान : सुशील शर्मा

**भाटापारा,** 27 अगस्त। सेवा दल संगठन के दुवारा झंडाउतोलन कार्यक्रम कृषि उपज मंडी में आज रखा गया, सुबह 9 बजे प्रदेश सेवादल के अध्यक्ष अरुण ताम्रकार की उपस्थिति में मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राजकीय गीत और झंडा गीत को सेवादल के सदस्यों ने गया। मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने सेवादल को कॉग्रेस पार्टी का एक शासक्त ज़मीनी और कर्मठ संगठन बताया साथ ही सभी सदस्यों से परिचय प्राप्त कर उन्हें पूरी सहायता देने की बात कही,इस अवसर पर नानु सोनी, लक्ष्मी पांडेय, जानी साहू, मंगल पांडेय,कुंज राम साहू,देव चरण मार्कण्डेय सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।



# नेशनल हाईवे पार कर दंतैल ने किया धमतरी जिले का रुख, दो दंतैल कुकदा क्षेत्र में

## शनिवार रात 10.30 से 12.30 बजे तक बाधित रहा नेशनल हाइवे



**गरियाबंद,** 27 अगस्त। पखवाड़े भर से नेशनल हाइवे के किनारे नगझर-पोड़ के बीच डेरा डाले तीन दतैल हाथी में से एक हाथी शनिवार देर रात 3 बजे नेशनल हाइवे पार कर धमतरी जिले में प्रवेश कर गया। वहीं दो हाथी पांडुका रेंज के कुकदा क्षेत्र में पहुंच गए हैं। इसके पहले शनिवार रात 10-30 बजे दोनों दतैल हाथी हाइवे में उतर आए। इसके चलते करीब दो घंटे लगभग 12-30 बजे तक हाइवे बाधित रहा। वन अमले ने गरियाबंद से रायपुर आने जाने वाले वाहनों को नागझर और पोड़ के पास ही रोक दिया गया।

**हाथियों की चिंघाड़ से दहशत**

इधर, नेशनल हाईवे ब्रेक करने से दोनो तरफ वाहनों की लंबी लाइन गई। गाड़ियों के पहिए थमने के बाद हाथियों की चिंघाड़ने की आवाज आने लगी। जिससे राहगीर दहशत में आ गए। परंतु स्थिति ऐसी की न आगे जा सके और न पीछे। वन विभाग भी मौके पर मशाल के साथ राहगीरों को समझाते तैनात रहा।

**दोनों दतैल जा सकते है धमतरी**

गरियाबंद वन परिक्षेत्र अधिकारी आर के साहू ने बताया कि तीन में से एक दतैल हाथी हाइवे पार कर धमतरी आगे बढ़ गया है। शिंगपुर क्षेत्र में विचरण कर रहा हैं। दो दतैल कुकदा में डेरा डाले हैं। संभावना है कि ये दोनों हाथी भी जल्द धमतरी जिले में आगे बढ़ सकते हैं। फिलहाल हाथी मित्र सौर रेंज की टीम निगरानी कर रही है।

# 2023 चुनाव संचालन हेतु प्रदेश कांग्रेस कंट्रोल रूम कमेटी में भाटापारा के उत्तम साहू को मिली जगह



**भाटापारा,** 27 अगस्त। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधानसभा चुनाव 2023 के चुनाव संचालन हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा प्रदेश स्तरीय कंट्रोल कमिटी का गठन किया गया है जिसमें भाटापारा से युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव उत्तम साहू को चुनाव कंट्रोल कमेटी में लिए जाने पर शहर के कांग्रेस जनों में हर्ष का माहौल है उत्तम साहू ने दीपक बैज जी के द्वारा दिए गए कार्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूंगा कहकर उनका धन्यवाद किया इस पर सर्व प्रथम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज कंट्रोल कमेटी के संयोजक सलाम रिजवी तथा अजय साहू का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया तथा साथ ही बधाई देने वालों में मुख्य रूप सेपूर्व जनपद अध्यक्ष भाटापारा अमित राधेश्याम शर्मा प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस रोमा परसराम भारद्वाज राजीव युवा मितान क्लब जिला समन्वयक सुमित साव तेलगानी बोर्ड अध्यक्ष संदीप साहू जिला महासचिव युवा कांग्रेस लालू मानिकपुरी जिला कांग्रेस सचिव राजा तिवारी जिला किसान कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शिवकुमार वर्मा विधानसभा उपाध्यक्ष सत्यजीत संडे पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंद्र साव पूर्व पार्षद संजय बघेल पूर्व पार्षद राघव साव आदि ने शुभकामनाएं दी।

# प्रदेश की बदहाल शिक्षा व्यवस्था, बर्बाद होती पीढ़ी एक बड़ा कारण जनपद व जिपं के माध्यम से हुई स्थानीय नियुक्ति

**राजिम,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। वैसे तो राज्य की स्कूली शिक्षा का स्तर अपने गठन के दौर में ही स्तरहीन ही नही दोयम दर्जे की रही है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के समय यह गरीब ही नही बीमारू राज्य की श्रेणी में भी शामिल रहा। लेकिन बहुत सारे पैरामीटर में आज यह राज्य प्रतिस्पर्धात्मक स्तर पर पहुचा है। जिस पर संतोष किया जा सकता है। बावजूद स्कूली शिक्षा का स्तर दिन प्रतिदिन गिरता ही चला जा रहा है, खासकर सरकारी स्कूलों में। उक्त बातें क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी ग्राम मुरमुरा निवासी गणेशराम साहू ने कही.



उन्होंने आगे कहा कि राज्य का नेतृत्व इससे अनजान हो ऐसा तो नही दिखाई पड़ता है वरना आत्मानंद स्कूलों की श्रृंखला के बाद अब उच्च शिक्षा में इसे लागू किया जाना ही ढ़ोल की पोल खोलने के लिए काफी है। जिस प्रकार राज्य गठन पश्चात् स्कूली शिक्षा को भगवान भरोसे उनके हाल पर छोड़ा गया उससे आज यह समस्या भयावह रूप में सामने खड़ी है। ज्यादातर सरकारी स्कूल में कदम रखिये और जानकारी जुटाये तो पता चलेगा कि बच्चों को लिखना तो दूर पढ़ने तक में कठिनाई है। शिक्षा के अधिकार के तहत ऐसे बच्चों को एक से दूसरे फिर तीसरे और ऐसे ही कक्षा आठ तक ले जाया जा रहा है।

श्रीसाहू ने कहा कि यहां पर गौर करने वाली बात यह है कि राज्य सरकार ने जिस व्यवस्था के तहत जनपद और जिला पंचायत के माध्यम से शिक्षकों की नियुक्ति की है। वह प्रक्रिया ही घोर भ्रष्ट्राचार और अवसरवाद में डूबी हुई थी तब के जनपद और जिला पंचायत प्रतिनिधियों खासकर चयन समिति के हिस्सा रहे लोगो की आज ठाठ देखेगें तो दंग रह जायेगे मामूली से मामूली राजनैतिक कार्यकर्ता भी आज माननीय बना बैठा है। जिसे भी मौका मिला उसके वारे न्यारे हो गए मालूम पड़ता है और इस भ्रष्ट्राचार के भेंट कोई एक नही अनेकों पीढ़ी को अब झेलना होगा।

श्रीसाहू ने आगे कहा कि एक इंजीनियर ज्यादा से ज्यादा कुछ निर्माण को खराब करेगा कुछ लोगों की जान लेगा लेकिन एक शिक्षक के संपर्क का दायरा ज्यादा व्यापक है। जिससे अनुमान लगाना भी कठिन है वे अपने कार्यकाल में कितने विधार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगा। भाई भतीजावाद और भ्रष्ट्राचार की तुला पर तौलकर यदि नियुक्ति हुई है जिसे नियुक्ति दाताओं के वर्तमान रसूख के अलावा हाल के वर्षों में अध्ययनरत छात्रों को परोसी जा रही स्तरहीन शिक्षा से मापा जा सकता है। सरकारी स्कूलों की दयनीय दशा पर राज्य सरकार और उससे जुड़े नीति निर्मताओं को सलाह दी है कि यदि शिक्षा विभाग में स्थानीय नियुक्ति की नीति को ना अपनायें और सभी शिक्षकों की नियुक्ति 150 से 200 किमी के दायरे के बाहर रखे तो कुछ स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है और देर सबेर यह नीति ही वर्तमान स्वरूप को बदलने का बड़ा कारण बन सकता है। आखिर एक सरकारी सेवक को सरकार की शर्त तो मानना ही पड़ेगा। नये शिक्षा सत्र से राज्य के सभी शिक्षकों को गृह जिले से दूर भेजने की कवायद ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का बड़ा मार्ग प्रशस्त करेगा। ऐसी अपील गणेश राम साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से की है।

# सतनाम संदेश यात्रा का भाजपाइयों ने किया स्वागत



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा रायपुर से गिरौदपूरी धाम के लिए निकले सतनाम सन्देश यात्रा का मार्ग मे जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। इसी कड़ी में कसडोल नगर के हड़हा पारा चौंक पर भाजपा मण्डल कसडोल के कार्यकर्ताओ ने आतिश बाजी के साथ गमछा एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। स्वागत पश्चात् बाइक रैली की शक्ल में निकली यात्रा गिरौदपूरी के लिए प्रस्थान किया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती श्यामबाई साहू, मण्डल अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, सांसद प्रतिनिधि संतोष वैष्णव, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष श्रीमती सीमा थवाईत, महामंत्री अनुराधा कर्ष, उपाध्यक्ष निर्मला साहू, गोमती साहू, भरतदास मानिकपुरी, मेलाराम साहू जनपद सभापति, सत्यनारायण पटेल,गणेश शंकर साहू, अजय मिश्रा, अनुसूचित जाति मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष ओम प्रकाश निराला, जगदीश घृतलाहरे, बृज लाल घृतलाहरे, रामगोपाल गोपाल घृतलाहरे,मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम कैवर्त,समारु कैवर्त, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण स्वागत करने उपस्थित रहे।

# मतदाताओं की मनसा अनुरूप भाजपा ने दिया नया चेहरा

## दबी जवान से कांग्रेस कार्यकर्ता भी कर रहे हैं मांग



**नयापारा राजिम,** 27 अगस्त (देशबंधु)। इस वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव मे नए चेहरे की मांग पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों के द्वारा लगातार की जा रही है जिसके चलते भारतीय जनता पार्टी ने इंद्र कुमार साहू को प्रत्याशी बनाकर नए चेहरे के रूप में सामने खडा कर दिया । नया चेहरा इंद्र कुमार साहू को प्रत्याशी बनाए जाने से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है परिस्थितियों को देखते हुए कांग्रेस पार्टी में भी दबी जुबान से लोग नए चेहरे की मांग कर रहे हैं।



इस वर्ष कांग्रेस पार्टी ने ब्लॉक स्तर से आवेदन मांगने की प्रक्रिया जारी किया है, जिसके चलते अभनपुर क्षेत्र से जिसके चलते करीब 10 लोगों ने कांग्रेस पार्टी की टिकट के लिए आवेदन ब्लॉक अध्यक्षों के पास प्रस्तुत किया है। जिसमें प्रमुख रूप से वर्तमान विधायक धनेंद्र साहू,जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष रतिराम साहू, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष देहुती साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष टिकेंद्र बघेल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य टिकेंद्र ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री फत्तीश साहू, सरपंच वासु साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष खोरबाहरा साहू, जिला पंचायत सदस्य द्वारका प्रसाद साहू, एवं कांग्रेस युवा नेता प्रवीण कल्ला ने आवेदन प्रस्तुत किया है। इस प्रकार से यह पहला अवसर है कि इतने लोगों ने विधायक प्रत्याशी के लिए आवेदन प्रस्तुत किए हैं। ऐसी परिस्थितियां कभी देखने सुनने को नहीं मिला था, एक ही नाम सर्वमान्य रूप से प्रस्तावित कर भेजा जाता था अब देखना यह है कि क्या कांग्रेस पार्टी भी भारतीय जनता पार्टी की तरह कोई नया चेहरा उम्मीदवार के रूप में देंगे, या फिर वर्तमान पुराने विधायक ही प्रत्याशी होंगे यह कांग्रेस पार्टी के लिए चिंतन का विषय है। मिली जानकारी के अनुसार आवेदनकर्ता को बैठने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, कांग्रेस पार्टी में भी यदि नया चेहरा देते हैं तो अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव का माहौल बड़ा ही रोचक होगा।

# वार्ड नं 8 के महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव

**पिथौरा**, 27 अगस्त (देशबन्धु)। वार्ड क्रमांक-8 पिथौरा की महिलाओं द्वारा सावन महोत्सव मनाया गया। महोत्सव के मुख्य आयोजन करता हेमलता सागर निषाद, संतोषी राजेंद्र निषाद, इंदु रामु निषाद के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव जी के प्रतिनिधि के रूप में मुख्य अतिथि आकाश महंती एवं वार्ड 8 के सक्रिय पार्षद श्री सागर निषाद जी के अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि श्री घसिया निषाद, सोहन निर्मलकर, श्रीमती पार्वती निषाद, हीराबाई, निषाद,के उपस्थिति में डांस एवम छत्तीसगढ़ी खेलकूद का आयोजन हुआ। महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ी खेल रस्सीकूद रस्सी खींचना गोटा कबड्डी एवं फुगड़ी खेला गया। महिला एवं बच्चों द्वारा आकर्षक छत्तीसगढ़ी रंगारंग डांस भी प्रस्तुत किया गया। खेलकूद एवं डांस का इनाम वितरण आदरणीय अतिथि गणों द्वारा किया गया ।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के रूप में आकाश महंती ने संबोधित करते हुए कहा की आवश्यक कार्यों के कारण नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव यहां उपस्थित नही हो पाए लेकिन अध्यक्ष आत्माराम यादव द्वारा इस सावन महोत्सव कार्यक्रम के लिए समस्त महिलाओं को बधाई प्रेषित किया है ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आकाश महंती ने कहा की छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेलकूद में हिस्सा लेने वाले समस्त महिलाओं को बधाई। आज महिलाओं द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम हमारे छत्तीसगढ़ के संस्कृति एवं परंपरा को आगे बढ़ा रहा है जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सागर निषाद ने आयोजन के लिए बधाई दी साथ ही भविष्य में भी वार्ड कि महिलाओं को इसी तरह के रचनात्मक कार्य में सक्रिय रहने को कहा एवं वार्ड कि सभी महिलाओ को सावन महोत्सव कि बधाई दिया!



## निधन

### देवऋचा चंद्राकर

**रायपुर,** 27 अगस्त। ग्राम नारा वाले सुरेश चंद्राकर की पुत्री देवऋचा चंद्राकर (प्रिया) का आकस्मिक निधन 27 अगस्त को हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निवास अवंति विहार से सुबह 11 बजे तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान होगी। वे लखन, पवन, गोवर्धन, परमानंद चंद्राकर की भतीजी थी।



# कलार समाज ने प्रेरणा को की सम्मानित



**पिथौरा,** 27 अगस्त। प्रेरणा (प्राची) सिन्हा को गुरुघासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर से एमएससी केमेस्ट्री आर्गेनिक स्पेशलाइजेशन में 90 फीसदी अंक प्राप्त कर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के केमेस्ट्री विभाग में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर परिजनों, सामाजिक एवं शुभ चिंतकों ने पुष्प गुच्छ शाल श्रीफल से सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### नगर के मतदान केन्द्रो में...

रूप से मुनादी कर जनसामान्य को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं संशोधन कराने प्रेरित भी किया जा रहा है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने अथवा संशोधन के लिये संबंधित वार्ड के आंगनबाड़ी महिला कार्यकर्ता की भी ड्यूटी लगायी गयी है। नागरिकगण संबंधित वार्ड के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से भी संपर्क कर कार्य करा सकते है।

### साहित्य ने समाज के स्वरूप...

की शुरुआत मां कर्मा की पूजा अर्चना कर किया गया। पश्चात राजगीत गाया गया।

जनवादी लेखक संघ के जिला अध्यक्ष बने काशीपुरी कुंदन

डॉ. परदेसी राम वर्मा की उपस्थिति में जनवादी लेखक संघ के गरियाबंद जिला इकाई का गठन किया गया जिनमें अध्यक्ष काशीपुरी कुंदन बनाए गए। संरक्षक मुन्ना लाल देवदास, उपाध्यक्ष प्रहलाद गंधर्व, सुरेश बंजारे, संतोष सोनकर, कोषाध्यक्ष नूतन लाल साहू, महासचिव तुकाराम कंसारी, सहसचिव संतोष सेन, कार्यकारिणी सदस्य टीकमचंद सेन, गोकुल सेन इत्यादि है।

# अघरिया समाज की बैठक कन्या छात्रावास में संपन्न

**सरायपाली,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्रीय समिति सरायपाली की एक आवश्यक बैठक पैता धाम निर्माण को पूर्ण करने खेमराज पटेल सलाहकार व पूर्व अध्यक्ष अघरिया समाज,नेहरू लाल पटेल अघरिया समाज क्षेत्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में रखी गई थी ।जिसमें 12 परीक्षेत्र के अध्यक्ष सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे सभी उपस्थित जनों ने बैठक में राशि संकलन करने एक ब्लॉक स्तरीय टीम गठित करने सर्व सम्मति से निर्णय लिया ।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सलाहकार खेमराज पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि विगत दिनों बसना विकासखंड के ग्राम पैता में अघरिया समाज के केंद्रीय समिति के द्वारा पैता में बन रहे अघरिया धाम निर्माण को गति देने आवश्यक बैठक आहुत की गई थी, बैठक के दौरान लिए गए निर्णय को क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित पदाधिकारी के सहयोग से ज्यादा से ज्यादा अघरिया धाम निर्माण के लिए राशि संकलन को लेकर चर्चा की गई। आगे उन्होंने कहा कि केंद्रीय समिति के बैठक में दो बिंदुओं पर चर्चा की गई,जिसमें पैता में बन रहे अघरिया धाम के लिए किस तरह से सहयोग कर सकेंगे ? कैसे सहयोग करने से अघरिया धाम निर्माण पूर्ण हो सकेगा,जिसके लिए राशि संकलन को लेकर बैठक रखी गई थी, समाज के 36 क्षेत्र को आगामी सत्र मई 2024 तक प्रत्येक क्षेत्र से 20- 20 लाख रुपए संकलन करने लक्ष्य दिया गया है। समाज के द्वारा किए गए कल्पना साकार होते दिख रहा है, समाज की ओर से दिए जा रहे सहयोग राशि का पूर्ण रूप से सदुपयोग हो रहा है, जिसे अवलोकन करने पर पता चलता है की कितनी मजबूती से ग्राम पैता में भगवान कृष्ण के भव्य मंदिर अघरिया धाम का निर्माण हो रहा है। बैठक में यह भी चर्चा हुई की प्रत्येक दिवस राशि संकरण के लिए किसी न किसी गांव में किसी न किसी घर में जाना ही है, भले ही दिन में चार से पांच घर क्यों ना हो लेकिन नियमित रूप से राशि संकलन का कार्य होते रहना चाहिए। राशि संकलन के लिए डोर टू डोर नियमित संकलन करने जाने निर्णय लिया गया है। उन्होंने बसना क्षेत्र के पदाधिकारी के द्वारा किए गए राशि संगठन का जिक्र करते हुए कहा कि बसना क्षेत्र के प्रत्येक गांव के प्रत्येक घरों में राशि संकलन के लिए सामाजिक जन जा चुके हैं इस तरह सरायपाली क्षेत्र में भी राशि संकलन की आवश्यकता है,अघरिया धाम को मूर्त रूप देने के लिए सामाजिक जनों को एकजुट होकर दान राशि संकलन करने नियमित प्रत्येक परिक्षेत्र में जाने और ज्यादा से ज्यादा राशि इकट्ठा करने की बात कही।



## पैता के निर्माणधीन अघरिया धाम के लिए राशि संकलन को लेकर की गई चर्चा

कार्यक्रम को क्षेत्रीय अध्यक्ष नेहरू पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय समिति की मीटिंग में लिए निर्णय के आधार पर हमें क्षेत्रीय समिति के अंतर्गत आने वाले परीक्षेत्रीय अध्यक्षो के सहयोग से अधिक से सहयोग राशि इकट्ठा करना है, पैता धाम निर्माण को लेकर सामाजिक जनों से धन राशि इकट्ठा करने ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने की बात कही। आगे कहां की भारत भर में यह पहला ऐसे अघरिया धाम बनेगा जो भारत के अलावा विश्व स्तर में पहचाना जाएगा । समाज के 36 क्षेत्र हैं जिसमें सरायपाली पर सब की निगाह है और सबसे ज्यादा आस केंद्रीय समिति को सरायपाली क्षेत्र से है, इसलिए हमारे क्षेत्र के सामाजिक जनों को एकजुट होकर केंद्रीय समिति के आस अनुरूप पैता धाम निर्माण के लिए ज्यादा से ज्यादा धनराशि इकट्ठा करना होगा। इसी उद्देश्य को लेकर सामाजिक जनों की मीटिंग रखने की बात कही और कहा कि धन राशि इकट्ठा करने सरायपाली क्षेत्र के सभी 12 परिक्षेत्रीय अध्यक्षों को सामाजिक जनों से सलाह-मशवरा कर एक संगठन बनाने की बात कही, जिसमें सभी लोगों को अपनी-अपनी राय देने को कहा ।आगे कहा कि किसी भी दानदाताओं के दिल को बिना ठेस पहुंचाये स्वेच्छा से ज्यादा से ज्यादा राशि दान देने के लिए प्रेरित करने की बात कही ।अगर दानदाता ?51000 से अधिक राशि दान करता है,तो उनका नाम शिलालेख में भी उल्लेख किया जाएगा।

**कार्यक्रम के दौरान ये रहे उपस्थित**

बैठक के दौरान फुलझर अघरिया विकास समिति के अध्यक्ष गंगाराम पटेल, कोषाध्यक्ष लवकुमार पटेल,संयोजक प्यारेलाल पटेल, डोलचंद पटेल,सचिव रामेश्वर पटेल,पाटसेंद्री परिक्षेत्र से कामता पटेल, सरायपाली से भोलानाथ नायक, परसदा से शोभाराम चौधरी, बिरकोल से शंकरलाल नायक,सिरपुर से धनीराम पटेल,बेलमुंडी से हेमसागर पटेल, चारभांठा से हृदय नायक, बटकी से श्याम लाल पटेल, केदुंआ से बलिराम पटेल व छुईपाली परिक्षेत्र से गंगाराम पटेल, दरशराम पटेल,मीडिया प्रभारी रामकुमार पटेल आदि उपस्थित थे।

**चंद्रयान-3 की चांद पर सफल लैंडिंग में ज्ञानेंद्र का महत्वपूर्ण योगदान, दी बधाई**

बैठक के दौरान समाज के गौरव सिंघनपुर निवासी वरिष्ठ वैज्ञानिक ज्ञानेंद्र कश्यप चंद्रयान 3 के चांद पर सफल लैंडिंग में इनका भी महत्वपूर्ण योगदान होने पर उन्हें सामाजिक जनों की ओर से बधाई दी गई।

# पलारी में हुआ संकल्प शिविर

## मुख्यमंत्री ने साम्प्रादायिक ताकतों से लड़ने कार्यकर्ता को दिलाई शपथ

**पलारी,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। रविवार को काँग्रेस पार्टी ने विधानसभावार सँकल्प शिविर का आयोजन पलारी के मँडी प्रागण मे किया गया।जिसमे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हेलीकॉप्टर से एसजी स्टेडियम मे उतरे तो उनके स्वागत सँसदीय सचिव शकुंतला साहू विमल साहू राकेश वर्मा खिलेंद्र वर्मा प्रेमचंद जायसी ब्लाक अध्यक्ष सुनील कुर्रे के के वर्मा रज्जाक खान आदि ने स्वागत किया कार्यक्रम स्थल पर पँहूचने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ताओ मे जोश भरा उन्होंने कार्यकर्ताओ के उत्साह को देखते हुए इस बार 80 पार का नारा देते हुए भाजपा को उखाड़ फेकने का आह्वान किया,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा का टिकट जिसे भी मिले उन्हे पुरी ताकत से जिताने का सँकल्प कार्यकर्ताओ से लिया हमे मिलकर साम्प्रदायिक ताकतो से एकजुट होकर लड़ना होगा। उन्होंने केंद्र सरकार के ऊपर प्रहार करते हुए कहा कि मोदी और अमित शाह की सरकार विपक्ष के पिछे ईडी और आईटी छोड़कर विपक्ष को परेशान करने का काम कर रही है छापे मे निकल कुछ नही रहा है ईडी और आईटी वाले अफसर और विपक्ष के नेताओ के घर में ही 4 - 5 दिनो तक बँधक बनाकर मोबाईल को लुट लेते हैं बैंक खाता सीज करवा देते हैं और पुछताछ के नाम पर परिवार को प्रताड़ित करने का काम कर रही है पहले हम गोरो से नही डरे अब चोरो से क्या डरेँगे ईडी और आईटी अब तक छत्तीसगढ़ में 200 छापे मार चुकी है छापा मे क्या पाया क्या क्या पूछताछ हुई ये सब जनता को बताना चाहिए वही ईडी और आईटी को पिछले 15 सालो मे भाजपा सरकार मे हुए घोटाले जैसे नान घोटाला,चावल घोटाला,कोयला खदान मे कमीशन, मोबाईल मे कमीशन और कई सारे घोटाले हुए हैं उनका जाँच करना चाहिए।छत्तीसगढ़ के छत्तीसगढीया सरकार ने किसानों के दुख दर्द को समझते हुए तथा उन्हे समृद्धशाली बनाने के लिए सरकार ने काम किया है और आगे भी करेगी सरकार बनने के बाद पहले तो किसानो का कर्ज माफ हुआ उसने 25 सौ रूपये धान खरीदने का काम किया अब हम 20 चिँटल धान खरीदने जा रहे हैं और 2800 प्रति चिँटल के हिसाब से धान खरीदी की जाएगी वही भूमिहिनो 7 हजार रुपये, बेरोजगारी भत्ता 2500 सीधे खाते जमा करने मे देश मे छत्तीसगढ पहला राज्य बना।





कार्यक्रम को प्रभारी मँत्री उमेश पटेल, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा और विनयशील ने सँबोधित करते हुए पिछले 5 सालो मे छत्तीसगढ मे विकास कार्यो को गिनाया उन्होंने कहा कि काँग्रेस शुरू से ही कार्यकर्ताओ की पार्टी रही है इस बार भी कार्यकर्ता भाजपा को उखाड़ फेकने तैयार है वही काँग्रेस सरकार मे हर वर्ग खुशहाल रहा तथा छत्तीसगढ उन्नत हुआ है, किसान समृद्ध हुए और मुख्यमंत्री ने देश मे छत्तीगसढ़ का मान सम्मान बढाया है जिसे लेकर जनता के पास फिर से जाएँगे और कि दोबारा सरकार बनाएँगे।

कार्यक्रम का आभार विधायक शकुंतला साहू ने तथा सँचालन जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी महामंत्री गोपी साहू, जनपद अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा,तेलघानी बोर्ड के सदस्य रोहित साहू, ब्लाक अध्यक्ष सुनील कुर्रे प्रदेश कांग्रेस सचिव परमेश्वर यदु लोकेश कनौजे प्रदेश सचिव विमल साहू नीलूचँदन साहू, जिला महासचिव अश्वनी वर्मा, सभापति कृषि विभाग प्रवीण धुरँधर गणेश शँकर जायसवाल पदमेश्वरी साहू, रज्जाक खान,डोमार साहू, भूषण ठेठवार प्रेमदास बघेल सुखदास बंजारे श्यामू यादव पार्वती सारथी, रसुल बेग, महेश बारले, पुष्पा मोहन बँजारे, जानकी ध्रुव, राम ध्रुव, ओकिस यादव, राहूल तेली,श्याम लाल पटेल, सुमित तिवारी शिवराम सेन, शिव फेकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खाद्य जांच में मगरलोड भूषण बेकरी का नमकीन पाया गया अमानक

**मगरलोड,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में रक्षाबंधन त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए श्री फनेश्वर पिथौरा खाद्य सुरक्षा अधिकारी, श्री अक्षय कुमार सोनी खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं श्री गिरजा शंकर वर्मा नमूना सहायक, कार्यालय उप संचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला- धमतरी (छ0ग0) द्वारा जिले के धमतरी शहर धमतरी ग्रामीण, कुरूद, मगरलोड विकासखण्ड एवं नगरी विकासखण्ड के खाद्य परिसरों- फर्म-नीलम बेकरी धमतरी, फर्म- सौराष्ट्र मिष्ठान भंडार धमतरी, फर्म- लुनकरन जैन किराना स्टोर्स धमतरी, फर्म- कान्हा प्रोविजन धमतरी, फर्म- विधामल किराना स्टोर्स धमतरी फर्म- नारंग एजेन्सी नगरी ,मगरलोड मे भूषण बेकरी में नमकीन अमानक पाया गया, फर्म-दिनेश प्रोविजन, नमन बेकरी, सत्यम दुकान, आर के किराना की खाद्य सामग्रियों की जांच की गई ,फर्म- गायकवाड भोजनालय मुड़ीभांवर परसाबुड़ा फर्म- राज मिष्ठान भण्डार कुरूद, फर्म- कोमल ट्रेडर्स कुरूद, फर्म- होटल कुरूद इन कुरूद, फर्म- भारत नमकीन गाड़ाडीह (आर), फर्म- प्रगति किराना स्टोर्स सम्बलपुर, फर्म- वाहेगुरू ट्रेडिंग कुरूद का निरीक्षण किया गया जिसके पास लाइसेंस नहीं था एवं जांच हेतु खजूर रोल मिल्क केक, पनीर, शक्कर, मैदा, चना बेसन, कुंदा, नानखटाई, हल्दीराम टोस्ट, जीबीएम मैदा, टोस्ट, चायपत्ती, दाल खुला, वेज बिरयानी, भारत नमकीन एवं जीबीएम फरसान फ्लोर का नमूना संग्रहण कर परीक्षण / जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी, रायपुर भेजा गया।



धमतरी शहर, ग्रामीण, कुरूद नगरी एवं मगरलोड में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने खाद्य पदार्थों का किया जांच

निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य परिसरों एवं खाद्य पदार्थों के निर्मित किये जाने वाले जगहों की सफाई व्यवस्था ठीक रखने, गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का उपयोग मिठाईयों एवं नमकीन बनाने में प्रयोग करने, किसी भी निर्मित मिठाईयों या खाद्य पदार्थों में भांग का प्रयोग नहीं करने एवं अखाद्य रंगों का (श्री गणेश, गाय छाप रंग) का उपयोग नहीं करने साथ ही साथ किराना दुकानों में बिना बैच नम्बर, ऐसे खाद्य पदार्थों जिसमें निर्माण तिथी एवं अवसान तिथी अंकित नहीं हो विक्रय नहीं करने हेतु निर्देशित किया गया है। ग्राहकों को साफ-सफाई युक्त खाद्य परिसरों से ही जांच परखकर, खाद्य पदार्थों का अवसान तिथी, खाद्य लायसेंस / पंजीयन नंबर देखकर ही पैक्ड खाद्य पदार्थों का क्रय करने हेतु अपील किया गया।

# पोषक मिलेट विषय पर व्याख्यान

**बिलाईगढ़,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष - 2023 के तहत च्पोषक मिलेट्सज्ज विषय पर व्याख्यान माला की शुरुआत हुई। जिसमें भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. प्रारंभ में रंगनाथ यादव (अति. व्याख्याता इतिहास) के द्वारा मोटे अनाज के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव के विषय में बताया गया तत्पश्चात कमल किशोर जांगड़े (अति. व्याख्याता प्राणीशास्त्र) ने अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष - 2023 पर प्रकाश डालते हुए पोषक अनाजों से छात्रों को अवगत कराया अंत में पंकज साहू (सहा. प्राध्यापक भूगोल) के द्वारा मोटे अनाजों में पाए जाने वाले पोषक तत्वों की चर्चा करते हुए सभी से अपने भोजन में इसे शामिल करने के लिए अपील किया गया. दूजबाई भारद्वाज (अति. व्याख्याता रसायन) एवं एम.एस-सी. के छात्र अश्विनी देवांगन ने भी अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम का संचालन अन्नू केवरा (सहा. प्राध्यापक गणित) के द्वारा किया गया।



# यादराम हिरवानी ने की विधानसभा बिलाईगढ़ से दावेदारी

**बिलाईगढ़,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव जैसे नजदीक आ रहा है।वैसे ही दावेदार अपने अपने तरीके से दावेदारी पेश करने की जोर अजमाईस कर रहे हैं। इसी कड़ी में सामाजिक कार्यकर्ता यादराम हिरवानी ने भी कांग्रेस से टिकट की मांग के लिए अपना आवेदन ब्लॉंक अध्यक्ष के पास जमा कर दिये है।विधानसभा बिलाईगढ़ के लिए सामाजिक कार्यकर्ता यादराम हिरवानी ने 19 अगस्त को ब्लॉक अध्यक्ष भागवत साहू के पास कांग्रेस की टिकट के लिए अपना आवेदन जमा कर दिए हैं। यादराम हिरवानी ने संवाददाता को बताया कि जीवन में बचपन से ही संघर्ष भरी जिंदगी के बीच कभी हार न मानने वाली सकारात्मक एवं सहयोगी विचार धारा के व्यक्ति है। बचपन से ही पिता गुजर जाने के बाद भाई ने पालन पोषण किया है। 6 वी से 8 वी तक बकरी चराने की काम किया तथा साथ साथ पढ़ाई की 9 वी 10 वी के समय पढ़ाई के साथ साथ दूसरे की गाय चराने की काम किया। कक्षा 12 वी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलाईगढ़ में छात्र संघ के नेतृत्व किया। श्री हिरवानी ने आगे बताया कि बी टी आई करने महासमुंद चला गया।वहाँ भी छात्रावास की मुखिया बन कर संगठन की नेतृत्व किया। बी टी आई करने के बाद पुनः शासकीय महाविद्यालय बिलाईगढ़ में स्नातक किया।उसके बाद शिक्षा कर्मी वर्ग 3 के पद पर भारतपुर, देवरहा, लुकापारा फिर छपोरा में शासकीय सेवा किया।सन 2006 से 2012 तक शिक्षा कर्मी संघ विकास खंड बिलाईगढ़ का नेतृत्व अध्यक्ष बनकर किया। इसके बाद 2012 से 2022 तक शिक्षक समुदाय के जिलाध्यक्ष के पद पर कार्य किया। सन 2022 से अब तक प्राथमिक शाला प्रधान पाठक संघ के ब्लॉंक अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने ने आगे बताया कि 2006 से 2009 तक सतनामी समाज विकासखंड बिलाईगढ़ के अध्यक्ष रहे। सन 2012 से 2023 तक प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे हैं छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा गिरौदपुरी मेला विकास समिति के सदस्य बनाया गया।वर्तमान में यादराम हिरवानी की पत्नी शीतल हिरवानी ग्राम पंचायत छपोरा की सरपंच है। सन 2006 से 2008 शीतल हिरवानी के नाम पर बिलाईगढ़ मुख्यालय में न्यूज पेपर की एजेंसी के रूप में भी कार्य किया। खेल कूद, सामाजिक, राजनीतिक,सांस्कृतिक मंच में क्षेत्र में बोल चाल में भी प्रखरवर्ता है। भाजपा शासन में भी आरक्षण कटौती, शिक्षा कर्मी के बैनर तले विभिन्न मुद्दों को लेकर शासन को घेरने का काम किया है।यदि उनको टिकट मिलता है तो निश्चित कांग्रेस की विजय होगी।



# छात्र-छात्राओं ने किया नवीन महाविद्यालय लोकार्पण की मांग

**पलारी,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन के छात्र-छात्राओं ने जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा वीरेंद्र माहेश्वरी से मुलाकात कर जल्द से जल्द महाविद्यालय भवन का लोकार्पण करने की मांग की। प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल द्वारा अपने मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के अधिवेशन के दौरान किया गया घोषणा को पूरा करते हुए आज नवीन महाविद्यालय का नवीन भवन पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो चुका है जिसका लोकार्पण पश्चात नए महाविद्यालय में अध्ययन प्रारंभ होना है वर्तमान समय में महाविद्यालय का पढ़ाई हायर सेकेंडरी स्कूल भवन के बिल्डिंग पर संचालित है कक्षाएं कम होने के नाम से दो पाली में क्लास लगती है जिससे छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



साथ ही साथ यह महाविद्यालय पलारी ब्लाक के बड़े महाविद्यालय के रूप में तैयार किया गया है जहां पर छात्र-छात्राओं ने एमएससी के क्लास लगाने का भी मांग जन भागीदारी के अध्यक्ष से किया है और लैब के कार्यों में इंस्ट्रूमेंट और बुक्स को पूरा करने का व्यवस्था करने का मांग किया है इस अवसर पर श्रीमती पूर्णिमा महेश्वरीसभापति महिला एवं बाल विकास विभाग व अध्यक्ष जन भागीदारी समिति नवीन महाविद्यालय ने सभी छात्र-छात्राओं को विश्वास दिलाया कि जल्द से जल्द भवन का लोकार्पण किया जाएगा और आप लोगों के लिए नई सुविधाओं के साथ नवीन भवन आप सभी को प्राप्त होगा। मुख्य रूप से भुवनेश्वरी साहू प्रमिला पुरैना अंजलि साहू जानू सिनहा शिव कन्नौज ज्योति मिस्टर न बी सुमन साहू ईशा जैसा सीमा जांगड़े कौशल्या लक्ष्मी दुर्गा साहू कुमारी दिलेश्वरी हर्ष चंद्राकर खिलेश्वरी साहू सुमन खरे नेहा मां हर सुनीता साहू योगेश्वरी साहू मुनेश्वरी शेखर विवेक धनराज आदि छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

# विधायक नन्द के प्रयास से भंवरपुर में शासकीय महाविद्यालय का सपना हुआ पुरा

**सरायपाली,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेशव्यापी भेंट मुलाकात कार्यक्रम में की गई घोषणाओं का असर धरातल पर दिखाई देने लगा है इसी क्रम सरायपाली विधानसभा के ग्राम भंवरपुर में मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विधायक किस्मत लाल नंद ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से छात्र हित में भंवरपुर में महाविद्यालय खोले जाने की मांग की थी जिस पर मुख्यमंत्री ने शीघ्र मांग पूरी करने की बात कही थी लंबें अरसे से चली आ रही महाविद्यालय की मांग आखिरकार पूरी हुई जिसके लिए कल 28 अगस्त सोमवार कोविधायक नंद महाविद्यालय का शुभारंभ करेंगेद्य इस संबंध में विधायक नंद ने बताया कि भंवरपुर से बसना व सरायपाली की दूरी लगभग 12-15 किलोमीटर है मुख्यालय से दूरस्थ होने के कारण जो छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित थे उन्हे सहुलियत होगी भाजपा के प्रंदह वर्ष के कार्यकाल में सरायपाली विधानसभा पूरी तरह से उपेक्षा का दंश झेल रहा था शिक्षा, सड़क, और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से आमजन वंचित रहे मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मेरे द्वारा मुख्यमंत्री से भंवरपुर में महाविद्यालय की मांग की गई थी जिस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महाविद्यालय के लिए मंच से घोषणा की थी जिस पर कल अमल होने जा रहा है भंवरपुर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सुबह 7बजे से 12 बजे तक महाविद्यालय की कक्षाएं प्रांरभ की जाएंगी छात्र- छात्राओं को अब बसना सरायपाली महाविद्यालय नहीं जा पाते थे वो भंवरपुर में उच्च शिक्षा प्राप्त कर पाएंगे विधायक नंद ने अंचल वासियों की ओर से महाविद्यालय की मांग शीघ्र पूरी करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया हैद्य इसके पूर्व कांग्रेस विधायक हरिदास भारद्वाज ने बलौदा महाविद्यालय का शुभारंभ किया गया था जिससे अंचल क्षेत्र के छात्राओं द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे है ।



- क्षेत्र वासियों ने मुख्यमंत्री का किया आभार
- कल किया जाएगा महाविद्यालय का शुभारंभ

# अमानक खाद, हाफ बिजली बिल मुद्दा पर कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी




**खरोरा,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा धरसींवा की जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिलयारी फाटक के पास सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया साथ ही आने वाले दिनों में धरसींवा की जनता समेत पूरे राज्य के नागरिक भ्रष्ट भूपेश सरकार को उखाड़ फेंक पुन: कमल खिला प्रदेश में सरकार बनाने के लिए कमर कर चुकी है ।सभा में कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर बरसे और चक्का जाम कर अंडर ओवर ब्रिज सहित अपराध पर अंकुश लगाने की मांग किये । इस आंदोलन में भाजपा के कई। दिग्गज़ शामिल हुए।

**स्थानीय मुद्दों पर भाजपा के प्रदर्शन से सिलयारी फाटक पर घंटो लगा जाम**

भाजपा ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ नारा दे लोगों को ठग सत्ता हासिल करने वाली भूपेश सरकार के कार्यकाल में पूरे छत्तीसगढ़ में विकास की गति कम चुकी है । गांव-गांव बिकती अवैध शराब और गंजे की पुड़िया गोठान के नाम पर होते घोटाले , स्कूलों में शिक्षकों की कमी वर्मी कंपोस्ट के नाम पर किसानों को अमानक खाद खरीदने की मजबूरी , बिजली बिल हाफ कहकर दिन रात बिजली की कटौती जर्जर सड़कों के चलते रोज दिन- होते हादसे सहीत कई मुद्दों पर सरकार को आड़े हाथों लिए । इस कार्यक्रम में रही उपस्थिति इस आंदोलन के मुख्य रूप से पूर्व विधायक देव जी भाई पटेल ,अंजय शुक्ला ,अशोक सिन्हा , अनुज शर्मा , खिलावन बबलू शर्मा , गणेश शंकर मिश्रा , दिनेश अग्रवाल , नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी , महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरोज चंद्रवंशी , मंडल अध्यक्ष भरत सोनी ,नरेंद्र ठाकुर , सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मेरी माटी मेरा देश के तहत किया गया वृक्षारोपण

**बलौदाबाजार,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। मेरी माटी मेरा देश के तहत शासकीय दाऊ कल्याण सिंह महाविद्यालय बलौदाबाजार के एनसीसी कैडेटों ने 7 सी जी बटालियन एनसीसी बिलासपुर के कमान अधिकारी कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव के निर्देशानुसार मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रम के तत्वाधान में शपथ लिया गया। जिसमें देश के स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को याद किया गया। मेरी माटी को नमन और वीरों का वंदन के तहत महाविद्यालय परिसर में यादो को जीवित रखने हेतु वृक्षारोपण के अंतर्गत कदम्ब, आम, करंज आदि का वृक्ष एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट एफ मिंज एवं एनसीसी कैडेटों ने संपन्न किया ।जिसमें प्रमुख रूप से सीनियर अंडर ऑफिसर जयप्रकाश एवं एनसीसी कैडेट का भरपूर सहयोग रहा। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉक्टर ए. आर.सी. जेम्स एवं प्राध्यापकगण उपस्थित थे।



# स्कूल परिसर में रोपे पौधे

**महासमुंद,** 27 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव पटेवा में छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने मिलकर स्कूल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए एक नई पहल पेश की है। परिसर में आम, बेल, नीम, गुलमोहर के साथ सजावटी पौधे एवं शो पत्ती लगाए। संस्था के प्रधान पाठक चमन लाल निर्मलकर स्वयं वृक्षारोपण कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर ने बच्चों को हमारे जीवन में पेड़ पौधे क्यों आवश्यक है इसके महत्व के बारे में जानकारी दी।इस अवसर पर शिक्षक अरुण कुमार साहू, शिक्षक अमर साहू सहित शाला के सभी छात्र.छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।



# 35 पेटी एमपी का शराब पकड़ाया

**पलारी,** 27 अगस्त (देशबन्धु)।सूचना मिला कि 02 व्यक्ति एक सफेद रंग की एक्सप्रेसो कार में भारी मात्रा में शराब लेकर मध्य प्रदेश से बलौदाबाजार होते हुए रायपुर तरफ जाने वाले है। कि सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व में थाना पलारी से सउनि संजीव सिंह, प्र.आर. राजकुमार ठाकुर, कमल कैवर्त्य, रोहित सिंह, आरक्षक डेनसिंग नेताम, विक्की वर्मा, जियन वर्मा, दीपक साहू, कृष्ण कुमार यादव, रूपेश बघेल की टीम द्वारा ग्राम अमेरा मेन रोड पर घेराबंदी किया गया। कुछ देर बाद बलौदाबाजार तरफ से एक सफेद रंग की कार क्र. छ्त्र07 छ्ष्ठ7005 आते दिखी, जिसे रोककर पुछताछ किया गया। उक्त वाहन के चालक ने अपना नाम सुरजीत सिंह एवं कार में बगल में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम विवेक कुरवे बताया। कार की तलाशी लेने पर कार के अंदर 35 पेटियो में कुल 315 लीटर, जिसमें फार सेल इन मध्य प्रदेश ओनली लिखा कीमती ?1,92,500 मिला जिसे विधिवत जप्त किया गया है। सांथ ही कार्यवाही में अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक्सप्रेसो कार क्रमांक छ्त्र07 छ्ष्ठ 7005 एवं दो नग ओप्पो एवं मैजीक एक्स कम्पनी का मोबाईल फोन समक्ष गवाहन जप्त कर दोनों आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

